छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

रायपुर, रविवार, 1 अक्टूबर 2023

वर्ष - 65 | अंक - 167 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

देश विदेश
- रूस ने बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेन के नौ रॉकेटों को मार गिराया
- दक्षिण कोरिया में गर्मी से संबंधित मौतें 2023 में हुईं चौगुनी
- अदालत ने सह-प्रतिवादी स्कॉट हॉल को दोषी ठहराया

पृष्ठ 7

मध्य प्रदेश में राहुल ने लोकतांत्रिक चेतना की अलख जगाई : कांग्रेस पृष्ठ 2

मड़ई
- पूर्वज मन के प्रति श्रद्धाभाव पितरपाख म पृष्ठ 6

- रोहन बोपन्ना-रुतुजा भोसले की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक
- गोल्फ: तीसरे राउन्ड के बाद अदिति अशोक सबसे आगे पृष्ठ 8

अखंड भ्रष्टाचार में डूबा है छत्तीसगढ़ : मोदी

छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाला कांग्रेस सरकार का युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा, भाजपा की परिवर्तन रैली का समापन

बिलासपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। आपका हर सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। छत्तीसगढ़ अखंड भ्रष्टाचार में डूबा है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के धान किसानों को भी हमेशा धोखा दिया है झूठ बोला है। छत्तीसगढ़ में अनेकों छोटे बच्चे कुपोषण से खत्म हो गए यह अत्यंत पीड़ा दायक है इसे कांग्रेस सरकार ने छुपा रखा है। छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाला कांग्रेस की सरकार का युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा है। पिछड़े वर्गों से दलित वर्गों से कांग्रेस के लोग नफरत करते हैं? हमने रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया लेकिन कांग्रेस के लोगों को यह पसंद नहीं?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान में बीजेपी की परिवर्तन रैली के समापन अवसर पर शामिल हुए। बीजेपी की एक रैली बस्तर से निकली थी और दूसरी रैली जशपुर से निकाली गई थी। दोनों का समापन बिलासपुर में हुआ। आज इस अवसर पर नरेंद्र मोदी ने कहा ऐसा उमंग और उत्साह कल्पना के परे हैं, इस ऊर्जा को परिवर्तन में लगाना है। छत्तीसगढ़ अखंड भ्रष्टाचार में डूबा है. छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा ने बहुत कमाल किया है। छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट कांग्रेस को हटाने के लिए आप लोग पूरी तरह तैयार रहे। अटल जी ने छत्तीसगढ़ के आकांक्षाओं का छत्तीसगढ़ बनाया भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लोगों के समर्थ को जाना। छत्तीसगढ़ का हाई कोर्ट बिलासपुर में है यह काम बीजेपी की सरकार ने किया छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा केंद्र में हो या राज्य में पूरी तरह समर्पित रही है। यहां दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय है यह राजस्व की दृष्टि से भारत के सबसे बड़े रेलवे जोन में से एक है इसकी स्थापना भी अटल जी की सरकार के दौरान हुई.आज मैं गारंटी देने के लिए आया हूं कि आपका हर सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। कोरोना काल में देश लोगों को भूख से बचने के लिए गरीब कल्याण योजना शुरू की, यह योजना आज भी जारी है लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने गरीब के पेट में जाने वाला अन्न को घोटाले का माध्यम बनाया। हर छत्तीसगढ़ का लाभ लेने वालों को कांग्रेस सरकार से पूछना है बताओ हमारे हक का राशन कहां है?

घोटालेबाजों को दोबारा मौका मिला तो छत्तीसगढ़ में इनको कोई रोक नहीं पाएगा, छत्तीसगढ़ में अनेकों छोटे बच्चे कुपोषण से खत्म हो गए यह अत्यंत पीड़ा दायक है किसी सरकार के लिए यह सबसे बढ़ी असफलता है। इसे छुपा कर रखा गया है। कांग्रेस सरकार को अपने बच्चों से प्यार है आपके बच्चों से नहीं!!

केंद्र की भाजपा सरकार का प्रयास है खनिज संपदा का एक हिस्सा यही के विकास में लगे इसके लिए भाजपा सरकार ने डीएमएफ बनाया, नियम किए। डॉ रमन सिंह ने नियम तय करते समय जिलों को मिलने वाले लाभ के बारे में बात की थी, कांग्रेस की सरकार ने इन पैसों में भी घोटाला कर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

पीएससी गड़बड़ी मामला

जांच में जो भी दोषी होगा कार्रवाई होगी : भूपेश

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पीएससी की परीक्षा देने वाले किसी भी एक अभ्यर्थी ने अब तक शिकायत नहीं की है।यदि किसी तरह की कोई भी शिकायत आती है या किसी अभ्यर्थी द्वारा एक भी शिकायत की जाती है तो हम हर शिकायत की गंभीरता से जांच करेंगे। किसी का अधिकार छीनने का किसी को भी हक नहीं है।जब आप योग्य हैं, आप परीक्षा दे रहे हैं, आप पात्रता रखते हैं तो उसका लाभ आपको निश्चित रूप से मिलना चाहिए। यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच करेंगे और यदि कोई दोषी है तो उस पर जरूर कार्रवाई होगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ हूं। उन्होंने युवा साथियों से अपील करते हुए कहा कि युवा साथी किसी भी तरह के बहकावे में ना आए, अपनी तैयारी मेहनत और लगन से करते रहे। पीएससी की परीक्षा के रिजल्ट आए कई दिन हो गए हैं, अब तक किसी भी अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी अधिकारी का पुत्र-पुत्री होने में कोई दोष नहीं है, परीक्षा में सारे अभ्यर्थी समान रूप से शामिल होते हैं और उसी तर्ज पर सफलता पाते हैं।लेकिन यदि इसका अनुचित लाभ उठाया जाता है तो यह गलत है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के विभिन्न चरणों में अभ्यर्थियों द्वारा तरह-तरह के अभ्यावेदन, शिकायत दिए जाते हैं।जैसे शैक्षणिक अर्हता आयु मे छूट, आरक्षण रोस्टर, लिंग/जन्मतिथि परिवर्तन आवेदनों को भरने में विभिन्न प्रकार की त्रुटि। अनुक्रमांक, केन्द्र, परीक्षा की तिथि आगे-पीछे करने आदि प्राप्त सभी शिकायतों पर आयोग द्वारा तत्काल संज्ञान में लिया जाकर निराकरण किया जाता है आवश्यक कार्रवाई निर्धारित समय में की जाती है। जिससे कि अभ्यर्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। वर्ष भर परीक्षाओं को निर्बाध रूप से संपन्न कराने की कार्यवाही लगातार करते रहने एवं अभ्यर्थियों के आवेदनों को समय पर निराकरण करने में आयोग द्वारा पूर्ण पारदर्शिता बरती जाती है।इसके उपरांत अभ्यर्थियों एवं कतिपय लोगों के द्वारा भ्रामक जानकारी देकर आयोग को आक्षेप लगाया गया है कि ये परीक्षा में बैठे हैं, साक्षात्कार में भी उपस्थित हुए हैं. परन्तु उनके उत्तीर्ण होने की घोषणा में दूसरे का नाम जारी कर दिया गया है।

राज्य सरकार का दावा 95 में 76 शिकायतें निराकृत

भूपेश बघेल के इसी बयान के साथ ही साथ राज्य सरकार ने पीएससी मसले पर जानकारी जारी की है।राज्य सरकार की ओर से बताया गया है कि, ये आक्षेप लगाया गया है कि, परीक्षा में बैठे साक्षात्कार में भी उपस्थित थे लेकिन उत्तीर्ण होने की घोषणा में अन्य का नाम था।जाँच में शिकायत तथ्यहीन और निराधार पाई गई और संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ एफ़आइआर की गई। इसी बयान में आगे बताया गया है कि, एक अभ्यर्थी के द्वारा अधिक अंक प्राप्त होने के उपरांत भी साक्षात्कार में नहीं बुलाने संबंधी शिकायत आयोग कार्यालय को मिला था, जाँच में शिकायत ग़लत पाई गई। पीएससी की ओर से दिए गए इस ब्यौरे में बताया गया है कि, कुल 95 शिकायत प्राप्त हुए थे, जिनमें 76 प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है, जबकि 19 प्रकरणों पर प्रक्रिया चल रही है।

सार संक्षेप

लड़ाकू विमानों के शानदार प्रदर्शन से भोपालवासी रोमांचित

भोपाल। वायु सेना के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर के आज यहां शानदार प्रदर्शन और करतब ने ऐतिहासिक झील के आसपास एकत्रित हुए हजारों लोगों की भीड़ को दांतों तले अंगुलियां दबाने मजबूर कर दिया। वायु सेना की ओर से यहां आयोजित कार्यक्रम में ऐतिहासिक बड़ी झील को केंद्र में रखकर भोपाल के आसमान में लड़ाकू विमान सुखोई 30, मिराज 2000, जैगुआर और तेजस ने कलाबाजियां दिखायीं। विमानों की तेज गरजती हुयी आवाज से शहर का आसमान गुंजायमान हो उठा। लगभग एक घंटे तक चले कार्यक्रम के दौरान वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने आसमान में शानदार नजारे पेश किए।

जयपुर में एक युवक की मौत के बाद तनाव व्याप्त

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के सुभाष चौक क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो मोटरसाइकिलों के टकराने की घटना में एक युवक की मारपीट के बाद मौत हो जाने पर क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तनाव के मद्देनजर सुभाष चौक एवं आस पास के क्षत्रो में पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना के बाद सुभाष चौक एवं रामगंज बाजार बंद है। पुलिस बल तैनात किया गया और स्थिति नियंत्रण में बताई गई है।

दोषियों को जरूर पकड़ा जाएगा : एन बीरेन सिंह

इंफाल। मणिपुर में दो छात्रों की हत्या पर जारी हंगामे के बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि दोषियों को जरूर पकड़ा जाएगा। सीएम ने कहा कि जल्द ही सबकुछ ठीक हो जाएगा। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और जांच के लिए सीबीआई के विशेष निदेशक अजय भटनागर इंफाल पहुंच चुके हैं। मणिपुर में दो युवक बीती जुलाई में लापता हो गए थे।

40 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में अकाली दल नेता, पत्नी, पुत्र गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने शनिवार को अकाली दल नेता जरनैल सिंह वाहिद, उनकी पत्नी और बेटे को 600 गन्ना उत्पादकों से 40 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में फगवाड़ा के पास उनके आवास से गिरफ्तार किया।

एशियाई खेल — लगातार चौथी जीत हासिल

हॉकी में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से रौंदा

हांगझाउ, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। हांगझाउ एशियाई खेलों में पुरुष हॉकी में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से रौंद दिया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में टीम इंडिया ने लगातार चौथी जीत हासिल की। इसी के साथ भारत ने सेमीफाइनल के लिए भी कवालिफाई कर ली है। अब भारत का आखिरी पूल-ए मुकाबले में बांग्लादेश से सामना होगा। टीम इंडिया के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चार गोल दागे, जबकि वरुण ने दो गोल दागे। ललित, शमशेर, मनदीप और सुमित ने एक-एक गोल किया। यह भारत-पाकिस्तान हॉकी मैच में पहली बार है जब दोनों में से किसी एक टीम ने 10 गोल दागे हैं। भारत ने यह कीर्तिमान रचा है।

टेनिस में रोहन-रुतुजा ने जीता स्वर्ण

भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने एशियाई खेलों में टेनिस मिश्रित युगल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने शनिवार को चीनी ताइपे के सुंग-हाओ हुआंग और एन शुओ लियांग की जोड़ी को 2-6, 6-3, [10-4] से हरा कर भारत के लिये स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय पुरुष स्क्वैश में भी जीता सोना

एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने शनिवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से हरा कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया। हांगझोउ ओलंपिक सेंटर में सौरव घोषाल, महेश मनगांवकर और अभय सिंह की टीम ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

2000 के नोट बदलने की मियाद बढ़ी

मुंबई, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रचलन से वापस लिए गए दो हजार रुपए के 14 हजार करोड़ मूल्य के बैंक नोट के जमा नहीं कराए जाने के मद्देनजर इस नोट को जमा करने या बदलने की अवधि सात दिन बढ़ाकर सात अक्टूबर 2023 कर दी है। रिजर्व बैंक ने कहा कि दो हजार रुपए के बैंक नोट को जमा कराने या बदलने की शनिवार को अंतिम तिथि थी लेकिन कल तक 14 हजार करोड़ मूल्य के बैंक नोट न तो जमा किए गए और न ही बदले गए। इसके मद्देनजर तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। दो हज़ार रुपए के बैंक नोट वैद्य मुद्रा बनी रहेगी और आठ अक्टूबर से इन नोटों को जमा कराने या बदलने के लिए इनको रिजर्व बैंक की 19 क्षेत्रीय शाखाओं में जाना होगा। उसने कहा कि 29 मई 2023 को जब दो हजार रुपए के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लिया गया था तब 3.56 लाख करोड़ रुपए मूल्य के बैंक नोट प्रचलन में थे। आज यानी 30 सितंबर तक इन नोटों को जमा कराने या बदलने की तिथि दी गई थी। गत 29 सितंबर तक 3.42 लाख करोड़ रुपए के नोट ही जमा कराए गए या बदले गए जो प्रचलित नोट का 96 प्रतिशत है। अभी भी चार प्रतिशत नोट प्रचलन में है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नया सर्कुलर जारी किया है।

■ अब 7 अक्टूबर तक बैंकों में बदल सकेंगे नोट

जन आक्रोश यात्रा में भी शामिल हुए राहुल गांधी

जातीय जनगणना के सवाल पर कांपने लगती है भाजपा

शाजापुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शनिवार को जन आक्रोश यात्रा में भी शामिल हुए। उन्होंने मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के पोलायकलां में सभा को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'देश के सामने एक ही मुद्दा है, जातीय जनगणना। ओबीसी कितने हैं? उनकी भागीदारी कितनी होनी चाहिए? जब जातीय जनगणना का सवाल उठाता हूं तो भाजपा के लोग कांपने लग जाते हैं। नरेंद्र मोदी भागने लग जाते हैं। अमित शाह हिंदू-मुस्लिम करेंगे। कांग्रेस सरकार आने पर जातीय जनगणना का काम हम करके दिखाएंगे।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी की सरकार नहीं चलाते। वे दलितों-आदिवासियों के लिए भी काम नहीं करते हैं। उनका काम तो ध्यान इधर-उधर करने का है, नफरत और हिंसा फैलाने का है। यह काम उन्हें आरएसएस ने सौंपा है।

राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान को 90 अफसर चलाते हैं। ये निर्णय लेते हैं कि पैसा कहां जाएगा, लेकिन इनमें 3 अफसर ही ओबीसी हैं। हिंदुस्तान के पूरे बजट में 5 फीसदी की भागीदारी ही ओबीसी अफसरों की है। जबकि ओबीसी की आबादी हिंदुस्तान में 50 फीसदी है।

मध्यप्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र

राहुल बोले, मध्य प्रदेश में 370 किलोमीटर हमारी भारत जोड़ो यात्रा रही। लोगों ने मुझे बताया कि मध्य प्रदेश हिंदुस्तान में भ्रष्टाचार का केंद्र है। महाकाल कॉरिडोर में भाजपा ने पैसा चोरी किया। हमने मध्य प्रदेश राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक में किसानों की कर्ज माफी के वादे किए। यहां कमलनाथ कर्ज माफ करवा रहे थे, लेकिन धोखा देकर भाजपा वालों ने सरकार को चोरी कर लिया। गांधी जी और गोडसे की विचारधारा की लड़ाई राहुल ने कहा हमारी लड़ाई विचारधारा की है। एक ओर कांग्रेस, दूसरी ओर आरएसएस और भाजपा। एक ओर गांधी जी, दूसरी ओर गोडसे। एक तरफ नफरत, हिंसा, अहंकार तो दूसरी तरफ मोहब्बत, आदर, भाईचारा। जहां भी ये जाते हैं, वहां नफरत फैलाते हैं, गुस्सा पैदा करते हैं।

हर जगह अडानी का बोलबाला

राहुल ने कहा- सरकार जनता के लिए चलनी चाहिए। किसी संगठन और एक-दो बड़े उद्योगपति के लिए नहीं। आज रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर... हर जगह अडानी दिखाई देंगे। वे किसानों-लोगों की जेब से हर रोज पैसा ले रहे हैं। मीडिया का रिमोट भी अडानी के हाथ में है।

किसानों का रेल रोको आंदोलन खत्म

■ 19 किसान संगठनों ने 21 जगहों पर प्रदर्शन किया

अमृतसर, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब में मुआवजा, एमएसपी और कर्ज माफी को लेकर किसानों का आंदोलन शनिवार को खत्म हो गया। 19 किसान संगठनों ने 21 जगहों पर प्रदर्शन किया। रेवले की तरफ से जारी की गई जानकारी के अनुसार इस प्रोटेस्ट के कारण कुल 598 ट्रेनें प्रभावित हुईं। जिनमें से रद्द ट्रेनों की संख्या, 376 रही, वहीं शार्ट टर्मिनेट ट्रेनों की संख्या-89, शार्ट ओरिजिनेट ट्रेनों की संख्या-46 और परिवर्तित मार्ग से संचालित ट्रेनों की संख्या-70 रही। रेल रोको आंदोलन से प्रभावित कुल यात्री रेलगाड़ियों की संख्या 581 और माल गाड़ियों की संख्या 17 रही। किसानों की एक बड़ी जत्थेबंदी ने पंजाब के टोल प्लाजों पर भी कब्जा कर लिया, जिसे अब खाली किया जा रहा है। अमृतसर में टोल प्लाजा स्टाफ और किसानों के बीच इस दौरान झड़प हो गई। किसान टोला प्लाजा बंद करने पर अड़ गए। वहीं दूसरी टोल प्लाजा कर्मियों का कहना था कि एक दिन टोल बंद होने से कंपनी को तकरीबन 2 लाख रुपए का नुकसान होता है। अंत में पुलिस ने बीच पहुंच दोनों पक्षों को शांत करवाया।

किसानी दशहरा मनाने की घोषणा

इससे पहले किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के नेता सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि किसानों ने दशहरे पर 23-24 अक्टूबर को किसानी दशहरा मनाने की घोषणा कर दी है। इस दौरान पूरे देश में मोदी सरकार व कॉर्पोरेट घरानों के पुतले जलाए जाएंगे। रेलवे ट्रैक जाम होने के कारण अंबाला से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का आदि सभी रूट्स पूरी तरह से ठप रहा। इससे आज 203 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।

राष्ट्रीय संग्रहालय खाली कराने का कांग्रेस नेताओं ने किया विरोध

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय संग्रहालय को खाली कराकर ध्वस्त करने व इसकी जगह नया भवन बनाने का फैसला लिया है। कांग्रेस नेताओ ने इस पर चिंता जाहिर करते हुए केंद्र सरकार पर बड़ा हमला किया है। कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरुर ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि अत्यधिक वास्तुशिल्प के महत्व की एक ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त कर दिया जाएगा और उसकी जगह कुकी-कटर सरकारी भवन बनाया जाएगा- इस बीच कम से कम दो साल तक कोई राष्ट्रीय संग्रहालय नहीं होगा। यह शुद्ध व सरल बर्बरता है। उन्होंने अपने दावे के समर्थन में एक समाचार रिपार्ट को भी साथ में जोडा।

नाम को लेकर मां-बाप में नहीं बन पा रही थी सहमति

■ ...तो हाई कोर्ट ने ही कर दिया बच्ची का नामकरण

कोच्चि, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। एक बच्ची के नाम को लेकर उसके माँ और पिता में असहमति इतनी लंबी चली कि साढे तीन साल की उम्र तक भी उसका कोई नाम नहीं रखा जा सका। आखिरकार मामला अदालत पहुंचा और केरल उच्च न्यायालय ने बच्ची के हित को देखते हुये उसका नामकरण कर विवाद का अंत कर दिया। पीठ ने कहा कि माता-पिता के बीच विवाद को सुलझाने के प्रयास में समय लगेगा और इस बीच, नाम का अभाव बच्चे के कल्याण या सर्वोत्तम हितों के लिए अनुकूल नहीं होगा। अदालत ने कहा, इस तरह के क्षेत्राधिकार के प्रयोग में, बच्ची के कल्याण को सर्वोपरि माना जाता है, न कि माता-पिता के अधिकारों को। अदालत को बच्चे के लिए एक नाम चुनने का कार्य करना होता है। नाम चुनते समय, बच्चे के कल्याण, सांस्कृतिक विचार, माता-पिता के हित और सामाजिक मानदंडों का अदालत को ध्यान रखना चाहिए। अंतिम उद्देश्य बच्चे की भलाई है। अदालत को समग्र परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक नाम अपनाना होगा। इस प्रकार, यह अदालत याचिकाकर्ता की बच्ची के लिए एक नाम का चयन करने के लिए अपने माता-पिता के अधिकार क्षेत्र का उपयोग करने के लिए मजबूर है।

जन्म प्रमाणपत्र पर नहीं था कोई नाम

मौजूदा मामले में बच्ची के जन्म प्रमाणपत्र पर कोई नाम नहीं था। जब स्कूल में उसका दाखिला कराने की बारी आई तो स्कूल अधिकारियों ने उसके लिए एक नाम पर जोर दिया, और उस जन्म प्रमाणपत्र को स्वीकार करने से इनकार कर दिया जिसमें कोई नाम नहीं था। समस्या तब शुरू हुई जब याचिकाकर्ता मां ने बच्चे के लिए 'पुण्या नायर' नाम दर्ज करने का प्रयास किया, लेकिन रजिस्ट्रार ने नाम दर्ज करने के लिए माता-पिता दोनों की उपस्थिति पर जोर दिया। लेकिन अलग हो चुके माता-पिता इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने में असफल रहे, क्योंकि पिता बच्ची का नाम 'पद्मा नायर' रखना चाहते थे।

विरोध — भाजपा नेताओं के खिलाफ तेज हो रहे विरोधी स्वर, बिजली के स्मार्ट मीटरों के खिलाफ चल रहा है आंदोलन

जम्मू कश्मीर व लद्दाख में बढ़ी भाजपा की परेशानी

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 30 सितम्बर(देशबन्धु)। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी कई परेशानियों के दौर से गुजरने को मजबूर है। अगर कश्मीर में पार्टी नेताओं के खिलाफ तेज होते विरोधी स्वर उसकी कश्मीर में जमीन खिसका रहे हैं तो पूरे प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटरों के खिलाफ चल रहे आंदोलन पर उसकी चुप्पी और समर्थन न देने की रणनीति उसके लिए भारी साबित होने वाली है।

ऐसा ही कुछ हाल बर्फीले रेगिस्तान लद्दाख के करगिल में होने जा रहे स्वायत परिषद के चुनावों में भाजपा का है। दरअसल जम्मू कश्मीर में उसने अपने विद्रोही आठ नेताओं को अनुशासनहीनता के लिए नोटिस जारी किया है और उनसे बिना शर्त माफी मांगने के लिए कहा है। भाजपा ने 11 सितंबर को जम्मू कश्मीर इकाई के उपाध्यक्ष सोफी यूसुफ को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए भी कारण बताओ नोटिस जारी किया था, और उन्हें कुछ समय के लिए मीडिया से बातचीत करने से रोक दिया था। कश्मीर के पार्टी प्रभारी यूसुफ को उन खबरों के बीच अनुशासनात्मक नोटिस दिया गया था, जिसमें कहा गया था कि कश्मीर में पार्टी के अधिकतर नेताओं ने पिछले महीने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा देने की योजना बनाई थी। शुक्रवार को, भारतीय जनता पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने पार्टी के आठ नेताओं - जीएम मीर (प्रवक्ता), डा अली मोहम्मद मीर (राष्ट्रीय परिषद सदस्य), अल्ताफ ठाकुर (प्रवक्ता), आसिफ मसूदी, आरिफ राजा, अनवर खान, मंजूर भट और बिलाल पर्रे को नोटिस जारी किया। नोटिस में कहा गया है आपकी इन गतिविधियों से पार्टी नेतृत्व में अविश्वास की भावना पैदा हुई है।

लद्दाख में भी भाजपा की अग्निपरीक्षा

ऐसी ही दशा भाजपा की लद्दाख में होने जा रही है जहां केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में छठी अनुसूची को लागू करने की मांग के बीच 4 अक्टूबर को जब क्षेत्र की लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) के लिए मतदान होगा तो मुस्लिम बहुल करगिल जिले में भाजपा को अग्निपरीक्षा का सामना करना पड़ेगा। लद्दाख के केवल दो जिलों - करगिल और लेह के लिए दो एलएएचडीसी परिषदें हैं। यह पहली बार होगा कि करगिल परिषद में चुनाव होंगे।

देश

उवाच "अत्यधिक वास्तुशिल्प महत्व की एक ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त कर दिया जाएगा और उसकी जगह कुकी-कटर सरकारी भवन बनाया जाएगा और इस बीच कम से कम दो साल तक कोई राष्ट्रीय संग्रहालय नहीं होगा। यह बर्बरता है, शुद्ध व सरल।"

-शशि थरूर, कांग्रेस नेता

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	35.0	23.0
मुंबई	32.0	28.0
कोलकाता	27.0	26.0
चेन्नई	32.0	28.0

मध्य प्रदेश में राहुल ने लोकतांत्रिक चेतना की अलख जगाई : कांग्रेस

भोपाल/शाजापुर, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को राज्य में वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की जनसभा के बाद कहा कि राहुल गांधी ने लोकतांत्रिक चेतना का अलख जगाया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री

- **शाजापुर में आयोजित जन आक्रोश यात्रा में शिवराज सरकार को घेरा**
- **प्रदेश में आज सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य**

कमलनाथ ने शाजापुर में शिवराज सिंह चौहान सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने आज पूरे प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है। शिवराज की घोषणा मशीन डबल स्पीड पर चल रही है। इनकी झूठ की मशीन भी डबल स्पीड से चल रही है। फिर भी भाजपा आज प्रदेश में जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रहे हैं। मैं तो कहता हूं कि शिवराज सिंह चौहान को अपने रेट कार्ड की यात्रा भी निकालनी चाहिए। मध्य प्रदेश में आज सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों का भविष्य है।

महिलाओं के प्रति अत्याचार में प्रदेश नंबर वन

कमलनाथ ने कहा कि आप जिस प्रदेश में आए हैं वह महिलाओं के प्रति अत्याचार में नंबर वन है। आदिवासियों पर अत्याचार में भी

मप्र की भाजपा सरकार ने आज पूरे प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है : कमलनाथ

है नंबर वन है। मध्य प्रदेश में चौपट रोजगार व्यवस्था, चौपट कृषि व्यवस्था, चौपट शिक्षा व्यवस्था, चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था, चौपट उद्योग धंधे और इस तरह के कई और चौपट उदाहरण हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि अब भाजपा के पास बचा क्या है। इनके पास पुलिस, पैसा और प्रशासन बचा हुआ है।

मुझे आप सभी पर विश्वास है कि दो महीने में जो चुनाव होने वाला है वह केवल एक उम्मीदवार या किसी पार्टी का चुनाव नहीं है, बल्कि यह चुनाव तो अब मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव बन चुका है। मुझे पूरा भरोसा है कि यहां आए हुए सभी लोग और मध्य प्रदेश के मतदाता इस बार केवल सच्चाई का ही साथ देंगे। कमलनाथ ने कहा कि 50 प्रतिशत भ्रष्टाचार और कमीशन की व्यवस्था पूरे प्रदेश में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक बनाई है। पैसे दो और अपना नाम गरीबी रेखा के नीचे की सूची में लिखवाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश में भाजपा का समय पूरा हो चुका है। मध्य प्रदेश के मतदाताओं ने तय कर लिया है कि शिवराज सिंह और भारतीय जनता पार्टी को बड़े प्यार विदा करना है। आज प्रदेश की पूरी तस्वीर आपके सामने है। मुझे पता है कि खेतों में कटाई चल रही है। इसके बाद भी इतनी संख्या में लोग यहां उपस्थित है, जो हमें शक्ति दे रहे हैं।

मध्य प्रदेश में अंधेर नगरी चौपट राजा है : कांग्रेस

कांग्रेस नेता शोभा ओझा ने पोलायकलां में जनसभा की शुरुआत करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में अंधेर नगरी चौपट राजा है। नवंबर में चुनाव होंगे। कमर कस लीजिए। भाजपा हर तरह का हथकंडा अपनाएगी और भ्रमित करेगी। लोगों को गुमराह करने के लिए प्रयास कर सकते हैं। सात सांसदों को चुनावों में उतारा है। इससे कोई फायदा नहीं होने वाला। उन्हें डर है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से कहना चाहती हूं कि आप भी चुनाव लड़ लीजिए। कांग्रेस के विधायक और उम्मीदवार आपको भी धूल चटा देंगे। इंदौर में संजय शुक्ला के सामने कैलाश विजयवर्गीय को उतारा है। मैं दावे के साथ कहती हूं कि संजय शुक्ला निश्चित तौर पर कैलाश विजयवर्गीय को पटखनी देंगे।

तेलंगाना में रेल सेवा को झंडी दिखाएंगे मोदी

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जकलियर-कृष्णा के बीच नई रेलवे लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और कृष्णा रेलवे स्टेशन से कचेगुडा तक उद्घाटन रेल सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। यह कार्यक्रम तेलंगाना में महबूबनगर में आयोजित किया जाएगा। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मोदी कार्यक्रम के दौरान 13500 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों जिसमें सड़क , पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं उच्च शिक्षा जैसी कई विकासात्मक परियोजनाएं की आधारशिला रखेंगे एवं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। तेलंगाना हाल के दिनों में अपने रेल नेटवर्क में तेजी से बदलाव का गवाह रहा है।

चाहे वह नई लाइनों का निर्माण हो, मौजूदा लाइनों का विस्तार हो, रेल लाइनों का विद्युतीकरण हो या नई यात्री सुविधाओं की शुरुआत हो, राज्य ने पहले कभी ऐसा विकास नहीं देखा है। मोदी द्वारा इस परिवर्तनकारी विकास को आगे बढ़ाते हुए जकलियर-कृष्णा के बीच एक नई लाइन राष्ट्र को समर्पित की जा रही है जो दक्षिणी तेलंगाना में रेल विकास की एक नई सुबह की शुरुआत करेगी। तेलंगाना के दक्षिणी जिलों को राज्य की राजधानी और कर्नाटक के रायचूर दोनों से जोड़ने वाले इस मार्ग पर ट्रेन सेवाओं की शुरुआत से क्षेत्र के लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास में मदद मिलेगी।

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

जम्मू, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। सेना ने कुपवाड़ा के मच्छेल सेक्टर में घुसपैठ के एक प्रयास को नाकाम बनाते हुए दो आतंकियों को अंतिम समाचार मिलने तक मार गिराया था। उनके कब्जे से हथियार व गोला बारूद भी बरामद हुआ है। जबकि पुलवामा में आतंकियों द्वारा जमीन के अंदर बनाए गए दो ठिकानों को नेस्तनाबूद करते हुए हथियार बरामद किए गए हैं। सेना प्रवक्ता के अनुसार, मच्छेल में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया गया है। कुपवाड़ा में मारे गए घुसपैठियों के पास से दो एसाल्ट राइफल, चार मैगजीन, 90 कारतूस, एक पिस्टल और पाकिस्तान मुद्रा में 2100 रुपए मिले हैं। यहां मिली जानकारी अनुसार, जिला कुपवाड़ा के अंतर्गत मच्छेल सेक्टर में एलओसी के साथ सटे कुमकारी हयहामा इलाके में गश्त रहे जवानों ने आज तड़के उस पार से घुसपैठियों के एक दल को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि मच्छेल में आतंकरोधी अभियान जारी है। दो आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। अभियान के समाप्त होने के बाद ही मारे गए आतंकियों की सही संख्या और उनकी पहचान का पता चल सकेगा। एक्स पर कुपवाड़ा पुलिस ने लिखा कि कुपवाड़ा पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए एक खुफिया इनपुट के आधार पर, मच्छेल सेक्टर के कुमकारी हयहामा क्षेत्र में सेना और पुलिस द्वारा किए गए एक संयुक्त अभियान में, घुसपैठ करने वाले 2 आतंकवादी अब तक मारे गए हैं। आप्रेशन अभी भी जारी है। इस बीच सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर में पुलवामा के त्राल में दो आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। सेना

- **सेना ने आतंकियों के पास से हथियार किए बरामद**

प्रवक्ता ने बताया कि एक विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, जम्मू कश्मीर पुलिस और सेना की 42 आरआर ने नागबल वन, गुलशनपोरा त्राल के वन क्षेत्र में घेराबंदी की। तलाशी के दौरान, दो आतंकी ठिकानों का भंडाफोड़ किया गया। संबधित अधिकारियों ने बताया कि यह दोनों ठिकाने त्राल के ऊपरी हिस्से में गुलशपोना के साथ सटे नागबल जंगल में थे। यह दोनों ठिकाने जंगल में जमीन खोदकर तैयार किए गए थे और इनके ऊपर लकड़ियां व घासफूस बिछाई गई थी, ताकि किसी को इनके बारे में पता न चले। इन ठिकानों से कंबल, कुछ खाने पीने का सामान व हथियार मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि यह दोनों ठिकाने काफी पुराने हैं। यह दूसरी घुसपैठ की कोशिश है जिसे पिछली रात कश्मीर में सेना ने नाकाम कर दिया है। गत 16 सितम्बर को बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मुठभेड़ में तीन घुसपैठिए मारे गए। उस घुसपैठ विरोधी अभियान के बाद, सेना ने कहा कि घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को पाकिस्तानी सेना से 'गोलीबारी का समर्थन' भी मिला।

सार संक्षेप

कश्मीर में आतंकी हमले के मामले में छापामारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी के ढांगरी गांव में हुए, आतंकवादी हमले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने शनिवार को पुंछ जिले में कई जगहों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से सुबह पुंछ जिले में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। साथ ही पुंछ जिले के गुरसाई गांव के दो लोगों पर आतंकवादियों को शरण देने के मामले में एनआईए ने पहले ही मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि इसी साल एक जनवरी को राजौरी जिले के ढांगरी गांव में हुए आतंकवादी हमले में सात नागरिक मारे गए और 13 घायल हो गए।

शाह ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात की राजधानी गांधीनगर में अहमदाबाद नगर निगम और अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण के 1651 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। शाह ने सरखेज, भाड़ज गांव, ओगणज, जगतपुर गांव और त्रागड में तालाबों के नवीनीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में करोड़ों लोग अलग-अलग प्रकार के छोटे-छोटे व्यवसाय करते हैं और इनके बिना देश का विकास संभव नही है।

गिरिराज सिंह असली हिंदू हैं ही नहीं : वीरेंद्र

पटना। संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में महिला आरक्षण पर हो

कुलगाम में सेना लोगों का कर रही उत्पीड़न : महबूबा

श्रीनगर, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सेना की एक इकाई की ओर से निवासियों के कथित उत्पीड़न की परेशान करने वाली खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। महबूबा ने सेना के अवंतीपोरा स्थित विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल बलबीर सिंह से भी चिंताजनक आरोपों पर गौर करने का अनुरोध किया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कुलगाम के कांसलो कांडा क्षेत्र के निवासियों से 9 आरआर शिविर के सैनिकों द्वारा कथित तौर पर परेशान किए जाने के बारे में परेशान करने वाले फोन आए। यह भी चिंता है कि वे युवाओं को सेना शिविर में बुला रहे हैं और उन्हें मुफ्त में मजदूरी करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। महबूबा ने यह भी कहा कि जीओसी अवंतीपोरा बलबीर सिंह से अनुरोध है कि कृपया इन चिंताजनक आरोपों पर गौर करें। यदि यह सच है तो उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाए। सेना के अधिकारियों ने हालांकि, कहा कि आरोप सही नहीं हैं।



- **लोगों के कथित उत्पीड़न पर जताई चिंता**

अधिकारियों ने कहा कि यह सच नहीं है। इसे लोकल फॉर्मेशन से चेक किया गया है। सेना द्वारा नियोजित आकस्मिक मजदूरों को समय पर भुगतान किया जाता है और ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

अज्ञानता का राजनीतिक लाभ लेना शर्मनाक : धनखड़

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की आलोचना करके राजनैतिक लाभ अर्जित करने के प्रयास को मानवता के लिए शनिवार को घातक बताया और कहा कि देश का भविष्य युवाओं के योगदान और उनकी सजगता पर निर्भर करेगा। धनखड़ शनिवार को यहां संकल्प फाउंडेशन और पूर्व लोक सेवा अधिकारी संघ को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने भारतीय मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा समाज में परिवर्तन तब आएगा जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेंगे। भारतीयता और भारत हमारे लिए सर्वोपरि हैं और प्रत्येक व्यक्ति भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत जैसी समृद्ध विरासत पूरी दुनिया में कहीं नहीं है।

- **उपराष्ट्रपति ने पूर्व लोक सेवा अधिकारी संघ को किया संबोधित**

भारत की संस्कृति पांच हजार वर्षों से भी अधिक पुरानी संस्कृति है, जो लोकाचार और मानवीय मूल्य भारत की संस्कृति में विद्यमान है जो पूरी दुनिया में किसी भी देश की संस्कृति में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी उस समय भारत ने एक सौ से अधिक देशों को वैक्सीन भेजकर उनकी सहायता की। भारतीय संस्कृति का यही लोकाचार और संस्कृति की पहचान है। वसुधैव कुटुंबकम का सच्चा अर्थ यही है। धनखड़ ने अन्य देशों में जाकर भारत की आलोचना करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब बहुत अधिक प्रगति होती है तब कुछ ताकतें देश की प्रगति की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। और किसी भी हद तक जाकर आलोचना करती हैं तथा देश को बदनाम करने का कुकृत्य करती हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी वहां का मानव संसाधन है। देश की सांस्कृतिक विरासत भी एक बड़ी पूंजी होती है और सांस्कृतिक विरासत एक सौम्य शक्ति के रूप में देश की तरक्की में अपनी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हमारे देश के युवा ठान लेंगे की चुना हुआ सांसद संविधान की अपेक्षा के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करेगा उस दिन हमारे सांसदों को संविधान के अनुसार आचरण करना पड़ेगा। भारत की नई शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा नई शिक्षा नीति बदलाव का एक मुख्य कारण बनेगी। इस शिक्षा नीति के तहत युवा एक साथ कई पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैं।

समाज में परिवर्तन तब आएगा जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेंगे : जगदीप धनखड़

देश के युवा राष्ट्र की उन्नति के कर्णधार : उपराष्ट्रपति

देश के युवाओं को आगाह करते हुए धनखड़ ने कहा कि देश के युवा राष्ट्र की उन्नति के कर्णधार हैं और भारत को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत की आबादी में युवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे देश का भविष्य देश के युवाओं के योगदान और उनकी सजगता पर निर्भर करेगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने वाले योद्धा युवा ही बनेंगे। सांसदों के आचरण और मर्यादा को लेकर अपनी चिंता को साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में सांसद संवाद करेंगे, चर्चा करेंगे, गहन विचार विमर्श करेंगे और महत्वपूर्ण कानूनों के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे लेकिन वे शोर हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप करते हैं।

ओडिशा विधानसभा में फिर हुआ हंगामा

भुवनेश्वर, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों द्वारा शनिवार को सदन में हंगामा के कारण सुबह करीब 10:31 बजे से शाम चार बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। जैसे ही आज सदन में प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू हुई वैसे ही भाजपा सदस्य सदन के वेल में आ गए और गुरुवार को अध्यक्ष द्वारा अपने दो सदस्यों के निलंबन को हटाने और सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के अरुण साहू द्वारा नेता प्रतिपक्ष जयनारायण मिश्र के मानसिक स्वास्थ्य पर की गई अपमानजनक टिप्पणी को हटाने की मांग करते हुए नारे लगाने लगे। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद अध्यक्ष प्रमिला मलिक ने बीजद के सुधीर सामल को अपना प्रश्न उठाने के लिए कहा, लेकिन इससे पहले कि वह प्रश्न को आगे बढ़ाते, भाजपा सदस्य वेल में आ गए और सदन में विरोध प्रदर्शन करने लगे। भाजपा के दो विधायकों मोहन चरण माझी और मुकेश महालिंग को गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के आसन पर कथित तौर पर दाल फेंकने के बाद शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था।



भाजपा सदस्य अपने दो विधायकों का निलंबन वापस लेने और विपक्ष के नेता को दिए गए सत्तारूढ़ दल के नेता अरुण साहू के अपमानजनक 'मानसिक विकार' बयान को सदन के रिकॉर्ड से हटाने की मांग कर रहे थे।

एनएमडीसी भारत के 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में शामिल हुआ

हैदराबाद, 30 सितम्बर। अग्रणी सीपीएसई, एनएमडीसी 15 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2023 तक राष्ट्रीय स्वच्छता आंदोलन 'स्वच्छता ही सेवा में शामिल' हुआ। स्वच्छता ही सेवा अभियान के एक भाग के रूप में, कर्मचारियों ने आज अपने प्रधान कार्यालय और देश भर में स्थित अपनी परियोजनाओं में एक स्वच्छ और हरित राष्ट् के प्रति स्वच्छता के लिए प्रत्येक सप्ताह अपने 2 घंटे समर्पित करने का संकल्प लिया।

श्रमदान की भावना से, एनएमडीसी कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर अपने डेस्क, अलमारियों, कार्यालयों और कर्मशालाओं की सफाई करके अभियान शुरू किया। स्वच्छता के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध एनएमडीसी टाउनशिप, बाजारों, बस अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान आयोजित कर रहा है। कंपनी ने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को खत्म करने के लिए अपने आंतरिक और बाहरी हितधारकों को प्रोत्साहित करके प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त×स39; करने के लिए एक जागरूकता अभियान भी शुरू किया। अभियान में बच्चों को शामिल करते हुए, एनएमडीसी ने अपने परियोजना विद्यालयों में स्वच्छता शपथ दिलाई और स्वच्छता ही सेवा के विषयों पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया। एनएमडीसी ने संपूर्ण स्वच्छता प्राप्त करने के देश के विजन की दिशा में हैदराबाद में अपने प्रधान कार्यालय और पूरे भारत में अपनी परियोजनाओं के माध्यम से एक व्यापक जन-अभियान की योजना तैयार की है। देश की जिम्मेदार खनन कंपनी, एनएमडीसी भारत के लिए एक सुस्थिर भविष्य बनाने के लिए समर्पित है। स्वच्छ भारत अभियान के बारे में कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) अमिताभ मुखर्जी ने कहा, ×स39;हमें संगठित रूप से स्वच्छ भारत, हरित भारत की दिशा में अपने संसाधनों को समर्पित करना चाहिए। बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए राष्ट्रीय स्वच्छता आंदोलन में भाग लेने पर एनएमडीसी को गर्व है। एनएमडीसी 1 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान 1 तारीख,1 घंटा 1 साथ भी चलाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ में किरंदुल और बचेली, कर्नाटक में दोणिमलै और मध्य प्रदेश में पन्ना; प्रत्येक परियोजना के एक-एक गांव को शामिल किया जाएगा।



गिरिराज सिंह असली हिंदू हैं ही नहीं : वीरेंद्र

पटना। संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में महिला आरक्षण पर हो रही बहस के दौरान राजद के सांसद मनोज झा द्वारा पढ़ी गई एक कविता को लेकर बिहार की सियासत में उठा बवंडर अभी थमा भी नहीं है कि राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज को लेकर विवादास्पद बयान दे दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे असली हिंदू हैं ही नहीं। पत्रकारों ने जब उनसे गिरिराज सिंह के एक बयान को लेकर सवाल किया तो भाई वीरेंद्र ने कहा कि सच्चाई यह है कि गिरिराज सिंह असली हिंदू हैं ही नहीं।

मप्र के सतना में उल्टी दस्त से तीन लोगों की मौत

सतना। मध्य प्रदेश के सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के सितपुरा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत उल्टी दस्त से हो गई। सितपुरा में उल्टी दस्त की वजह से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। डायरिया से दो बच्चों सहित एक महिला की मौत हो चुकी है। पीड़ित सितपुरा की कोलान नई बस्ती निवासी ढैया कोल की महिला झल्ली कोल, उसकी 6 वर्षीय बेटी व पांच वर्षीय बेटा की मौत हो गई हैं। परिवार के एक महिला की हालत नाजुक कुल 3 लोग अभी नागौद अस्पताल में है भर्ती है।

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स.क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	147321 षष्टम आमंत्रण 13.09.2023	मोतीमपुर (अमरटापू) मंदिर के दोनों तरफ के पहुंच मार्ग लं. 1.70 कि.मी. का निर्माण कार्य।	383.25
2	148021 प्रथम आमंत्रण 22.09.2023	नाबार्ड योजनांतर्गत जिला दुर्ग में ब्लॉक धमधा के पेण्ड्रावन में शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन का वाटर सप्लाई सेनेटरी फिटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य।	463.10
3	148286 द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023	नाबार्ड योजनांतर्गत जिला कोरबा के झांझ-गाड़ाघाट मार्ग में 7 पितनी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	263.89
4	148285द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023	ग्राम डोंगरसिलाटी से कांवरा मार्ग कि.मी. 1/2 से 3/6 लंबाई 7 2.50 कि.मी. निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित।	268.64
5	148287 द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023	जिला कांकेर के अंतर्गत वयनार- बीचपारा मार्ग के कि.मी. 2/6 पर वयनार नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	328.84
6	148288 द्वितीय आमंत्रण 25.09.2023	जिला कोण्डागांव के ग्राम छोटेबंजोडा से बोलबोला मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित।	274.67

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 दिनांक 06.10.2023 सं.क. 02 दिनांक 16.10.2023 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 13.10.2023 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-05806/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, संभाग-महासमुन्द (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक-5078/एन.आई.टी. क्र.-16/2023-24/व.ले.लि. महासमुन्द दिनांक 27/09/2023

1 निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 11/10/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2 ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 19/10/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3 निविदा खोलने की तिथि - 20/10/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का विवरण/ No.of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में)
16 T0094	उपसंभाग क्रमांक-1 अंतर्गत महासमुन्द में मिनी फुटबाल सह ग्राउण्ड निर्माण कार्य। (जमा मद अंतर्गत)	20.00 15000.00 300000.00
16 T0095	उपसंभाग क्रमांक-1 महासमुन्द अंतर्गत दिव्यांगों के कौशल विकास सह जीविकोपार्जन हेतु बेकरी सह प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण। (जमा मद अंतर्गत)	20.00 15000.00 300000.00
16 T0096	उपसंभाग क्रमांक-1 महासमुन्द अंतर्गत विभिन्न मार्गो का विशेष मरम्मत कार्य।	19.90 15000.00 300000.00

टीप :-
(1) उपरोक्त निविदाओं में निविदा प्रपत्र Form A में तथा निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750/- है
(2) उपरोक्त निविदाओं में निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत 'द' से 'अ' तक है।
(3) उपरोक्त निविदाओं में कार्य की अवधि दिनांक 29/02/2024 तक निर्धारित है।
निविदा संबंधी शर्तें एवं विशेष शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
(भ./स.) महासमन्द (छ ग)

जी-05831/2

कहानी

जीवन से विदा लेती ध्वनि

■ उमाकांत मालवीय

> शायद होती हो, शायद नहीं भी ! पर अब तक उसने जो देखा समझा था, उससे तो यही लगा था उसे कि एडजेस्टमेंट की कोई सुन्दर जगह नहीं होती। आदमी अनिच्छा से, लालच से या मजबूरी में एडजेस्टमेंट करता रहता है । जीवन भर। उसकी तरह। नौकरी की खातिर। नौकरी बचाने के लिए।

'बाबू जी धीरे चलना... प्यार में ज़रा संभलना....!' वह जिस शख्स के पीछे सड़क पर चल रहा था उसके सेल फोन में उस वक्त यह फिल्मी गीत बज रहा था । यूं तो इस धुन को उसने पहले भी सुन रखा था पर इसे उस शख्स के पीछे चलते हुए उस वक्त सुनना न जाने क्यों आज उसे अच्छा लगने लगा । उसे हमेशा लगता कि हर चीज की एक नियत जगह होती है दुनियां में, और उस नियत जगह पर उस चीज की खूबसूरती अपने आप बढ़ जाती है । सुबह का यह समय रायगढ़ की गज़मार पहाड़ी के नीचे घूमती हुई चिकनी सडकों पर चलते हुए यूं भी कितना खूबसूरत हो जाया करता है। इस समय में इस धुन को सुनते हुए लगा उसे कि कुछ चीजें अपनी जगह अपने आप ढूँढ लेती हैं ! अगर हम उन्हें उनकी सही जगहों पर पा सकें तो कितना सुकून मिलता है । इस फ़िल्मी धुन को सुनने की खातिर ही उसने आगे जा रहे उस शख्स के कदमों की रफ़्तार के साथ अपने कदमों की रफ़्तार को संयोजित करने का भरपूर प्रयास किया । कदमों को संयोजित करने की कोशिश में उसे बहुत सी बातें याद आने लगीं।

'एडजेस्टमेंट करना तो कोई तुमसे सीखे सियो !' निया ने एक बार उससे सीरियस होकर कहा था । उसका एडजेस्टमेंट शब्द पर इतना जोर था कि वह समझ नहीं पा रहा था कि आखिर वह कहना क्या चाहती है ? उसने निया से जिरह करना मुनासिब नहीं समझा कि आखिर उसे इस शब्द से आपत्ति क्यों है। इस तरह जिरह न करना भी उसकी परिस्थिति के मुताबिक एक किस्म का एडजेस्टमेंट ही था।

एक बार सामान्य सी बातचीत के दौरान उसने उससे पूछा था - 卐मुक्ति का रास्ता कठिन क्यों होता है निया ? इतना कठिन कि हम हर जगह एडजेस्टमेंट करने को मजबूर हो जाते हैं । एक ही रास्ता बचता है हमारे पास, दुनियां में अपने कदमों को गतिशील रखना है तो खुद को भीतर से बदल डालो ।

उसकी बातें सुनकर अचानक निया का चेहरा एक किताब की शक्ल का होने लगा था । एक ऐसी किताब जिसमें जीवन में मिले कठोर अनुभवों की कहानियां पढ़ी जा सकें ।

'मैं ऐसा नहीं मानती सियो ! हर जगह एडजेस्टमेंट करना सबके लिए संभव नहीं ।मेरे लिए तो बिल्कुल भी नहीं । इस तरह तो मुझे कभी मुक्ति नहीं चाहिए । चलो मान लिया कि बदलाव जीवन जीने की एक कला है ।सत्ता और दुनियावी रिश्तों से एडजेस्टमेंट का एक हुनर ! यह सोचकर हम दूसरों के अनुरूप अपने को भीतर से हर वक़्त संपादित करते रहते हैं , पर यह तो अपने आपसे धोखा हुआ सियो ! आखिर कब तक हम सेल्फ एडिटिंग का शिकार होते रहें ? कब तक अपने को धोखे में रखें ? दुनियां को खुश रखने के लिए सेल्फ एडिटिंग का बोझ आखिर कोई क्यों ढोए सियो ?

और इस एडजेस्टमेंट शब्द को लेकर उनमें अक्सर मतभेद हो जाया करते थे। वह उस वक्त सोचता रहा .... क्या एडजेस्टमेंट की भी अपनी कोई खूबसूरत और रचनात्मक जगह होती है ?

शायद होती हो, शायद नहीं भी ! पर अब तक उसने जो देखा समझा था, उससे तो यही लगा था उसे कि एडजेस्टमेंट की कोई सुन्दर जगह नहीं होती। आदमी अनिच्छा से, लालच से या मजबूरी में एडजेस्टमेंट करता रहता है । जीवन भर । उसकी तरह। नौकरी की खातिर । नौकरी बचाने के लिए ।

उसे लगता है प्राइवेट संस्थान में काम करते हुए अगर वह एडजेस्टमेंट न करे तो उसकी नौकरी कभी भी चली जाए। सत्ता के सुर में सुर न मिलाने की वजह से कई मीडिया कर्मियों को उनके मालिक नौकरी से निकाल चुके थे। यह सब आज भी वह अपनी नंगी आँखों से देख रहा है । यह सोचकर ही उसके भीतर डर की एक चिड़िया आकर बैठ गयी थी।

सामने चल रहा शख्स अपने ही धुन में चला जा रहा था । सर्दियों का मौसम था । पुमा के स्पोर्ट्स शू उस शख्स के पांवों के फिटनेस को जहां चुस्त दुरुस्त किये हुए थे वहीं उसने अपनी देह पर एक पश्मीने का शाल ओढ़ रखा था । चीजें उसके ऊपर कितना तो फब रही थीं । उसे फिर से महसूस हुआ कि हर चीज का अपनी सही जगहों पर होना भी कितना जरूरी है । दुधिया कलर का शाल ओढ़े उस व्यक्ति के पीछे पीछे चलना आज उसे दोहरा सुकून दे गया था ।

'सुकून भी कितना दुर्लभ हो गया है जीवन में ।' - सुकून मिलने के इस दुर्लभ अनुभव ने चलते चलते उसके मन को इस एहसास से भी भर दिया था । 卐बड़े शहर जेब कतरों की तरह होते हैं । वे हमें लुभाते हैं , चकित करते हैं और चुपके से हमारी जेब काट लेते हैं।卐 बाजू में चल रहे एक कस्बाई आदमी को एक दूसरे कस्बाई आदमी से यह कहते हुए उसने जब सुना तो उसके शब्दों से वह थोड़ा अचम्भित सा हुआ । चलते चलते वह सोचने लगा .... लोगों के पास न जाने किस-किस तरह के अनुभव होते हैं जिसे वे कितनी खूबसूरती से व्यक्त कर साझा भी कर लेते हैं ।

साझा करने की बात को लेकर उसके भीतर बहुत सी बातें फिर से आने जाने लगीं । वह सोचने लगा .... बातों का साझापन भी जीवन की कई छोटी छोटी कहानियों को अपने साथ लेकर चलता है।

वह अपने भीतर भी कुछ टटोलने लगा । शायद कोई कहानी हो जिसे वह किसी से सुना सके । जीवन की सारी कहानियाँ समझौतों में लिथड़ी हुई मिलीं उसे ।

उसके मैनेजर का आदेश उसे याद आने लगा -卐यह बात गाँठ बांधकर रख लो कि सत्ता के विरूद्ध कोई टिप्पणी कहीं भी नहीं करनी किसी को । सत्ता कुमार्गी हो जाए तब भी उसकी हाँ में हाँ मिलाना , उसका सपोर्ट करना निहायत जरूरी है हमारे लिए । सबने कितनी बेशर्मी से उस दिन हाँ में हाँ मिलाया था ।

उसके बाद किस तरह उसके साथी और वह खुद भी सोशल मीडिया में सत्ता के पक्ष में माहौल बनाने के लिए ट्रोल आर्मी की भूमिका में आ गए थे ।

यह सब कहानी वह किसे सुनाए ? किस तरह साझा करे किसी से ?सुनते ही लोग थू करने लगेंगे उस पर । अचानक उसे लगा कि उसका ज़मीर मर चुका है । एक गालीबाज़ को, एक बलात्कारी को भी वह अब सही ठहराने लगा है। उनके पक्ष में तर्क देने लगा है । सोचकर अचानक लगा उसे, जैसे उसने अपने वजूद को ही किसी गलत जगह पर लाकर टिका दिया है । कुछ समय के लिए उसे अपने आप से घिन्न सी आने लगी ।

आसमान में सूरज निकल चुका था । सडकों पर चहल पहल बढ़ गयी थी । उसके आगे-आगे चलने वाला शख्स अब अपने गन्तव्य को जा चुका था । उसके जाने के साथ साथ 'बाबू जी धीरे चलना, प्यार में ज़रा संभलना......' वाले गीत की ध्वनि भी उससे विदा ले चुकी थी । उस वक्त उसके मन में कुछ इस तरह के भाव आ-जा रहे थे कि उसे लगने लगा जैसे अचानक उसके जीवन में किसी ध्वनि का इंतकाल हो चुका है।

ग़ज़ल

■ इब्न-ए-इंशा

दिल हिज्र के दर्द से बोझल है अब आन मिलो तो बेहतर हो

इस बात से हम को क्या मतलब ये कैसे हो ये क्यूँकर हो

इक भीक के दोनों कासे हैं इक प्यास के दोनो प्यासे हैं

हम खेती हैं तुम बादल हो हम नदियाँ हैं तुम सागर हो

ये दिल है कि जलते सीने में इक दर्द का फोड़ा अल्हड़ सा

ना गुप्त रहे ना फूट बहे कोई मरहम हो कोई निश्तर हो

हम साँझ समय की छाया हैं तुम चढ़ती रात के चन्द्रमाँ

हम जाते हैं तुम आते हो फिर मेल की सूरत क्यूँकर हो

अब हुस्न का रुत्बा 'आली है अब हुस्न से सहरा ख़ाली है

चल बस्ती में बंजारा बन चल नगरी में सौदागर हो

जिस चीज़ से तुझ को निस्बत है जिस चीज़ की तुझ को चाहत है

वो सोना है वो हीरा है वो माटी हो या कंकर हो

अब 'इंशा'-जी को बुलाना क्या अब प्यार के दीप जलाना क्या

जब धूप और छाया एक से हों जब दिन और रात बराबर हो

वो रातें चाँद के साथ गईं वो बातें चाँद के साथ गईं

अब सुख के सपने क्या देखें जब दुख का सूरज सर पर हो

पुस्तक समीक्षा

रोचक किस्सों का दस्तावेज

■ रोहित कौशिक

जिंदगी के किस्से यदि सपाट रूप से लिखे जाएं तो वे सिर्फ किस्से बन कर रह जाते हैं। जाहिर है सपाटबयानी में वह रचनात्मकता नहीं होती जिससे माध्यम से कोई भी कथा हमारी स्मृति का हिस्सा बन पाती है। प्रतिष्ठित युवा लेखक विपिन शर्मा ने हाल ही में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'तुम जिन्दगी का नमक हो'में जिंदगी की छोटी-छोटी कहानियां रोचक अंदाज में लिखी हैं। विपिन शर्मा के गद्य का लालित्य इन कथाओं को और भी प्रभावी बनाता है। ये किस्से छोटे जरूर हैं लेकिन इन छोटे-छोटे किस्सों में बड़ा दर्शन छिपा हुआ है। इन कथाओं का मूल स्वर प्रेम है। अक्सर हम बहुत ही सीमित और परम्परगत दायरे में प्रेम का अर्थ ग्रहण करते हैं। इन कथाओं में प्रेम के विभिन्न स्वरूप महसूस किए जा सकते हैं। जिंदगी से प्रेम किए बिना हम प्रेमिका से भी प्रेम नहीं कर सकते। इसलिए यहां एक तरफ जिंदगी से भरपूर प्रेम है तो दूसरी तरफ प्रेमी और प्रेमिका के बीच इश्क की कशिश भी है। जाहिर है कि जब जिंदगी से भरपूर प्रेम होगा तो जिंदगी से जुड़ी विभिन्न विसंगतियां भी किसी न किसी रूप से हमारे ऊपर अपना प्रभाव डालेंगी। इसलिए इन कथाओं में कहीं न कहीं जिंदगी की विसंगतियां भी मौजूद हैं।

पुस्तक : तुम जिन्दगी का नमक हो
लेखक : विपिन शर्मा
प्रकाशक : पुस्तकनामा, गाजियाबाद
मूल्य : 120 रुपये

इन किस्सों को पढ़ते हुए महसूस होता है कि इनमें सिर्फ कोरी कल्पना नहीं हैं बल्कि परोक्ष रूप से लेखक की रोजमर्रा की जिंदगी के अनुभव भी मौजूद हैं। जीवनानुभव से निकले किस्से जिंदगी के ज्यादा करीब तो होते ही हैं, विश्वसनीय भी होते हैं। निश्चित रूप से किसी भी कथा में कल्पनाशीलता का अपना महत्व होता है लेकिन यदि कल्पनाशीलता जीवनानुभव पर आधारित हो तो वह ज्यादा तार्किक होती है। यही कारण है कि इन किस्सों को पढ़ते हुए एक आत्मीय जुड़ाव महसूस होता है। ज्यों-ज्यों हम इस किताब को पढ़ते हुए आगे बढ़ते है, त्यों-त्यों इन किस्सों से हमारी रागात्मकता बढ़ती चली जाती है। इस दौर में जबकि बौद्धिक वर्ग कई तरह के वादों में उलझा अतिवाद का शिकार हो रहा है, ये कथाएं एक बनी बनाई लीक तोड़ती हुई अंधेरे में लैम्प पोस्ट की तरह हमें प्रकाशित करती हैं। यहां कई शहर हैं, शहर की गलियां हैं, गांव हैं, चांद-तारे हैं, पहाड़ हैं, प्रकृति के विभिन्न रूप हैं तथा कई लेखक और शायर हैं। यानी एक मुकम्मल जिंदगी की कई बिखरी हुई तस्वीरें हैं। इन बिखरी हुई तस्वीरों से ही जिंदगी की एक बड़ी तस्वीर जुड़ती और पूर्ण होती है। दरअसल जिंदगी हमेशा गुलाबी नहीं होती। किसी एक रंग से रंगी जिंदगी वास्तविकता से बहुत दूर होती है। इसलिए कन कथाओं में परेशानियों और संघर्षों का रंग भी है। यह संघर्ष कई स्तरों पर दिखाई देता है। प्रेम के रास्ते पर चलते हुए संघर्ष न हों तो फिर ऐसे प्रेम का क्या औचित्य ? कभी यह संघर्ष हमारे प्रेम को और मजबूती प्रदान करता है तो कभी हालात की कठपुतली बनकर हमारे प्रेम को कमजोर भी कर देता है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि संघर्ष के समय हमारा दृष्टिकोण क्या है ? ये कथाएं विभिन्न परिस्थितियों में कहीं न कहीं हमारे दृष्टिकोण को भी परिलक्षित करती हैं।

इन किस्सों में स्थानीय जीवन की हलचल है तो अन्तरराष्ट्रीय विमर्श भी है। यह सही है कि रोजमर्रा की स्थानीय गतिविधियां हमारे जिंदगी का आधार हैं, तो अन्तरराष्ट्रीय गतिविधियां भी किसी न किसी रूप में स्थानीय गतिविधियों पर अपना प्रभाव डालती हैं। निश्चित रूप से इस प्रभाव को एक संवेदनशील लेखक ही अपनी रचनाओं में दर्ज कर सकता है। इस बदलाव और प्रभाव को विभिन्न लेखक अलग-अलग तरीकों से दर्ज करते हैं। असली सवाल यह है कि क्या लेखक इन बदलावों को सहज तरीके से अपनी रचनाओं में दर्ज कर पाता है ? बड़ी बात यह है कि विपिन शर्मा इन बदलावों को बहुत ही सलीके से इन किस्सों में दर्ज करते हैं। एक ऐसा भी अजीब समय हम सबने देखा है कि जब 'पॉजिटिव'शब्द हमारे लिए खतरे की घंटी बन गया था। यदि पिछले कुछ समय के किस्से लिखे जाएं और उन किस्सों में हमारी जिंदगी को बदरंग करने वाली महामारी का जिक्र न हो जो निश्चित रूप से यह स्वाभाविक नहीं होगा। महामारी के किस्से भी इस किताब को प्रासंगिक बनाते हैं। जीवंतता और रोचकता से ओत-प्रोत इन किस्सों को निश्चित रूप से पढ़ा जाना चाहिए। इन अद्भुत किस्सों को लिखने के लिए विपिन शर्मा बधाई के पात्र हैं।

फ़िल्म

'कलयुग'

■ अजय चंद्रवंशी

श्याम बेनेगल (1981)

महाभारत की कथा विघटित होते गण समाजों और विकसित होते राजसत्ता के दौर की कहानी है। यह अपने यथार्थवादी दृष्टिकोण के लिए भी चर्चित रहा है। इसमे जिस तरह से सत्ता की केन्द्रीयता है और 'नैतिकता' को द्वितीयक दर्जा दिया गया है वह बाद के सामंती समाजों में कम से कम सैद्धांतिक स्तर पर दुर्लभ रहा है। महाभारत में यह प्रकट रूप से है।वहां सत्ता प्राप्ति के लिए नैतिकता-अनैतिकता का मापदंड खत्म सा हो गया है; खून के रिश्ते और पारिवारिक सम्बन्ध बेमानी हो गये हैं। एक तरह से वहां आधुनिक पूंजीवादी समाजों की सामाजिक सम्बन्धों की पूर्व पीठिका सा है। यह अकारण नहीं पौराणिक काल निर्धारण में महाभारत(द्वापर) के बाद ही 'कलयुग' का आगमन होता है।

कलयुग(कलियुग) शब्द से ही एक नकारात्मकता का बोध प्रकट किया जाता रहा है।यानी यह युग नहीं मूल्यबोध हो गया है।बहुधा इसे 'सतयुग' के विपरीत देखा जाता है। सतयुग में जहां सब कुछ 'अच्छा' था वहीं कलयुग में अधिकतर बुरा।यों कल(कलि)युग का शाब्दिक अर्थ 'मशीनी युग' भी होता है। खासकर पन्द्रहवी-सोलहवीं शताब्दी के व्यापारिक पूंजीवाद के दौर में सामंती मूल्यों के एक हद तक विघटन ने कलयुग की अवधारणा को बल दिया, क्योंकि लंबे समय से चले आ रहे सामंती मूल्यों का बिखराव एक झटके के समान था जिसकी एक प्रतिक्रिया कलयुग के रूप प्रकट हुई।

'महाभारत' और 'कलयुग' के इस सम्मिलन ने भारतीय समाज को गहरे रूप से प्रभावित किया है। आज भी पारिवारिक कलह की तुलना महाभारत से की जाती है और सामाजिक मूल्यों से विचलन को कलयुग का प्रभाव भी कहा जाता है।

फ़िल्म 'कलयुग' में इसी तरह की पारिवारिक 'महाभारत' की कहानी है।फ़िल्म में एक ही परिवार के दो पीढ़ी के बाद के दो हिस्सों में व्यापारिक परिस्पर्धा और प्रतिष्ठा की लड़ाई है। यह लड़ाई प्रच्छन्न से क्रमशः प्रकट होती जाती है।कहाँ तो खून के रिश्ते और प्रेम! और कहाँ हर पल दूसरे को नीचा दिखाने की चाह! इसकी चरम बदला और हत्या तक चली जाती है। परिणाम वही होता है सर्वनाश; किसी को कुछ हासिल नही!

फ़िल्म में भीष्मचन्द और रामचन्द नामक दो कारोबारी भाइयों की कहानी है। भीष्मचन्द अविवाहित है और उसने रामचन्द के निधन के बाद उसके दोनो बेटों खूबचन्द और पूरनचंद को पाल-पोसकर बड़ा किया।खूबचन्द के बेटों धनराज और सन्दीपराज की पूरनचंद के बेटों धरमराज, बलराज और भरतराज के बीच अदावत चलती रहती है।

फ़िल्म में महाभारत की तरह एक निरापद पात्र 'करन' भी है,जो अनाथ है और जिसकी भीष्मचन्द ने परवरिश की है। वह धनराज को कारोबार में सहयोग करता है और वहां उसका उचित सम्मान है, मगर फिर भी आख़िरकार वह पारिवारिक सदस्य नहीं हैं इसलिए काबिल होकर भी उसकी सीमाएं है। भरतराज और उसके भाई तो और भी उसे उपेक्षित करते हैं क्योंकि वह उनके 'दुश्मन' के खेमे में है।

मगर विडम्बना कि वे तीनों उसके भाई ही हैं। पिता की अक्षमता के कारण उनकी माँ सावित्री के स्वामी प्रेमानन्द से संसर्ग से तीन बच्चे हुए जिन्हें पिता का नाम मिला। करन उन्ही से विवाह पूर्व का सन्तान है जिसे किसी का नाम नहीं मिला इसलिए उपेक्षित है। यह राज़ सावित्री, भीष्मचन्द तक सीमित है।

> कलयुग(कलियुग) शब्द से ही एक नकारात्मकता का बोध प्रकट किया जाता रहा है।यानी यह युग नहीं मूल्यबोध हो गया है।बहुधा इसे 'सतयुग' के विपरीत देखा जाता है। सतयुग में जहां सब कुछ 'अच्छा' था वहीं कलयुग में अधिकतर बुरा।यों कल(कलि) युग का शाब्दिक अर्थ 'मशीनी युग' भी होता है।

करन की योग्यता उसके पहचान के संकट के आगे निस्तेज है, फिर भी उसमे विद्रोह नहीं मानवीयता है। मगर धनराज के प्रति निष्ठा के कारण वह भरतराज परिवार को पछाड़ने के लिए हत्या करवाने की हद तक जाता है। और जब उसके सामने उन्ही के भाई होने की हक़ीकत खुलती है तब आत्मग्लानि, क्षोभ और बेबसी के सिवा कुछ नहीं रह जाता। अंततः वह भी कर्ण की तरह मारा जाता है। इस हक़ीक़त से भरतराज का परिवार भी आहत होता है मगर तब तक सब बर्बाद हो चुका होता है।

फ़िल्म में स्त्रियां लगभग यांत्रिक हैं और पितृसत्ता के मूल्यों से संचालित हैं। वे इस पारिवारिक तबाही को निष्क्रिय तटस्थता से देखती रहती हैं। सावित्री जरूर कुंती की तरह करन के पास जाकर उसे भाई होने की दुहाई देकर इस बर्बादी को रोकने का प्रयास करती है,और करन द्वंद्व से मुक्त होकर सहयोग करने का प्रयास भी करता है मगर हालात हाथ से फिसलते चले जाते हैं।'सुप्रिया' का चरित्र द्रोपदी सा है,परिवार में निर्णयों में एक हद तक हस्तक्षेप है।पति से एक समय के बाद अनौपचारिक दूरी सी है।आखिर में भरतराज से निकटता बढ़ाने का संकेत है। वह परिवार में अपनी स्थिति मजबूत रखने के लिए प्रयत्नरत दिखाई पड़ती है।

कुल मिलाकर फ़िल्म आधुनिक अभिजातवर्गीय परिवार का महाभारत है।सामंती-पूंजीवादी मूल्यों से संस्कारित इस परिवार में झूठी प्रतिष्ठा और संदेह के आगे मानवता दम तोड़ देती है। ये जितने एक दूसरे के करीब दिखते हैं उतने ही दूर हैं।इनका मिलना-जुलना, इकट्ठा होना सब यांत्रिक है,अंदर कहीं नफ़रत और प्रतिस्पर्धा है। यहां भाई-भाई, पति-पत्नी सब जैसे किसी औपचारिकता का निर्वहन कर रहे हैं। रिश्तों में गर्माहट कहीं नहीं है।

फ़िल्म का निर्देशन, चुस्त कथानक और सांकेतिकता, अभिनय सभी महत्वपूर्ण हैं।पात्रों के द्वंद्व, परिस्थितियों की विडम्बना और बेबसी को बेहतर ढंग से उभारा गया है। धनराज का आत्महत्या से पहले अपनी छोटी बच्ची से पोयम सुनने का सुखद वातावरण एक झटके में मातम में बदल जाना हतप्रभ करता है। इस तरह और भी छोटी-छोटी घटनाएं हैं जो सार्थक निर्देशन को प्रकट करते हैं। पात्रों की संख्या अधिक होने के कारण भूमिकाएं सीमित मगर महत्वपूर्ण हैं। महाभारत अपने विराटता और यथार्थवादी चित्रण के कारण हर दौर के कलाकारों को प्रभावित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।

कवर्धा

हाना

दुधारू गाय के लातों मीठ।
दूध देवइया गाय के लात ह घलो मीठ लागथे वइसने काम करइया मनखे के दू ठन बात ह घलो करू नई लगय मीठ लगथे। तब ये हाना ल केहे जाथे।

शब्द अरथ

1.चिटिक कन - छोटा कमी, अभाव।
2. चीला- चावल पिसान के बनाए जाने वाली दोसा जइसन एक पातर रोटी, पानी में उत्पन्न होने वाली एक पुरइ पान
3. चिरी- जीभ साफ करके फेंक जाने वाले दातौन के फांक
4. चिरे- फाड़ा हुआ
5. चिरल- चिरै, चिरई
6. चिरैया- पक्षी, चिड़िया, फाड़ने वाला
7. चिरौंजी- फलों के बीज की गिरी,
8. चिरौनी-चिरउनी, फाड़ने की क्रिया या भाव
9. चिलउटी- गर्म बर्तन को पकड़ने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला कपड़ा
10. चिलचिल- परेशानी, झंझट

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग : साहित्यिक कुंभ

अभी 23-24 सितम्बर के छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सातवां प्रान्तीय सम्मेलन रायपुर के वीआईपी रोड, बेबीलोन इंटरनेशनल होटल म होइस। दू दिन बर होटल बुक रहिस हे। हर जिला लें 15-15 कवि साहित्यकार मन आये रहिन हें। अपन राज में फाइव स्टार होटल के मजा लीन। आठ सत्र म कार्यक्रम होइस। ये कार्यक्रम संस्कृति विभाग के सभागृह ले निकल के सीधा फाइव स्टार होटल म पहुचगे। येखर श्रेय डॉ. अनिल कुमार भतपहरी, सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ल जाथे। ये बेरा के कार्यक्रम के विषय में बदलाव आये रहिस हे। 'पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ी' ल अइसे बेरा म रखे गे रहिन हें जब नवा शिक्षा नीति म प्राथमिक स्तर तक मातृभाषा म शिक्षा के आदेश हावय। जेन बारहवीं तक के पाठ्यक्रम हावय। ओमा प्राथमिक स्तर तक मातृभाषा म शिक्षा लिखाये हावय। छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्यक्रम तइयार नइये कहिके 2023 म लागू नइ करिस। अब 2024 म लागू करत हावय।

प्राथमिक स्तर म येला एक विषय के रूप म रखे जावत हे। येखर बर पाठ तइयार होवत हावय। ये सत्र म एससीईआरटी रायपुर के जया चंद्रा बतइन। कई ठन बात होइस। हल्बी ल छत्तीसगढ़ी के समान बतइन डॉ. बिहारीलाल साहू फेर शकुंतला तरार आम जन के बीच कुछ.शब्द ल रख के बता दिस के हल्बी अउ छत्तीसगढ़ी म बहुत अंतर हावय। क्षेत्रीय भाषा ऊपर काम होना चाही। सब बोली ऊपर छत्तीसगढ़ी ल लादना नइ चाही। आयातित शब्द मन ल ज्यों के त्यों लेना चाही। चर्चा बहुत बढ़िया रहिस हे।

आठवीं अनुसूची म आये बिना भी छत्तीसगढ़ी के विकास होही, एम ए खुल गे हावय। 2001 ले एक पेपर के रूप म छत्तीसगढ़ी ल एम ए म पढ़ाये जात हावय। छत्तीसगढ़ी के विकास रूक नइ सकय। येला जन जन के भाषा बनाये के काम होवत हावय। नंदाय के बात तो सोचे भी नइ जा सकय।

दूसरा सत्र के विषय रहिस हे- छत्तीसगढ़ी राज्य बने के बाद 'छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य म नवाचार' चर्चा बहुत जोशपूर्ण होइस। 1985 ले ले के 2000 तक के भूमिका ओखर बाद अब तक के नवाचार सब के आगू म अइस।' फेर एक बात दिखिस के जन जन तक पुस्तक के नई पहुंचे के कारण जानकारी कमती रहिथे।

चौथा सत्र 'छत्तीसगढ़ राज बने के बाद महिला साहित्यकार मन के योगदान' -एक सत्र बढ़िया रहिस हे फेर जानकारी बहुत कमती अइस। बार-बार निरुपमा शर्मा ल पहिली महिला साहित्यकार बोले जाथे, ये जानकारी ल मैं कई समूह म प्रमाण के साथ देय हावंव, के पहिली महिला साहित्यकार डॉ. सत्यभामा आड़िल आयें। ओमन 1957 ले नवभारत म छपत रहिन हें। कमती उमर म संपादन भी करत रहिन हें। निरुपमा शर्मा पहिली महिला मंचीय कवियत्री रहिन हें। साहित्यकार नोहय। अइसने कई तरह के गलत जानकारी प्रतियोगी पुस्तक मन म घलो छपे हावय।

'छत्तीसगढ़ के लोक साहित्य में राजन यादव जी छाये रहिन हें। बढ़िया जानकारी मिलिस। दू सत्र रात-रात के कवि मन बर रखे रहिन हें। ये समय एक नवा बात ये होइस के 'छत्तीसगढ़ म नवा पीढ़ी' सत्र नवा पीढ़ी मन बर रखे गे रहिस हे। जोशपूर्ण ढंग ले भाषा, मानकीकरण पाठ्यक्रम ऊपर चर्चा होइस। मानकीकरण ऊपर दू तरह के बात सामने अइस। एक तो बावन अक्षर ल स्वीकार करे के त दूसर बात युवा मन रखिन के बावन अक्षर ले के आज व्याकरण बनाना कहां तक सही हे? जबकि हीरालाल काव्योपाध्याय के बनाये व्याकरण ल झुठला देय जाये। स्वीकार तो उही ल करे बर परही। नवा विचार अउ तर्क भी रखे गीस। बहुत जरूरी हावय के युवा मन ल अउ महिला मन ल अलग से सत्र मिलना चाही। नवा विचार निकल के आथे।

तीसरा सत्र 'दूध मोंगरा' के छत्तीसगढ़ी नृत्य नाटिका के प्रस्तुति कार्यक्रम म जान डार दिस। भाषा के कार्यक्रम ल हमर संस्कृति के प्रस्तुति मजबूत बना दिस। ये बेरा म समन्वयक मन के भी मोमेंटो दे के सम्मान करे गीस। एक नवा जोश, जेन आक्सीजन के काम करिस। प्रवेश द्वार के सजावट हमर संस्कृति ल बतावत रहिस हे।

अनिल भतपहरी ह बहुत मेहनत करे रहिस हे। समय के कार्यक्रम म सत्र के चुनाव अउ वक्ता मन ल सोच के रखेगे रहिस हे। पूरा छत्तीसगढ़ होटल में समाहित रहिस हे, तीस जिला ले साहित्यकार मन आये रहिन हें। ये बेरा म सब एक दूसर ले बने मिलिन फोटो खिंचाइन। जशपुर सरगुजा के कवि लेखक मन ल साक्षात देखे बर मिलिस, सही म ये साहित्य कुंभ रहिस हे। जगह के चुनाव बहुत सोच विचार के करे गे रहिस हे। हमेशा के तरह सब ल बैग मिलिस। बहुत विचार मंथन के बाद सत्र मन समाप्त होगे। सब अपन-अपन घर चल दिन। फेर सुरता अभी ले बांचे हावय। फोन घलो चलत हावय फोटो अभी ले आवत हावय। अइसन यादगार सम्मेलन के फेर अगोरा म।

सुधा वर्मा

पूर्वज मन के प्रति श्रद्धाभाव पितरपाख म

एपर युग पुरुष श्रीकृष्ण के कुरुक्षेत्र म महारथी अर्जुन ल देय उपदेश-'कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' ह समस्त मनखे जाति बर देय संदेश आय। श्रीकृष्ण के मुताबिक मनखे ल अपन जिनगी भर सिरिफ करम करते रहना चाही; कर्म म ही उंकर अधिकार हो सकथे, कर्मफल या परिणाम म नहीं। तभे तो मनखे ल अपन करम के हिसाब ले ही फल मिलथे; अउ येहू बात ह बिसरे के नोहे कि मनखे ल कुछ अपन करम के, कुछ अपन किस्मत के अउ कुछ अपन पुरखा के करम के फल मिलथे। याने कहे जा सकथे कि हर मनखे ल अपन पुरखा माने पूर्वज के करम-कमई के फल के सुवाद वर्तमान जनम म जाने ल मिलथे। जब जेन पूर्वज मन के करम-कमई के फल मनखे हर पाथय; तब तो उंकर प्रति सम्मान श्रद्धाभाव व्यक्त करे के हर मनखे के कर्तव्य घलो बनथे। अइसना हमर छत्तीसगढ़ के ग्राम्य-शहरी अंचल म हिंदू धर्म के लोगन हर अपन पूर्वज मन के प्रति सादर श्रद्धाभाव निर्धारित समयावधि म रखथे। जेन ल 'पितरपाख या पितृपक्ष' केहे जाथे। कुंवार महीना के अंधियारी पाख के एक्कम तिथि ले लेके अमावस्या तक समय पितरपाख आय। पंदरा दिन के इही अवधि म लोगन अपन पूर्वज मन ल श्राद्ध-तरपन देथे, पितर शब्द ह संस्कृत के पितृ शब्द ले बने हे। पितृ या पितर माने सरग सिधारे पूर्वज अउ अपने स्वजन- दाई-ददा, बबा-परबबा, भाईबंध, लोग-लइका। साधारण बोली म समझे जाय तो पूर्वज ही पितर आय। ये पितर शब्द ह व्याकरण के दृष्टि ले एक जातिवाचक संज्ञा, उभयलिंग अउ एकवचन आय।

पितर-मनई के शुरुआत-हमर हिंदुधर्म देहाती लोक संस्कृति के मुताबिक परलोक सिधारे कोनों मनखे ला पहिली बइसाख मास के अक्ति तिहार म विशेष नेंग-जोग करके जल तर्पण दे जाथे। जेला 'अक्ति पानी देवई या 'अक्ति मिलई' कहे जाथै। जेन तिथि के वो मनखे हर सरग गमन करे रथे, तेन तिथि म वोकर पितरपाख म पहिली पितर मनाय जाथै, पितर मिलई कहलाथे। सरग गेय मनखे के अक्ति पानी पाय बिना वोला पितर नइ मिलाय जाय। पितरपक्ष के एक्कम यानी पहिली दिन, जेला बैठकी घलो कथै, बिहनिया ले ही लोगन के हिरदय म पूर्वज के प्रति घात श्रद्धाभाव उमड़थे। फजरे ले घर-भीतरी अंगना ले लगे मुंहाटी ल गोबर म लीप के सुघर चऊंक पुरे जथे। पीढ़ा ऊपर लोटाभर पानी म दू-चार ठन दतुवन रखे जाथे। कुम्हड़ा, तोरई, चिरइया, दस्मत फूल ले सजाये जाथे। तोराई पान म दू-दू चार-चार दाना चंउर अउ उरिद घला रखे जाथे। लोटा या लोटा के बगल म कुश (काशी प्रजाति की घास) अउ दूबी रखे जाथे। लोगन हर अपन पुरखा के आगमन अउ सुवागत-सत्कार के बड़ा सुग्घर बेवस्था करथें।

पितर के नेंग-जोग -पितर मनइया मनखे ह बिहनिया दस-गियारा बजे तक तरिया-नंदियां नहाये बर जाथे। कांचा कपड़ा पहिरे-पहिरे कुश या दूबी ले पानी के तर्पण देथे। पांच-सात घांव दार-चाऊर के तरपन देवत तोरई पान सुद्धा दार-चाऊर ल पार म एक जगा मढ़ा देथे। घर म आके पितर-ठउर म दीया बारथै। हूम-धूप देथे। पितर याने पुरखा ल देव समान मानथे। उनला आह्वान करथे। श्रद्धापूर्वक सुमरथे। पूजा-अर्चना करथे। नमन करथे। थारी म तोराईपान ऊपर रखे दार-भात, तोराई साग, बरा, भजिया, सोंहारी ल नान-नान खोंट (टुकड़ा कर के) के पितर ल अर्पित करे जाथे। पितरपाख म तोराई पान, फूल अउ साग के उपयोगिता सम्भवत: येकर सेती होथय कि इही समै बारी-बखरी म तोराई हर जादा फुलते-फरथे। हरियर तोराई के फूल-फर-पान ह हरियर बारी-बखरी, मतलब हमर कृषि उपज के समृद्धि के प्रतीक आय। ताहन तोराई पान म दार-भात अउ रोटी-पीठा ल सान के तोराईपान म ही रखके छानी ऊपर रखथे; जेन ल कउआं मन देखत रहिथे। छानी म अर्पित दार- भात अउ रोटी-पीठा ल कउआं मन ग्रहण करथें; याने खाथें। इंकर ये खवई ल शुभ माने जाथे। लोगन समझथे कि पीतरदेव मन हर ही ग्रहण करत हें। ये लोगन के अपन पितर के प्रति आस्था अउ आस-विश्वास के प्रतीक आय। पितरपाख भर कउआं मन ल गारी देवई, भगई अउ मरई वर्जित रथे। जेन दिन कोनों मनखे हर अपन बाप ल पितर मानथे, वो दिन वोकर 'माई पितर' आय। ये दिन पहिली ले नेवताय अपन पास-परोस, सगा सोदर, हितु-पिरोती मन ल खाये बर बलाय जाथे। येकर ले लोगन म प्रेम, सहयोग, भाईचारा जइसे सामाजिक भावना पनपथे। पितर-मनई के अंतर्गत पितरपक्ष के पंचमी के दिन सरग चल बसे कुंआरा-कुंआरी ल अउ नवमी के दिन परलोक गमन करे जम्मों बेटी जात याने माईलोगिन मन ल पितर माने जाथे, जेला नवमी पितर घला कहिथे। ये पितर ले लोगन म नारी-सम्मान के भाव झलकथे। पितरपाख म कतको झन हर तो चुंदी अउ दाढ़ी-मेछा नइ बनवावय। ये अवधि म लोगन अपन घर के कुलदेवता अउ गांव के डीह-डोंगरी के पूजा-पाठ नइ करें।

पितर बिदाई-पितर पाख के आखिरी दिन रोजेच असन पितर मन के मान-गउन होथे; पर ये दिन थोरिक विशेष ढंग ले पूरा मान-सम्मान के तर्पण देय जाथे। हूम-धूप देये के बाद अन्न-जल अउ रोटी-पीठा अर्पित तो करबे करथे; संगे-संग एक ठिन बड़े-असन तोराई पान म दार-भात अउ नान-नान बरा, सोंहारी, भजिया रख के, वोला घर ले थोरकिन दुरिहा म एकजगा रखे जाथे। इही रसम म रोटी-पीठा जोर के जम्मों पितरदेव मन ल मया-पिरीत , असीस के आस-विश्वास के साथ उनला स-सम्मान बिदा करे जाथै, जेला पितर बिदा कहे जाथे। क्षेत्र विशेष म इही ल पितर-खेदा घला कही देथे। अइसन ढंग ले हमर गांव-देहात म पितरपाख ह सरगवासी पूर्वज अउ स्वजन मन के मान-सम्मान के लोक पारम्परिक परब होथे; जेन हमर छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के एक बड़ा सुग्घर झलक आय।

— टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला,
व्याख्याता (अंग्रेजी) घोटिया-बालोद

नावाखाई परब अन्न के प्रति आभार

हमर छत्तीसगढ़ राज के जब बात आथे त अपने अपन इहां के कला,संस्कृति,रहन-सहन, रीति-रिवाज, खेती किसानी,बखरी-बारी,धान-पान के सुरता आ ही जाथे। विशेष करके इहां के परब-पूजा-पाठ,करम-कांड, हमर छत्तीसगढ़ के रहईया मन ल एक सूत्र म बांध देथे अउ इही म सब के दया-मया, दुलार ह फरी-फरी झलक जाथे। ए सब कारन से हमर पुरखा मन, जे परम्परा बनाय हे ओहर हमर सबले बड़े धरोहर कहलाथे। इही परम्परा ल सहेजे खातिर छत्तीसगढ़ म किसम-किसम के संस्कृति ह सतरंगी रंग म रंगे हावे।

पुरखा के परम्परा ल धरोहर मान के अपन कुलदेवता के आशीष समझथें अउ एखरे से घर-परिवार म सुख समृद्धि ह बने रहिथे। इही सुख समृद्धि ल बनाए खातिर हमर छत्तीसगढ़ म कुवांर मास, शुक्ल पक्ष के नवमी म नवाखाई के परब ल अड़बड़ धूमधाम ले मनाय जाथे। ए परब ह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जाहिर करे के परब आय। नावा फसल आय के खुशी म सबसे पहिली अपन गांव के देवता अउ कुल देवता ल अर्पित करथें।

छत्तीसगढ़ के परब ह वइसे तो बारह मासी होथे, लेकिन इहां के हर परब ह अलग-अलग महत्व रखते अउ ए सबो परब ह नावा-नावा सन्देश ल दे जाथे, जेला छत्तीसगढ़ वासी मन, पुरखा के परम्परा ल धरोहर मान के अपन कुलदेवता के आशीष समझथें अउ एखरे से घर-परिवार म सुख समृद्धि ह बने रहिथे।इही सुख समृद्धि ल बनाए खातिर हमर छत्तीसगढ़ म कुवांर मास, शुक्ल पक्ष के नवमी म नवाखाई के परब ल नवरात्रि म अड़बड़ धूमधाम ले मनाय जाथे। ए परब ह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जाहिर करे के परब आय। नावा फसल आय के खुशी म सबसे पहिली अपन गांव के देवता अउ कुल देवता ल अर्पित करथें। अम्बिकापुर क्षेत्र म ए परब हर छेरछरा परब म बदल जाथे, इहां के नान्हे-नान्हे लइकामन धान फसल के कटाई ले शूरु कर देथें। लइकामन खेत म जा के धान के सिला सिलाथें अउ छेरछेरा के दिन ओ धान ल मिजाई करके ओकर दुधभात खा के नावाखाई के परब मनाथें।

बिलासपुर क्षेत्र के गांव म एक दिन पहिली मुनादी करवाए जाथे के काली गांव म -बाली परही फेर बईगा मन सब ले पहिली भिनसरहा म उठके गांव के तरिया ले पवित्र जल अउ खेत ले धान के सुग्घर पाके बाली ल लाथें ,अउ गांव के देवता, ठाकुर देव देवाला म अर्पित करथें, ओकर बाद ओ बईगा मन के द्वारा,नावा धान के बाली ल सम्मक गांव के घरोघर बांट देथें। फेर उही बाली के चाउर म घरोघर तसमई भात बनाथें। एती गांव म कुलदेवता के पूजा अर्चना के तियारी करत रहिथें,अउ नावा चाउर के दुदभात बना के संग म गुरहा गुचकुलिया, बरा-पूड़ी अउ नरियर, लाली मंदार फूल,पांच ठन बेल पतिया ल सकेल के बरगद पान के नावा-नावा उल्हवा पान के पतरी बनाके अपन घर के कुल देवता म प्रसाद चढ़ाथे फेर घर भर प्रसाद के रूप म ग्रहण करथें। बस्तर क्षेत्र म भी नावाखाई के परब ल धूमधाम ले मनाए जाथे, जेमा आदिम और अरण्य संस्कृति,आपन आदर्श परंपरा अउ मूल्य ल सुरक्षित रखे के भरपूर प्रयास करे जाथे। प्रकृति से उपजे ल सबसे पहिली अपन कुल देवता ल चढाथें फिर ओला प्रसाद के रूप म ग्रहन करथें। इही समय म खेती- किसानी कारज ले जब एमन ठलहा हो जाथें त नावाखाई के उत्सव मनाथें। अपन सगा- सोदर मन ल न्यौता देके सब एक दूसर घर आथे-जाथें अउ सुंदर रोटी-पीठा खांथें, बिदाई के बेरा अपन शक्ति अनुसार ओ सगा मन ल कपड़ा-लत्ता भेंट करके बिदा करथें।ए प्रकार से कहे जा सकत हे के हमर छत्तीसगढ़ राज्य म अपन संस्कृति, मूल्य परम्परा ल सुरक्षित रखे खातिर किसम-किसम के परब ल मनाए जाथे। ये सब परब के पाछू म मात्र अउ मात्र अपन पुरखा के द्वारा जो विरासत म परम्परा मिले हे ओमा हमर प्रकृति के आशीर्वाद हावे। ए प्रकृति हमर धरोहर आय, जेमा हमर सर्वस्व जीवन भर आश्रित रहिथे, एला हमन ल जीवंत रखे बर परही अउ प्रकृति ल ओकर उपकार खातिर, कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहि। तभे हमर संस्कृति परम्परा अउ मूल्य ह सुरक्षित रह पाही।

अशोक पटेल आशु मेघा,धमतरी(छ ग)

साइबर अपराध

आनलाइन ठगी के नवा तरीका

विडियो कालिंग रिकॉर्ड करके ब्लैकमेलिंग, वायरल नई करे के खातिर करत हे पइसा के मांग, डरव मत, रहव सावधान।

जतेक तेजी से तकनीक हमर जिनगी में नवापन लावत हे, ओकर ले दुगुना नुकसान भी होवत हे। इंटरनेट के जमाना म फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, यूट्यूब अऊ वाट्स एप येकर ले आज कोनो भी पीढ़ी अछूता नई हे, सोसल मीडिया के उपयोग आज जरूरत बनगे हे, युवा पीढ़ी मन में तो नसा सहिन लत लग गेहे। इही सब साइबर अपराधी मन के हथियार हरे। आनलाइन के माध्यम से फर्जी आईडी बना के ठगी के बहुते मामला आवत हे, जादातर पुरुस मन ल सिकार बनावत हे। अइसे मामला म फंसे लोगन मानसिक रूप ले परेसान होके अपन जिनगी के संग अनहोनी करे के अतेक बड़े फैसला लेवत हे। आज ये मामला भयानक समस्या बने हे। येकर बर सावधानी अऊ जागरूक होय के जरूरत हे।

जाल म फंसाय के तरीका:- इंटरनेट के माध्यम से आनलाइन ठगी ल साइबर अपराध माने जाथे, चालाकी से अपन जाल म फंसा के पइसा अंइठे के काम चलत हे। सोसल मीडिया के फेसबुक इंस्टाग्राम ट्वीटर यूट्यूब अऊ वाट्स एप इही मन इंकर हथियार हरे। सबले पहिली येमन कोनो भी युवती के नाम ले गांव देहात के लड़की वाला फोटू लगा के इंस्टाग्राम अऊ फेसबुक म फर्जी आईडी बनाथे। येमन अधिकतर युवक मन ल हि चिरौरी करके दोस्त बना लेथे, नाव, गांव, पता, काम बुता अऊ मोबाइल नंबर पूछ के बातचीत के शुरूआत करथे। सबो जानकारी लेहे के बाद रतिया म फेसबुक के मैसेंजर में विडियो कालिंग करथे जेमे अपन चेहरा ल नई दिखा के बिना कपड़ा में आथे अऊ सामने वाला ल उघरा होय बर बोलथे, ये सब होते रहि अऊ विडियो कालिंग ल स्क्रीन रिकार्डिंग में रिकार्ड भी करते रइहीं।

सोसल मीडिया के उपयोग- ब्लैकमेलिंग के खेल अब शुरू होही, रिकार्डिंग करे विडियो ल हमर करा भेजही, देखके आश्चर्य हैरान मानसिक रूप से परेसान हो जाबो। ओ आपत्तिजनक विडियो ल हमर ले जुड़े फेसबुक इंस्टाग्राम दोस्त करा भेजे के अऊ यूट्यूब म वायरल करे के धमकी देही, दस मिनट के समय हे झटकुन पांच हजार रुपिया भेज नहीं त विडियो ल सब जगा साझा करे के बात करही। कतको मन पइसा भेज देते, घबराके ओला फेसबुक दोस्त से हटा के बातचीत बंद कर देबे त, दू- तीन दिन बाद फोन करके बोलही पुलिस थाना ले बोलत हव तोर नाव ले एक युवती रिपोर्ट करे हे, तोला घर ले उठा लेहुं, ओ युवती ले बात कर अऊ मामला ल खत्म करे के बात करही। दिल्ली, मुंबई म येकर मन के समूह हे जेन मन अइसन गलत काम करत हे।

सावधानी अऊ बचाव- अइसने घटना काकरो संग झन होय, अऊ अगर होगे भी त का करना हे ऐला पढ़हव, सबले पहिली घबरावव मत दिमाग में गलत कदम उठाय के मत सोचव, पइसा भेजना ही नइ हे। बिना जान-पहिचान के सोसल मीडिया म संगवारी झन बनावव, तुरते फेसबुक इंस्टाग्राम में ओला अपन सूची ले हटा देवव, विडियो कालिंग म मोबाइल के आगू कैमरा ल बंद नइते तोप के रखव, दस मिनट के धमकी देही ओतना समे तक इंतजार करव, ज्यादा धमकी देही त बोल दव जो करना हे कर लें। जादा ही परेसान करही त तीर के पुलिस थाना म सिकायत जरूर करहू, हकीकत म ये ह हमर आपत्तिजनक विडियो ल ओमन फेसबुक इंस्टाग्राम यूट्यूब मन म कभु अपलोड नइ कर सके, ये सोसल मीडिया मन परमिसन नई दे। बात करे समय डरना नइ हे। ये सब घटना हमरे गलती ले ही होथे, हमेशा सावधान रहव सतर्क रहव।

देव हीरा लहरी
चंदखुरी फार्म, रायपुर

आस्था संग प्राकृतिक दरस के ठउर बोहरहीधाम

हमर छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर के विधानसभा भवन ले उत्तर दिशा म दू कोस के दुरिहा म एक सुघ्घर अउ मयारुक देव ठउर हे बोहरही धाम. रायपुर ले बिलासपुर जवइया रेलवाही म मांढर अउ सिलयारी रेलवे स्टेशन के बीच कोल्हान नरवा के खंड़ म बसे हे ए बोहरही धाम ह। बोहरही धाम ल लोगन बोहरही दाई के नाम ले जादा चिन्हारी पाथे। फेर जइसे हमन ईश्वर ल 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव' के रूप म महतारी अउ ददा दूनोच मानथन, ठउका अइसनेच बोहरही दाई ल घलो महतारी अउ ददा दूनोच रूप म सुमरन करे जाथे। एकरे सेती एला जय ठाकुर देव, जय बोहरही दाई समिलहा रूप म कहे जाथे।

कोल्हान नरवा के खंड़ म बसे बोहरही धाम ह वइसे तो पटवारी हल्का के मुताबिक गांव पथरी म हावय, फेर ए ठउर ले गांव पथरी ह जतका दुरिहा म हावय, वतकेच दुरिहा म गांव नगरगांव, गांव टोर अउ गांव तरेसर घलो हावय, एकरे सेती ए तीर के जम्मो च गांव वाले मन बोहरही धाम ल अपनेच मानथें अउ वतकेच मान-गौन अउ आस्था घलो राखथें।

बोहरही दाई के ए ठउर म आए अउ स्थापित होय के संबंध म बड़ गुरतुर अउ मयारुक किस्सा हे। हमर सियान मन बतावंय- बोहरही दाई ह कोनो दूसर गांव ले रिसा के कोल्हान नरवा म बोहावत ए जगा आए रिहिसे अउ ए जगा आए के पाछू गांव पथरी के एक पोठहा किसान ल सपना दे के कहिस के- मैं ए ठउर म हाववं, तुमन कइहू चाहथव के मैं इहिच मेर आसन पाववं, त तुमन मोर रहे खातिर एको ठन मंदिर बनवा देवव।

पथरी वाले वो किसान ह अपन सपना म आए बात ल गांव वाले मन जगा बताइस, त गांव वाले मन चलव तो जी

सपना म बताए जगा के आरो लेथन कहिके कोल्हान नरवा के खंड़ म गिन। उहां गांव वाले मन देखिन ते सपना म बताए जगा सिरतोन म एक ठन मूर्ति माढ़े पाइन। तहां ले वो मूर्ति ल सब गांव वाले मन के कहे म कोल्हान नरवा के खंड़ ले उचा के थोरिक दुरिहा म लान के एक ठन चौंरा असन जगा बना के स्थापित करिन। आज उही जगा ल हम सब बोहरही दाई या बोहरही धाम के रूप म जानथन।

बोहरही दाई के नामकरण के संबंध म सियान मन बतावंय, के वो देवी दाई ह नदिया म बोहा के आए रिहिसे, तेकर सेती वोला बोहरही दाई कहे जाथे। पहिली ए ठउर म बोहरही दाई के नांव य सिरिफ एक ठन चौंरा असन मंदिर भर रिहिसे, वोकर पाछू फेर एक ठन छोटकन शिव जी के मंदिर रेलवे विभाग ह बनवाइस। रेलवे वाले मन के द्वारा ए जगा मंदिर बनवाए के संबंध म सियान मन बतावंय के अंगरेज शासन काल म जब मुंबई-हावड़ा रेलवाही बनीस तेन पइत इही बोहरही धाम तीर के एक ठन नान्हे बानी के नरवा म बनत पुलिया ल घेरी-भेरी भरभरा के भोसक जावय। तेकर सेती रेलवाही बनाए के बुता ह अटके असन हो जावय। सियान मन बतावंय के वो पुलिया ल एक बंगाली इंजीनियर के देखरेख म बनाए जावत रिहिसे। एक रतिहा उही बंगाली इंजीनियर के सपना म आइस के बोहरही दाई के मंदिर के तीर म रेल विभाग ह एक अउ मंदिर बनवा देही, त ए पुलिया ल बनाए के कारज ह बने-बने सिध पर जाही।

सपना के बात ऊपर भरोसा करत फेर वो बंगाली इंजीनियर ह बोहरही दाई के जेवनी मुड़ा म एक शिव जी के मंदिर बनवाइस, तब जा के वो नरवा म पुलिया बनाए के कारज ह सिध परिस। वो पुलिया ल आज घलो लोगन वो बंगाली इंजीनियर के सुरता म बंगाली पुलिया ही कहिथें।

बोहरही धाम ह आज पूर्ण रूप ले विकसित एक धार्मिक अउ पर्यटन ठउर बनगे हावय। इहां कतकों अलग-अलग समाज के लोगन अपन-अपन श्रद्धा अउ आस्था के मुताबिक अलग-अलग मंदिर अउ देव ठउर बनवा डारे हें। अब बोहरही धाम म पर्यटन के एक मयारुक ठउर बनगे हावय जिहां लोगन के रोज दिन आना-जाना लगे रहिथे। महाशिवरात्रि के बेरा म इहां तीन दिन के जबर मेला भराथे, जेमा दुरिहा-दुरिहा के लोगन गंज संख्या म जुरियाथें।

बोहरही धाम म अब दूनों नवरात म मनोकामना जोत घलो जलाए जाथे। कतकों श्रद्धालु मन अपन मनोकामना पूरा होय म बोकरा आदि के पूजवन घलो देथें। इहां के पूजवन प्रथा म रोक लगाए खातिर तीर-तखार के कतकों समाजसेवी मन रैली आदि निकाल के जनजागरण के कारज करत रिहिन हें फेर जनआस्था के सेती ए पूजवन परंपरा ह अभी घलो चलतेच हे।

बोहरही धाम जाए बर आजकाल राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन ले रोज सिटी बस जाए लगे हे। रेलवे के रद्दा ले जवइया मन मांढर या सिलयारी रेलवे स्टेशन ले उतर के जा सकथें। जे मन अपन साधन ले उहां जाना चाहथें, वो मन विधानसभा भवन ले बोहरही धाम होवत सिलयारी रेलवे स्टेशन तक सड़क गे हवय, तेमा आसानी के साथ जा सकथें।

-सुशील भोले संजय नगर, रायपुर

लघुकथा

'आज के सरवन कुमार' पाछू इतवार के बात आए। बड़े बिहनिया हमर पड़ोसी तिवारी जी के फोन आइस। वो हर जय जोहार पैलगी करके बोलिस- पटेल भइया, हमन बमलेसरी देबी दरसन करे बर जावत हन। हमर आत ले घर अउ बाबूजी के हालचाल थोरिक देखत रइहू ,काबर कि बाबूजी हर घर में अकेला रइही।

बाबूजी अकेल्ला काबर रिही जी? में हर पलट के पूछेंवं। ओहू ल संग म काबर नइ लेगत हव? मोर सवाल के जवाब म तिवारीजी बोलिस- -असल म बाबूजी ल संग म लेके चल देतेन, फेर का हे कि कार में चारे झिन बने अराम से जा सकत हन। वोखर जवाब सुन के मैं हर फेर पूछेवं -सही कहत हव,फेर तुमन तो तीने झिन होहू न। आप,भौजी अउ बाबूजी। तब तिवारी जी ह दांत गिजोरत बोलिस- अरे नहीं भई, आप तो हमर दूनो डॉगी(कुकुर) मन भुलावत हावव। हमर संग ओहू मन ह जाहीं न। त अइसन में हमन मैं मोर सुवारी अउ हमर दूनो मयारूक डागी ल मिला के तो चार झिन हो जावत हन न। अइसन म भला बाबूजी बर कार म जगह कहां बांचही? ओखर गोठ सुन के में हर हक्का-बक्का रही गेंवं,मोर आंखी डबडबा गे। मन ल बांधत में हर बोलेंवं-हां भई, में ह बाबूजी के खियाल राखहूं।

अतका सुनते तिवारी जी हें.. हें ..हें ..हें करत फोन ल काट दीस। में ह अपन आंखी ले ढरकत आंसू ल अंगोछी म पोंछे लागेंवं। मोर मुंहू ले निकलिस- वाह रे, आज के सरवन कुमार।

विजय मिश्रा 'अमित' एम 8 सेक्टर 2 अग्रसेन नगर ,पोस्ट ऑफिस- सुंदर नगर रायपुर

साहित्य

जीवन से विदा लेती ध्वनि

कहानी

■ रमेश शर्मा

शायद होती हो, शायद नहीं भी ! पर अब तक उसने जो देखा समझा था, उससे तो यही लगा था उसे कि एडजेस्टमेंट की कोई सुन्दर जगह नहीं होती। आदमी अनिच्छा से, लालच से या मजबूरी में एडजेस्टमेंट करता रहता है । जीवन भर। उसकी तरह। नौकरी की खातिर। नौकरी बचाने के लिए।

'बाबू जी धीरे चलना... प्यार में ज़रा संभलना....!' वह जिस शख़्स के पीछे सड़क पर चल रहा था उसके सेल फोन में उस वक्त यह फिल्मी गीत बज रहा था । यूं तो इस धुन को उसने पहले भी सुन रखा था पर इसे उस शख़्स के पीछे चलते हुए उस वक्त सुनना न जाने क्यों आज उसे अच्छा लगने लगा । उसे हमेशा लगता कि हर चीज की एक नियत जगह होती है दुनियां में, और उस नियत जगह पर उस चीज की खूबसूरती अपने आप बढ़ जाती है । सुबह का यह समय रायगढ़ की गज़मार पहाड़ी के नीचे घूमती हुई चिकनी सडकों पर चलते हुए यूं भी कितना खूबसूरत हो जाया करता है। इस समय में इस धुन को सुनते हुए लगा उसे कि कुछ चीजें अपनी जगह अपने आप ढूँढ लेती हैं ! अगर हम उन्हें उनकी सही जगहों पर पा सकें तो कितना सुकून मिलता है । इस फ़िल्मी धुन को सुनने की खातिर ही उसने आगे जा रहे उस शख्स के कदमों की रफ़्तार के साथ अपने कदमों की रफ़्तार को संयोजित करने का भरपूर प्रयास किया । कदमों को संयोजित करने की कोशिश में उसे बहुत सी बातें याद आने लगीं।

'एडजेस्टमेंट करना तो कोई तुमसे सीखे सियो !' निया ने एक बार उससे सीरियस होकर कहा था । उसका एडजेस्टमेंट शब्द पर इतना जोर था कि वह समझ नहीं पा रहा था कि आखिर वह कहना क्या चाहती है ? उसने निया से जिरह करना मुनासिब नहीं समझा कि आखिर उसे इस शब्द से आपत्ति क्यों है। इस तरह जिरह न करना भी उसकी परिस्थिति के मुताबिक एक किस्म का एडजेस्टमेंट ही था।

एक बार सामान्य सी बातचीत के दौरान उसने उससे पूछा था – 卐मुक्ति का रास्ता कठिन क्यों होता है निया ? इतना कठिन कि हम हर जगह एडजेस्टमेंट करने को मजबूर हो जाते हैं । एक ही रास्ता बचता है हमारे पास, दुनियां में अपने कदमों को गतिशील रखना है तो खुद को भीतर से बदल डालो ।

उसकी बातें सुनकर अचानक निया का चेहरा एक किताब की शक्ल का होने लगा था । एक ऐसी किताब जिसमें जीवन में मिले कठोर अनुभवों की कहानियां पढ़ी जा सकें ।

'मैं ऐसा नहीं मानती सियो ! हर जगह एडजेस्टमेंट करना सबके लिए संभव नहीं ।मेरे लिए तो बिल्कुल भी नहीं । इस तरह तो मुझे कभी मुक्ति नहीं चाहिए । चलो मान लिया कि बदलाव जीवन जीने की एक कला है ।सत्ता और दुनियावी रिश्तों से एडजेस्टमेंट का एक हुनर ! यह सोचकर हम दूसरों के अनुरूप अपने को भीतर से हर वक़्त संपादित करते रहते हैं , पर यह तो अपने आपसे धोखा हुआ सियो ! आखिर कब तक हम सेल्फ एडिटिंग का शिकार होते रहें ? कब तक अपने को धोखे में रखें? दुनियां को खुश रखने के लिए सेल्फ एडिटिंग का बोझ आखिर कोई क्यों ढोए सियो ?

और इस एडजेस्टमेंट शब्द को लेकर उनमें अक्सर मतभेद हो जाया करते थे। वह उस वक्त सोचता रहा .... क्या एडजेस्टमेंट की भी अपनी कोई खूबसूरत और रचनात्मक जगह होती है ?

शायद होती हो, शायद नहीं भी ! पर अब तक उसने जो देखा समझा था, उससे तो यही लगा था उसे कि एडजेस्टमेंट की कोई सुन्दर जगह नहीं होती। आदमी अनिच्छा से, लालच से या मजबूरी में एडजेस्टमेंट करता रहता है । जीवन भर । उसकी तरह। नौकरी की खातिर । नौकरी बचाने के लिए ।

उसे लगता है प्राइवेट संस्थान में काम करते हुए अगर वह एडजेस्टमेंट न करे तो उसकी नौकरी कभी भी चली जाए। सत्ता के सुर में सुर न मिलाने की वजह से कई मीडिया कर्मियों को उनके मालिक नौकरी से निकाल चुके थे। यह सब आज भी वह अपनी नंगी आँखों से देख रहा है । यह सोचकर ही उसके भीतर डर की एक चिड़िया आकर बैठ गयी थी।

सामने चल रहा शख़्स अपने ही धुन में चला जा रहा था । सर्दियों का मौसम था । पुमा के स्पोर्ट्स शू उस शख़्स के पांवों के फिटनेस को जहां चुस्त दुरुस्त किये हुए थे वहीं उसने अपनी देह पर एक पश्मीने का शाल ओढ़ रखा था । चीजें उसके ऊपर कितना तो फब रही थीं । उसे फिर से महसूस हुआ कि हर चीज का अपनी सही जगहों पर होना भी कितना जरूरी है । दुधिया कलर का शाल ओढ़े उस ब्यक्ति के पीछे पीछे चलना आज उसे दोहरा सुकून दे गया था ।

'सुकून भी कितना दुर्लभ हो गया है जीवन में ।' – सुकून मिलने के इस दुर्लभ अनुभव ने चलते चलते उसके मन को इस एहसास से भी भर दिया था । 卐बड़े शहर जेब कतरों की तरह होते हैं । वे हमें लुभाते हैं , चकित करते हैं और चुपके से हमारी जेब काट लेते हैं ।卐 बाजू में चल रहे एक कस्बाई आदमी को एक दूसरे कस्बाई आदमी से यह कहते हुए उसने जब सुना तो उसके शब्दों से वह थोड़ा अचम्भित सा हुआ । चलते चलते वह सोचने लगा .... लोगों के पास न जाने किस–किस तरह के अनुभव होते हैं जिसे वे कितनी खूबसूरती से व्यक्त कर साझा भी कर लेते हैं ।

साझा करने की बात को लेकर उसके भीतर बहुत सी बातें फिर से आने जाने लगीं । वह सोचने लगा .... बातों का साझापन भी जीवन की कई छोटी छोटी कहानियों को अपने साथ लेकर चलता है।

वह अपने भीतर भी कुछ टटोलने लगा । शायद कोई कहानी हो जिसे वह किसी से सुना सके । जीवन की सारी कहानियाँ समझौतों में लिथड़ी हुई मिलीं उसे । उसके मैनेजर का आदेश उसे याद आने लगा –卐यह बात गाँठ बांधकर रख लो कि सत्ता के विरूद्ध कोई टिप्पणी कहीं भी नहीं करनी किसी को । सत्ता कुमार्गी हो जाए तब भी उसकी हाँ में हाँ मिलाना , उसका सपोर्ट करना निहायत जरूरी है हमारे लिए । सबने कितनी बेशर्मी से उस दिन हाँ में हाँ मिलाया था ।

उसके बाद किस तरह उसके साथी और वह खुद भी सोशल मीडिया में सत्ता के पक्ष में माहौल बनाने के लिए ट्रोल आर्मी की भूमिका में आ गए थे ।

यह सब कहानी वह किसे सुनाए? किस तरह साझा करे किसी से ?सुनते ही लोग थू करने लगेंगे उस पर । अचानक उसे लगा कि उसका ज़मीर मर चुका है । एक गालीबाज़ को, एक बलात्कारी को भी वह अब सही ठहराने लगा है। उनके पक्ष में तर्क देने लगा है । सोचकर अचानक लगा उसे, जैसे उसने अपने वजूद को ही किसी गलत जगह पर लाकर टिका दिया है । कुछ समय के लिए उसे अपने आप से घिन्न सी आने लगी ।

आसमान में सूरज निकल चुका था । सडकों पर चहल पहल बढ़ गयी थी । उसके आगे–आगे चलने वाला शख़्स अब अपने गन्तव्य को जा चुका था । उसके जाने के साथ साथ 'बाबू जी धीरे चलना, प्यार में ज़रा संभलना......' वाले गीत की ध्वनि भी उससे विदा ले चुकी थी । उस वक्त उसके मन में कुछ इस तरह के भाव आ–जा रहे थे कि उसे लगने लगा जैसे अचानक उसके जीवन में किसी ध्वनि का इंतकाल हो चुका है।

92 श्रीकुंज , बोईरदादर, रायगढ़ छत्तीसगढ़

ग़ज़ल

■ इब्न-ए-इंशा

दिल हिज्र के दर्द से बोझल है अब आन मिलो
तो बेहतर हो

इस बात से हम को क्या मतलब ये कैसे हो
ये क्यूँकर हो

इक भीक के दोनों कासे हैं इक प्यास के
दोनो प्यासे हैं

हम खेती हैं तुम बादल हो हम नदियाँ हैं
तुम सागर हो

ये दिल है कि जलते सीने में इक दर्द का
फोड़ा अल्लहड़ सा

ना गुप्त रहे ना फूट बहे कोई मरहम हो कोई
निश्तर हो

हम साँझ समय की छाया हैं तुम चढ़ती रात
के चन्द्रमाँ

हम जाते हैं तुम आते हो फिर मेल की सूरत
क्यूँकर हो

अब हुस्न का रुत्बा 'आली है अब हुस्न से
सहरा ख़ाली है

चल बस्ती में बंजारा बन चल नगरी में सौदागर
हो

जिस चीज़ से तुझ को निस्बत है जिस चीज़
की तुझ को चाहत है

वो सोना है वो हीरा है वो माटी हो या
कंकर हो

अब 'इंशा'-जी को बुलाना क्या अब प्यार के
दीप जलाना क्या

जब धूप और छाया एक से हों जब दिन और
रात बराबर हो

वो रातें चाँद के साथ गईं वो बातें चाँद के
साथ गईं

अब सुख के सपने क्या देखें जब दुख का
सूरज सर पर हो

पुस्तक समीक्षा

रोचक किस्सों का दस्तावेज

■ रोहित कौशिक

जिंदगी के किस्से यदि सपाट रूप से लिखे जाएं तो वे सिर्फ किस्से बन कर रह जाते हैं। जाहिर है सपाटबयानी में वह रचनात्मकता नहीं होती जिससे माध्यम से कोई भी कथा हमारी स्मृति का हिस्सा बन पाती है। प्रतिष्ठित युवा लेखक विपिन शर्मा ने हाल ही में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'तुम जिन्दगी का नमक हो'में जिंदगी की छोटी–छोटी कहानियां रोचक अंदाज में लिखी हैं। विपिन शर्मा के गद्य का लालित्य इन कथाओं को और भी प्रभावी बनाता है। ये किस्से छोटे जरूर हैं लेकिन इन छोटे–छोटे किस्सों में बड़ा दर्शन छिपा हुआ है। इन कथाओं का मूल स्वर प्रेम है। अक्सर हम बहुत ही सीमित और परम्परगत दायरे में प्रेम का अर्थ ग्रहण करते हैं। इन कथाओं में प्रेम के विभिन्न स्वरूप महसूस किए जा सकते हैं। जिंदगी से प्रेम किए बिना हम प्रेमिका से भी प्रेम नहीं कर सकते। इसलिए यहां एक तरफ जिंदगी से भरपूर प्रेम है तो दूसरी तरफ प्रेमी और प्रेमिका के बीच इश्क की कशिश भी है। जाहिर है कि जब जिंदगी से भरपूर प्रेम होगा तो जिंदगी से जुड़ी विभिन्न विसंगतियां भी किसी न किसी रूप से हमारे ऊपर अपना प्रभाव डालेंगी। इसलिए इन कथाओं में कहीं न कहीं जिंदगी की विसंगतियां भी मौजूद हैं।



पुस्तक : तुम जिन्दगी का नमक हो
लेखक : विपिन शर्मा
प्रकाशक : पुस्तकनामा, गाजियाबाद
मूल्य : 120 रुपये

इन किस्सों को पढ़ते हुए महसूस होता है कि इनमें सिर्फ कोरी कल्पना नहीं हैं बल्कि परोक्ष रूप से लेखक की रोजमर्रा की जिंदगी के अनुभव भी मौजूद हैं। जीवनानुभव से निकले किस्से जिंदगी के ज्यादा करीब तो होते ही हैं, विश्वसनीय भी होते हैं। निश्चित रूप से किसी भी कथा में कल्पनाशीलता का अपना महत्व होता है लेकिन यदि कल्पनाशीलता जीवनानुभव पर आधारित हो तो वह ज्यादा तार्किक होती है। यही कारण है कि इन किस्सों को पढ़ते हुए एक आत्मीय जुड़ाव महसूस होता है। ज्यों–ज्यों हम इस किताब को पढ़ते हुए आगे बढ़ते है, त्यों–त्यों इन किस्सों से हमारी रागात्मकता बढ़ती चली जाती है। इस दौर में जबकि बौद्धिक वर्ग कई तरह के वादों में उलझा अतिवाद का शिकार हो रहा है, ये कथाएं एक बनी बनाई लीक तोड़ती हुई अंधेरे में लैम्प पोस्ट की तरह हमें प्रकाशित करती हैं।

यहां कई शहर हैं, शहर की गलियां हैं, गांव हैं, चांद–तारे हैं, पहाड़ हैं, प्रकृति के विभिन्न रूप हैं तथा कई लेखक और शायर हैं। यानी एक मुकम्मल जिंदगी की कई बिखरी हुई तस्वीरें हैं। इन बिखरी हुई तस्वीरों से ही जिंदगी की एक बड़ी तस्वीर जुड़ती और पूर्ण होती है। दरअसल जिंदगी हमेशा गुलाबी नहीं होती। किसी एक रंग से रंगी जिंदगी वास्तविकता से बहुत दूर होती है। इसलिए कन कथाओं में परेशानियों और संघर्षों का रंग भी है। यह संघर्ष कई स्तरों पर दिखाई देता है। प्रेम के रास्ते पर चलते हुए संघर्ष न हों तो फिर ऐसे प्रेम का क्या औचित्य ? कभी यह संघर्ष हमारे प्रेम को और मजबूती प्रदान करता है तो कभी हालात की कठपुतली बनकर हमारे प्रेम को कमजोर भी कर देता है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि संघर्ष के समय हमारा दृष्टिकोण क्या है ? ये कथाएं विभिन्न परिस्थितियों में कहीं न कहीं हमारे दृष्टिकोण को भी परिलक्षित करती हैं।

इन किस्सों में स्थानीय जीवन की हलचल है तो अन्तरराष्ट्रीय विमर्श भी है। यह सही है कि रोजमर्रा की स्थानीय गतिविधियां हमारे जिंदगी का आधार हैं, तो अन्तरराष्ट्रीय गतिविधियां भी किसी न किसी रूप में स्थानीय गतिविधियों पर अपना प्रभाव डालती हैं। निश्चित रूप से इस प्रभाव को एक संवेदनशील लेखक ही अपनी रचनाओं में दर्ज कर सकता है। इस बदलाव और प्रभाव को विभिन्न लेखक अलग–अलग तरीकों से दर्ज करते हैं। असली सवाल यह है कि क्या लेखक इन बदलावों को सहज तरीके से अपनी रचनाओं में दर्ज कर पाता है ? बड़ी बात यह है कि विपिन शर्मा इन बदलावों को बहुत ही सलीके से इन किस्सों में दर्ज करते हैं। एक ऐसा भी अजीब समय हम सबने देखा है कि जब 'पॉजिटिव'शब्द हमारे लिए खतरे की घंटी बन गया था। यदि पिछले कुछ समय के किस्से लिखे जाएं और उन किस्सों में हमारी जिंदगी को बदरंग करने वाली महामारी का जिक्र न हो जो निश्चित रूप से यह स्वाभाविक नहीं होगा। महामारी के किस्से भी इस किताब को प्रासंगिक बनाते हैं। जीवंतता और रोचकता से ओत–प्रोत इन किस्सों को निश्चित रूप से पढ़ा जाना चाहिए। इन अद्भुत किस्सों को लिखने के लिए विपिन शर्मा बधाई के पात्र हैं।

फ़िल्म

'कलयुग'

■ अजय चंद्रवंशी

श्याम बेनेगल (1981)

महाभारत की कथा विघटित होते गण समाजों और विकसित होते राजसत्ता के दौर की कहानी है। यह अपने यथार्थवादी दृष्टिकोण के लिए भी चर्चित रहा है। इसमे जिस तरह से सत्ता की केन्द्रीयता है और 'नैतिकता' को द्वितीयक दर्जा दिया गया है वह बाद के सामंती समाजों में कम से कम सैद्धांतिक स्तर पर दुर्लभ रहा है। महाभारत में यह प्रकट रूप से है।वहां सत्ता प्राप्ति के लिए नैतिकता–अनैतिकता का मापदंड खत्म सा हो गया है; खून के रिश्ते और पारिवारिक सम्बन्ध बेमानी हो गये हैं। एक तरह से वहां आधुनिक पूंजीवादी समाजों की सामाजिक सम्बन्धों की पूर्व पीठिका सा है। यह अकारण नहीं पौराणिक काल निर्धारण में महाभारत(द्वापर) के बाद ही 'कलयुग' का आगमन होता है।

कलयुग(कलियुग) शब्द से ही एक नकारात्मकता का बोध प्रकट किया जाता रहा है।यानी यह युग नहीं मूल्यबोध हो गया है।बहुधा इसे 'सतयुग' के विपरीत देखा जाता है। सतयुग में जहां सब कुछ 'अच्छा' था वहीं कलयुग में अधिकतर बुरा।यों कल(कलि)युग का शाब्दिक अर्थ 'मशीनी युग' भी होता है। खासकर पन्द्रहवी–सोलहवीं शताब्दी के व्यापारिक पूंजीवाद के दौर में सामंती मूल्यों के एक हद तक विघटन ने कलयुग की अवधारणा को बल दिया, क्योंकि लंबे समय से चले आ रहे सामंती मूल्यों का बिखराव एक झटके के समान था जिसकी एक प्रतिक्रिया कलयुग के रूप प्रकट हुई।

'महाभारत' और 'कलयुग' के इस सम्मिलन ने भारतीय समाज को गहरे रूप से प्रभावित किया है। आज भी पारिवारिक कलह की तुलना महाभारत से की जाती है और सामाजिक मूल्यों से विचलन को कलयुग का प्रभाव भी कहा जाता है।

फ़िल्म 'कलयुग' में इसी तरह की पारिवारिक 'महाभारत' की कहानी है।फ़िल्म में एक ही परिवार के दो पीढ़ी के बाद के दो हिस्सों में व्यापारिक परिस्पर्धा और प्रतिष्ठा की लड़ाई है। यह लड़ाई प्रच्छन्न से क्रमश: प्रकट होती जाती है।कहाँ तो खून के रिश्ते और प्रेम! और कहाँ हर पल दूसरे को नीचा दिखाने की चाह! इसकी चरम बदला और हत्या तक चली जाती है। परिणाम वही होता है सर्वनाश; किसी को कुछ हासिल नही!

फ़िल्म में भीष्मचन्द और रामचन्द नामक दो कारोबारी भाइयों की कहानी है। भीष्मचन्द अविवाहित है और उसने रामचन्द के निधन के बाद उसके दोनो बेटों खूबचन्द और पूरनचंद को पाल–पोसकर बड़ा किया।खूबचन्द के बेटों धनराज और सन्दीपराज की पूरनचंद के बेटों धरमराज, बलराज और भरतराज के बीच अदावत चलती रहती है।

फ़िल्म में महाभारत की तरह एक निरापद पात्र 'करन' भी है,जो अनाथ है और जिसकी भीष्मचन्द ने परवरिश की है। वह धनराज को कारोबार में सहयोग करता है और वहां उसका उचित सम्मान है, मगर फिर भी आख़िरकार वह पारिवारिक सदस्य नहीं हैं इसलिए काबिल होकर भी उसकी सीमाएं है। भरतराज और उसके भाई तो और भी उसे उपेक्षित करते हैं क्योंकि वह उनके 'दुश्मन' के खेमे में है।

मगर विडम्बना कि वे तीनों उसके भाई ही हैं। पिता की अक्षमता के कारण उनकी माँ सावित्री के स्वामी प्रेमानन्द से संसर्ग से तीन बच्चे हुए जिन्हें पिता का नाम मिला। करन उन्ही से विवाह पूर्व का सन्तान है जिसे किसी का नाम नहीं मिला इसलिए उपेक्षित है। यह राज़ सावित्री, भीष्मचन्द तक सीमित है।

कलयुग(कलियुग) शब्द से ही एक नकारात्मकता का बोध प्रकट किया जाता रहा है।यानी यह युग नहीं मूल्यबोध हो गया है।बहुधा इसे 'सतयुग' के विपरीत देखा जाता है। सतयुग में जहां सब कुछ 'अच्छा' था वहीं कलयुग में अधिकतर बुरा।यों कल(कलि) युग का शाब्दिक अर्थ 'मशीनी युग' भी होता है।

करन की योग्यता उसके पहचान के संकट के आगे निस्तेज है, फिर भी उसमे विद्रोह नहीं मानवीयता है। मगर धनराज के प्रति निष्ठा के कारण वह भरतराज परिवार को पछाड़ने के लिए हत्या करवाने की हद तक जाता है। और जब उसके सामने उन्ही के भाई होने की हक़ीकत खुलती है तब आत्मग्लानि, क्षोभ और बेबसी के सिवा कुछ नहीं रह जाता। अंतत: वह भी कर्ण की तरह मारा जाता है। इस हक़ीकत से भरतराज का परिवार भी आहत होता है मगर तब तक सब बर्बाद हो चुका होता है।

फ़िल्म में स्त्रियां लगभग यांत्रिक हैं और पितृसत्ता के मूल्यों से संचालित हैं। वे इस पारिवारिक तबाही को निष्क्रिय तटस्थता से देखती रहती हैं। सावित्री जरूर कुंती की तरह करन के पास जाकर उसे भाई होने की दुहाई देकर इस बर्बादी को रोकने का प्रयास करती है,और करन द्वंद्व से मुक्त होकर सहयोग करने का प्रयास भी करता है मगर हालात हाथ से फिसलते चले जाते हैं।'सुप्रिया' का चरित्र द्रोपदी सा है,परिवार में निर्णयों में एक हद तक हस्तक्षेप है।पति से एक समय के बाद अनौपचारिक दूरी सी है।आखिर में भरतराज से निकटता बढ़ाने का संकेत है। वह परिवार में अपनी स्थिति मजबूत रखने के लिए प्रयत्नरत दिखाई पड़ती है।

कुल मिलाकर फ़िल्म आधुनिक अभिजातवर्गीय परिवार का महाभारत है।सामंती–पूंजीवादी मूल्यों से संस्कारित इस परिवार में झूठी प्रतिष्ठा और संदेह के आगे मानवता दम तोड़ देती है। ये जितने एक दूसरे के करीब दिखते हैं उतने ही दूर हैं।इनका मिलना–जुलना, इकट्ठा होना सब यांत्रिक है,अंदर कहीं नफ़रत और प्रतिस्पर्धा है। यहां भाई–भाई, पति–पत्नी सब जैसे किसी औपचारिकता का निर्वहन कर रहे हैं। रिश्तों में गर्माहट कहीं नहीं है।

फ़िल्म का निर्देशन, चुस्त कथानक और सांकेतिकता, अभिनय सभी महत्वपूर्ण हैं।पात्रों के द्वंद्व, परिस्थितियों की विडम्बना और बेबसी को बेहतर ढंग से उभारा गया है। धनराज का आत्महत्या से पहले अपनी छोटी बच्ची से पोयम सुनने का सुखद वातावरण एक झटके में मातम में बदल जाना हतप्रभ करता है। इस तरह और भी छोटी–छोटी घटनाएं हैं जो सार्थक निर्देशन को प्रकट करते हैं। पात्रों की संख्या अधिक होने के कारण भूमिकाएं सीमित मगर महत्वपूर्ण हैं। महाभारत अपने विराटता और यथार्थवादी चित्रण के कारण हर दौर के कलाकारों को प्रभावित करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।

कवर्धा

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

खेल जगत

महान है सचिन, विराट की उनसे तुलना ठीक नहीं : मुरलीधरन

लखनऊ 30 सितंबर (एजेंसियां)। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट की दुनिया का अनूठा बल्लेबाज बताते हुये श्रीलंका के पूर्व करिश्मायी स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने कहा कि विराट कोहली की तुलना उनसे करना मुनासिब नहीं होगा। अपनी फिल्म '800' के प्रमोशन के सिलसिले में यहां आये मुरलीधरन ने शनिवार को एक सवाल के जवाब में कहा, विराट ही नहीं बल्कि दुनिया के किसी भी बल्लेबाज की तुलना सचिन से नहीं की जा सकती। वह महान बल्लेबाज रहे हैं। सचिन ने 14 वर्ष की उम्र में रणजी खेलना शुरू किया जबकि मात्र 16 वर्ष की आयु में उन्होने पाकिस्तान के खिलाफ खेल कर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की उम्र में वकार युनूस जैसे गेंदबाजों का सामना किया। शतकों का शतक लगाने वाले सचिन जैसा प्रतिभाशाली बल्लेबाज सिर्फ एक बार जन्म लेता है। उन्होने कहा, निसंदेह विराट कोहली एक बेहतरीन बल्लेबाज है मगर उनकी तुलना सचिन से करना बेमानी होगा।

रोहन बोपन्ना–रुतुजा भोसले की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक

हांगझाउ 30 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने एशियाई खेलों में टेनिस मिश्रित युगल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने शनिवार को चीनी ताइपे के सुंग–हाओ हुआंग और एन शुओ लियांग की जोड़ी को 2–6, 6–3, [10–4] से हरा कर भारत के लिये स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे की जोड़ी को हराने के लिए बोपन्ना और भोसले ने एक घंटे 14 मिनट का समय लिया। एशियन गेम्स में बोपन्ना का यह दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले एशियन गेम्स में रोहन बोपन्ना ने अपना पहला टेनिस फाइनल खेलते हुए जकार्ता 2018 में पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, हांगझाउ में रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल साथी युकी भांबरी राउंड ऑफ 16 से आगे नहीं बढ़ सके।

गौरतलब है कि एशियन गेम्स 2023 टेनिस के पहले राउंड में भारत की मिश्रित जोड़ी को बाई मिला था। दूसरे राउंड में उन्होंने उज़्बेकिस्तान के अकगुल अमानमुराडोवा–मक्सिम शिन को 6–4, 6–2 से हराने के बाद राउंड ऑफ 16 में अयानो शिमिज़ु–शिनजी हजावा को 6–3, 6–4 से हराया था। रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने टेनिस के मिश्रित युगल क्वार्टरफाइनल में झिबेक कुलम्बायेवा–ग्रिगोरी लोमाकिन की कज़ाकिस्तान की जोड़ी को 7–5, 6–3 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जहां उन्होंने चीनी ताइपे के हाओ–चिंग चान और यू–सिउ सू को 6–1, 3–6, [10–4] से हराकर फाइनल तक का सफ़र तय किया।

शूटिंग में सरबजोत–दिव्या ने मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता रजत

भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने शनिवार को एशियाई खेल 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम शूटिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक मैच में चीन के बोवेन झांग और रैनक्सिन जियांग से 16–14 से हार गई। सरबजोत सिंह–दिव्या टीएस ने एक समय स्वर्ण पदक प्लेऑफ में 7–3 से बढ़त बना ली थी, लेकिन पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में मौजूदा विश्व चैंपियन झांग बोवेन और टोक्यो 2020 ओलंपिक मिश्रित टीम के स्वर्ण पदक विजेता रैनक्सिन जियांग ने मजबूत वापसी की। चीनी जोड़ी ने पहले स्कोर 7–7 से बराबर किया और फिर दो अंकों से फाइनल जीत लिया। मिश्रित टीम फ़ाइनल में 16 अंक तक पहुँचने वाला पहला पदक जीतता है।

एशियाई खेलों 2023 में निशानेबाजी में यह भारत का 19वां पदक था। छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य पदक के साथ निशानेबाजी में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। क्वालिफिकेशन राउंड में, सरबजोत सिंह ने अपने 30 शॉट्स में से 291/300 का स्कोर किया, जबकि दिव्या टीएस 286/300 का स्कोर बनाने में सफल रहीं। वे 577 के संयुक्त स्कोर के साथ 19–टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रहे। बोवेन झांग और रैनक्सिन जियांग 576 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे।

कांस्य पदक के लिए ईरान ने पाकिस्तान को 16–14 से हराया जबकि दूसरे कांस्य के लिए कोरिया गणराज्य ने जापान को 16–8 से हराया। इससे पहले हांग्जो एशियाई खेलों में सरबजोत सिंह ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम के साथ स्वर्ण पदक जीता था। दिव्या टीएस ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक अपने नाम किया था। रविवार को शूटिंग स्पर्धाओं के अंतिम दिन भारतीय निशानेबाज पुरुष और महिला ट्रैप स्पर्धाओं में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे।

स्कवैश : पाकिस्तान को हराकर भारत ने जीता सोना

एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने शनिवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से हरा कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया। हांगझोउ ओलंपिक सेंटर में सौरव घोषाल, महेश मनगांवकर और अभय सिंह की टीम ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पाकिस्तान के इकबाल नासिर ने भारत के महेश मनगांवकर को 3-0 (11-8, 11-3, 11-2) से हराकर मुकाबले की शुरुआत की, लेकिन अगले ही मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी सौरव घोषाल ने मोहम्मद आसिम खान को 3-0 (11-5, 11-1, 11-3) से बराकर भारत को बराबरी दिलाई। आखिरी मुकाबले में अभय सिंह और जमान नूर के बीच काफी रोमांक गेम देखने को मिला और अंत में भारतीय खिलाड़ी ने पाकिस्तान स्क्वैश खिलाड़ी को 3-1 (11-7, 9-11, 8-11, 11-9, 12-10) से हराकर यह मुकाबला भारत के पक्ष में कर दिया। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी एक अक्टूबर से एकल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। गौरतलब है कि साल 2010 के एशियन गेम्स में पुरुष इवेंट को शामिल किया गया था और तब से भारत की पुरुष टीम ने इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट के हर संस्करण में पदक अपने नाम किया है। भारत ने इस इवेंट में इससे पहले अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था, जिसे इंचियोन 2014 में हासिल किया था।

गोल्फ में पदकों की उम्मीद बढ़ी; तीसरे राउन्ड के बाद अदिति अशोक सबसे आगे

हांगझोउ, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियन गेम्स में गोल्फ में भारत के लिए पदकों की उम्मीद बढ़ गई है। ओलंपियन अदिति अशोक ने 11–अंडर 61 के शानदार स्कोर के साथ एशियन गेम्स में महिलाओं की व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद थाईलैंड की युबोल आर्किपाया पर सात स्ट्रोक की भारी बढ़त हासिल कर ली है। थाईलैंड से एक स्ट्रोक आगे, 29–अंडर 403 के कुल स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद भारतीय महिला टीम पदक की प्रबल दावेदार है। चीन 26–अंडर 406 के साथ तीसरे स्थान पर है।

अगर अगले राउन्ड में अदिति ने बहुत बड़ी गलती नहीं की तो एशियन गेम्स में उनका स्वर्ण पदक पक्का हो सकता है। अदिति 22–अंडर 194 के कुल स्कोर के साथ एशियन गेम्स की पदक की दौड़ में आगे चल रही हैं। अपने खेल के दौरान उन्होंने नौ बर्डी और एक ईगल लगाया। चीन के ज़ियू लिन 14–अंडर 202 के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि जापान की बाबा साकी 11–अंडर 205 के साथ चौथे स्थान पर हैं। थाईलैंड की ईला गैलिट्स्की, चीन की यू लियू, दक्षिण कोरिया की मिनसोल किम और एक अन्य थाई पटाराजुतर कोंगक्राफान 10–अंडर 206 के साथ पांचवें स्थान पर हैं। दक्षिण कोरिया की ह्युनजू यू और चीन की रुओनिंग यिन एक स्ट्रोक पीछे संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। एक अन्य भारतीय प्रणवी शरथ उर्स शनिवार को दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर सात अंडर 209 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर है। टीनएज सनसनी और हमवतन अवनि प्रशांत एक अंडर 215 के साथ संयुक्त 19वें स्थान पर हैं।

पुरुष वर्ग में, अनिर्बान लाहिड़ी के लिए यह निराशाजनक दिन था, जो तीसरे दौर में दो ओवर 74 के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर खिसक गये। दुनिया के 148वें नंबर के खिलाड़ी को फ्रंट नौ में बोगी की हैट्रिक और 17वें होल में डबल बोगी के कारण खिताब की दौड़ से बाहर होना पड़ा। हांगकांग चीन के ताइची खो ने छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर 24 अंडर 188 के साथ एकमात्र बढ़त हासिल की। चीनी ताइपे के चिएन–याओ हंग ने 21 अंडर 195 के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। दक्षिण कोरिया के युबिन जांग एक स्ट्रोक पीछे हैं। चार बार के यूरोपीय टूर विजेता एसएसपी चौरसिया अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाकर नौ स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 20वें स्थान पर पहुंच गए। ओलंपियन का कुल स्कोर नौ अंडर 206 है। खलिन जोशी एक स्ट्रोक पीछे संयुक्त 24वें स्थान पर हैं।

यूरोपीय टूर के नियमित शुभंकर शर्मा तीन अंडर 213 के साथ संयुक्त 33वें स्थान पर हैं। भारतीय पुरुष टीम दो स्थान फिसलकर 32–अंडर 616 के साथ आठवें स्थान पर है। दक्षिण कोरिया 58–अंडर 490 के साथ शीर्ष पर है, उसके बाद थाईलैंड और हांगकांग चीन संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।



लवलीना ने जीता भारतीयों का दिल, प्रीति ने भी गोल्डेन टिकट की अर्जी लगाई

हांगझाउ 30 सितंबर (एजेंसियां)। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने एशियाई खेल के बॉक्सिंग में महिलाओं के 75 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बना कर भारत के लिये एक पदक सुनिश्चित कर दिया। लवलीना ने शनिवार को क्वार्टरफाइनल में कोरिया की सुयेओन सियोंग को सर्वसम्मत निर्णय (5–0) से हराकर अंतिम चार में अपना स्थान पक्का किया। भारतीय मुक्केबाज ने मुकाबले की शुरुआत से ही प्रतिद्वंदी मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा और अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइट हैंड जैब का बखूबी इस्तेमाल किया और इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

एक अन्य मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने महिलाओं के 54 किग्रा क्वार्टरफाइनल में कजाकिस्तान की ज़ैना शेकेरबेकोवा को 4–1 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही प्रीति पवार ने भारत के लिए अगले साल होने वाले पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल किया।

ज्ञातव्य है कि नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है। पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनकी एनओसी पर निर्भर करती है, जो उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है। लवलीना बोरगोहेन 75 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, इसलिए उन्हें पेरिस 2024 कोटा हासिल करने के लिए अभी भी एक और मुकाबला जीतने की जरूरत है। प्रीति पवार को कजाकिस्तान प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआती राउंड में मामूली अंतर से जीत हासिल की, लेकिन ज़ैना शेकेरबेकोवा ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की। तीसरे राउंड में दोनों मुक्केबाज आगे बढ़ रहे थे, लेकिन इस बीच प्रीति ने इस मुकाबले को अपने नाम करने के लिए कई बेहतरीन पंच जड़े। दिन के अन्य मुकाबले में भारत के सचिन सिवाच को कुवैत के तुर्की अबुकुथैला से वॉकओवर मिला और उन्होंने पुरुषों के 57 किग्रा क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई, जबकि नरेंद्र बेरवाल ने पुरुषों के +92 किग्रा वर्ग में ईरान के इमान रमज़ानपुर डेलावर को सर्वसम्मत निर्णय (5–0) से हराकर भारत के लिए पदक पक्का किया।

लवलीना बोरगोहेन और प्रीति पवार तीन अक्टूबर को अपना सेमीफाइनल मुकाबला खेलेंगी। जहां बोरगोहेन का सामना थाईलैंड की बाइसन मानेकोन से होगा, वहीं पवार स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाने के लिए चीन के चांग युआन से भिड़ेंगी।

एशियाई खेल एक अलग तरह की चुनौती होगी : नीरज

हांगझोउ, 30 सितंबर (एजेंसियां)। नीरज चोपड़ा ने 2018 में जकार्ता में एशियाई खेलों में एथलेटिक्स में महानता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। यह वह वर्ष था जब चोपड़ा ने गोल्ड कोस्ट में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता और इसके बाद जकार्ता में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। हांगझोउ में 19वें संस्करण में एक बार फिर एशियाई खेलों में वापसी के साथ, हरियाणा के सोनीपत के 25 वर्षीय खिलाड़ी का जीवन पूरी तरह से बदल गया है। अपने अब तक के सफर में चोपड़ा ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता, 2022 में डायमंड लीग फाइनल जीता और इस साल हंगरी के बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में खिताब जीतकर अपना सपना पूरा किया। इसलिए, जैसे ही वह जकार्ता में जीते गए एशियाई खेलों के खिताब का बचाव करने के लिए तैयार हो रहे हैं, चोपड़ा के लिए कई अन्य चीजें भी बदल गई हैं। उन्होंने कहा, जब मैं जकार्ता में भाग ले रहा था, तो मुझ पर कोई दबाव नहीं था, किसी को भी खेल गांव से बहुत अधिक उम्मीद नहीं थी, मैं अपना काम करता हूं और आनंद लेता हूं। अब चोपड़ा से पूरे देश को उम्मीदें

हैं, लोग उम्मीद करते हैं कि जब भी वह भाला फेंकने के लिए रनवे पर उतरेंगे तो जीतेंगे, एथलेटिक्स टीम में हर कोई उनकी ओर देखता है और अन्य भाग लेने वाले खिलाड़ियों सहित लोग उनके साथ तस्वीरें लेने और सेल्फी लेने के लिए लाइन में लग जाते हैं। इससे पहले, चोपड़ा भारत में देवताओं जैसे माने जाने वाले क्रिकेटरों के साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए उत्सुक रहते थे। अब, क्रिकेटर भी उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए उत्सुक हैं, जैसा कि भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को हांगझोउ में एशियाई खेल गांव में किया था। नीरज चोपड़ा ने शनिवार को हांगझू के एथलीट विलेज में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, अब क्रिकेटर भी इन खेलों का हिस्सा हैं। पिछले साल महिला टीम राष्ट्रमंडल खेलों में खेली थी और अब पुरुष और महिला दोनों टीमें हांगझोउ में हैं। इसे ओलंपिक का भी हिस्सा बनाने की कोशिश की जा रही है। इसलिए, यहां उनसे मिलकर अच्छा लग रहा है। कल उनसे मिलने के बाद मुझे बहुत अच्छा लगा। मैंने हमेशा कहा है कि एथलीटों के गांव की व्यवस्था का एथलीटों पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। गांव में, आप ऊर्जावान महसूस करेंगे, भले ही आपने कभी ऐसा नहीं किया हो। नीरज चोपड़ा के लिए जीवन निश्चित रूप से पूर्ण हो गया है। वह अब एथलेटिक्स में वैश्विक सुपरस्टार बन गए हैं। चोपड़ा ने कहा, हां, यह मेरे लिए बहुत अच्छा आयोजन था, मैंने 88.06 का अच्छा थ्रो किया था। लेकिन तब से चीजें बहुत बदल गई हैं, मैंने अपने कुछ सपने पूरे किए हैं – ओलंपिक पदक जीतना मेरा सपना था, जो मैंने पूरा किया। विश्व चैंपियनशिप जीतना भी एक सपना था जिसे मैंने पूरा किया।

भारत इंग्लैंड वार्म मैच बारिश के कारण रद्द

गुवाहटी 30 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व कप से पहले भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार को वार्म मैच में बारिश के कारण बगैर गेंद फेंके रद्द घोषित कर दिया है और दोनो टीमों को अभ्यास का मौका नहीं मिल सका। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया मगर बारिश के चलते दोनो टीमें मैदान पर नहीं उतर सकी। शाम पांच बजे तक बारिश की तीव्रता में कमी आयी थी जिसके बाद अभ्यास मैच के शुरु होने की संभावना बढ गयी थी मगर आउट फील्ड के गीली होने और रिमझिम बरसात होने के चलते अंपायरों ने शाम साढ़े पांच बजे मैच को रद्द करने की घोषणा की। दोनो ही टीमों का यह पहला अभ्यास मैच था। इंग्लिश टीम शुक्रवार दोपहर में गुवाहाटी पहुंची थी जिसके चलते उन्हें मौसम के साथ खुद को ढालने का मौका भी नहीं मिल पाया।

नहीं सोचा था कि तीसरे विश्व कप में भी खेलूंगा : अश्विन

गुवाहटी 30 सितंबर (एजेंसियां)। चोटिल अक्षर पटेल के स्थान पर अंतिम समय में विश्व कप के लिये भारतीय टीम में चुने गये रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जीवन अचरज और रोमांच से भरा होता है। उन्होने सोचा नहीं था कि उन्हे तीसरी बार विश्व कप की टीम में शामिल किया जायेगा। अश्विन ने शनिवार को कहा, तीन महीने पहले किसी ने कहा होता कि मैं विश्व कप खेलूंगा तो मैं बोलता कि आप मजाक कर रहे हैं मगर लाइफ सरप्राइज़ से भरी होती है। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां रहूंगा। परिस्थितियों ने मुझे यहां खड़े होने का मौका दिया है। टीम मैनेज़मेंट ने मेरे ऊपर भरोसा ज़ताया है। विश्व कप से ठीक पहले टीम में चुने जाने पर पड़ने वाले दवाब को लेकर उन्होने कहा, दवाब झेलना ऐसे टूर्नामेंट्स में काफ़ी अहम होता है और यही तय करेगा कि टूर्नामेंट कैसा ज़ाएगा। ये भारत के लिए मेरा आखिरी विश्व कप हो सकता है तो इसका लुत्फ़ लेना सबसे अधिक ज़रूरी है। गौरतलब है कि अश्विन को अक्षर पटेल की जगह भारत की विश्व कप टीम में

शामिल किया गया है, जो इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका में टीम के एशिया कप अभियान के दौरान घायल हो गए थे। अश्विन के लिये यह तीसरा मौका है जब वह विश्व कप के लिये भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में संपन्न सीरीज में अश्विन ने बेहतरीन प्रदर्शन कर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परेशान किया था। इस महीने की शुरुआत में टीम में शामिल किए गए अक्षर को बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप सुपर फोर मुकाबले के दौरान बाएं क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव आ गया था।



सार संक्षेप

दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद कप्तान तेम्बा बावुमा टीम में वापस आ जाएंगे

तिरुवनंतपुरम। दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद है कि 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले अगले सप्ताह की शुरुआत में कप्तान तेम्बा बावुमा टीम में वापस आ जाएंगे, क्योंकि दाएं हाथ का बल्लेबाज पारिवारिक कारणों से घर वापस चले गए थे और वार्म-अप मैच नहीं खेल पाए। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, यह एक व्यक्तिगत स्थिति है। हम बस उसके वापस आने का इंतजार कर रहे हैं। तेम्बा के साथ व्यक्तिगत रूप से कुछ भी गलत नहीं है। इस विश्व कप अभियान में अभी शुरुआती दिन हैं। तेम्बा जैसे खिलाड़ी ने हाल ही में बहुत खेला है और बहुत अच्छा खेला है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह अगले सप्ताह की शुरुआत में वापस आ जाएंगे, जिसका टीम पर प्रभाव नगण्य होगा। वार्म-अप मैचों के लिए बावुमा की अनुपस्थिति में एडेन मार्कराम शीर्ष पर होंगे, जिनमें से पहला अफगानिस्तान के खिलाफ शुक्रवार को ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका पहले से ही तेज गेंदबाज एनरिक नोर्त्जे और सिसंडा मगाला के बिना है, दोनों को क्रमशः पीठ में संदिग्ध तनाव फ्रैक्चर और बाएं घुटने की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका अपने एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शुरुआत 7 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ करेगा।

हम चाहते हैं कि हम वास्तव में आक्रामक हों : जोस बटलर

लंदन। मौजूदा चैंपियन के रूप में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में प्रवेश करने से पहले, इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनकी टीम भारत में आगामी प्रतियोगिता के दौरान आक्रामक हो, खेल में आगे बढ़े और आशावादी रहे। ऑस्ट्रेलिया में 2022 में पुरुष टी20 विश्व कप में इंग्लैंड का नेतृत्व करने के बाद, बटलर अपने टी20 ताज में एकदिवसीय सफलता जोड़ना चाहेंगे, जब इंग्लैंड 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में अपना खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेगा।

सुडोकू 6333 का हल

3	9	4	5	7	1	2	6	8
6	1	5	3	2	8	9	4	7
8	2	7	9	6	4	5	1	3
9	5	2	7	1	6	3	8	4
4	7	6	8	3	5	1	9	2
1	8	3	2	4	9	6	7	5
7	4	9	6	5	2	8	3	1
5	3	8	1	9	7	4	2	6
2	6	1	4	8	3	7	5	9

भारत की महिला हॉकी टीम द. कोरिया पर जीत के साथ रिकॉर्ड बेहतर करने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 30 सितंबर (देशबन्धु)। किले की मजबूत दीवार सविता की अगुआई में पिछली उपविजेता भारत की महिला हॉकी टीम अब पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया को भी रविवार को हंगजू (चीन) में 19 वें एशियाई खेलों के पूल में लगातार तीसरी जीत के साथ अपने पूल ए में लगातार तीसरी के साथ सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने के मकसद से उतरेगी। दक्षिण कोरिया और भारत के दो दो मैचों में जीत के साथ समान रूप से छह छह अंक हैं। भारत अपने बेहतर गोल अंतर के साथ पूल ए में शीर्ष पर है। अपनी चीफ कोच यांकी शॉपमैन की अगुआई में भारत ने गोल की बारिश करते हुए पहले सिंगापुर को 13–0 से फिर शुक्रवार को मजबूत मलयेशिया पर 6–0 से जीत दर्ज की। वहीं दक्षिण कोरिया ने अपने पहलै मैच में सिंगापुर को 4–0 से और दूसरे में हांगकांग कॄ 7–0 से हराया है। भारत के खिलाफ दक्षिण कोरिया का पलड़ा भारी रहा है उसने उसके खिलाफ अपने 19 में से 11 मैच जीते हैं। वहीं भारत की महिला टीम मात्र छह मैच ही जीत पाई है जबकि दो मैच ड्रॉ रहे है। भारतीय महिला हॉकी टीम की कोशिश दक्षिण कोरिया के खिलाफ रविवार को जीत के साथ रिकॉर्ड बेहतर करने के मकसद से उतरेगी, दक्षिण कोरिया के भी भारत की तरह शुरू के दोनों मैचों में जीत के साथ समान रूप से छह छह अंक हैं। भारत अपने बेहतर गोल अंतर के साथ पूल ए में शीर्ष पर है। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में दक्षिण कोरिया को पूल ए के मैच में 4–1 से हराया था और मौजूदा संस्करण में इसी जीत को दोहराने को बेताब हैं। भारत की मलयेशिया पर आसान बड़ी जीत के बावजूद उसके लिए बड़ी चिंता करीब दर्ज भर पेनल्टी कॉर्नर में मात्र दो को ही गोल में बदलना रहा। भारत को दक्षिण के खिलाफ जीत हासिल करनी है तो पेनल्टी कॉर्नरों का बेहतर इस्तेमाल कर गोल करने होंगे।

■ भारत की निगाहें लगातार तीसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान पर

■ भारत को जीत के लिए पेनल्टी कॉर्नर का बेहतर इस्तेमाल कर गोल करने होंगे

दरअसल नियमित ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर के एशियाई खेलों से बाहर रहने के कारण पेनल्टी कार्नर पर उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का जरूर ड्रैग फ्लिक से गोल करने, नेहा गोयल और मोनिका के साथ नवनीत कौर इनडायरेक्ट गोल करने की कोशिश की है लेकिन इनमें आशिंक रूप से कामयाब हो पाई है। भारत को दक्षिण कोरिया पर जीत दर्ज करनी तो उसकी अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, दीपिका और संगीता को मैदानी गोल करने पर ज्यादा तवज्जो देनी होगी। साथ ही मध्यपंक्ति में नेहा गोयल, निशा वारसी, सुशीला चानू और सलीमा टेटे को बराबरअपनी साथी स्ट्राइकरों के लिए आगे गेंद बढ़ानी होगी जिससे कि वे सभी मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर भी बराबर बना सके। भारतीय महिला हॉकी टीम के खेल की थाह लेने के लिए शुक्रवार को उसके मलयेशिया के खिलाफ मैच के दौरान उसकी पूरी टीम मौजूद थी

हम सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेल जीत के लिए तैयार : सविता

भारत की कप्तान सविता ने कहा, दक्षिण कोरिया के खिलाफ खेलना एक कड़ी चुनौती होता है और इतिहास गवाह है कि उनका हमारे खिलाफ पलड़ा भारी रहा है। अब हम अलग टीम है और आत्मविश्वास और जीवट से लबरेज है। हम दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच में मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने को बेताब हैं। हमारा लक्ष्य सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेल कर जीत के लिए तैयार हैं।'

देशबन्धु

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

नेस्ले इंडिया	1.45 प्रतिशत
टाटा स्टील	1.18 प्रतिशत
महिंद्रा एंड महिंद्रा	0.67 प्रतिशत
बजाज फाइनेंस	0.52 प्रतिशत
एचडीएफसी बैंक	0.39 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

टेक महिंद्रा	1.30 प्रतिशत
इंडसइंड बैंक	1.29 प्रतिशत
इंफोसिस	1.00 प्रतिशत
एशियन पेंट	0.89 प्रतिशत
कोटक बैंक	0.83 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली	
सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	59900
बिटुर	59275
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	30,345
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	74,700
वायदा	72,285
चांदी सिक्का लिवाली	825
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	83.143	83.775
पौड स्टर्लिंग	103.09	105.45
यूरो	88.51	88.80
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

चीनी एस	3640-3740
चीनी एम	3800-3900
मिल डिलीवरी	3520-3620
गुड़	4300-4400

दाल-दलहन

चना	6450-6550
दाल चना	7450-7550
मसूर काली	7800-7900
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9900-10000
अरहर दाल	10400-10500

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम शनिवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

वित्त मंत्रालय ने ऑनलाइन-गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी का आदेश जारी किया

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर कर लगाने के लिए 28 प्रतिशत जीएसटी दर लागू करने का आदेश जारी कर दिया है। बढ़ी हुई दरें 1 अक्टूबर से लागू होंगी। संशोधित केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में कहा

- **आज से देना होगा 28 फीसदी जीएसटी**
- **इन आपूर्तियों को लॉटरी, सट्टेबाजी और जुए के समान 'कार्रवाई योग्य दांवों' के रूप में माना जाएगा**

गया है कि इन आपूर्तियों को लॉटरी, सट्टेबाजी और जुए के समान 'कार्रवाई योग्य दांवों' के रूप में माना जाएगा और दांव के पूर्ण अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) अधिनियम में संशोधन से विदेशों में स्थित ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्मों के लिए भारत में पंजीकरण करना और घरेलू कानून के अनुसार करों का भुगतान करना अनिवार्य हो गया है। ऑनलाइन गेमिंग के मामले में लगाए गए दांव, कसीनो के मामले में खरीदे गए चिप्स के अंकित मूल्य और घुड़दौड़ के मामले में सट्टेबाज/टोटलाइज़र के साथ लगाए गए दांव पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि किसी भी कारण से आपूर्तिकर्ता द्वारा खिलाड़ी को लौटाई गई या वापस की गई कोई भी राशि आपूर्ति के मूल्य से कटौती योग्य नहीं होगी। कसीनो के मामले में, कसीनो में कार्रवाई योग्य दांवों की आपूर्ति का मूल्य खिलाड़ी द्वारा टोकन, चिप्स, सिक्के या टिकट खरीदने के लिए भुगतान की गई या देय कुल राशि होगी।

कसीनो में खेल, योजना, प्रतियोगिता या किसी अन्य गतिविधि या प्रक्रिया सहित किसी भी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भुगतान की गई राशि पर भी यही लागू होगा, ऐसे मामलों में जहां टोकन, चिप्स, सिक्के या टिकट की आवश्यकता नहीं है। इसमें यह भी कहागया है कि कसीनो द्वारा खिलाड़ी को टोकन, सिक्के, चिप्स या टिकट लौटाने पर लौटाई गई कोई भी राशि कैसीनो में कार्रवाई योग्य दावों की आपूर्ति के मूल्य से कटौती योग्य नहीं होगी। संसद ने पिछले महीने जीएसटी परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय जीएसटी और एकीकृत जीएसटी कानूनों में संशोधन को मंजूरी दे दी थी। जीएसटी काउंसिल ने अगस्त में अपनी बैठक में फैसला किया था कि नए प्रावधान 1 अक्टूबर से लागू होंगे। कार्यान्वयन की समीक्षा छह महीने के बाद किए जाने का प्रस्ताव था।

सरकार ने अक्टूबर के लिए घरेलू प्राकृतिक गैस के दाम बढ़ाये, महंगी हो सकती है पीएनजी, सीएनजी

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अक्टूबर महीने के लिए घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमत में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह लगातार दूसरा महीना है जब देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमत बढ़ाई गई है। सितम्बर में कीमत 8.60 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू थी जिसे बढ़ाकर 9.20 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू (मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट) कर दिया गया है। घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमतों में वृद्धि से उपभोक्ताओं द्वारा वाहनों में इस्तेमाल होने वाले सीएनजी (सीएनजी) और घरों में इस्तेमाल होने वाले पीएनजी के दाम बढ़ने की आशंका है क्योंकि गैस वितरण कंपनियां उच्च लागत का भार ग्राहकों पर डाल सकती हैं। यह मूल्य समायोजन नए फॉर्मूले के तहत किया गया है जिसमें घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमत को कच्चे तेल के भारतीय बास्केट की मौजूदा कीमत से जोड़ा गया है। पहले का फॉर्मूला चार प्रमुख वैश्विक गैस व्यापार केंद्रों की कीमतों पर आधारित था।

यह दूसरा महीना है जब देश में उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमत बढ़ाई गई है।

प्राकृतिक गैस की कीमतों को मौजूदा बाजार की गतिशीलता के साथ अधिक निकटता से संरेखित करने के लिए अक्टूबर 2022 में सरकार द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों पर नया मूल्य निर्धारण तंत्र पेश किया गया था। इस नए फॉर्मूले के तहत घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमत में हर महीने बदलाव किया जाता है।

मारुति सुजुकी को 139 करोड़ रुपए चुकाने के लिए मिला जीएसटी नोटिस

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। अग्रणी कार निर्माता मारुति सुजुकी को जीएसटी प्राधिकरण ने कारण बताओ नोटिस भेजा है, जिसमें ब्याज और जुर्माने सहित टैक्स के रूप में 139.3 करोड़ रुपए चुकाने को कहा गया है। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि नोटिस जुलाई 2017 से अगस्त, 2022 की अवधि के लिए कुछ सेवाओं पर रिवर्स चार्ज के आधार पर कर देनदारी के मामले से संबंधित है। कंपनी ने कहा कि वह कारण बताओ नोटिस का जवाब देगी। मारुति सुजुकी ने दावा किया है कि उसे पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट से एक अनुकूल आदेश मिला है जिसमें जून 2006 से मार्च 2011 की अवधि के लिए केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा दायर की गई अपील को 57.2 करोड़ रुपये चुकाने के पहले के मामले में खारिज कर दिया गया था। कंपनी ने फाइलिंग में आगे कहा कि केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग ने अगस्त 2016 के पहले ट्रिब्यूनल आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर की थी, जिसका फैसला कंपनी के पक्ष में आया था जिसमें कुछ सेवाओं पर इनपुट सेवा क्रेडिट की अनुमति दी गई थी और लगाया गया जुर्माना हटा दिया गया था।

95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंची क्रूड ऑयल की कीमत

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया है, इससे कीमतें लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। 30 सितंबर से पेट्रोलियम क्रूड पर विंडफॉल टैक्स 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 12 हजार100 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। यह टैक्स सरकार को उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी और सीएनजी की कीमतों में सब्सिडी देने के लिए अधिक संसाधन जुटाने में मदद करता है। जुलाई-सितंबर तिमाही में तेल की कीमतें लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं, क्योंकि सऊदी अरब और रूस के नेतृत्व में ओपेक प्लस के उत्पादन में कटौती से वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति कम हो गई है। सभी की निगाहें अब 4 अक्टूबर को होने वाली अगली ओपेक प्लस मंत्रिस्तरीय पैनल की बैठक पर हैं, जब इस

- **सरकार ने ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया**
- **कीमतें लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई**

बात पर निर्णय होने की उम्मीद है कि आपूर्ति में कटौती जारी रहेगी या नहीं। विश्लेषकों के मुताबिक, इससे यह तय होगा कि बाजार में 100 डॉलर प्रति बैरल की ओर दौड़ जारी रहेगी या नहीं। सितम्बर की शुरुआत में, सऊदी अरब ने अपनी एक मिलियन बीपीडी कटौती को दिसम्बर तक बढ़ा दिया था। इस बीच बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड नवंबर वायदा की कीमत 95.31 डॉलर प्रति बैरल पर मंडरा रही है, जो बाजार में मजबूती का संकेत दे रही है।

भारत ने पिछले साल जुलाई में कच्चे तेल उत्पादकों पर अप्रत्याशित कर लगाया और गैसोलीन, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर लेवी बढ़ा दी, क्योंकि निजी रिफाइनर घरेलू बिक्री के बजाय विदेशी बाजारों में मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन से लाभ कमाना चाहते थे। विमानन टरबाइन ईंधन पर लेवी 3.50 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 2.50 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 5.50 रुपये से घटाकर 5 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। इन कीमतों की अब हर पखवाड़े समीक्षा की जाती है।

सार संक्षेप

एआई पर काम करने के लिए एप्पल करेगा ब्रिटेन में नियुक्तियां

लंदन। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने यूके में ज्यादा कर्मचारियों को नियुक्त करने की योजना का खुलासा किया। आईफोन निर्माता का लक्ष्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में काम को दोगुना करना है। कुक ने देश की अपनी यात्रा के दौरान समाचार एजेंसी पीए को बताया कि एप्पल ब्रिटेन में नियुक्तियां बढ़ाने पर विचार कर रहा है। जब उनसे यूके में एआई और नौकरियों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'हम उस क्षेत्र में नियुक्तियां कर रहे हैं, और इसलिए मुझे (निवेश) वृद्धि की उम्मीद है।' कुक ने कहा कि एप्पल प्रोडक्ट्स की कई प्रमुख विशेषताओं के पीछे एआई का हाथ है। रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया, 'यह वस्तुतः हमारे प्रोडक्ट्स पर हर जगह है और निश्चित रूप से हम जेनरेटिव एआई पर भी रिसर्च कर रहे हैं, इसलिए हमारे पास बहुत कुछ है।' कुक ने कहा, 'एआई (एप्पल) वॉच पर फॉल डिटेक्शन के पीछे है, यह क्रैश डिटेक्शन के पीछे है,यह एफिब (एट्रियल फिब्रिलेशन) डिटेक्शन के पीछे है, यह ईसीजी के पीछे है, यह आईफोन पर प्रेडिक्टिव टाइपिंग है।' कल्चरर सेक्रेटरी मिशेल डोनेलन ने कहा कि एप्पल का निर्णय हमारे बढ़ते तकनीकी क्षेत्र में एक और विश्वास मत था। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'शानदार ब्रिटिश टैलेंट में ऐप्पल का चल रहा निवेश एआई और प्रौद्योगिकी महाशक्ति दोनों के रूप में हमारी वैश्विक साख को उजागर करता है।' एप्पल ने यह भी खुलासा किया कि वह अब प्रत्यक्ष रोजगार और अन्य माध्यमों से यूके भर में 55` से अधिक नौकरियों का समर्थन करता है, और कैम्ब्रिज में उसका एक नया कार्यालय है, जहां कई सौ कर्मचारी एआई, मशीन लर्निंग और अन्य परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।

मिंत्रा 'बिग फैशन फेस्टिवल' 7 अक्टूबर से होगा शुरू, 23 लाख प्रोडक्ट्स पर मिलेगी भारी छूट

बेंगलुरु। मिंत्रा का बिग फैशन फेस्टिवल (बीएफएफ) 7 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। फेस्टिव-सेंट्रिक फैशन इवेंट के चौथे एडिशन में 6` से 'यादा प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के 23 लाख से 'यादा स्टाइल शामिल होंगे, जिनमें फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल जैसी कैटेगिरीज की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। मिंत्रा इनसाइडर्स, मिंत्रा के लॉयल्टी प्रोग्राम के मेंबर्स को 6 अक्टूबर को बिग फैशन फेस्टिवल में अर्ली एक्सेस मिलेगा। यह इवेंट वैल्यू ऑफर्स के वाइड रेंज पेश करेगा, जिसमें डील्स, ग्रैंड ऑपनिंग आवर्स, ब्रांड मेनिया और अन्य लिमिटेड-टाइम डील्स शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, खरीदार मिंत्रा रिवोल्यूशनरी प्राइस कंस्ट्रक्ट का भी इंतजार कर सकते हैं, जिसमें अट्रैक्टिव वैल्यू ऑफर्स के अलावा 1` प्रतिशत बैंक ऑफर भी शामिल है। इवेंट के दौरान, कस्टमर्स अपनी त्योहारी खरीदारी पर 'यादा वैल्यू प्राप्त करने के लिए, कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से मिंत्रा के को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके अतिरिक्त 15 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

एक्स ने अब तक क्रिएटर्स को 166 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान किया हैः सीईओ याकारिनो

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। अपने प्लेटफॉर्म पर यूजर्स को बनाए रखने के लिए, एक्स कॉर्प ने अब तक क्रिएटर्स को लगभग 20 मिलियन डॉलर (166 करोड़ रुपये से अधिक) का भुगतान किया है। यह खुलासा सीईओ लिंडा याकारिनो ने किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने जुलाई में क्रिएटर्स को अन्य वेरिफाइड यूजर्स को उनके पोस्ट के जवाब में दिखाए गए विज्ञापनों से अर्जित विज्ञापन राजस्व के एक हिस्से के लिए भुगतान करना शुरू कर दिया। याकारिनो ने शुक्रवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया, 'क्रिएट, कनेक्ट, कलेक्ट ऑल ऑन एक्स। हम क्रिएटर्स जैसे नए सेगमेंट की आर्थिक सफलता को सक्षम कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'और अब तक हमने अपने निर्माता समुदाय को लगभग 20 मिलियन डॉलर का भुगतान किया है।' एक्स के मालिक एलन मस्क के अनुसार, जुलाई में पहला भुगतान लगभग 5 मिलियन डॉलर था। क्रिएटर्स को अब यूजर्स से उनके ट्वीट

का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। एक्स ने क्रिएटर्स के लिए अपने नए लॉन्च किए गए 'विज्ञापन राजस्व साझाकरण कार्यक्रम' के तहत भारत सहित क्रिएटर्स को विज्ञापन राजस्व में से उनके हिस्से का भुगतान करना शुरू किया। दुनिया भर के कई क्रिएटर्स ने साझा किया है कि उन्हें माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म से इसके नए प्रोग्राम के माध्यम से कितना पैसा मिला है। क्रिएटर ऐड रेवेन्यू के लिए पात्र होने के लिए, आपको एक्स प्रीमियम या वेरिफाइड आर्गेनाइजेशन को सब्सक्राइब करना होगा, पिछले 3 महीनों के भीतर आपके कम्युलेटिव पोस्ट पर कम से कम 5 मिलियन ऑर्गेनिक इंप्रेशन होने चाहिए और कम से कम 500 फॉलोअर्स होने चाहिए। योग्य यूजर्स ऐप के मुद्रीकरण अनुभाग के भीतर से शामिल होने और भुगतान सेट करने में सक्षम हैं।

एक बार जब आप 'जॉइन और सेटअप पेआउट' पर क्लिक करते हैं तो आपको अपना हिस्सा प्राप्त करने के लिए अकाउंट स्थापित करने के लिए हमारे पेमेंट प्रोसेसर, स्ट्राइप पर रीडायरेक्ट किया जाएगा। यह स्ट्राइप अकाउंट वह होगा जहां आप अपने बाहरी बैंक अकाउंट में फंड ट्रांसफर कर सकेंगे।' एक बार जब आप विकल्प चुन लेते हैं, तो आपको नियमित गति से भुगतान प्राप्त होगा, जब तक कि आपने 10 डॉलर से अधिक उत्पन्न कर लिया हो।

ढह चुके क्रिप्टो हेज फंड 3एसी के सह-संस्थापक सिंगापुर में गिरफ्तार

सिंगापुर, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। दिवालिया क्रिप्टो हेज फंड थ्री एरो कैपिटल (3एसी) के सह-संस्थापक सु झू को यहां गिरफ्तार कर लिया गया है, मीडिया ने शनिवार को यह सूचना दी। झू को सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे से देश छोड़ने का प्रयास करते समय हिरासत में लिया गया था। 3एसी ने पिछले साल जुलाई में दिवालियापन के लिए आवेदन किया था, क्योंकि क्रिप्टो बाजार अपने सबसे खराब दौर का सामना करना शुरू कर दिया था। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, टेनेओ, जो 3एसी की संपत्तियों को नष्ट करने की प्रभारी परिसमापन फर्म है, ने कहा कि अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहने के बाद उसे झू के खिलाफ एक प्रतिबद्धता आदेश प्राप्त हुआ। जेल में अपने समय के दौरान, परिसमापक झू के साथ '3एसी से संबंधित मामलों पर बातचीत करेंगे, उन संपत्तियों की वसूली पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जो या तो 3एसी की संपत्ति हैं या जो 3एसी के फंड का उपयोग करके हासिल की गई हैं।' फर्म ने कहा कि परिसमापक 'झू को अदालत के आदेश का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी अवसरों का प्रयास करेंगे।' पिछले साल जुलाई में, ध्वस्त 3एसी के संस्थापक गायब हो गए थे और जिन अधिकारियों पर कंपनी को खत्म करने का आरोप लगाया गया था, वे उनके ठिकाने की तलाश कर रहे थे। क्रेडिट सुइस व्यापारियों झू सु और काइल डेविस द्वारा स्थापित मेगा फंड, एक बार अनुमानित 10 बिलियन डॉलर की संपत्ति का प्रबंधन करता था। ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स की एक अदालत ने व्यवसाय प्रबंधन

- **झू को सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे से देश छोड़ने का प्रयास करते समय हिरासत में लिया गया**



कंपनी टेनेओ को 3एसी के परिसमापन की निगरानी करने का काम सौंपा।

दिवालियापन तब आया जब आर्थिक मंदी के बीच बिटकॉइन और एथेरियम जैसे लोकप्रिय क्रिप्टो टोकन अपने रिकॉर्ड ऊंचाई से लगभग 70 प्रतिशत कम हो गए। 3एसी ने क्रिप्टो ब्रोकर वोयाजर डिजिटल द्वारा प्रदान किए गए 650 मिलियन डॉलर से अधिक ऋण भी नहीं चुकाया। 3एसी कथित तौर पर क्रिप्टो एक्सचेंज ब्लॉकचेन.कॉम को 270 मिलियन डॉलर का भुगतान करने में भी विफल रहा।

जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान 811 कार्यक्रमों में भाग लेगा

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) ने 1 अक्टूबर 2023 को आयोजित किए जा रहे 'एक तारीख एक घंटा एक साथ' स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक तारीख, एक घंटा, एक साथ स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करने के लिए योजना बनाई है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने अपने संबद्ध कार्यालयों और पीएसयू के साथ मिलकर देश भर में कुल 811 जगह की पहचान की गई है जहां इन आयोजनों में विभाग भागीदारी करेगा। सचिव संजीव चोपड़ा के नेतृत्व में विभाग, मेहरचंद मार्केट, लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली और अननोन सोल्जर पार्ट, लोधी कॉलोनी, नई दिल्ली में सफाई अभियान चलाएगा। इस मेगा इवेंट में मेहर चंद मार्केट एसोसिएशन के सदस्य भी शामिल होंगे। इसी प्रकार, भारतीय खाद्य निगम और केंद्रीय भंडारण निगम के मुख्यालय के अधिकारी और कर्मचारी तथा विभाग के तहत सार्वजनिक

उपक्रम बंगाली मार्केट और आवासीय क्षेत्रों और मयूर विहार, फेज-1, फेज-2, नई दिल्ली के नजदीकी स्कूलों में अभियान चलाएंगे।

विभाग के तहत वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट अर्थॉरिटी ने 1 अक्टूबर 2023 को हौज़ खास मार्केट तथा पार्क को स्वच्छता अभियान के लिए चुना है ,वहीं नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट ने इस अभियान के लिए कानपुर के सिविल लाइन्स स्थित परमत घाट को चुना है। विभाग और उसके सार्वजनिक उपक्रम/संस्थान इस विशाल आयोजन के लिए आरडब्ल्यूए के सदस्यों, स्थानीय बाजार संघों, मंदिरों/घाटों के पदाधिकारियों आदि को शामिल कर रहें है। स्वच्छता अभियान चलाने के लिए लगभग 811 स्थलों की पहचान की गई है। इस स्वच्छता अभियान में इस विभाग, सार्वजनिक उपक्रमों और संस्थानों के कुल 13,000 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों के भाग लेने की उम्मीद है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि अभियान के तहत सभी गतिविधियाँ सुचारू रूप से की जाएं और आयोजन सफल हो, विभाग ने पूरे भारत में 1 अक्टूबर 2023 को आयोजित होने वाले संपूर्ण अभियान और गतिविधियों की तैयारी की निगरानी के लिए संयुक्त सचिव स्तर का एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

कल ज़ी अनमोल सिनेमा पर प्रदर्शित होगी शकुंतला

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म शकुंतला ज़ी अनमोल सिनेमा पर 1 अक्टूबर को प्रदर्शित होगी। दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी ने दर्शकों के दिलों में पहचान बनायी है।महाकवि कालिदास की भव्य रचना 'शकुंतला' पर आधारित फिल्म शकुंतला में सामंथा रुथ प्रभु ने मुख्य किरदार निभाया है। शकुंतला और राजा दुष्यंत का विवाह तो हो जाता है लेकिन एक साधु के श्राप के कारण दुष्यंत, शकुंतला के बारे में सब कुछ भूल जाते हैं। यह एक ऐसी महिला शकुंतला के सफर की कहानी है जिसे अपने प्यार से दोबारा मिलने के लिए हर तरह के जज़्बात, दर्द और सब्र से गुज़रना पड़ता है। फिल्म शकुंतला ज़ी अनमोल सिनेमा पर 1 अक्टूबर को शाम 7 बजे प्रदर्शित होगी।

कैंसर को लेकर शोधकर्ताओं का दावा

खून में प्लास्टिक कण पहुंचने पर कैंसर का खतरा

प्रयागराज, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के स्वतंत्र शोधकर्ता पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने दावा किया है कि 'टी बैग' का इस्तेमाल से अतिसूक्ष्म प्लास्टिक कण (माइक्रान एवं नैनो) हमारे खून में पहुंचकर कैंसर जैसे घातक रोग का कारक बन रहा है। डॉ. सोनकर ने बताया कि एक टी बैग में 20 से 30 फीसदी प्लास्टिक के फाइबर होते हैं जो माइक्रॉन एवं नैनो आकार में लाखों की संख्या में चाय की प्याली के रास्ते हमारे खून में पहुंच कर कैंसर जैसी जानलेवा व्याधियां पैदा कर रही है। हमारे खून में प्लास्टिक के कण भेजने वाला अकेला माध्यम टी बैग ही नहीं है, बल्कि यह भोजन, वाष्प के साथ बादल में पहुंचकर वर्षा के पानी से भी पहुंच रहा है।

घर के अंदर से लेकर बाहर तक प्लास्टिक का वर्चस्व

उन्होंने बताया कि प्लास्टिक में बिस्फेनाल-ए (बीपीए) रसायन के अलावा पैलेडियम, क्रोमियम और कैडिमियम जैसे तमाम धातुएं शामिल हैं जो कैंसर जैसे अनेक रोगों को जन्म देने में सक्षम हैं। हमारे घर के अंदर से लेकर बाहर तक प्लास्टिक का वर्चस्व है। घरों में पानी के पाइप, छत पर रखी पानी की टंकी, भोजन के बर्तन, किचन मे नमक से लेकर लगभग हर खाद्य एवं पेय पदार्थ यहां तक की जीवन रक्षा वाली तरल दवा भी प्लास्टिक की बोतल में मिलती हैं।



डॉ. सोनकर ने बताया कि शरीर में एंडोक्राइन प्रणाली में ग्रंथियों और अंगों का एक जटिल समूह होता है जो हार्मोन का उत्पादन और स्राव करके शरीर के विभिन्न जैविक कार्यों को विनियमित और नियंत्रित करता है। बीमार पड़ने या मानसिक व्याधि से गुजरने पर यही एंडोक्राइन प्रणाली हमारा उपचार करती है। प्लास्टिक के रसायन एंडोक्राइन प्रणाली को बाधित कर देते हैं जिससे हमारा शरीर गम्भीर बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। पद्मश्री सोनकर ने अपने अंडमान-नीकोबार प्रयोगशाला में सीप के टिश्यू कल्चर के जरिए फ़्लास्क में मोती तैयार करने का काम कर पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन किया है। समुद्री जीव जंतुओं की दुनिया पर केंद्रित तमाम साइंटिफ़िक जर्नल्स 'एक्वाक्लचर यूरोप सोसायटी' वर्ल्ड अक्वाकल्चर, इनफोफिश इन्टरनेशनल में डॉक्टर अजय सोनकर के इस नए रिसर्च का प्रकाशन वर्ष 2021 हो चुका है। मोती बनाने की विधा में 'टिश्यू कल्चर' की आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करते हुए नियंत्रित इपीजेनेटिक द्वारा ख़ास मोती बनाने वाले भारतीय वैज्ञानिक सोनकर को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख विश्वविद्यालय के 'फॉरेंसिक जेनेटिक मेडिसिन विभाग' ने इस क्षेत्र में आगे के अनुसंधान के लिए पिछले वर्ष मार्च में एक साथ मिलकर काम करने का प्रस्ताव दिया है। डॉ. सोनकर ने बताया कि उन्होंने अंडमान नीकोबार द्वीप समूह से सीप के अंदर से टिश्यू बाहर निकालकर कृत्रिम वातावरण में रखकर उसमें मोती उगाने का करिश्मा किया है। उन्होंने बताया कि अब मोती बनाने के लिए सीप पर निर्भरता समाप्त हो गयी और इसके साथ ही सीप के लिए ज़रूरी समुद्री वातावरण की आवश्यकता भी समाप्त हो गयी। भारत सरकार ने इस नई उपलब्धि पर उन्हें वर्ष 2022 में पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया था। डॉ. सोनकर ने बताया कि इस अनुसंधान के लिए 'टिश्यू कल्चर' का उपयोग करने के साथ-साथ 'नियंत्रित इपीजेनेटिक' का भी इस्तेमाल किया। 'टिश्यू कल्चर' का उपयोग करके हमने सीप के जीन के उन कुछ गुणों को अभिव्यक्त होने से रोक दिया जिसके कारण मोती में अशुद्धियां आती हैं। उसी प्रकार कुछ ऐसे जीन को अपनी अभिव्यक्ति देने के लिए प्रेरित कर दिया जो शुद्धतम मोती के तत्व उत्पन्न करते हैं।

> एक टी बैग में 20 से 30 फीसदी प्लास्टिक के फाइबर

> चाय की प्याली के रास्ते हमारे खून में पहुंच रहे माइक्रॉन

ब्रेकअप ट्रैक के जरिए संगीत की दुनिया में कदम रख रहीं पलक पुरसवानी

मुंबई, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। रियलिटी स्टीमिंग शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' में नजर आने वाली टीवी अभिनेत्री और मॉडल पलक पुरसवानी संगीत की दुनिया में कदम रख रही हैं। उनका म्यूजिक वीडियो जल्द ही रिलीज होने वाला हैं। पलक ने कहा कि उनका नया सॉन्ग एक ब्रेकअप ट्रैक है, जो सभी को पसंद आएगा।

एक्ट्रेस ने अपने सॉन्ग को लेकर कहा कि मैं म्यूजिक वीडियो को लेकर बहुत एक्साइटिड हूं, क्योंकि बहुत से लोग जो रिश्तों में ब्रेकअप से गुजरते हैं, वे इससे जुड़ाव महसूस करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनका खुद भी इस ट्रैक से पर्सनल अटैचमेंटहै और वे इससे जुड़ सकती हैं। इस पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं भी इससे जुड़ी हूं। साथ ही, यह मेरा अब तक का पहला म्यूजिक वीडियो है। मैं अपने सभी एक्टर फ्रेंड्स से उम्मीद करूंगी कि वे इसको प्रमोट करें ताकि म्यूजिक वीडियो वायरल हो जाए!

म्यूजिक वीडियो के बारे में खुलासा करते हुए पलक ने कहा कि मेरे आने वाले म्यूजिक वीडियो के सिंगर मोहम्मद दानिश हैं जो इंडियन आइडल का हिस्सा थे। म्यूजिक वीडियो में मेरे अपोजिट अध्विक महाजन हैं।

उन्होंने इसका हिस्सा बनना क्यों चुना, इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि इसे मुंबई के मढ़ में ही शूट किया गया था। मैंने इस गाने के लिए 'हां' इसलिए कहा क्योंकि गाना वाकई बहुत अच्छा था। मैं इस गाने से एक खास तरह से जुड़ सकती हूं। यह 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। यह देखते हुए कि गाना बिल्कुल तैयार है, पलक पुरसवानी ने अपने म्यूजिक डेब्यू के लिए एक ऐसा विषय चुना है, जो यूनिवर्सल है और फिर भी इसे संभालना बहुत मुश्किल है।

पितृ पक्ष में विधिविधान के साथ किया जा रहा पूर्वजों का श्राद्ध

जौनपुर, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पण्डित ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा है कि आश्विन के कृष्ण पक्ष में पूर्वजों के पूजन का पर्व पितृ पक्ष आज से शुरू हो गया है। पितृ पक्ष में लोग तर्पण कर पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ ही पितृ ऋण से मुक्ति की प्रार्थना कर रहे हैं। पितृों का तर्पण और श्राद्ध उनकी तिथि से करना चाहिए। कुछ लोग सभी दिवसों में पितृ को जल देने की मान्यता का निर्वहन करते हैं।

ज्योतिषाचार्य के मुताबिक आज प्रथम श्राद्ध है। इस दिन उन पूर्वजों का श्राद्ध किया जाएगा जिनका प्रथमा के दिन निधन हुआ रहता है। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर को द्वितीया है, इस दिन द्वितीया का श्राद्ध लोग करेंगे। उन्होंने कहा कि तर्पण और श्राद्ध मध्याह्न में करना चाहिए इस समय ही पूर्वज आते हैं ऐसी मान्यता शास्त्रों में है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों को पितृपक्ष में श्रद्धा से किया गया श्राद का फल परिवारीजनों को मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार 14 अक्टूबर को पितृ विसर्जन पड़ रहा है और उस दिन सभी लोग जिनको अपने पूर्वजों की मृत्यु का समय नहीं मालूम है वे लोग भी इसी दिन अपने पूर्वजों को श्रद्धा के साथ श्राद कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता है कि हमारे पूर्वज पितृ पक्ष शुरू होते ही हर रोज पृथ्वी पर आ जाते हैं और सूर्यास्त तक इस प्रतीक्षा में रहते हैं कि हमारे कुल खानदान का कोई न कोई व्यक्ति मुझे कुछ न कुछ खाने-पीने अथवा पूजा पाठ की सामग्री अवश्य अर्पित करेगा। सूर्यास्त के पूर्व तक वे प्रतीक्षा करते हैं, जिन लोगों के घरों से पूर्वजों को कुछ न कुछ मिल जाता है, वह तो आशीर्वाद देकर चले जाते हैं और जिन लोगों के घरों से कुछ नहीं मिलता तो पूर्वज पहले रोते हैं और इस आंसू को पीकर इस प्रत्याशा के साथ वापस जाते हैं कि हो सकता है कि कल मेरे खानदान के लोग मुझे कुछ जरूर अर्पित करेंगे, इतने पर भी पूर्वज अपने खानदान वालों की भलाई ही चाहते हैं उन्हें श्राप नहीं देते। इस समय जिले में गया जाने वालों की लाइन लगी हुई है लोग अपने पूर्वजों को तर्पण करने व पिंडदान देने के लिए जा रहे हैं और वहां पर विधि विधान से श्रद्धा के साथ श्राद्ध करके वापस भी आएंगे।

परिणीति व राघव के 'हल्दी' रस्म की तस्वीरें आई सामने

मुंबई, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आप नेता राघव चड्ढा ने 24 सितम्बर को उदयपुर के 'लीला पैलेस' में शादी रचाई थी। शादी के बाद लगातार एक के बाद तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रही है। इस कड़ी में परिणीति और राघव के 'हल्दी' समारोह की फोटो सामने आई है। फोटो में परिणीति मुस्कुरा रही हैं और राघव चड्ढा बगल में बैठे हैं। एक्ट्रेस ब्राइट पिंक कलर के आउटफिट में दिख रही हैं। उन्होंने अपने आउटफिट के साथ मैचिंग एथनिक जैकेट पेयर की थी, जिस पर मिनिमल गोल्डन कढ़ाई है। उन्होंने व्हाइट हेयरबैंड और बड़े गोल्डन झुमकों से अपने लुक को पूरा किया।

वहीं, राघव उनके बगल में बैठे नजर आ रहे हैं। उन्होंने व्हाइट कुर्ता-पायजामा पहना है। उनके हल्दी लगी है। वे अपने दोस्तों और परिवार से घिरे हुए बैठे हैं।

फोटो परिणीति के एक फैन पेज द्वारा साझा की गई थी। इससे पहले, शुक्रवार को परिणीति ने अपने सोशल मीडिया पर वेडिंग सेरेमनी से एक स्पेशल क्लिप साझा की थी। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, 'मेरे पति के लिए, सबसे महत्वपूर्ण गाना जो मैंने गाया है... 'तेरी ओर चलना, बारात से छिपना' ये शब्द गाना... मैं भी क्या कहूं. ओ पिया, चल चलें आ।'

मेगा सर्च इंजन के धुरंधरों को पछाड़ आगे बढ़ा गूगल, 1998 में हुई थी शुरुआत

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। गूगल, सर्च इंजन का पर्याय बन गया है। इसकी शुरूआत 1998 में हुई थी, तब याहू, आस्क जीव्स और अल्टाविस्टा जैसे नामों के साथ प्रतिस्पर्धा थी। 1994 में स्थापित याहू 21वीं सदी की शुरुआत तक ई-मेल, ऑनलाइन न्यूज और सर्च में ग्लोबल लीडर था।

हालांकि, कंपनी अपने मेन सर्च और डिस्प्ले ऐड बिजनेस में जीमेल और हॉटमेल जैसे प्रतिद्वंद्वियों से तेजी से आगे निकल गई, जबकि इसका न्यूज एग्रीगेशन फेसबुक, ट्विटर और अन्य डिजिटल चैनलों से पीछे रह गया। स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसका अधिकतर रेवेन्यू एडवरटाइजिंग स्पेस बेचने से आता था, कंपनी के सेल्स में गिरावट आई क्योंकि इसकी ऑडियंस अन्य प्लेटफार्मों पर चली गयी। जब इंटरनेट का इस्तेमाल मुख्य रूप से एकेडेमिया और सरकारों द्वारा किया जाता था, तब मोजेक कम्युनिकेशंस कॉर्पोरेशन ने नेटस्केप नेविगेटर लॉन्च किया, जो 1994 में पहले ग्राफिकल वेब ब्राउजरों में से एक बन गया। हालांकि, स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट ने जल्द ही प्रतिद्वंद्वी इंटरनेट एक्सप्लोरर लॉन्च किया, जिससे ब्राउजर मार्केट पर कंट्रोल पाने के लिए खींचतान शुरू हो गई। मोजेक ने अपने सर्च इंजन को सशक्त बनाने के लिए अमेरिकी वेब पोर्टल एक्साइट के साथ साझेदारी की। नेटस्केप को 1998 में अमेरिका ऑनलाइन (एओएल) द्वारा अधिग्रहित किया गया था।

हालांकि, एओएल ने आधिकारिक तौर पर 2008 में नेटस्केप नेविगेटर को बंद कर दिया था, लेकिन नेटस्केप ब्राउजर के कोड पर स्थापित ओपन-सोर्स मोजिला प्रोजेक्ट जारी रहा, अंततः लोकप्रिय फायरफॉक्स ब्राउजर को जारी किया। अब बंद हो चुके इंटरनेट एक्सप्लोरर के यूजर्स को एमएसएन सर्च याद होगा, जो 1990 और 2000 के दशक में माइक्रोसॉफ्ट का डिफॉल्ट सर्च इंजन था। 1998 में शुरू की गई इस सर्विस ने अपने सर्च इंजन को तब तक कई कंपनियों को आउटसोर्स किया जब तक कि माइक्रोसॉफ्ट ने अपना खुद का वेब क्रॉलर नहीं बना लिया।

2009 में इसे विंडोज लाइव सर्च और अंततः बिंग के रूप में रिब्रांड किया गया। स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, उस साल माइक्रोसॉफ्ट और याहू ने एक दशक लंबी डील की घोषणा की, जिसने याहू सर्च इंजन को बिंग से बदल दिया।

2023 में, बिंग को ओपनएआई के चैट जीपीटी-4 पर बेस्ड एक नए चैटबॉट फीचर को शामिल करने के लिए नया रूप दिया गया, जिससे मार्च में 100 मिलियन एक्टिव यूजर्स तक पहुंचने में मदद मिली। 1995 में लॉन्च होने के बाद अल्ट्राविस्टा बड़ी मात्रा में वेबसाइट्स को अनुक्रमित करने वाले शुरुआती सर्च इंजनों में से एक था।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह सर्च इंजन लोकप्रिय था क्योंकि इसने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगभग 20 मिलियन वेबपेजों को अनुक्रमित किया था और इसमें फास्ट कंप्यूटर थे जो तेजी से रिजल्ट दे सकते थे। यह सॉफ़्टवेयर डिजिटल इक्विपमेंट कॉरपोरेशन की रिसर्च लैब में कंप्यूटर वैज्ञानिकों द्वारा बनाया गया था। 2001 में, गूगल पर सर्च की संख्या ने अल्ट्रा विस्टा को पीछे छोड़ दिया, जो उस समय तक टॉप वेब डेस्टिनेशन्स में से एक था।

फिल्म प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के दोबारा अध्यक्ष चुने गए शिबाशीष सरकार

मुंबई, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' और 'वायसरायज हाउस' जैसी फिल्मों का समर्थन करने वाले निर्माता शिबाशीष सरकार को 2023-24 के लिए फिल्म प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। मुंबई के अंधेरी इलाके में द क्लब में आयोजित गिल्ड की 69वीं वार्षिक आम बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से फिर से चुना गया। गिल्ड ने सरकार के दोबारा चुने जाने की सूचना देने के लिए एक पत्र जारी किया है।

इसके अलावा, मनीष गोस्वामी, अपूर्व मेहता, मधु भोजवानी और अंबिका खुराना को फिर से उपाध्यक्ष चुना गया है, जबकि आशिम सामंत और फाजिला अल्लाना को गिल्ड के कोषाध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है।

गिल्ड ने शनिवार को जारी पत्र में कहा है, '29 सितम्बर को मुंबई में आयोजित एसोसिएशन की 69वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शिबाशीष सरकार को प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। उन्हें गिल्ड की प्रबंधन परिषद द्वारा सर्वसम्मति से फिर से अध्यक्ष चुना गया। इसमें आगे उल्लेख किया गया है, 'इसके अतिरिक्त, मनीष गोस्वामी, अपूर्व मेहता, मधु भोजवानी और अंबिका खुराना को उपाध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया, जबकि आशिम सामंत और फाजिला अल्लाना को गिल्ड के कोषाध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया। एजीएम में, राष्ट्रपति ने कंटेंट निर्माताओं के साथ-साथ बड़े मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के वर्तमान परिदृश्य और दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा किए।

पत्र के अनुसार, उन्होंने कहा कि इस साल बॉक्स ऑफिस पर सफलताओं का सिलसिला बहुत उत्साहजनक रहा, लेकिन इकोसिस्टम के कुछ क्षेत्रों में चिंता का विषय बना हुआ है, साथ ही संरचनात्मक मुद्दे भी हैं, जिन्हें संबोधित करने की आवश्यकता है, इससे पहले कि हम वास्तव में हमारे पीछे कोविड द्वारा पैदा किए गए व्यवधान को दूर कर सकें।

पत्र में निष्कर्ष निकाला गया, 'इसके अलावा, मेंबर्स को पिछले वर्ष के दौरान गिल्ड में प्रमुख गतिविधियों और विकास से अवगत कराया गया और उन मुद्दों और क्षेत्रों पर अपने सुझाव भी साझा किए गए जिन पर गिल्ड को विचार करना चाहिए।'

फिल्म दोनों की स्टार कास्ट पहुंचे शारदा विवि





■ कलाकारों के साथ सेल्फी लेने की लगी होड़

ग्रेटर नोएडा, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित शारदा विवि में शनिवार को फिल्म की स्टारकास्ट निर्देशक सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश बड़जात्या, अदाकारा पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा ढिल्लों और एक्टर सनी देओल के बेटे राजवीर देओल ने अपनी फिल्म दोनों का प्रमोशन के लिए पहुंचे। राजवीर देओल और पलोमा फिल्म दोनों से अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं और अब ये जोड़ी लोगों का दिल भी जीत रही है। इस फिल्म को मशहूर फिल्म निर्देशक सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश एस बड़जात्या ने निर्देशित किया है। फिल्म का टाइटल ट्रैक दोनों लोगों का पसंदीदा गाना बन चुका है। प्रमोशन के दौरान दोनों एक्टर्स झलक पाने और उनके फोटो लेने के लिए जैसे पूरा परिसर ही उमड़ पड़ा था। रिलीज होने वाली फिल्म दोनों को देखने की अपील भी की। अभिनेता राजवीर देओल और अभिनेत्री पलोमा ढिल्लो ने छात्रों के साथ अपनी फिल्म टाइटल सांग पर डांस किया और सेल्फी ली। शारदा विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर आलोक गुप्ता, पीआर डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. अजीत कुमार और प्रो वाइस चांसलर परमानंद ने उनका अभिवादन व आभार व्यक्त किया।

साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं ने लगाया पता

माइक्रोसॉफ्ट की बिंग चैट में मैलवेयर फैलाने वाले विज्ञापन शामिल

सैन फ्रांसिस्को, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि दुर्भावनापूर्ण विज्ञापन या हानिकारक विज्ञापन अब माइक्रोसॉफ्ट के एआई-संचालित बिंग चैट से वितरित किए जा रहे हैं, जो मैलवेयर फैलाने वाली नकली डाउनलोड साइटों को बढ़ावा दे रहे हैं। एक नई रिपोर्ट में ये कहा गया है। साइबर सुरक्षा कंपनी मालवेयरबाइट्स के अनुसार, दुर्भावनापूर्ण विज्ञापनों में 'एडवांस्ड आईपी स्कैनर' यूटिलिटी के लिए डाउनलोड लिंक शामिल होते हैं, जिसका पहले रैंसमवेयर ऑपरेटरों द्वारा शोषण किया गया है। मालवेयरबाइट्स के थ्रेट इंटेलिजेंस के निदेशक जेरोम सेगुरा ने कहा कि विज्ञापनों को बिंग चैट बातचीत में विभिन्न तरीकों से डाला जा सकता है। उनमें से एक यह है कि जब कोई यूजर किसी लिंक पर जाता है और परिणाम से पहले एक विज्ञापन आता है। फरवरी में, माइक्रोसॉफ्ट ने अपना बिंग चैट एआई सर्च असिस्टेंट पेश किया था और एक महीने बाद इस नए प्लेटफॉर्म से राजस्व उत्पन्न करने के लिए इसके साथ विज्ञापन देना शुरू किया। बिंग चैट में विज्ञापनों को शामिल करने से हैकर्स के लिए दरवाजे खुल गए हैं। जब शोधकर्ताओं ने बिंग चैट से पूछा कि एडवांस्ड आईपी स्कैनर कैसे डाउनलोड किया जाए, तो उसने चैट में इसे डाउनलोड करने के लिए एक लिंक प्रदर्शित किया। जब आप चैट में किसी दिए हुए लिंक पर होवर करते हैं, तो बिंग चैट वैध डाउनलोड लिंक से पहले एक विज्ञापन प्रदर्शित कर सकता है। इस मामले में, प्रायोजित लिंक एक मैलवेयर विज्ञापन था, शोधकर्ताओं ने बताया।

> मैलवेयर फैलाने वाली नकली डाउनलोड साइट

रिपोर्ट में कहा गया है कि मालवर्टाइजिंग अभियान हैकर्स द्वारा बनाए जाते हैं जो वैध ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों के विज्ञापन खातों को हैक करते हैं और सिस्टम एडमिन (आईपी स्कैनर) और वकीलों (माइकेस लॉ मैनेजर) को लक्षित करने वाले विज्ञापन बनाते हैं। जब यूजरआईपी स्कैनर के लिए दुर्भावनापूर्ण विज्ञापन पर क्लिक करते हैं, तो उन्हें एक वेबसाइट पर ले जाया जाता है - मायनेटफोल्डरसिप, जो सैंडबॉक्स/वर्चुअल के लिए आईपी पते, टाइमज़ोन और विभिन्न सिस्टम संकेतकों की जांच कर बॉट और क्रॉलर को मानव पीड़ितों से अलग करती है। रिपोर्ट के अनुसार, यूजर को फिर 'एडवांस्ड-आईपी-स्कैनर(.)कॉम' पर रीडायरेक्ट किया जाता है, जो एडवांस्ड आईपी स्कैनर का एक क्लोन है, जो धोखा देने के लिए टाइपोसक्वाटिंग का उपयोग करता है। शोधकर्ताओं ने सलाह दी, 'हम यूजर को उन वेबसाइटों पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हैं जिन पर वे जाते हैं, लेकिन अतिरिक्त सुरक्षा पाने के लिए कई सुरक्षा उपकरणों का भी उपयोग करते हैं।'

रोजाना केवल 50 सीढ़ियां चढ़ने से हृदय रोग का खतरा 20 फीसदी तक हो सकता है कम

नई दिल्ली, 30 सितम्बर (एजेंसियां)। रोजाना 10,000 या 7,000 कदम चलना भूल जाइए। एक नए अध्ययन के अनुसार, प्रतिदिन कम से कम 50 सीढ़ियां चढ़ने से हृदय रोग का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। एथेरोस्क्लेरोसिस जर्नल में प्रकाशित अमेरिका के लुइसियाना में तुलाने विश्वविद्यालय के अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन 50 से अधिक सीढ़ियां चढ़ने से हृदय रोग का खतरा 20 प्रतिशत तक कम हो सकता है।

एथेरोस्क्लोरोटिक हृदय रोग (एएससीवीडी) के साथ-साथ कोरोनरी धमनी रोग और स्ट्रोक दुनिया भर में बीमारियों और मृत्यु दर के प्रमुख कारण हैं।



तुलाने यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के प्रोफेसर डॉ लू क्यूई ने कहा कि उच्च तीव्रता वाली सीढ़ियां चढ़ना कार्डियोरेस्पिरेटरी फिटनेस और लिपिड प्रोफाइल में सुधार करने का एक कुशल तरीका है, खासकर उन लोगों के लिए जो ज्यादा व्यायाम करने में असमर्थ हैं।

450,000 वयस्कों से एकत्र किए गए यूके बायोबैंक डेटा का उपयोग करते हुए, अध्ययन ने प्रतिभागियों के पारिवारिक इतिहास, स्थापित जोखिम और आनुवंशिक जोखिम कारकों के आधार पर हृदय रोग के प्रति संवेदनशीलता की गणना की और प्रतिभागियों से उनकी जीवनशैली की आदतों और सीढ़ी चढ़ने की आवृत्ति के बारे में सर्वे किया।

> ■ उच्च तीव्रता वाली सीढ़ियां चढ़ना कार्डियोरेस्पिरेटरी फिटनेस का कुशल तरीका
> ■ खासकर उन लोगों के लिए जो ज्यादा व्यायाम करने में असमर्थ

इसमें पाया गया कि प्रतिदिन अधिक सीढ़ियां चढ़ने से विशेष रूप से उन लोगों में हृदय रोग का खतरा कम हो गया जो कम संवेदनशील थे।

हालांकि, क्यूई ने कहा कि अधिक संवेदनशील लोगों में हृदय रोग के बढ़ते जोखिम को दैनिक सीढ़ियां चढ़ने से 'प्रभावी ढंग से कम' किया जा सकता है।

क्यूई ने कहा कि यह अध्ययन एएससीवीडी के जोखिम पर सीढ़ी चढ़ने के सुरक्षात्मक प्रभावों के लिए नया साक्ष्य प्रदान करता है, विशेष रूप से कई एएससीवीडी जोखिम कारकों वाले व्यक्तियों के लिए।

शराब फैक्ट्री का संयुक्त किसान मोर्चा ने किया विरोध

महासमुंद, 30 सितंबर (देशबन्धु)। छग संयुक्त किसान मोर्चा ने आरोप लगाया कि बेलटुकरी में खुलने वाले कारखाना की आंड में शराब फैक्ट्री खोली जा रही है। जिसके लिए जनसुनवाई 29 सितंबर को आयोजित था किंतु आपित्तकर्ताओं, किसानों की आपति दर्ज नही की गई। जारी विज्ञप्ति में जिला संगठन प्रभारी अशोक कश्यप ने बताया कि किसानों ने जुलूस निकालकर सीएम, विधायक, जिला प्रशासन का विरोध किया है। उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने औद्योगिक क्षेत्र को छोड़कर गांवों में अवैध कल कारखाने खोला जा रहा है। करणी कृपा उद्योग के खिलाफ किसान लगातार सत्याग्रह की लड़ाई लड़ते हुए 582 दिन से लगातार गांधीवादी आंदोलन कर रहे है। किंतु अब तक किसी ने भी ध्यान नही दिया। श्री कश्यप ने आरोप लगाया कि विरोध दर्ज करने पहुंचे किसानों का विरोध तो दर्ज नही हुआ उलटे एडीएम किसी अज्ञात स्थान पर सरपंच व पंचों को लेकर चले गए। विरोध प्रदर्शन में बेलटुकरी, अछोली, भोरिंग आदि क्षेत्र के किसान शामिल हुए। जिसमें नाथूराम सिन्हा, रूप सिंह निषाद, लालाराम यादव, धर्मेन्द्र यादव, रामू मानिकपुरी, दिनेश यादव, कृष्ण कुमार, रामनाथ, डेविड चंद्राकर, राधाबाई, श्यामबाई, डिगेश्वरी चंद्राकर, कुमारी ध्रुव, बनवास यादव आदि शामिल थे।

शा प्रा शाला धमनी प्रांगण में 'मेरा माटी मेरा देश' कार्यक्रम आयोजित

पलारी, 30 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्य. शाला, हाई स्कूल के सभी स्कूल परिवार के सौजन्य से मेरा माटी मेरा देश पर विशेष दीप प्रज्वलित और हाथो में माटी लेकर शपथ दिलाया गया एवं गांव के किसान एवं खेतिहार भूईया का जो माटी में दिन रात करके देश विदेश को धान और कई प्रकार के फसल ऊगा कर हमारे देश को चावल दाल व कई प्रकार के खाद्य पदार्थ हमें प्रदान करता है देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किसान भाइयो को संम्मानित किया गया और बच्चो को भी इस माटी के महत्व उपयोग और फायदा बताया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि हृदयाल पैकरा उप सरपंच मिनेन्द्र यादव, जनपद प्रतिनिधि बिहस कलिहार मुकेश चौहान खेलावान नेताम कमलनारायण पटेल मुकेश वर्मा दयाराम ध्रुव चोवाराम नेताम खिलेश्वर पैकरा सूर्य प्रकाश श्रेय दिनेश कुमार धैर्य लेखराम पैकरा ऐश्वरिया यदु भान यदु व ग्रामवासी उपस्थित थे।

मतदान दलों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण हेतु संभावित प्रशिक्षण स्थलों का किया गया निरीक्षण

महासमुंद, 30 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए गठित मतदान दलों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण जिले के सभी तहसीलों में आयोजित किया जाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एंन के सिन्हा तथा जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा संभावित प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रतिभा स्कूल बागबाहरा, सेंट फ्रांसिस स्कूल पिथौरा, स्वामी आत्मानंद विद्यालय बसना तथा आई बी एम विद्यालय कुटेला सरायपाली का निरीक्षण किया गया।

NOTICE
U/s 72 of The Indian Partnership act 1932

It is hereby notified that following change have been made in the Constitution of the partnership firm under the same name & style as **"RAMA ENTERPRISES"** at First Floor, Satyanarayan Dharamshala Trust Building, Civil Station Road, Raipur-492009 [CG] having Registration No. 222201936687 Dated 14/10/2019 as under :-

1) That Manish Agrawal HUF voluntarily retired on 01.04.2023.
2) That Jigisha Khemka joined as incoming partner on 01.04.2023.

Date - 01.04.2023 For, RAMA ENTERPRISES
Place :- Raipur Partner

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार गणेश प्रसाद पाठक, पिता हृदयानंद पाठक निवासी ब्लॉक नं.-12 सांई मंदिर के पास शिवानंद नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी है। पेपर पेंट्स प्रा.लि. कंपनी में तीन डायरेक्टर थे, तथा मेरा पक्षकार भी उक्त कंपनी पेपर पेंट्स प्रा.लि. का डायरेक्टर था।

मेरा पक्षकार दिनांक 01.04.2023 से उक्त कंपनी पेपर पेंट्स प्रा.लि. का डायरेक्टरशीप से पूर्ण रूप से पृथक हो गया है तथा मेरा पक्षकार ने कंपनी को पूर्ण रूप से छोड दी है। इस प्रकार मेरे पक्षकार उक्त कंपनी पेपर पेंट्स प्रा.लि. से कोई भी लेन-देन नहीं है। अब मेरा पक्षकार उक्त कंपनी से किसी लेन-देन या अन्य किसी भी विषय के लिए जिम्मेदार नहीं है।

अतः आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार उक्त कंपनी पेपर पेंट्स प्रा.लि. कंपनी से पूर्ण रूप से पृथक हो गये है तथा मेरे पक्षकार अब उक्त कंपनी का डायरेक्टर नहीं है और न ही उक्त कंपनी में कार्यरत है। अब मेरे पक्षकार उक्त कंपनी पेपर पेंट्स प्रा.लि. से कोई लेन-देन या संबंध शेष नहीं है।

स्थान-रायपुर छ.ग.
दिनांक 29.09.2023

भवदीय
अब्दुल बासिद खान
अधिवक्ता

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00089 सरोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20222344072080 0009

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00089 के अंतर्गत ग्राम सरोरा के वर्तमान भूमिस्वामी कामता प्रसाद पिता/पति पि. सुमेरी पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 427/3 0.1620, 456/2 0.4050, 491/1 0.0250, 507/4 0.0060, 374/24 0.0690 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती हिरौंदी बाई पिता/पति स्व. कामता प्रसाद साहू पता निवासी ग्राम सरोरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग., गायत्री साहू, जीत कुमार साहू पिता/पति पिसरान स्व. कामता प्रसाद साहू पता निवासी ग्राम सरोरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग., श्रीमती उषा साहू पिता/पति स्व. करन लाल साहू पता निवासी ग्राम सरोरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग., कुमारी लेखिका साहू, घनिश साहू पिता/पति पिसरान स्व. करण लाल साहू पता निवासी ग्राम सरोरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00047 पंडरीतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440724100090

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00047 के अंतर्गत ग्राम पंडरीतराई के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी पिता/पति रायपुर विकास प्राधिकरण छ.ग. पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 4/15 0.0142 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती कंचन माखीजा पिता/पति श्री संतोष माखीजा पता देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग., श्री संतोष माखीजा पिता/पति स्व. प्रहाद राय माखीजा पता देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00078 टेमरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440725900045

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00078 के अंतर्गत ग्राम टेमरी के वर्तमान भूमिस्वामी रघु सोनु शंकरलाल पिता श्यामकरण सोनारिन पिता/पति श्यामकरण बिसना बेवा श्यामकरण पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 68/1 0.0080, 202/1 0.0250 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शंकरलाल यादव पिता/पति स्व. श्यामकरण पता टेमरी रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, सुकमा संभाग, सुकमा

'ई' श्रेणी ब्लाक पंजीयन मैनुअल पद्धति से अल्प निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 3104/NIT-12/2023-2024/वलेलि दिनांक 20-09-2023

छत्तीगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये 'ई'श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रं.	कार्य का नाम /NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.)
1	2	3
1	S/R FOR PROTECTION WORK OF KISTARAM TO PAIDAGUDAM ROAD AT KM 4/8 (BLOCK KONTA) (1st Call)	9.99 7500.00
2	S/R FOR PROTECTION WORK OF KONTA TO GOLAPALLI ROAD AT KM 6/8 (BLOCK KONTA) (1st Call)	8.48 6500.00
3	S/R FOR PROTECTION WORK OFCHINTALNAR TO MARIYAGUDAM ROAD AT KM 37/4 (LEFT SIDE) (BLOCK KONTA) (Ist Call)	9.54 7200.00
4	S/R FOR PROTECTION WORK OF KONTA TOWN ROAD AT KM 4/2 (BLOCK KONTA) (Ist Call)	9.54 7200.00

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 05.10.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक।
2. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि :- 12.10.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक।
3. निविदा फार्म खोलने की अंतिम तिथि :- 13.10.2023 पूवान्ह 11.30 बजे तक।
4. कार्य पूर्ण करने की समयावधि :- Period 02 Months From Reckoned Date &
5. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा का सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तुत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक-निर्माण विभाग (भ/स)
जी-05840/2 सुकमा संभाग सुकमा

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DAKSHESH SHAH S/O RAICHAND L. SHAH resident of 1ST FLOOR, PARSHVA VARDHAMAN BUILDING GOVIND NAGAR RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name DAKSHESH SHAH S/O RAICHAND L. SHAH so in future I should be recognized by my new name that is DAKSHESH R. SHAH S/O RAICHAND L. SHAH in all Government and other documents.

DAKSHESH R. SHAH
1ST FLOOR, PARSHVA VARDHAMAN BUILDING GOVIND NAGAR RAIPUR (C.G.) 492001

न्यायालय तहसीलदार पलारी,
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.कं. अ/6(अ) वर्ष 2022-23
पक्षकार अध्यक्ष साहू समाज बलौदी मौजा ग्राम बलौदी प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. व तहसील पलारी

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुलसीराम साहू अध्यक्ष साहू समाज बलौदी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बलौदी प.ह.नं. 27 तहसील पलारी स्थित भूमि ख.नं. 589/49 रकबा 0.833 हे. भूमि श्री शंकर भगवान मंदिर कलेक्टर महोदय जिला रायपुर के स्थान पर उक्त भूमि का सर्वराकार वर्तमान पदेन श्री तुलसीराम साहू अध्यक्ष ग्रामींण साहू समाज बलौदी सर्वराकार नियुक्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 09.10.2023 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियात बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 22.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार पलारी

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00041 दलदलसिवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202223440723800051

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00041 के अंतर्गत ग्राम दलदलसिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी रामकिशुन पिता चैतराम वर्मा पिता/पति पता सा. कांपा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 747/2 0.0330 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री राधेश्याम वर्मा पिता/पति स्व. रामकिशुन वर्मा पता निवासी 275 कांपा नहरपारा मोवा रायपुर छ.ग., सुरेन्द्र कुमार वर्मा पिता/पति-पिता स्व. रामकिशुन वर्मा पता निवासी 275 कांपा नहरपारा मोवा रायपुर छ.ग., खोमेश्वरी वर्मा पिता/पति स्व. रामकिशुन वर्मा पता निवासी 275 कांपा नहरपारा मोवा रायपुर छ.ग., कुसुम वर्मा पिता/पति स्व. रामकिशुन वर्मा पता निवासी 275 कांपा नहरपारा मोवा रायपुर छ.ग., श्रीमती राधिका बाई वर्मा पिता/पति स्व. रामकिशुन वर्मा पता निवासी 275 कांपा नहरपारा मोवा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00089 सरोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20222344072080000008

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00089 के अंतर्गत ग्राम सरोरा के वर्तमान भूमिस्वामी कलिमा पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा, चंदाबाई साहू पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता, कामनी बाई पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा, कामता प्रसाद साहू पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा रायपुर, हेमराज साहू पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा रायपुर, श्रीमती मेहतरीन बाई पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा रायपुर, चन्द्रिका साहू पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा रायपुर, गोदावरी साहू पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा, कुंवर बाई पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 415 0.7210, 428/1 0.2020 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती मेहतरीन बाई पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा रायपुर, हेमराज साहू पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा रायपुर, श्रीमती हिरौंदी बाई पिता/पति स्व. कामता प्रसाद साहू पता ग्राम सरोरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग., चन्द्रिका साहू पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा रायपुर, गायत्री साहू, जीत कुमार साहू पिता/पति स्व. कामता प्रसाद साहू पता निवासी ग्राम सरोरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग., कलिमा पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा, श्रीमती उषा साहू पिता/पति स्व. करन लाल साहू पता निवासी ग्राम सरोरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग., चंदाबाई साहू पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता, कुमारी लेखिका साहू, घनिश साहू पिता/पति पिसरान स्व. करण लाल साहू पता निवासी ग्राम सरोरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग., कुंवर बाई पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा, गोदावरी साहू पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा, कामनी बाई पिता/पति स्व. सुमेरी राम साहू पता सरोरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.10.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा 04 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.09.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/2022-2023
ग्राम मुजगहन प.ह.नं. 82
रायपुर, दिनांक 25.09.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जयंती शर्मा पति रमेश शर्मा निवासी टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम मुजगहन प.ह.नं. 82 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 132/55 रकबा 0.0140 हे. याने 1500 वर्गफुट आवेदिका के नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि आवेदिका के हक वो भूमिस्वामी हक की भूमि है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका अप्राप्त है। अतः आवेदक पक्ष द्वारा ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 13.10.2023 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
सूचना-पत्र (नोटिस)

क्रमांक/क/वाचक/तहसीलदार/2023
रायपुर, दिनांक 21.09.2023
प्रति,

मेसर्स जी.के. बिल्डकॉन रायपुर द्वारा भागीदार बी.एस. प्रसाद पिता बी.आर.जी. राव साकिन श्रीनगर खमतराई रायपुर

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदक प्रकाश चंद जैन पिता श्री गुलाब चंद जैन निवासी पार्शव अपार्टमेंट चौबे कॉलोनी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि मेसर्स जी.के. बिल्डकॉन रायपुर द्वारा भागीदार फर्म वाके मौजा शंकर नगर प.ह.नं. 110/63 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 555/1 रकबा 0.1365 हे. भूमि है जो आज दिनांक को फर्म के भागीदार पार्टनर श्री प्रकाशचंद जेन पिता श्री गुलाबचंद जैन, बी.एस. प्रसाद पिता बी.आर. जी. राव के नाम पर शासकीय राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आपसी सहमति से दिनांक 20.03.2020 को नोटरी द्वारा सत्यापित पार्टनरशिप डीड की कापी संलग्न है। जिस पर त्रिहिल जैन पिता स्व. विनोद कुमार जैन का नाम दर्ज किये जाने बाबत् सहमति की गई है। जिस पर उल्लेखित अंश किया गया है। उपरोक्त राजस्व अभिलेख से पार्टनर बी.एस. प्रसाद पिता बी.आर.जी. राव का नाम विलोपित कर वर्तमान पार्टनर त्रिहिल जैन पिता स्व. विनोद कुमार जैन का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायपुर के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिस पर प्रकरण में सुनवाई दिनांक 06.10.2023 को नियत है।

अतः आवेदित भूमि के आप अभिलिखित भूमिस्वामी हैं। अतः आपको कोई आपत्ति हो तो नियत सुनवाई तिथि 06.10.2023 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध विधिवत एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार रायपुर

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
Phone No. :- 07749-222370, Email Id:- ee-res.balod@gov.in

(Zonal Tender) सूचना द्वितीय बार

क्रमांक/43/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2023-24 बालोद, दिनांक 26.09.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) हेतु जनपद पंचायत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) बालोद ग्रुप (स) निविदा हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01.11.2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित तथा सिविल कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01. 01.2015 एवं नलकुप खनन हेतु प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 05.10.2023 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है तथा प्राप्त निविदाओं को दिनांक 06.10.2023 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

(1) निविदा राशि रू. 20.00 लाख प्रत्येक ग्रुप
(2) अमानत राशि रू. 20000.00 प्रत्येक ग्रुप
(3) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 750.00 प्रत्येक ग्रुप

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल https://res.cg.gov.in/ अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 26.09.2023 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
जी-05749/1 बालोद जिला - बालोद (छ.ग.)

सीमांकन के संबंध में आम सूचना
कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर

जारी दिनांक 15.09.2023

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक प्रेसिडेंट बिल्डर्स प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर श्री दिव्यांग गुप्ता पिता श्री मनीष गुप्ता, डायरेक्टर श्री संजय अग्रवाल पिता श्री मदन लाल अग्रवाल निवासी खानपुर, डॉक्टर अंबेडकर नगर दक्षिण दिल्ली द्वारा आवेदित ग्राम बकतरा पटवारी हल्का नम्बर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल - मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 454, 455, 456, 472, 474, 482, 485, 487, 486, 490/1, 490/3, 491/1, 492/1, 495, 508, 510/1, 511, 518, 523, 527,531,532,533, 545/1, 545/2 545/4, 547, 548, 549, 556/1, 602, 603, 604/1, 604/2, 604/4, 605/1 605/2, 607, 608, 609, 610/1, 632, 633, 634, 635, 636, 637, 638, 639, 640, 641, 644, 645, 652/1,655, 656/2, 657, 658/1, 660, 661, 662, 663/1, 663/2, 664/1, 664/2, 665/1, 665/2, 666, 667, 668, 669,,670 671, 672, 674, 676, 677, 678, 679, 681, 1337/1, 1331/2, 1332/1 28.51. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश के परिपालन में दिनांक 03/10/2023 को समय 11 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो, वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 15 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वेध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा / आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला क्रमांक 202309104300083

विषय:-अ-6 अ मामले की श्रेणी:-राजस्व 2022-2023, जामुल (प.ह.न. 00001) पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार शिवनाथ कुमार साहु, अनावेदक पक्षकार

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक शिवनाथ कुमार साहू पिता हीरू राम साहू, निवासी ग्राम सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग द्वारा आवेदन पेश किया गया है, कि मौजा ग्राम जामुल प.ह.नं. 01, रा.नि.म. जामुल तहसील भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 359/55, रकबा 0.005 हे. भूमि आवेदक शिवनाथ कुमार साहू, गुरूवेन्द्र साहू के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। जिसमें सहखातेदार गुरूवेन्द्र साहू अपने हक व हिस्से की भूमि का विक्रय किया है जिससे उक्त भूमि में सहखातेदार के रूप में दर्ज गुरूवेन्द्र साहू का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ, ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न किया है। उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो नियत दिनांक 12.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधि मान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखीत रूप में अपनी आपत्ति पेश कर सकते है। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/09/2023 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उप तहसील-भिलाई-3

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, JAGDISH MEHTA S/O LALSHANKAR MEHTA resident of FLAT NO. C-202, OPPOSITE AROGYA HOSPITAL, KUBER APPARTMENT SHANKAR NAGAR RAIPUR 492007 (C.G.) have changed my old name JAGDISH MEHTA S/O LALSHANKAR MEHTA so in future I should be recognized by my new name that is JAGDISH LALSHANKAR MEHTA S/O LALSHANKAR MEHTA in all Government and other documents.

JAGDISH LALSHANKAR MEHTA
FLAT NO. C-202, OPPOSITE AROGYA HOSPITAL, KUBER APPARTMENT SHANKAR NAGAR RAIPUR 492007 (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NIRMALA MEHTA D/O BHEMJI PANDE resident of FLAT NO. C-202, OPPOSITE AROGYA HOSPITAL, KUBER APPARTMENT SHANKAR NAGAR RAIPUR 492007 (C.G.) have changed my old name NIRMALA MEHTA D/O BHEMJI PANDE so in future I should be recognized by my new name that is NIRMALA JAGDISH MEHTA W/O JAGDISH MEHTA in all Government and other documents.

NIRMALA JAGDISH MEHTA
FLAT NO. C-202, OPPOSITE AROGYA HOSPITAL, KUBER APPARTMENT SHANKAR NAGAR RAIPUR 492007 (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DEEPAK KUMAR S/O MANVEER SINGH VIDHURI resident of HOUSE NO 55 FORTUNE RECIDENCY TATIBANDH RAIPUR (C.G.) have changed my old name DEEPAK KUMAR S/O MANVEER SINGH VIDHURI so in future I should be recognized by my new name that is DEEPAK VIDHURI S/O MANVEER SINGH VIDHURI in all Government and other documents.

DEEPAK VIDHURI
HOUSE NO 55 FORTUNE RECIDENCY TATIBANDH RAIPUR (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, TUKESHWARI D/O TEEKAM SINGH resident of CHAROTA BHENDRA WARD NO-4, CHARAUTA DHAMTARI (C.G.) have changed my old name TUKESHWARI D/O TEEKAM SINGH so in future I should be recognized by my new name that is TINA RAY D/O TEEKAM SINGH in all Government and other documents.

TINA RAY
CHAROTA BHENDRA WARD NO-4, CHARAUTA DHAMTARI (C.G.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

निविदा विज्ञप्ति क्र. 7394/26/नि.वि./लोनिवि/2023-2023 दिनांक 27.09.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :10.10.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 18.10.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि : 19.10.2023 अपरान्ह 11.30 बजे तक

एन.आई.क्र. निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
01	02	03
26 T0158	उप संभाग डोंगरगढ़ के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों में बी.टी./डब्ल्यू.एम.एस. पेच मरम्मत कार्य	20.00
26 T0159	उप संभाग डोंगरगढ़ के अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गों में बी.टी./डब्ल्यू.एम.एम.पेच मरम्मत कार्य	20.00

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से एवं शेष नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
जी-05805/1 राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
उद्घोषणा

आनलाईन नं. 202309211100147
31/2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्वजीत सिंह कश्यप पिता/पति शिशुपाल सिंह कश्यप निवासी ग्राम-मारो, तहसील-नवागढ़, जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम-अवरेठी पहू.न.10 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 123/53 रकबा 0.007 हेक्टेयर अर्थात 800 वर्गफुट, भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1, प्रिंट नक्शा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति संहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 06/10/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी(स) भाटापारा

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.....ब/ 121 वर्ष 2022-2023
ग्राम का नाम बोरसी ध

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लखन लाल साहू पिता श्री परदेशी राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम बोरसी ध प.ह.नं. 33 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्र फलित लाल साहू पिता श्री लखन लाल साहू माता का नाम श्रीमती अहिल्या बाई साहू का जन्म दिनांक 25.09.2001 (स्थान) ग्राम बोरसी ध का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म / मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत बोरसी ध तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता, सरपंच प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 06-10-23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 06-10-23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20-09-23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा (छत्तीसगढ़)

आम सूचना
सेवा पुस्तिका में निवास स्थान का पता परिवर्तन कराने के संबध में

मैं नीलकंठ साहू पिता श्री सजीवन साहू जाति तेली निवासी वार्ड नंबर 02 सुभाष नगर गुरूर तहसील गुरूर जिला-बालोद का स्थाई निवासी हूं। मैं असम रायफल में हवलदार (जी.डी.) के पद पर पदस्थ हूं। जिसमें मेरा सेवा पुस्तिका सर्विस बुक में मेरा पुराना पता ग्राम सुर्रा पो. निपानी तहसील गुरूर जिला दुर्ग NRS दुर्ग 70 K.M. अंकित है। वर्तमान में मेरे निवास स्थान में परिवर्तन हो गया है। मैं वर्तमान में स्थाई रूप से वार्ड क्रमांक 02 सुभाष नगर गुरूर पो. गुरूर जिला-बालोद छ.ग. NRS 30 K.M. पिन नंबर 491227 में निवास कर रहा हूं। इसलिए मैं अपने सेवा पुस्तिका सर्विस बुक में अपना स्थाई पता वार्ड क्रमांक 02 सुभाष नगर गुरूर पो0 गुरूर जिला-बालोद छ.ग. NRS 30 K.M. पिन नंबर 491227 दर्ज करवाना चाहता हूं। मैं इस संबध में नोटरी महोदय गुरूर जिला-बालोद के समक्ष एक शपथ पत्र भी निष्पादित करा दिया हूं।

अतः यह आम सूचना एवं शपथ पत्र मुझे अपने सेवा पुस्तिका सर्विस बुक में अपने निवास में परिवर्तन करने हेतु आवश्यकता हुई है।

सो सूचना जाने
दिनांक:-30/09/2023

भवदीय
नीलकंठ साहू पिता श्री सजीवन साहू निवासी वार्ड नंबर 02 सुभाष नगर गुरूर, पोष्ट गुरूर तह. गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.)

आम सूचना
दो नाम का एक ही व्यक्ति (महिला) होने के संबध में

मैं सतरूपा राजपूत पिता श्री डोमार सिंह राजपूज जाति राजपूत निवासी ग्राम खुंदनी वार्ड नंबर 13 तह. गुरूर जिला-बालोद की निवासी हूं। मेरा बैंक आफ बड़ोदा शाखा गुरूर में खाता है जिसका खाता क्रमांक 3047961 एवं खाता क्रमांक 3041421 1201 है। जिसमें मेरा नाम रत्नामाला पिता पालन सिंह अंकित है। जबकी मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सतरूपा राजपूत पिता डोमार सिंह राजपूत दर्ज है। मैं सतरूपा राजपूत पिता डोमार सिंह राजपूत एवं रत्नामाला पिता पालन सिंह दोनो नाम की एक ही महिला हूं। मुझे दोनो ही नाम से जाना एवं पहचाना जाता है।

दोनों नाम की मैं एक ही महिला होने की पुष्टि में मैने दिनांक 22 सितम्बर 2023 को नोटरी महोदय गुरूर के समक्ष एक शपथ पत्र भी निष्पादित करा दी हूं। इस प्रकार मैं सतरूपा राजपूत पिता श्री डोमार सिंह राजपूत एवं रत्नामाला पिता श्री पालन सिंह दोनो नाम की एक ही महिला हूं।

तदनुसार यह आम सूचना एवं शपथ पत्र प्रस्तुत है।

दिनांक::-30/09/2023

भवदीय
सतरूपा राजपूत पिता श्री डोमार सिंह राजपूत निवासी ग्राम खुंदनी तह. गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क. 202309211100097
अ/20 (2) वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुशीला बाई स्व. नवरंग लाल अग्रवाल निवासी भाटापारा तहसील-भाटापारा बलौदाबाजार-भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक जिला-11-सी भूखण्ड क्रमांक- 122/1, 122/ 2 क्षेत्रफल क्रमशः 101 एवं 137 वर्गमीटर, निर्धारण क्रमशः 12.10 रु. एवं 16.45 रु. भूमि जो कि नजूल अभिलेख में आवेदिका के एकल नाम पर दर्ज है। जिसका पट्टा / लीज की म्याद अवधि वर्ष 2010 में समाप्त होने का उल्लेख करते हुए आवासीय प्रयोजन हेतु पट्टा नवीनीकरण कर भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदिका अपने आवेदन के साथ शपथपत्र भेंटनेंस खसरा एवं पट्टे की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 05/10 /2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी भाटापारा

न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क. 202309211100096
अ/20 (2) वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामगोपाल पिता रामविशाल गुप्ता निवासी भाटापारा तहसील-भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक- 12 सी, भूखण्ड क्रमांक- 17, क्षेत्रफल 32 वर्गमीटर, भूमि जो कि नजूल अभिलेख में आवेदक के एकल नाम पर दर्ज है। जिसका पट्टा/लीज की म्याद अवधि वर्ष 2009 में समाप्त होने का उल्लेख करते हुए आवासीय प्रयोजन हेतु पट्टा नवीनीकरण कर भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक अपने आवेदन के साथ शपथपत्र, मेंटनेंस खसरा एवं पट्टे की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 05/10 /2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी भाटापारा

न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क. 202309211100098
अ/20 (3) वर्ष- 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामअवतार पिता बिसंभर अग्रवाल एवं 03 निवासी गाँधी मंदिर वार्ड भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 12-ए, प्लाट नंबर 43/1, क्षेत्रफल 979.52 वर्गफुट, निर्धारण 39.00 रुपये भूमि आवेदकगण एवं अनावेदिकागण प्रेमबाई पिता बिसंभर अग्रवाल एवं 02 अन्य के नाम पर संयुक्त रूप से नजूल अभिलेख में दर्ज है। अनावेदिकागण द्वारा उक्त भूमि में से अपने-अपने हिस्से की भूमि को पंजीकृत हकत्याग विलेख क्रमांक 945 दिनांक 05/07/2023 के माध्यम से आवेदकगण के पक्ष में हकत्याग निष्पादित किया गया है। उक्त हकृत्यागपत्र के आधार पर आवेदित भूमि के नजूल अभिलेख से अनावेदिकागण का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 05/10 /2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पचात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी भाटापारा

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र....... ब/ 121 वर्ष 2022 2023
ग्राम का नाम मिरगी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शशिकांत साहू पिता श्री सोहनलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम मिरगी प.ह.नं. 43 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्र शिवम साहू पिता श्री शशिकांत साहू माता का नाम श्रीमती देवकी साहू का जन्म दिनांक 13.01.2005 (स्थान) ग्राम मिरगी का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/ मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत मिरगी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता, सरपंच प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन हैं, तथा दिनांक.. 29/09/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 29/09/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/09/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा (छत्तीसगढ़)

नगरों में चलेगा आज सामूहिक स्वच्छता अभियान

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 01 अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान अभियान के अवसर पर समस्त नागरिकों को समय निकालकर श्रमदान के इस अभियान में सहयोग की अपील की है और गांधी जयंती के अवसर पर राज्य के हर गली मोहल्ले को सेवाग्राम बनाने में अपना योगदान देने हेतु प्रयास करने का आव्हान किया है।

1 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे, छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त 169 शहरों ने स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान का आह्वान किया गया है। इसका स्वागत सभी नागरिकों ने किया है और वे शहरी स्वच्छता के लिए स्वामित्व लेने में उत्साहित हैं। छत्तीसगढ़ राज्य को लगातार स्वच्छतम राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जिससे स्वच्छता का छत्तीसगढ़ मॉडल सफल हो रहा है। नगरीय निकायों में 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों से सामूहिक रूप से साफ-सफाई के लिए श्रमदान की अपील की है, जो गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर बापू के सपने को साकार करेगी।

■ मुख्यमंत्री आम नागरिकों से श्रमदान की अपील

हर नगरीय निकाय ने स्वच्छता अभियान के लिए हर वार्ड में स्थलों का चयन किया है। ये स्थल स्वच्छता ही सेवा-सिटिजन पोर्टल पर उपलब्ध हैं। निजी और धार्मिक संगठन जो स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं, वे इस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

गतिविधियों के समापन पर, संगठनों को कार्यक्रम में भाग लेने वालों की संख्या और मुख्य घटनाओं का विवरण प्रदान करना होगा। लोग अपनी तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं और सोशल मीडिया पर जैसे हैशटैग्स के साथ शेयर भी कर सकते हैं।

इस कार्यक्रम में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, घर-घर से कचरा इकट्ठा करने वाली दीदियां 'एक-एक को 1 तारीख को एक घंटा आना है' इस आमंत्रण को घर-घर जाकर दे रही हैं। नागरिकों से अपने स्वच्छता उपकरण जैसे झाड़ू, बाल्टी, फावड़ा आदि लाने की अपील की गई है।

रायपुर शहर के प्रत्येक वार्ड में 2 कार्यक्रम और अन्य शहरों में प्रत्येक वार्ड में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राज्य में अभिनव पहल के तहत 138 अर्बन फारेस्ट (कृष्ण कुंज), राज्य के 500 से अधिक शमशान एवं कब्रिस्तान, समस्त बड़े मंदिर परिसर आदि को सम्मलित करते हुए राज्य के कुल 3255 वार्ड में कुल 3325 कार्यक्रम किए जा रहे है। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने सभी नागरिकों से इस अभियान में सहयोग की अपील की है।

आज अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

वर्तमान पीढ़ी बुजुर्गों का करें सम्मान, अपनत्व के साथ जरूरत का रखें ध्यान

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। 'बेटा जब भी काम में जाओगे तो बस यही कह देना कि मैं काम में जा रहा हूं और काम से लौटने के बाद भोजन के समय पूछ लेना कि भोजन कर लिए क्या ? इससे ज्यादा मुझे कुछ और नहीं चाहिए बेटा। मैं पैसे या अन्य वस्तुओं के लिए कोई मांग भी नहीं करूंगा। अब इस दुनिया तुम्हारी माँ नहीं है, तुमको मालूम बेटी ससुराल चली गई है, जो कुछ हो अब तुम ही लोग हो। यह कोई कहानी का अंश नहीं है बल्कि इस तरह एक वृद्ध पिता की अपेक्षा अपने बच्चों से होती है।' संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि 'वृद्ध व्यक्ति ज्ञान और अनुभव के अमूल्य स्रोत हैं और उनके पास शांति, सतत विकास और हमारे गृह की सुरक्षा में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है।'

यह महत्वपूर्ण संयोग है कि हिंदू पंचांग के अनुसार, पितृपक्ष शुरू हो चुका है। और आज अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस है। बुजुर्गों का सम्मान, प्रेम, सहयोग और आत्मीयता और उनकी जरूरतों को समझना आज की पीढ़ी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आए दिन खबर पढ़ने, सुनने को मिल जाता है कि परिवार, समाज में बुजुर्गों का अपमान और उनके स्वास्थ्य, जरूरतों को अनदेखी किया जाता है, ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि किसी भी परिस्थितियों में अपने वृद्धजन का सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहिए। एक तरफ पितृ पक्ष चल रही है, जिसमें मृत व मोक्ष प्राप्त रिश्ते को जल अर्पण किया जा रहा है, ऐसे में हम जीवित दादा-दादी, नाना-नानी, माता-पिता व घर परिवार में रहने वाले वृद्धजन का ध्यान रखने की आवश्यकता है। वे अपने दु:ख-दर्द को किसके पास साझा करें यह सोचते हुए दिन काट रहे हैं। विदित हो कि 14 दिसंबर 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में नामित किया था।

■ वृद्धजन दिवस में स्वास्थ्य, सुरक्षा और सहयोग का लें संकल्प

जैसे कि प्रत्येक जीवधारी उत्पन्न होने के पश्चात् क्रमश:, बाल्यावस्था, किशोरावस्था, युवावस्था, अधेड़ावस्था एवं वृद्धावस्था से गुजरता है। वृद्धावस्था को जीवन संध्या भी कहा जाता है, क्योंकि यह जीवन का अंतिम पड़ाव होता है। इस अवस्था तक आते आते मानव शरीर थकने लगता है, शारीरिक क्रियाएं उम्र के साथ साथ शरीर को शिथिल करने लगती हैं। वैसे तो चिकत्सा जगत में आश्चर्य जनक प्रगति हुई है, परन्तु कोई बुजुर्ग आर्थिक रूप से पराधीन है अथवा निम्न स्त्रोत का उपभोक्ता है, तो निश्चित तौर पर उसके लिए रोग का निदान कर पाना मुश्किल हो जाता है। संवेदन हीनता, किसी बीमार को आश्रय और सुकून देने में सक्षम नहीं हैं। यह तो सत्य है की प्रत्येक इन्सान को मौत आनी है, परन्तु यह भी सत्य है ऐसा कोई निश्चित नहीं है की पति और पत्नी एक साथ दुनिया से विदा लें, अर्थात दोनों की मृत्यु एक समय पर हो किसी एक को पहले जाना होता है। दाम्पत्य जीवन में अकेला रहने वाला व्यक्ति एकाकी पन का शिकार होता है। किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन साथी की सबसे अधिक आवश्यकता प्रौढ़ अवस्था में होती है। प्रौढ़ावस्था में अपने विचारों के आदान प्रदान का एक मात्र मध्यम जीवन साथी ही बनता है। वृद्धवस्था में बीमारी एवं दु:ख दर्द में सेवा, सहानुभूति, सहयोग मुख्यत: जीवन साथी से प्राप्त होता है। इसलिए वृद्ध व्यक्ति को भी अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए उसी विचारधारा के लोगों की जरूरत होती है।

प्रत्येक वृद्ध इतना सौभाग्यशाली नहीं होता, की वह जीवन के अंतिम पड़ाव तक आत्मनिर्भर बना रहे, अर्थात उसका आए स्त्रोत उसके भरण पोषण के लायक जीवन पर्यंत बने रहें। अनेक वृद्धों को आर्थिक रूप से अपने परिजनों जैसे पुत्र, पुत्री, भाई इत्यादि पर निर्भर रहना पड़ता है। उसके व्यक्तिगत खर्चे परिजनों की आय से पूरे होते हैं, जिसमे अनेक बार असहज स्थितियों का सामना इन वृद्धजनों को करना पड़ता है। व्यक्ति का आत्मसम्मान भी दांव पर लग जाता है। कभी कभी आवश्यकताएं पूर्ण भी नहीं हो पातीं। बीमारी, इत्यादि में साधनों का अभाव कचोटता है। उसे मानसिक वेदनाओं का शिकार होना पड़ता है। कभी उसे आत्मग्लानी होती है, उसे अपना जीवन निरर्थक लगने लगता है। महिला वृद्ध जो पहले गृहणी रही हैं उनके लिए आर्थिक निर्भरता कोई व्यथा का कारण नहीं बनती क्योंकि वह पहले भी अपने पति पर निर्भर थी उसके पश्चात् अन्य परिजन पर निर्भर हो जाती है। परन्तु पुरुष जिसका पहले परिवार का पालनहार था और अब उसे स्वयं किसी अन्य परिजन की आय पर निर्भर होना पड़ता है।

सामाजिक व्यवस्था ने बुजुर्गों के लिए अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। संयुक्त परिवार बिखर कर एकल परिवार बन चुके हैं। बढती जनसंख्या की समस्या, बढ़ता जीवन स्तर एवं बढती प्रतिस्पर्द्धा के कारण प्रत्येक दम्पति के लिए सीमित परिवार की अवधारणा को स्वीकार करना आवश्यक हो गया है।

नवनियुक्त 6 हजार से अधिक शिक्षकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। सत्र 2023 में नवनियुक्त 6 हजार से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वर्तमान नियुक्त 6 हजार 607 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना है। इनमें 2 हजार 496 सहायक शिक्षक, 3 हजार 875 शिक्षक और 236 व्याख्याताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन शिक्षकों का प्रशिक्षण 15 चरणों में सम्पन्न होगा।

■ प्रथम चरण में 500 शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण 9 से 13 अक्टूबर तक

प्रथम चरण में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में नवनियुक्त शिक्षकों का 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 9 से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण अंजनेय यूनिवर्सिटी (केआईटीई) नरदहा रायपुर में सरगुजा और बलरामपुर जिले के 100-100 शिक्षकों तथा बस्तर कोण्डागांव, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 100-100 शिक्षकों का प्रशिक्षण एससीईआरटी शंकर नगर रायपुर में आयोजित किया गया है।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी नहीं हुई ईसाई समाज के कब्रिस्तान की सफाई

सिमगा, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी नहीं हुई है ईसाई समाज के कब्रिस्तान की सफाई। अभी भी डाला जा रहा है गंदा कचरा।

ईसाई समाज सिमगा के कब्रिस्तान में नगर पंचायत द्वारा पूरे शहर का गंदा कचरा को जमा करके डाला जा रहा है जिसके चलते पूरे कब्रिस्तान में गंदगी पसरा हुआ है और चारों तरफ बदबू फैल गया है। जिसकी शिकायत नगर पंचायत में समाज के लोगों के द्वारा कई बार की गई किंतु किसी भी प्रकार की सफाई नहीं होने के कारण आखिरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास समाज के लोगों द्वारा इसकी शिकायत की गयी। जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय से 6 जुलाई 2023 को बलौदाबाजार कलेक्टर को पत्र जारी कर कब्रिस्तान की जल्द से जल्द सफाई कर जानकारी देने कहा था। वहीं पत्र मिलने के बाद बलौदाबाजार कलेक्टर द्वारा नगर पंचायत सिमगा को 8 अगस्त 2023 को पत्र जारी कर तत्काल जवाब मांगा गया था। किंतु आज 30 सितंबर बीत जाने के बाद भी नगर पंचायत सिमगा द्वारा अभी तक ना ही सफाई की गयी है और न ही गंदा कचरा डालना बंद किया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है की सिमगा नगर पंचायत को मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के आदेश का कोई फर्क नहीं पड़ता है ।

हमर राज पार्टी 50 सीटो पर लड़ेगी चुनाव: नेताम

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज के नेता और नवगठित हमर राज पार्टी के संरक्षक अरविंद नेताम ने कहा है उनकी पार्टी ने 50विधान सभा सीटों पर चुनाव लडने का फैसला लिया है।बस्तर की सभी 12सीटो के साथ अन्य आदिवासी सीटो पर भी प्रत्याशी उतारे जाएंगे।इसके अलावा सामान्य वर्ग वाली सीटो पर भी चुनाव लडा जाएगा। जिससे इस बार चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होगा।

शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के संरक्षक अरविंद नेताम,अध्यक्ष अकबर कोरार्म ने कहा उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी।लेकिन बसपा के साथ सीटो का बटवारा होगा।इसके लिए चर्चा चल रही है।श्री नेताम ने कहा अभी पार्टी को चुनाव चिन्ह नहीं मिला है।हम 90 में से 50सीटो पर चुनाव लडेंगे।उन्होंने आरोप लगाया जल जंगल और जमीन से आदिवासियों को बेदखल किया जा रहा है। अंग्रेजो के समय के हालात पैदा हो रहे है।

भाजपा और कांग्रेस से जुड़े आदिवासी सांसद और विधायक समाज के हितों को लेकर मूक दर्शक बने हुए है।एस्मा कानून को कमजोर कर दिया गया जो चिंता का विषय है। श्री नेताम ने कहा कांग्रेस=भाजपा दोनों दलों ने आदिवासियों की 23 सुतीय मांगों पर ध्यान नहीं दिया।जिसके कारण। सर्व आदिवासी समाज को राजनीति में उतरना पड़ा।

तेज रफ्तार कार ने मारी ठोकर, साइकिल चालक की नहर में गिरने से मौत

कवर्धा, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। नेशनल हाइवे 30 रायपुर जबलपुर मार्ग में तेज रफ्तार ने आर्टिका कार ने साइकिल सवार को जोरदार ठोकर मार दी. ठोकर इतना जबरदस्त था साइकिल सवार सड़क से 20 फिट दूर नहर में जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. वहीं कार पेड़ से जा कराई. कार में सवार आधा दर्शन से ज्यादा लोगों को चोट आई है. जिसमें दो महिला और दो बच्ची शामिल है. यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है.

जानकारी के अनुसार, ये घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 30 रानी सागर गांव के पास की है. जहां अनियंत्रित आर्टिका कार ने साइकिल सवार को ठोकर मार दी जिससे साइकिल सवार की मौके पर ही मौत ही गई और कार पेड़ से जा टकराई. घटना की सूचना डायल 112 को दी गई. डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और कार में सवार महिला, पुरुष और बच्चों को घायल अवस्था मे जिला अस्पतला में भर्ती कराया, जहां सभी का इलाज जारी है. वहीं मृत व्यक्ति बहादुर पात्रे को ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से नहर से बाहर निकाला. पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया है.

बताया जा रहा है ऑर्टिका कार देर रात सुकमा से कवर्धा की ओर आ रही थी और साइकिल सवार मृतक बहादुर पात्रे राइस मिल जा रहा था. उसी दौरान अचानक तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी, जिससे मौके पर ही साइकिल सवार मौके पर दम तोड़ दिया. मृतक दुल्लापुर निवासी बताया जा रहा है. वहीं सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

शहीद राजेश ध्रुव पंचतत्व में विलीन

गरियाबंद, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। गरियाबंद के वीर सपूत राजेश ध्रुव का आज उनके गृह ग्राम रवेली में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने हवाई फायरिंग कर उन्हे 'गार्ड ऑफ ऑनर दिया। ज्ञात हो कि जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम रवेली के रहने वाले राजेश ध्रुव, बुधवार को झारखंड में हुए एक आईडी ब्लास्ट में शहीद हो गए थे। झारखंड में सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन में आरक्षक के रूप में पदस्थ थे।आज दोपहर ही उनका पार्थिव शरीर गृह ग्राम रवेली पहुंचा। परिजनों और ग्रामीणों के दर्शन के बाद यही से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। उनके अंतिम यात्रा में हज़ारो की संख्या में लोग शामिल हुए। राजेश के पिता ने उन्हें मुखाग्नी दी।

■ पूरा गांव हुआ गमगीन, पार्थिव देह पर लिपटे तिरंगे को पाकर पूरे गाँव ने किया गर्व से सैल्यूट

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित जनसैलाब ने नम आँखों से शाहिद जवान राजेश धुर्व को श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम के दौरान पूरा महोल ग़मगीन रहा वीर सपूत राजेश की परिजनों और उसकी बिलखती माँ के आशुओं को देख कर उपस्थित जन समूह की आँखे भी भीग आई इस दौरान लोगो ने राजेश धुर्व अमर रहे भारत माता की जय जय हिन्द के गगनचुम्भी नारे भी लगाये

इसके पहले गरियाबंद पहुते ही शाहिद जवान राजेश धुर्व को जगह जगह श्रद्धांजलि दी गई राजिम कोपरा पांडुका गरियाबंद के अलावा विकासखंड मुख्यालय छुरा में भी बड़ी संख्या में लोग शाहिद जवान के पार्थिव शरीर के दर्शन और उन्हें श्रद्धांजलि देने एकजुट हुए थे

जानकारी के मुताबिक़ आज सुबह क़रीब 9 बजे विशेष विमान से शाहिद राजेश धुर्व का पार्थिव शरीर रायपुर पहुँचा जहां से एसडीएम भूपेन्द्र साहू डीआईजी सीआरपीएफ़ एवं ज़िला पुलिस बल के अगुवाई में शहीद जवान एक पार्थिव शरीर एयरपोर्ट रायपुर से गृह ग्राम रवेली के लिए रवाना हुआ था क़ाफ़िले में पुलिस और सीआरपीएफ़ के टीम भी मौजूद रही पार्थिव शरीर को साजसज्जा के साथ अलग से ट्रक में रखा गया था जगह जगह लोगो ने ट्रक पर पुष्पवर्षा भी की

यात्री बस और लॉरी की टक्कर, 2 की मौत, 14 घायल

■ किलेपाल में भीषण सड़क हादसा

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिले में कोडेनार थानांतर्गत किलेपाल में आज शाम साढ़े पांच बजे बस और लॉरी में भीषण टक्कर हो जाने से दो यात्रियों की मौत हो गई जबकि 14 यात्री घायल हो गए। घायलों में आधा दर्जन अधिक गंभीर बताए गए हैं। केशलुर पुलिस एसडीओपी ऐशवर्य चंद्राकर ने बताया कि शुक्रवार की शाम बीजापुर से आ रही राजस्थान ट्रेवल्स की बस को दंतेवाड़ा की ओर जा रही लॉरी से आमने- सामने की टक्कर हो गई, जिससे बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि बस में सवार 14 यात्री घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक आज बीजपुर से 50 यात्रियों को लेकर आ रही राजस्थान ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 18 एफ 0251 को कोड़ेनार थाना क्षेत्र में किलपाल के पास शाम लगभग साढे पांच बजे सामने से आ रही लोहे से भरी लॉरी ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में हडकंप मच गया और बस से बाहर निकलने लगे। इस हादसे के दौरान एक बाइक सवार भी इस हादसे की चपेट में आ गया, लेकिन उसने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचा ली जबकि गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बस और लॉरी के ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हुए है जिनका उपचार किया जा रहा है। वहीं अन्य घायलों में सोनल वानखेड़े 28 वर्ष, मंगली तेलाम 55 वर्ष, अनिता तेलाम 30 वर्ष, सुरेंद्र तिवारी 55 वर्ष व सीआरपीएफ का एक जवान भी शामिल है।



सीएमडी की स्वयं सेवक अलीशा को मिला इंदिरा गांधी पुरस्कार, राष्ट्रपति द्रौपदी ने किया सम्मानित

बिलासपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। बिलासपुर शहर के सीएमडी कॉलेज की छात्रा अलीशा अंसारी को पर्यावरण और मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका अलीशा अंसारी ने पिछले 3 सालों में 837 पौधे लगाए, वही 200 से अधिक पौधे बांटकर उन्हें लगाने के लिए दूसरों को प्रेरित किया। इतना ही नहीं जिन पौधों को लगाया गया, उनकी मॉनिटरिंग भी की गई। स्वयं रक्तदान करने के साथ अलीशा ने अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस तरह से उन्होंने 250 से अधिक लोगों की रक्तदान के माध्यम से मदद की। नशा मुक्ति के क्षेत्र में भी अलीशा अंसारी ने महत्वपूर्ण कार्य किया है। अलीशा अंसारी का गोद ग्राम निरसा एवं महाविद्यालय परिसर में विधिक सेवा कार्यों के लिए सत्र 2021- 22 हेतु इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने के लिए चयनित किया गया। इससे पहले प्रदेश में यूनिवर्सिटी को भी बेस्ट राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

कसडोल-पिथौरा-महासमुंद मार्ग सहित क्षेत्र के कई गावों को जोड़ने वाली सड़क जर्जर

कसडोल/बलौदाबाजार, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। कसडोल विकास की लगभग सभी सड़के बदतर स्थिति में है। एक ओर जहा कसडोल पिथोरा और कसडोल महासमुंद मार्ग सहित क्षेत्र के कई गावों को जोड़ने वाली मार्ग काफी जर्जर हो गई है। वही अंदरूनी गावों की सड़के भी गड्ढों में तब्दील हो जाने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसका संबंधित अधिकारियों को कोई लेना देना नही है।

पिछले दिनों इस संबंध में खबर प्रकाशित किया था जिसके बाद कसडोल सिरपुर मार्ग पर कही कही गड्ढों को भरा तो जा रहा है पर उसमें भी भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सभी गड्ढों को न भर कर मात्र कुछ गड्ढों में पत्थर की चूरा को डाल कर मरम्मत के नाम पर खाना पूर्ति किया जा रहा है। उक्त पत्थर की चूरा धूल बनकर उड़ रहा है जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। साथ कुछ जगहों पर रोड के ऊपर उक्त पत्थर के चूरा को ट्रेक्टर में और हाइवा में लाकर सड़को पर रखा हुआ है जिसका अवलोकन किया जा सकता है। पत्थर की चूरा को नहीं डालने के लिए क्षेत्र की जनता ने मांग किया है। अत: पत्थर की चूरा को डालने वाले ठेकेदार एवम लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत को स्पष्ट करता है कि मरम्मत के नाम पर खाना पूर्ति कर शासन को लाखो रुपए की चुना लगाया जा रहा है और आज भी क्षेत्र की जनता गड्ढे युक्त धूल भरी सड़को पर चलने के लिए विवश है।



■ इस मामले पर जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी है मौन

ज्ञात हो कि कसडोल से व्हाया सिरपुर होकर महासमुंद जाने वाली मार्ग जो बीच में मुंबई कलकत्ता नेशनल हाईवे को जोड़ती है तथा कसडोल से पिथौरा मार्ग यह भी मुंबई कलकत्ता नेशनल हाईवे को जोड़ती है दोनो ही मार्ग इन दिनों काफी जर्जर स्थिति में है। जबकि कसडोल में लोक निर्माण विभाग के एस डी ओ का कार्यालय है किंतु अनुविभागीय अधिकारी प्राय: मुख्यालय से बाहर रहते हैं जिसके कारण सड़को की बदतर स्थिति से अनिभिज्ञ है जिसकी खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रहे हैं। जिससे क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है इसका सीधा प्रभाव वर्तमान कांग्रेस सरकार पर भी पड़ सकता है। इस मार्ग में छोटे बड़े सैकड़ों गड्ढे हो जाने से दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसमें एक गड्ढा बचाओ तो दूसरा गड्ढा सामने आता है जिसके कारण करीब साठ किमी की रास्ते को तय करने में दो घंटे से ज्यादा का समय लग जाता है। वही यदि बारिश होने से इन गड्ढों में पानी भर जाने से गड्ढे का पता नही चलता और जिसके कारण कई बार छोटी वाहन चालकों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। कसडोल महासमुंद मार्ग पर ग्राम बोरसी निवासी राजेंद्र यादव, मिला राम यादव, दुर्गेश यादव, बसंत यादव सहित ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर ग्राम कोसम सरा, टेमरी, बगार, नंदनिया, परसदा, ठाकुर दिया, पैरा गुड़ा, पुटपुरा, भांडोरा, सुकदा, मूढ़ी पार, अर्जुनी, बलदा कछार एवम अवरई सहित दर्जनों गांव है जहां के लोगों को रोजाना विकास खंड मुख्यालय कसडोल जाना पड़ता है लेकिन रास्ता काफी जर्जर होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह कसडोल पिथोरा मार्ग में भी करीब 50 किमी दूरी तक कसडोल विकास खंड में आने के कारण इधर के गांव के लोगों को रास्ता खराब होने के साथ ही बीच में जंगली रास्ता और घाटी पड़ने के कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र के लोगों ने सड़कों का शीघ्र मरम्मत करने शासन प्रशासन से मांग की है।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी पी के गुप्ता से संपर्क करने पर बताया कि सिरपुर मार्ग में बगार, बोरसी, टेमरी के पास जो पत्थर का चूरा डालने की जानकारी आपके द्वारा मिल रहा है इसकी जानकारी मुझे नही है मेरे द्वारा नही डलवाया गया है। सब इंजीनियर से जानकारी लेकर बताऊंगा।

देशबन्धु पाठकों के लिए

माह सितम्बर 2023 का अखबार बिल

दिन	दर	रू.पै.
30 दिन	4.00	= 120.00
कुल 30 दिन		120.00

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 अक्टूबर 2023 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

01.10.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	5.10	85	170
चिल्हर	6.25	100	195

डिलीवरी 525 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

दोस्त- तू इतना मोटा कैसे हो गया?
पप्पू - वो हमारे घर फ्रिज नहीं है न!
दोस्त- उसका मोटे होने से क्या संबंध?
पप्पू- जो भी बचे खाना पड़ता है, कल के लिए नहीं रख सकते न!

प्रधानमंत्री की आमसभा के लिए सज रहा लालबाग मैदान

तैयार हो रहे तीन विशाल वाटरप्रूफ डोम, सभा में आने वालों लोगों के लिए व्यापक इंतजाम

- भाजपा के नेता, कार्यकर्ता कमर कस कर तैयारियों में जुटे, रोज हो रही संपन्न कार्यों की समीक्षा
- 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी बस्तर की जनता को संबोधित करेंगे
- ऐतिहासिक होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा, क्षेत्र की जनता व कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह : केदार कश्यप

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आम सभा के लिये लालबाग मैदान सज रहा है। जहाँ से 3 अक्टूबर को श्री मोदी बस्तर की जनता को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सभा को सुनने आने वाले लोगों के लिये व्यापक इंतज़ाम किये जा रहे है, जिसके लिये तीन विशाल डोम बनाने का काम जोरशोर जारी है। बार-बार बिगड़ते मौसम का ध्यान रखते हुये तीनों डोम वाटर प्रुफ होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुये लोगों के बैठने के लिये लालबाग मैदान के बड़े हिस्से को घेरा गया है। सुरक्षा के बेहद सख्त इंतज़ाम किये गये हैं।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा लालबाग मैदान में वर्ष 2018 को हुई थी। भारतीय जनता पार्टी पूरे उत्साह से श्री मोदी के बस्तर आगमन और उनकी आमसभा की तमाम तैयारियों को पूरा करने जुटी है। सभा में आने के लिये सभी समाज के प्रमुखों से भेंट कर भाजपा के नेता, पदाधिकारी आमंत्रण पत्र देकर समूचे समाज को ससम्मान आमंत्रित कर रहे हैं। वार्डों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों से जीवंत संपर्क बनाकर सभा के लिये निमंत्रित किया जा रहा है। भाजपा के बड़े नेता रोज शाम को बैठकें कर संपन्न कार्यो की समीक्षा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में किसी भी तरह की कमी न होने के निर्देश दिये गये हैं, जिसमें भाजपा के सभी बड़े नेताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपा गया हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा ऐतिहासिक होगी। श्री मोदी भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है। जिनके कुशल नेतृत्व में बीते नौ वर्ष में देश तरक्की की राह में तेजी से आगे बढ़ा हैं, मज़बूत हुआ है। आमजनता के लिये केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुँचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बस्तर आगमन से क्षेत्र की जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। सभा की सभी तैयारियां तेजी से पूर्ण की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री को दिया गया बस्तर दशहरा का न्योता

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष व सांसद बस्तर दीपक बैज के नेतृत्व में बस्तर दशहरा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा का न्योता दिया। विदित हो कि 75 दिवसीय विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व हरेली अमावस्या से प्रारंभ होकर आश्विन शुक्ल पक्ष के 13 वें दिन तक मनाया जाता है। देश के तीन भागों में दशहरे की अलग पहचान है, मैसूर एवं किन्नौर (हिमाचल प्रदेश) के अलावा छत्तीसगढ़ के बस्तर का दशहरा अपने आप में अनूठा है। वर्तमान में बस्तर के निवासियों द्वारा बस्तर अंचल की प्रमुख आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी के सम्मान में श्रद्धापूर्वक दशहरा मनाया जाता है। बस्तर दशहरा यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस पर्व में समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए कार्य निर्धारित है। बस्तर दशहरा हर वर्ष अद्वितीय उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाता है। बस्तर दशहरा देखने के लिए देश-विदेश से हजारों पर्यटक हर वर्ष बस्तर आते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को निमंत्रण देने रायपुर आए प्रतिनिधिमंडल में बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मंगडू मांझी, बस्तर दशहरा समिति के सचिव यूके मानकर तथा मांझी-चालकी मेम्बर- मेम्बरीन,पुजारी- सेवादार एवं बस्तर दशहरा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के खिलाफ सर्व आदिवासी समाज का धरना प्रदर्शन : लखमा

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी 2 अक्टूबर को सर्वआदिवासी समाज और अन्य समाज का धरना प्रदर्शन नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के खिलाफ है। इसमें कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है। 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री जगदलपुर आ रहे हैं उनका स्वागत है, इसमें कांग्रेस का कोई विरोध नहीं है। प्रधानमंत्री की आमसभा स्थल में कांग्रेस पार्टी का बैनर, पोस्टर लगाने वाली बात कही जा रही है जो सही नहीं है। प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने जारी बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2022 में उद्योग मंत्री होने के नाते मैंने विधानसभा में बिल पेश किया था जिसे सर्वसम्मति से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया था लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया है। नगरनार क्षेत्र के किसानों ने एनएमडीसी को स्टील प्लांट बनाने के लिए जमीन दी थी। प्रभावित लोग और बस्तरवासियों का मानना है कि एनएमडीसी ही स्टील प्लांट लगाए उसका निजीकरण न हो। क्योंकि इस स्टील प्लांट से हजारों युवाओं और व्यापारियों का हित जुड़ा हुआ है। यदि एनएमडीसी स्टील प्लांट नहीं चला सकती तो राज्य सरकार चलाएगी। इस संबंध में कांग्रेस का स्पष्ट मानना है। बस्तर का लोहा जापान जा रहा है यहीं पर स्टील बनेगा तो बस्तर, प्रदेश और देश का भला होगा। जनता से जुड़े इस मामले में केंद्र सरकार को बस्तर हित में फैसला लेना चाहिए क्योंकि बस्तर के लोग निजी हाथों में स्टील प्लांट जाना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रवास को लेकर लालबाग में बैनर पोस्टर लगाना और निजी तथा शासकीय वाहनों का अधिग्रहण जैसे भ्रामक प्रचार अनुचित है, कांग्रेस ऐसी ओछी राजनीति नहीं करती है। जो भी विरोध प्रदर्शन हो रहा है वह स्टील प्लांट के निजीकरण के खिलाफ सर्वआदिवासी समाज का धरना प्रदर्शन है।

प्रधानमंत्री का स्वागत है, कांग्रेस का कोई विरोध नहीं

विकास विरोधी सीपीआई और भाजपा के बहकावे में न आएं : लखमा

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने 20.72 लाख की लागत से नव निर्मित प्राथमिक शाला भवन का उद्घाटन किया। साथ ही 4 लाख की लागत से रंग मंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री का आत्मीय स्वागत किया। मंत्री ने कांग्रेस सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मनीष कुंजाम दो बार के विधायक रहे लेकिन जनता के लिए कुछ काम नही किए। उल्टा सड़क निर्माण व पुलिस थाना का विरोध करने वाले लोग आदिवासी के हित को छोड़ अपनी राजनीति चमकाने का काम कर रहे है ये कैसे लोग है जो विकास का विरोध करते है क्या ऐसे लोग आपकी भलाई का काम कर सकते है। उन्होंने जनता से पूछा ऐसे विकास विरोधी को वोट देना है या कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजना को लागू करने वाली सरकार चाहिए। मनीष कुंजाम आदिवासियों को गुमराह करने का काम कर रहे है। किसी भी बहकावे में नही आना है। हमारी सरकार ने लोहांडीगुड़ा का जमीन वापस करने का काम किया। युवाओं को रोजगार, बेरोजगारी भत्ता, देवगुड़ी का निर्माण, वन अधिकार पट्टा देने का काम कर रही है। 2640 में धान खरीदी कर रही है आने वाले समय में 2800 में धान खरीदा जाएगा। भाजपा वालों ने सलवा जुडूम के माध्यम से बस्तर को जलाने का काम किया है। आज बस्तर बदल रहा है हमारी सरकार का उद्देश्य है शांति सुरक्षा और विकास। भूमिहीन को पैसा, बेरोजगारी भत्ता, देने वाला भारत के पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। सरकार सोसायटी खोलने का काम कर रही है। चिड़पाल में अगले साल पोस्ट मेट्रिक स्कूल खोलने का काम किया जाएगा। तोंगपाल में कॉलेज खोलने का काम किया जा रहा है। आने वाले समय में इस ग्राम में केनाल बनाने का काम किया जायेगा।

उद्योग मंत्री ने 21 लाख के शाला भवन का किया उद्घाटन

सीपीआई और भाजपा के लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

कोंटा विधानसभा क्षेत्र के चिउरवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को मंत्री कवासी लखमा के समक्ष चिउरवाड़ा और कुमाकोलेंग के सीपीआई के 70 तथा गुफनपाल के भाजपा के 9 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में प्रवेश किया। मंत्री ने सभी का कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत करते पार्टी में प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि विकास के लिए कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का आप लोगों ने सही फैसला किया है।

आज श्रमदान कर शहरवासी अपने शहर की स्वच्छता में अपना योगदान दें : सफीरा

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। इंडियन स्वच्छता लीग स्वच्छता ही सेवा के तहत 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर निगम जगदलपुर के द्वारा सफाई को लेकर शहरवासियो में जागरूकता लाने का लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वच्छता ही सेवा के तहत आगामी 1 अक्टूबर ,दिन रविवार को स्वच्छता जागरूक का आयोजन सुबह 9ः30 बजे से शहर के सभी 48 वार्डों में एक साथ किया जाएगा। इस स्वच्छता जागरूक अभियान में शहर के सभी गणमान्य नागरिक ,समाज संगठन ,व्यापारीगण एवं शहर के स्कूलों के छात्र-छात्राएं अपने-अपने वार्डो ,दुकान के आसपास ,स्कूल परिसर एवं आसपास चिन्हाकित स्थलों में श्रमदान कर पूज्य महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि देंगे। महापौर श्रीमती सफीरा साहू एवं आयुक्त हरेश मंडावी में सभी शहरवासियों ,व्यापारी बंधुओं एवं स्कूली छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 1 अक्टूबर को सुबह 9ः30 बजे सभी एक साथ अपने-अपने वार्डों एवं आसपास के स्थलों में 1 घंटे श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा के तहत शहर की साफ सफाई में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते एक अच्छे नागरिक होने का परिचय देते पूज्य महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दे। साथ ही आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित स्वच्छता पर आयोजित डांस, ड्राइंग एवं कबाड़ से जुगाड़ व विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी लेकर स्वच्छता ही सेवा में शामिल हो। विजय प्रतिभागियों को श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में 2 अक्टूबर को पुरस्कार भी दिया जाएगा।

नगर पालिका निगम के तहत आज महापौर श्रीमती सफीरा साहू शहर के शिव मंदिर वार्ड के डोंगाघाट पहुंच वहां कचरे का निष्पादन का कार्य देख संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। महापौर आज सुबह शिव मंदिर वार्ड के डोंगाघाट में पहुंच कचरे के निष्पादन का निरीक्षण किया। उक्त क्षेत्र में पूर्व में गड्ढे पर कचरा डालकर गड्ढा भरने का कार्य किया जा रहा था ,जिस पर अभी मशीन के माध्यम से कचरा समतल करते मिट्टी डालकर उक्त क्षेत्र को पूरी तरह से समतलीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान प्रभारी स्वच्छता अधिकारी हेमंत श्रीवास व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

नरेंद्र मोदी का नगर आगमन

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। जगदलपुर में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन आगामी तीन अक्तूबर को होने वाला है, जिसकी तैयारियाँ जोरो-शोरों से चल रही है। भारतीय जनता पार्टी इस कार्यक्रम को वृहत रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस आयोजन के पहले संपूर्ण ज़िले में आमंत्रण कार्ड का वितरण किया जा रहा है ताकि आमजन इस विशाल जनसभा का हिस्सा बन सकें। इसी कड़ी में आज डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड जगदलपुर में, भारतीय जनता पार्टी बूथ समिति के कार्यकर्ताओं ने पार्षद व नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डेय के साथ मिलकर माननीय प्रधानमंत्री के आमसभा में शामिल होने हेतु प्रत्येक घर के लोगों से जनसंपर्क किया। पीले अक्षत एवं आमंत्रण पत्र देते हुये प्रत्येक परिवार को सम्मानपूर्वक नगर में तीन अक्टूबर को लालबाग मैदान में होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल आमसभा में शामिल होने का निवेदन किया गया। संजय पाण्डेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नगर आगमन से पूरे शहर में अत्यंत हर्ष और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। शहर के प्रत्येक व्यक्ति माननीय प्रधानमंत्री जी को प्रत्यक्ष रूप से देखना >> शेष पृष्ठ 9 पर >

भाजपा कार्यकर्ता पीले अक्षत और आमंत्रण पत्र लेकर प्रत्येक घर में दे रहे हैं निमंत्रण : संजय पाण्डेय

रेत की कालाबाजारी से आम जनता और ठेकेदार बदहाल

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। विगत 20 दिनों से छत्तीसगढ़ में बस्तर के भी अवैध रेत खदान को बंद करवाया गया है ! रेत नहीं मिलने से बस्तर जिले में सारे शासकीय कार्य, निजी कार्य, प्रधानमंत्री आवास के साथ छोटे-मोटे रिपेयर कार्य भी करवाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में हजारों कामगार के हाथ खाली बैठे हैं और विगत कई दिनों से सारे ट्रांसपोर्टर ने भी अपनी गाड़ियों को खड़ा कर दिया है। ऐसे में निजी सरकारी या संस्थागत किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य नहीं होने से सारे लोग परेशान हैं। परिवहनकर्ताओं ने लगातार प्रशासन से मिलकर समस्या से अवगत कराने के बाद भी किसी प्रकार का कोई राहत नहीं मिली।



नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डेय ने कहा कि लगातार भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस सरकार के खिलाफ लैंड माफिया, कोल माफिया, और सैंड माफिया के विषय को लेकर धरना, प्रदर्शन आंदोलन करती रही है। जिस तरह से यह सरकार के संरक्षण में कांग्रेसी नेता पूरे छत्तीसगढ़ मे नदियों के छाती में आधुनिक मशीन लगाकर खनन करने में लगे हुए है, उससे पूरे छत्तीसगढ़ मे पर्यावरण की दृष्टि से विनाश हो रहा है। पूरे प्रदेश भर में हमारे कई नेताओं ने अवैध खनन को रोकने के लिए आंदोलन किये। आंदोलन के करने के दौरान भाजपा नेताओं पे हमले हुए, झूठे प्रकरण में फसाये गए। अवैध खनन की अधिकता से न्यायालय ने स्वत: संज्ञान में लेकर सरकार को इस पर कार्रवाई करने का आदेश दिया , तब जाकर सरकार ने इन अवैध खनन को रोकने तत्परता दिखाई , और अवैध रेत खदान को बंद कराया !अवैध रेत खदान बंद होने से सरकार न्यायालय के समक्ष अपने आप को साफ दिखाने के लिए परिवहनकर्ताओं के ऊपर कड़े कानून के तहत कार्यवाही करने का निर्देश दी है। ऐसे में परिवहनकर्ता के ऊपर ही सिर्फ कार्रवाई होना और अवैध खननकर्ता को सरकार का संरक्षण होने से नाराज अधिकतर ट्रांसपोर्टर ने अपने कार्य को बंद कर दिये हैं।

संजय पांडे ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने से पहले नई माइनिंग नीति लाने की घोषणा की थी, उनके माइनिंग नीति में यह स्पष्ट लिखा हुआ था कि हम आम जनता को और निर्माता को न्यूनतम दर पर रेत उपलब्ध करवाएंगे ! खदानों में मजदूर को प्राथमिकता दिया जाएगा। मजदूरों से गाड़ियां भरवाई जाएगी और इसी के तारतम्य में निविदा भी करवाई, मगर निविदा के बाद सारे ठेके कांग्रेस के नेताओं ने लिया और रेत में मूल्य का नियंत्रण नहीं रहा, और न ही खदानों में मजदूरों को मजदूरी मिली। बड़े-बड़े आधुनिक मशीन नदी में उतारे गए। दुर्भाग्य से जनता को लूटने में कांग्रेस की सरकार के बड़े जन प्रतिनिधि भी शामिल रहे। स्थानीय विधायक रेखचन्द जैन और सांसद दीपक बैज की जिम्मेदारी बनती है की मांग और पूर्ति के अनुसार रेत का भंडारण हो और रेत के मूल्य पर नियंत्रण भी हो। आज अनियंत्रित दर पर रेत की कालाबाजारी कांग्रेस के नेताओं के संरक्षण में हो रही है, जिससे सभी प्रकार के निर्माण कार्य प्रभावित हुए हैं। संजय पांडे ने कहा कि स्थानीय विधायक रेखचन्द जैन, सांसद दीपक दीपक बैज, और कांग्रेस सरकार को पहल करते हुए रेत की कालाबाजारी को तत्काल नियंत्रण करना चाहिए ! अत्यधिक मूल्य की वजह से भवन निर्माण में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

सरकार के संरक्षण में अवैध खनन और कार्यवाही परिवहनकर्ताओं पर, यह अन्याय है : संजय पांडेय

पैदल चल प्रतियोगिता में आधा दर्जन स्कूल के प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। इंटरनेशनल हेल्थ एवं फिटनेस एसोसिएशन इकाई बस्तर की ओर से स्कूली छात्र-छात्राओं का पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन लाल बाग मैदान के समीप अमर वाटिका जगदलपुर में आयोजित की गई। जिसमें निर्मल विद्यालय,बाल विहार , शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भगत सिंह आदर्श विहार स्पोर्ट्स क्लब लौहडीगुड़ा माता रुक्मणी आश्रम डिमरापाल के 300 बालक बालिका ने पैदल चल प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता के बालक वर्ग में जप साहू ,हमजा खान, अधर सिंह ठाकुर, आयुश, तपन नेहाल, गौतम देवांश वी, निखिल, देव शंकर, भुवनेश्वर, अर्जुन बालिका वर्ग शिल्पा, पोयम, प्रियांशी साहू, प्रमिला कश्यप, अनीशा, अनीता, वाचम, संतरी, प्रमिला, कुमली, नैना अमीशा, चकिता, जयमनी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय से पुरस्कार प्रदान किया गया। जिला समन्वयक डाक्टर रुखसार, नबी, अशोक राव, नायडू के आर चौहान, बबला यादव, नसीम कुरैशी, राजन कुमार माली ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथि के रूप में पद्मश्री धर्मपाल सैनी, माता रुक्मणी आश्रम डिमरा पाल जगदलपुर डीके पाराशर ,स्वच्छता एंबेसेडर अजय पाल, स्वच्छता एंबेसेडर अनीता राज, वेटरन खिलाड़ी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उषा श्रीवास्तव, वेटरन खिलाड़ी जगदलपुर के अतिथि में संपन्न हुआ। सभी अतिथि गण अपने उदबोदन में पैदल चाल के महत्व को बताया। आयोजन को सफल बनाने में सीईओ आईएचएफए,विपिन कुमार ऋषि के मार्गदर्शन एवं सुभाष श्रीवास्तव, रूपक मुखर्जी, रामचंद्र साह, बबला यादव, कुमारी संगीता तिवारी, के आर चौहान, अशोक राव नायडू, मोहम्मद हनीफ, अमरजीत रय्या, राजन कुमार माली, पूर्णिमा गुप्ता, नजमा बानो का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नसीम कुरैशी ने किया।

संसदीय सचिव ने बस्तर जिले के 7 विकासखंडों के 231 सहायक शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड के 29, बस्तर 72, बकावंड 29, दरभा 23, तोकापाल 22, लोहाण्डीगुडा 33, बास्तानार 23 इस तरह सामान्य वर्ग के 12, पिछड़ा वर्ग के 80, अनुसूचित जाति के 08 एवं अनुसूचित जनजाति के 131 लोगों को मिली सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति पत्र। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो कहते हैं वो करते हैं आज पूरे प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों में हर्ष व्याप्त है जब उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान की गई। उन्होंने कहा की पहले नियुक्ति के बाद 70 प्रतिशत तनख्वाह मिलती थी जिसे संवेदनशील मुख्यमंत्री जी ने समाप्त कर दिया है अब नियुक्ति के बाद पूरी 100 प्रतिशत तनख्वाह >> शेष पृष्ठ 9 पर >

इको क्लब ने चलाए जागरूकता कार्यक्रम

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा है की थीम पर शनिवार को शाउमावि बड़े मुरमा में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया जिसमें प्राथमिक शाला तथा माध्यमिक शाला के बच्चे एवं शिक्षकों के द्वारा रैली निकाली गई और ग्रामीण जन को संदेश देते हुए ग्राम का भ्रमण किया गया। इस दौरान गांव की मुख्य चौराहों की साफ सफाई भी की गई। जन प्रतिनिधि एवं सरपंच मनधर मौर्य तथा हारून दास एवं प्राचार्य जीवनदास सहित शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चों ने भाग लिया। बड़े मुरमा के मध्य चौराहा में एक सभा के रूप में आयोजित कर प्राचार्य द्वारा ग्रामीण जनों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

अधूरे दंतेश्वरी कारीडोर का लोकार्पण दंतेवाड़ा का अपमान

- आम आदमी पार्टी ने प्रशासन व राज्य सरकार को घेरा
- भ्रष्टाचार का कारीडोर बताते कांग्रेस भाजपा को ठहराया जिम्मेदार

दंतेवाड़ा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने आधे-अधूरे दंतेश्वरी कारीडोर और अन्य निर्माण कार्यो के लोकार्पण पर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। पत्रकार वार्ता में पदाधिकारियों ने सीएम भूपेश बघेल द्वारा वर्चुअली किये गए इस लोकार्पण को क्षेत्र की जनता के साथ धोखा बताया है। इसके साथ ही इन निर्माण कार्यो में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसके लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों को बराबर का जिम्मेदार ठहराया।

पत्रकार वार्ता में बल्लू भवानी, ज्वाला सिंह ठाकुर, हेमंत ठाकुर, बाबू पोटाम और हरीश मंडावी ने कहा है कि दंतेश्वरी कारीडोर को भ्रष्टाचार का कारीडोर कहना गलत नहीं होगा। आदिवासी बहुल दंतेवाड़ा में डीएमएफ के दुरूपयोग का जीता जागता उदाहरण है। बिना टेण्डर प्रक्रिया के ये निर्माण शुरू किये गए और निर्माण पूर्ण हुए नहीं इसके पहले ही आचार संहिता का हवाला देकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी से इसका लोकार्पण कर दिया। जिला प्रशासन ने या तो राज्य सरकार को अंधेरे में रखा या फिर दोनों ने क्षेत्र की जनता को भ्रम में डाल रखा है। लगभग 5 सौ करोड़ के निर्माण कार्यो का जिस गुपचुप ढंग से लोकार्पण हुआ, यह अपने आप में कई संदेहों को जन्म देता है। पदाधिकारियों ने कहा कि आधे-अधुरे कार्यो को लोकार्पित करना क्षेत्र की जनता का अपमान है। जब इन कार्यो का लोकार्पण कर दिया तो अब इसमें आगे की राशि खर्च नहीं होगी और यही राशि भूपेश सरकार विधानसभा चुनाव में वोटरों को रिझाने के लिए खर्च करेगी। पदाधिकारियों के मुताबिक चितालंका में तालाब को महतारी सरोवर का रूप दिया जा रहा है। यह 2 करोड़ का काम है, हर्बल गार्डन का पता ही नहीं है, मुक्ति धाम की नींव नही डली है, एकता परिसर अधूरा है, हाई स्कूल मैदान, आदिवासी संग्रहालय अधूरे हैं, पर्यटन सूचना केन्द्र का पता नहीं है, फिर भी सभी का लोकार्पण कर दिया गया। डीएमएफ राशि का बंदरबांट जिले में लंबे समय से हो रहा है। अधूरे कार्यो का पूर्ण बताना प्रदेश सरकार की पुरानी आदत है। दंतेश्वरी कारीडोर सहित अन्य निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार को आम आदमी पार्टी चुनावी मुद्दा बनायेगी। डीएमएफ का उपयोग खनन प्रभावित ग्रामीण इलाकों में होना चाहिए न कि शहर में पहले से ही मौजूद निर्माण को तोड़कर रंग रोगन के लिए। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही भ्रष्टाचार के इस खेल में शामिल है। भाजपा खुद भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है, इसलिए जिला प्रशासन अथवा राज्य सरकार के खिलाफ आवाज नहीं उठाती। आम आदमी पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर कलेक्टर विनीत नंदनवार पर सीधे आरोप नहीं लगाए बल्कि यह कहा कि सरकारी अफसर-कर्मी राज्य सरकार के इशारे अथवा दबाव में काम करते हैं, ऐसे में माना जा सकता है कि कलेक्टर खुद राज्य सरकार के दबाव में इन गड़बड़ियों को रोकने में विफल साबित हो रहे हैं।

चीफ जस्टिस ने किया फस्ट एड क्लीनिक का वर्चुअल शुभारंभ

दंतेवाड़ा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। जिला एवं सत्र न्यायालय में मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर पोर्टफोलियो जस्टिस माननीय न्यायाधिपति नरेन्द्र कुमार व्यास, जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता, कलेक्टर विनीत नंदनवार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार प्रधान, दीपक कुमार देशलहरे, शैलेश शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रश्मि नेताम, सचिव संजय कुमार सोनी, मजिस्ट्रेट श्रीमती शांति प्रभु जैन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के. के. देवांगन, चिकित्सा अधिकारी, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण सहित पक्षकारगण मौजूद थे।

- दंतेवाड़ा जिला न्यायालय में महत्वपूर्ण सौगात
- न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं सहित अन्य आगंतुक भी करा सकेंगे उपचार

इस प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक के स्थापित होने से न्यायालय में उपस्थित होने वाले सभी न्यायाधीशों, सभी अधिवक्ताओं, न्यायालय के कर्मचारियों, पक्षकारों एवं अन्य आगंतुक का भी न्यायालय परिसर में ही नि:शुल्क ईलाज हो सकेगा। यह क्लीनिक प्रति कार्यदिवस सुबह 10:30 बजे शाम 5.30 बजे तक प्रारंभ रहेगा। इस क्लीनिक में चिकित्सा अधिकारी नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे और उनके द्वारा तत्काल उपचार किया जायेगा। इसके अन्तर्गत ब्लड प्रेशर की जांच, शुगर की जांच, आवश्यक टीकाकरण, सर्पदंश, सर्दी, खांसी, बुखार सभी शामिल साथ ही दवाएं भी यही दी जायेगी।

इसके अलावा क्लीनिक के स्थापित हो जाने से सुदूर दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के न्यायालय के साथ-साथ जिला सुकमा एवं बीजापुर से भी लोग जो न्यायालयीन कार्य से जिला सत्र न्यायालय में अक्सर आते रहते है वे भी यहां न्यायालय परिसर में ही अपना इलाज करा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस सहृदयता,संवेदनशील, दूरगामी सोच के लिए संपूर्ण न्यायालय परिवार ने मुख्य न्यायाधिपति का आभार जताया है साथ उनका यह भी मानना है कि क्लीनिक के शुभारंभ होने से जाने से वे अब निश्चिंत होकर अपना न्यायिक कार्य एवं निशुल्क इलाज करा सकेंगे।

मतदान के लिए विस स्तरीय ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

कोण्डागांव, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान मतदान हेतु पीठासीन सहित अन्य मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण देने वाले ट्रेनरों को शनिवार को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभागार में ट्रेनरों को ईवीएम, वीवी पैट आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। ये मास्टर ट्रेनर अब मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे। वहां पहुंचे ट्रेनरों को ईवीएम, वीवी पैट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि वे मतदान अधिकारियों की प्रशिक्षण के दौरान क्या-क्या सिखाएंगे। जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिए आवश्यक है कि सभी मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण बेहतर हो। मतदान अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने वाले सभी प्रशिक्षकों का भी दायित्व है कि वे यहां दी गई सभी जानकारियों को बेहतर ढंग से समझें।

मतदान दल के अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

मतदान कर्मियों को बतानी होंगी चुनाव की बारीकियां

मास्टर ट्रेनरों को बताया गया कि उन्हें मतदान कार्मिकों को मतदान के एक दिन पहले बूथों के लिए प्रस्थान करने से पहले बरती जाने वाली सावधानियां, ईवीएम और वीवीपैट की बारीकियां बतानी होंगी। ईवीएम और वीवी पैट को मतदान के पहले बूथों पर कैसे संचालन के लिए तैयार करना है। पीठीसीन अधिकारी की ओर से मतदान शुरू होने से पूर्व मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में कैसे माकपोल कराया जाएगा, इस बात की भी जानकारी दी गई। चैलेंज वोट, टेंडर मत, दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को घर पर ही वोट देने की सुविधा, मतदान शुरू होने के पहले और समाप्ति पर पीठासीन अधिकारी की ओर से की जाने वाली घोषणाएं, मतदाताओं के रजिस्टर आदि को पूरा किया जा रहा है या नहीं, इसकी भी जानकारी दी गई। मतदान खत्म होने के बाद स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताने के साथ ही डाक मतपत्र तथा निर्वाचन कर्त्तव्य प्रमाण पत्र आदि के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि इस बार निर्वाचन कार्य से जुड़े हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण केन्द्र में ही मतदान की सुविधा दी गई है। इसके लिए मतदान प्रशिक्षण केन्द्र में मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे तथा मतदान कराया जाएगा।

जयंती पर याद किए गए शहीद भीमा मंडावी

दंतेवाड़ा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक दन्तेवाड़ा एवं भारतीय जनता पार्टी अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव, माटी पुत्र शहीद स्व.भीमा राम मण्डावी की जयंती पर आज उनके परिजनों और भाजपाईयों ने नम आखों से उनका स्मरण किया।

- परिजनों के साथ भाजपाईयों ने नम आंखों से किया स्मरण
- अस्पताल व अन्य संस्थानों में बांटे फल

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ-कनिष्ठ कार्यकर्ता उनकी जंयती पर नम आंखों से यादकर उन्हें नमन किया। भाजपा में अभी उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ओजस्वी भीमा मंडावी पार्टी गतिविधियों में सक्रिय हैं। प्रदेश संगठन में भाजपा प्रदेश मंत्री एवं सुकमा जिला प्रभारी की सक्रिय जिम्मेदारी निभा रही हैं। भाजपा के कार्यकर्ता एवं परिजनों ने इस दौरान अस्पताल एवं अन्य संस्थाओं में फल व खाद्य सामग्री वितरित की। जंयती कार्यक्रम में भाजपा मण्डल कटेकल्याण में भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती ओजस्वी भीमा मंडावी, जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी, मण्डल अध्यक्ष राजमन ठाकुर, नंदलाल मुड़ामी, सुमन प्रभा यादव, रामू नेताम, सुनीता भास्कर, कमला बैरागी, ममता गुप्ता, संजय ठाकुर, लता मरकाम, सुमन ठाकुर, सुमित भदौरिया, बंटी टेकाम, माशा पोड़ियाम एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ-कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस आज

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर का 16 वां स्थापना दिवस 1 अक्टूबर, 2023 को विश्वविद्यालय के धरमपुरा नवीन परिसर में स्थित शिक्षा अध्ययनशाला भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेई सहित विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2008 में बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के नाम से किया गया था। वर्ष 2021 में विश्वविद्यालय का नाम बस्तर टाइगर के नाम से मशहूर स्वर्गीय महेन्द्र कर्मा के नाम पर किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर अक्टूबर माह में अलग-अलग दिवस में स्वच्छता एवं सेवा के रूप में अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगा। विश्वविद्यालय में 1 अक्टूबर को स्थापना दिवस कार्यक्रम के पश्चात स्वच्छता ही सेवा के रूप में विश्वविद्यालय के धरमपुरा नवीन परिसर में साफ सफाई हेतु विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं समस्त अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता हेतु श्रमदान किया जाएगा।

अक्टूबर माह में आयोजित होंगे स्वच्छता के विविध कार्यक्रम

आचार संहिता लगते ही गंभीरता से कराएं पालन : कलेक्टर

दंतेवाड़ा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार ने निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों का पीपीटी के माध्यम से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- निर्वाचन से जुड़े अफसर-कर्मियों के दायित्वों की समीक्षा
- दिक्कत होने पर मास्टर ट्रेनर्स से कराएं शंका समाधान

इसमें निर्वाचन व्यय लेखा निगरानी दल, नाम निर्देशन दल (प्रतीक चिन्ह आबंटन), वीडियो निगरानी (अवलोकन दल), वाहन व्यवस्था/आमसभा/रैली अनुमति, सामग्री वितरण दल, सामान्य प्रेक्षक लाइजनिंग, मीडिया दल, शिकायत दल, सुविधा पोर्टल, सभी प्रकार के रिर्पोट आयोग को प्रेषित, एसएसटी/एसएफटी/वीएसटी दल, एमसीएमसी दल एवं ईव्हीएम मशीन से संबंधी दायित्व के बारे में जानकारी लेते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हर एक-एक दल के नोडल अधिकारी से पीपीटी के माध्यम से उनके निर्वाचन कार्यों के बारे में पूछा। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नंदनवार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए मतदान तथा मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करायें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नंदनवार ने किसी भी प्रकार की शंका हो तो मास्टर्स ट्रेनर्स से इस सम्बंध में पूरी जानकारी ली जाये। मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया हेतु पूरी तरह सजगता बरतने कहा और इस बारे में विस्तृत जानकारी के लिए पीठासीन अधिकारी की मार्गदर्शिका का सूक्ष्मता के साथ अध्ययन करने की समझाइश दी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, एसडीएम दंतेवाड़ा, बचेली,गीदम सहित तहसीलदार व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सीएम के माध्यम से बेरोजगारों को मिला 62 लाख का भत्ता

दंतेवाड़ा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वर्चुअल माध्यम से अपने निवास कार्यालय रायपुर से बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को भत्ते की 6 वीं किश्त वितरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा दंतेवाड़ा जिले के 557 हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता के रुपए में 62 लाख 72 हजार 500 रुपये प्रदान किये गए। इसके साथ ही जिले के नवनियुक्त 64 सहायक शिक्षकों को नियुक्ति आदेश भी जारी किया गया।

- राजधानी से वर्चुअली सौगात, 64 सहायक शिक्षकों को मिली नियुक्ति
- बेरोजगारों व नव नियुक्त शिक्षकों ने माना राज्य सरकार का आभार

इस पर कार्यक्रम में आये हितग्राहियों एवं सहायक शिक्षकों ने प्रदेश सरकार का आभार मानते हुए हर्ष जाहिर किया। इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्राप्त भत्ते को अपने विकास एवं उत्थान हेतु प्रयोग करने हेतु कहा गया। इसके साथ मुख्यमंत्री ने बस्तर संभाग एवं सरगुजा संभाग में नव नियुक्त शिक्षकों से संवाद करते हुए शैक्षणिक कार्यो के संबंध में पूछा। जिले के हितग्राहियों को अब तक 62 लाख 72 हजार 500 रूपए बेरोजगारी भत्ते के रूप में वितरित किये जा चुके हैं। इस कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, रोजगार अधिकारी अमित वर्मा, पात्र हितग्राही एवं नव नियुक्त सहायक शिक्षक मौजूद थे।

आज दुर्गा मंदिर में सर्व हिंदू समाज की बैठक

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। सर्व हिंदू समाज के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील आम जनता से करते हुए इसकी रूपरेखा के संबंध में चर्चा करने के 1 अक्टूबर रविवार की दोपहर 3:00 बजे स्थानीय शांति नगर स्थित मां दुर्गा मंदिर में एक विशेष बैठक रखी गई है। इसकी जानकारी देते हुए सर्व हिंदू समाज के पदाधिकारी एल ईश्वर राव ने बताया कि हमारे सनातन संस्कृति का यशगान वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित कराने वाले, सर्वे भवन्तु सुखिन: जैसे विश्वकल्याणकारी कार्यो को क्रियान्वित कराने वाले,श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीरामजी का भव्य - दिव्य राममंदिर निर्माण सुनिश्चित कराने वाले, हमारे भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का माँ दंतेश्वरी के इस पावन धरा बस्तर में 3 अक्टूबर मंगलवार, समय- 11 बजे, स्थान- लालबाग मैदान, जगदलपुर में होने वाली विशाल आम सभा हमारे लिये गौरव व आनंद का क्षण है।

प्राादेशिकी का शेष...

नरेंद्र मोदी का नगर ...

और सुनना चाहते है। यह संपूर्ण क्षेत्र के लिए हर्ष का विषय है की आमजन स्वयं से आकर आमंत्रण पत्र ले रहे हैं,और स्वयं के साथ आस-पास के लोगों को इस विशाल आमसभा में चलने प्रेरित भी कर रहे हैं। समस्त क्षेत्रवासी माननीय नरेंद्र मोदी की एक झलक देखने को आतुर हैं। पांडेय ने आगे बताते हुए कहा कि उनके वार्डवासी भी अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर,प्रधानमंत्री जी को सुनने नगर के लालबाग मैदान पर पहुँचेंगे।

रेत की कालाबाजारी से ...

हुए प्रभावित लोगों को राहत देने हेतु तत्काल कार्रवाई हो और कांग्रेस की घोषणा के अनुसार जिसमें न्यूनतम दर पर आमजन को और भवन निर्माता को रेत उपलब्ध कराने का वादा किया था अपने वादे को निभाएं, अन्यथा रेत के अनियंत्रित मूल्य वृद्धि को लेकर और परिवहनकर्ताओं के ऊपर कठोर कार्रवाई को शिथिल करें। इन दोनों विषय पर तत्काल कार्रवाई कार्रवाई हो, अन्यथा वे जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होंगे ।

संसदीय सचिव ने बस्तर जिले ...

तनख्वाह मिलेगी। नवनियुक्त शिक्षको ने कहा यह है भरोसे की सरकार ,जो कहा सो किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे एवं जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

इको क्लब ने चलाए ...

को सफाई के प्रति जागरूकता संदेश दिया गया। महात्मा गांधी जी के जन्म जयंती के अवसर पर 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस महा अभियान में सभी से अपना योगदान देने की अपील की गई। युवा इको क्लब बड़े मुरमा के छात्र-छात्राओं ने मुख्य मार्ग के दोनों और साफ सफाई की। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता मनीष अहीर ने किया।

सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर शंकराचार्य के हिन्दू राष्ट्र निर्माण संकल्प को दी मजबूती

जगदलपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। ऋग्वेदीय पूर्वम्नाय गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर अनंत विभूषित शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज द्वारा सनातन संस्कृति संरक्षण और हिन्दू राष्ट्र के संकल्प को लेकर पूरे देश मे पूरी पीठ से सनबद्ध संगठन आदित्य वाहिनी-आनंदवाहनी के कर्मकर्ताओ ने शहर के टेटरकुटी स्थित हिंगलाजिन मन्दिर में शुक्रवार पूर्णिमा तिथि को शाम 7 से 8 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ के साथ भजन-कीर्तन किया गया ताकि भारत शीघ्र हिंदू राष्ट्र निर्माण साकार हो सके। प्रांतीय पीठ परिषद रायपुर आनंदवाहनी की प्रांतीय अध्यक्ष सीमा तिवारी ने बताया में पूरे छग के सभी जिले,ब्लाक और गांव-कस्बा में हर माह के पूर्णिमा तिथि पर शंकराचार्य पुरी पीठाधीश्वर कर के संगठन के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य भगवान का स्मरण करना तो है ही साथ ही धर्म का जागरण एवं समाज के प्रत्येक स्तर पर सक्रियता का वातावरण निर्मित हो जिससे प्रत्येक सनातनियो में हिंदू राष्ट्र निर्माण में सभी भागीदार हो सके। इन्ही उद्देश्य की पूर्ति के लिए आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी बस्तर संभाग के पहल पर पूरे बस्तर संभाग के जिला मुख्यालय में शुक्रवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान राकेश साहू योगेश ठाकुर अभय दीक्षित, गीता शुक्ला,अलका सेंगर बबली शुक्ला, शिखा घोष, सीमा गठाने, मीना सिंह बेरू, गीता मांझी,यशोदा यादव,अन्नू गुप्ता, रेखा साहू,विनिता गठाने व संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

शहर-गांव के सभी मंदिरों में हर माह सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

आदित्यवाहनी बस्तर संभाग पदाधिकारी योगेश शुक्ला ने बताया हर माह पूर्णिमा तिथि में शहर के अलग-अलग मंदिरों में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को तेतरकुटी स्थित हिंगलाजिन मंदिर में आयोजित हिंगलाजिन मंदिर में सम्मलित सनातनियो और विभिन्न संगठनों से आग्रह किया हैं। हर माह पूर्णिमा तिथि पर अपने-अपने सुविधानुसार मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालिसाबक पाठ का धार्मिक आयोजन करे। राकेश साहू योगेश ठाकुर अभय दीक्षित, गीता शुक्ला,अलका सेंगर ,बबली शुक्ला, शिखा घोष, सीमा गठाने, मीना सिंह बेरू, गीता मांझी,यशोदा यादव,अन्नू गुप्ता, रेखा साहू,विनिता गठाने व संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

कॉलेज व स्कूली छात्र समझा रहे मतदान का महत्व

दंतेवाड़ा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार और सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में घर-घर जाकर डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है।

- जिले में स्वीप के तहत विभिन्न आयोजन
- नगरीय क्षेत्रों में घर-घर जागरूकता अभियान

इसी क्रम कृषि महाविद्यालय, कटेकल्याण, बारसूर, किरंदुल में स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। बारसूर एवं किरंदुल में स्वीप कार्यक्रम लगे कर्मचारियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं को वोट डालने का महत्व समझाया। कृषि महाविद्यालय में जाकर कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। दंतेवाड़ा जिले के सभी निकायों में डोर टू डोर सर्वे के दौरान हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी भी लिया जा रहा है। जहां पिछले विधानसभा में नगर निकाय क्षेत्र में जहां मतदान का प्रतिशत कम था वहां-वहां पर डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। स्वीप में स्कूल, आश्रम शाला, पोटाकेबिन एवं लाइवलीहुड कॉलेज में विद्यार्थियों के द्वारा रंगोली, क्विज, भाषण, नारा, कविता लेखन, चित्रकला एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

नवविवाहिता को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए किया दुष्प्रेरित

कोण्डागांव, 30 सितंबर (देशबन्धु)। नव विवाहिता को प्रताड़ित एवं आत्महत्या का दुष्प्रेरण करने वाले आरोपी पति पंकज कुवर को कोण्डागांव पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके जेल भेजा गया।

नव विवाहिता द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने के मामले की गंभीरता को देखते हुए कोण्डागांव एस.पी.येदुवल्ली अक्षय कुमार (आईपीएस) द्वारा आरोपी को तत्काल पतासाजी कर गिरफ्तार करने की आदेश देने पर एडि.एस.पी.दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन एवं कोण्डागांव एसडीओपी निमितेश सिंह के पर्यवेक्षण में प्रकरण के आरोपी पंकज कुवर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया।

आरोपी पति पंकज को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

ज्ञात हो कि 20 सितम्बर 2023 को 12.30 बजे से दोपहर 02.50 बजे के मध्य मृतिका श्रीमति सुमति कुवर पति पंकज कुवर 26 वर्ष निवासी सरगीपालपारा कोण्डागांव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। प्रार्थी विकास कुवर की रिपोर्ट पर मर्ग क्र.164/2023 धारा 174 जाफौ कायमकर जांच में लिया गया। मृतिका नव विवाहिता होने से मर्ग जांच कार्यपालिका दण्डाधिकारी के द्वारा किया गया, जाँच के दौरान मृतिका के मायके पक्ष के कथानानुसार मृतिका सुमति उर्फ सुबी कुवर का विवाह सामाजिक रिति रिवाज से वर्ष 2022 में पंकज कुवर पिता सम्पत कुवर निवासी सरगीपालपारा कोण्डागांव के साथ हुआ था। शादी के कुछ माह बाद उसके पति पंकज कुवर के द्वारा मृतिका सुमति कुवर के साथ घरेलू विवाद लडाई झगडा कर आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था। जिस कारण मृतिका शारिरिक एवं मानसिक रूप से परेशान थी। 20 सितम्बर 2023 को भी आरोपी पकज द्वारा घरेलू विवाद लड़ाई झगड़ा मारपीट कर प्रताडित करने से मृतिका सुमति कुवर परेशान होकर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आरोपी पंकज कुंवर का कृत्य धारा 306, 498 (ए) भादंवि का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया और साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध उपरोक्त कानूनी कार्रवाई की गई।

25 से अधिक भाजपा व कांग्रेस समर्थित कार्यकर्ताओं ने थामा लाल झंडे का दामन : भाकपा

बीजापुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। जनसमपर्क आभियान के तहत् आज सीपीआई की टीम उसूर ब्लॉक पहुंचा सीपीआई जिला सचिव कमलेश झाड़ी और टीम के साथियों ने आम जनता के साथ एक मीटिंग लिया। जिसमें सीपीआई के विचारधारा से प्रभावित होकर उसूर गांव के 25 से अधिक लोगों ने सीपीआई का दामन थामा है। वहीं लोगों ने आरोप लगाया है की मौजूदा कांग्रेस की सरकार और स्थानीय विधायक ने आम जनता से झूठा वादा किया है ग्रामीण छेत्र के लोगो को ठगा है किसी भी स्थानीय युवा बेरोजगार को न तो नौकरी मिला न ही रोजगार भत्ता गांव में किसी प्रकार का कोई रोजगार नही दिया शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी किसी भी प्रकार का कोई बुनियादी सुविधाएं नही दी इस लिए हमने सीपीआई का दामन थामा है आने वाले दिनों में अपनी हक और आधिकार के लिए संघर्ष करेंगे और विधानसभा चुनाव में हम इसका सबक सिखाएंगे।

मौजूदा कांग्रेस की सरकार व बीजापुर के स्थानीय विधायक के आदिवासी क्षेत्र में कुशासन वादाखिलाफी शोषण ठगी करने जैसे नीतियों का लगाया गंभीर आरोप : कामरेड कमलेश झाड़ी

वहीं सीपीआई जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने सभी कार्यकर्ताओं को लाल गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया है। इस दौरान सीपीआई के वरिष्ठ कामरेड पी लक्ष्मी नारायण जी, कोवा राम हेमला, राजू तेलाम, योगेश आदि भाकपा नेता मौजुद रहे।

6 से तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता

चारामा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। नगर चारामा के राम सप्ताह चौक में इस वर्ष लगातार 50वां वर्ष राज्यस्तरीय त्रिदिवसीय भव्य संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक किया जा रहा हैं।कार्यक्रम का शुभारंभ व दीप प्रज्वलित 6 अक्टूबर की शाम 4 बजे ठाकुर राम शीतला मंदिर पुजारी व ग्राम पटेल व संस्थापक समिति एवम आयोजन समिति के द्वारा किया जायेगा। इस रामधूनी प्रतियोगिता में 25 से अधिक मंडलीय झांकी के साथ राम नाम की प्रस्तुति देगी।

प्रतियोगिता में झांकी प्रदर्शन पर प्रथम पुरस्कार 7101 रुपए, द्वितीय 5101 रुपए, तृतीय 3101 रुपए,चतुर्थ 2501 रुपए,पंचम 2101 रुपए और सादा प्रदर्शन पर प्रथम 5101,द्वितीय 3101,तृतीय 2501,चतुर्थ 2101 रुपए और पंचम पुरस्कार1501 रुपए सहित सभी मंडली को चांदी का राम दरबार दिया जायेगा।प्रतियोगिता का समापन 08 अक्टूबर को होगा।प्रतियोगिता का आयोजन समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष विनोद साहू,उपाध्यक्ष चुन्नू लाल देवांगन,संजय सोनकर,परमेश्वर सोनकर,कोषाध्यक्ष शिव कुमार सोनकर,आनंद देवांगन,सचिव रोहित देवांगन,संरक्षक प्यारे देवांगन,नारायण सोनकर,अमृत लाल देवांगन,भागीराम देवांगन, धर्मेंद्र मेहता सलहकार ठाकुर राम, शंकर ठाकुर, सहदेव भुआर्य,जैलूराम भोयर, दौवा सोनकर, जागीराम देवांगन, नारायण साहू, राधेश्याम सांडिल्य, नंद कुमार देवांगन, घनश्याम सोनकर सहित कार्यकारिणी सदस्य और नगरवासियों के सहयोग से किया जा रहा हैं।

शिवसेना प्रत्याशी ने रैली निकालकर विरोध किया

भ्रष्टाचार के खिलाफ रमन सिंह व भूपेश का किया पुतला दहन

कोण्डागांव, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। शिवसेना प्रत्याशी के द्वारा शिव सैनिकों के साथ रैली निकालकर भाजपा कांग्रेस का विरोध करने के साथ ही भ्रष्टाचार के खिलाफ पुर्व मुख्य मंत्री रमन सिंह एवं मुख्य मंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया गया।

नगर में शिव सैनिकों ने अपने प्रत्याशी घनश्याम मरकाम के साथ बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया। भ्रष्टाचार के खिलाफ और कोंडागांव में चल रहे घोटाला गैंग के विरुद्ध प्रदर्शन कर पुतला दहन करने के साथ ही शहर में घूम-घूम के भाजपा कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारे लगाए। विगत दिनों कोंडागांव में पूर्व कलेक्टर के द्वारा महिलाओं के विरुद्ध किए गए लूट के खिलाफ एवं आदिवासियों के शोषण के खिलाफ आवाज उठाई साथ ही कोंडागांव में प्राइवेट अस्पताल लूट रहे है। जनता को आदिवासी को इसके विरुद्ध आवाज उठाकर आंदोलन की चेतवानी दी। कार्यक्रम में मुख्यत: आशुतोष पांडे प्रदेश महासचिव शिवसेना, युवासेना छग, चंद्रभान श्रीवास्तव, राज गावड़े, अभय, दीपक राजपूत, बद्री नारायण, अजय बैरागी, पिलाराम मौर्य, संजू पांचाल के साथ भारी संख्या में शिव सैनिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

कोटपा अधिनियम के तहत 20 व्यापारियों पर हुई चालानी कार्रवाई

कोण्डागांव, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। कोटपा अधिनियम के तहत 20 व्यापरियों पर चालानी कार्यवाही करने के साथ ही समस्त व्यापारियों को दुकानों पर धूम्रपान निषेध बोर्ड एवं दुकान के समीप धूम्रपान न करने देने हेतु निर्देश दिए गए। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह के निर्देशानुसार जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ.ज्योति दुग्गा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार के मार्गदर्शन में औषधि एवं प्रशासन विभाग के औषधि निरीक्षक सुखचैन सिंह धुर्वे एवं नमूना सहायक रामसिंह कंवर द्वारा बोरगांव और बहिगांव मे कोटपा एक्ट 2003 के उल्लंघन पाए जाने पर शुक्रवार को चालानी कार्यवाही की गई।उक्त चलानी कार्यवाही मे व्यापरियों द्वारा नियम के पालन नहीं किये जाने पर 20 व्यापरियों पर चालानी कार्यवाही करते हुए चालान द्वारा 1900 रूपये वसूल किये गये। इसके साथ ही समस्त व्यापारियों को अपने दुकान पर धूम्रपान निषेध क्षेत्र वाला बोर्ड लगाने एवं दुकान के समीप किसी भी व्यक्ति को धूम्रपान न करने हेतु निर्देश किया गया एवं अपने दुकान पर कोटपा अधिनियम के तहत प्रतिबंधित तम्बाकू उत्पाद जिसमें चित्रात्मक चेतावनी निर्दिष्ट ना हो, ऐसे तम्बाकू उत्पादों का क्रय विक्रय नहीं किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

83 श्वानों का नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण व स्वास्थ परीक्षण

कोण्डागांव, 30 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व रेबीज दिवस पर 28 सितंबर को कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. शिशिरकांत पाण्डेय के निर्देशन में नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पशु चिकित्सालय कोण्डागांव में किया गया। इस शिविर में 83 लावारिस एवं पालतू श्वानों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं एंटी रेबीज टीकाकरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में पूरे जिले के पशु चिकित्सक एवं विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने रेबीज बीमारी के बढ़ते प्रकोप एवं गंभीरता को देखते हुए नगरवासियों से श्वान एवं बिल्लियों का नियमित एंटी रेबीज टीकाकरण कराने हेतु अपील की साथ ही विभाग द्वारा इस दिशा में पहले से ही स्कूल के विद्यार्थियों को रेबीज के प्रति जागरूक एवं 46 कुत्तों की नसबंदी भी की गयी है। लावारिस श्वान के टीकाकरण में एनजीओ शांति फाउंडेशन का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

व्यवहार न्यायालय बीजापुर में किया गया साफ-सफाई व श्रमदान

बीजापुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ0ग0) के निर्देशानुसार एवं विजय कुमार होता अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जिला एवं सत्र न्यायाधीश दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में ताजुद्दीन आसिफ, अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर / मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर (छग) द्वारा 25 सितंबर सेसे 02 अक्टूबर 2023 तक राष्ट्रीय अभियान च्चस्वच्छता ही सेवा 2023 कार्यक्रम के अंतर्गत व्यवहार न्यायालय बीजापुर मे आज 30 सितंबर को प्रात: के समय सफाई अभियान का आयोजन किया गया है।

राष्ट्रीय अभियान स्वच्छता ही सेवा 2023 (स।।स-2023) च्च कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण, अधिवक्ता संघ के सदस्य सलीम पाशा, एस. एकटी अधिवक्ता, डी. सूर्यनारायण अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में कोतवाली बीजापुर के निरीक्षक सुरेन्द्र यादव, थाने के पुलिस कर्मचारी तथा नगर पालिका बीजापुर के कर्मचारियों ने स्वेच्छा से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी लोगों ने न्यायालय परिसर में साफ-सफाई की और खरपतवार को साफ किया। न्यायाधीश द्वारा आम जनता से स्वच्छता बनाये रखने के लिए अपने आस-पास में निरंतर साफ सफाई करते रहने की अपील की, साथ ही व्यक्त किया कि महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता सप्ताह साफ-सफाई के लिए सभी को प्रेरित करना है, क्योंकि महात्मा गांधी स्वयं स्वच्छता प्रेमी थे और वह अपने शौचालय की सफाई स्वयं किया करते थे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए न्यायाधीश द्वारा सभी सहभागी व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और भविष्य में भी अपने घर, कार्यालय और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाये रखने की अपील की गई।

संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को प्राप्त लाभांश राशि से सामग्री वितरण

विस उपाध्यक्ष संतराम नेताम भी कार्यक्रम में हुए शामिल

कोण्डागांव, 30 सितंबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले के केशकाल विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहकामेटा में वन विभाग द्वारा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को प्राप्त लाभांश राशि से सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें विधान सभा उपाध्यक्ष एवं केशकाल विधायक संतराम नेताम शामिल हुए। इस दौरान विधान सभा उपाध्यक्ष के हाथों से वन प्रबंधन समितियों को कूप कटाई से प्राप्त होने वाली लाभांश राशि का उपयोग कर नालाझर, गौरगांव एवं कोहकमेटा के समितियों के लिए सामुहिक रूप से उपयोगी सामग्रियां जैसे टेंट, बर्तन, आलमारी, टेबल, कुर्सी, साउंड सिस्टम, चटाई आदि का वितरण किया गया। इसके साथ ही शहीद महेंद्र कर्मा जीवन बीमा अनुदान राशि वितरण कार्यक्रम के तहत 5 लोगों को 2-2 लाख रुपए का चेक भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कोहकमेटा में विधायक संतराम ने 75 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नवीन हाई स्कूल भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन किया साथ ही 300 मीटर के सीसी सड़क निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।

इस दौरान डीएफओ गुरुनाथन एन, एसडीओ सुषमा जे.नेताम, सरपंच रामेश्वरी नाग, उपसरपंच विजय नाग, जनप्रतिनिधि सेत कश्यप, कमलेश ठाकुर, श्रीपाल कटारिया, हरगोविंद कश्यप सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

विस की तैयारियों के लिए सभी बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

कोण्डागांव, 30 सितंबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में को कोण्डागांव, केशकाल और नारायणपुर विधान सभा के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों की मीटिंग एवं ट्रेनिंग सीईओ जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर की उपस्थिति में किया गया। जिनमें सभी बीएलओ को मतदान दिवस के समय और चुनाव से संबंधित कर्तव्य के संबंध में उन्हें अवगत कराया गया। मतदान के दिन उनके दायित्वों एवं सेक्टर अधिकारियों के साथ उनके कार्यों से अवगत कराया गया। किस तरह के प्रपत्र तैयार किए जाने हैं उसकी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त आगामी विधानसभा चुनाव में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वोटरों एवं दिव्यांग मतदाता जो लोग मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालने में असमर्थ है।

नगरजनों से मिली लता उसेंडी

प्रधानमंत्री मोदी की आमसभा में आने का दिया आमंत्रण

कोण्डागांव, 30 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बस्तर आगमन और 3 अक्टूबर को लालबाग मैदान में होने वाली आमसभा की तैयारियों में भारतीय जनता पार्टी ताकत झोंक रही है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी के नेतृत्व में स्थानीय बस स्टैंड में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने नगर के संघ संगठनों व्यापारीगण एवं गणमान्य नागरिकों से संपर्क किया व बड़ी संख्या में आमसभा में सम्मिलित होने आमंत्रण दिया। इसके साथ ही पीएम मोदी की प्रस्तावित सभा के पोस्टर का विमोचन किया। शहर में विभिन्न समाज की महिलाओं से संपर्क कर देश की नई संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने वाले नारी शक्ति वंदन बिल बिना किसी गतिरोध के पारित कराने वाले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा में आने के लिये उन्हें आमंत्रित किया। इस दौरान संतोष पात्र, विकास दुआ, नागेश देवांगन, रौनक पटेल, मनीष साहू, दिलावर कापड़िया, टिंकू साहू, योगेंद्र नेताम, भोला ठाकुर, रवि पटेल सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बेहतर स्वास्थ्य के लिए श्री अन्न वरदान : डॉ. पंडा

दंतेवाड़ा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में यूनिसेफ के सहयोग से सुपोषित भारत, संस्कार भारत, सशक्त भारत थीम पर राष्ट्रीय पोषण माह एवं बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस आयोजन में स्तनपान और पूरक आहार के आसपास के प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित करने वाले अभियानों के माध्यम से जमीनी स्तर पर पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए विभाग के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. जगदम्बा पंडा ने बताया कि पहले पूर्वज श्री अन्न या मिलेट्स का प्रयोग करते थे, लेकिन बदलते समय में घरों में खानपान की शैली बहुत बदल गई है। मिलेट्स को फिर अपने भोजन में शामिल कर पोषण के सभी फायदे लिये जा सकते हैं। जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती आभा गुरुद्वान ने कहा की हमें अपनी बेटियों पर बेटों की तरह गर्व होना चाहिए। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान व बच्चियों की सुरक्षा के लिए सरकार पूर्ण रूप से गंभीर है। महेन्द्र कर्मा महाविद्यालय के प्रोफेसर श्रीमती अर्चना झा ने कार्यशाला में बताया की बालिकायें हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे है व हमें जरूरत है एक समान समाज सुनिश्चित करने और प्रयासों की जहां लड़की को आगे बढ़ने के लिए पुरुषों के समान अवसर मिले। यूनिसेफ के जिला समन्वयक विनोद साहू ने बताया कि किशोरावस्था में वृद्धि और विकास तेजी से होता है। इस समय संतुलित आहार लेना जरूरी है। साथ ही उनके द्वारा बाल अधिकार चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन सेवा नम्बर 1098/112 एवं बाल-विवाह के नुकसान की जानकारी दी गई।

- राष्ट्रीय पोषण माह पर एक दिवसीय कार्यशाला
- महिला बाल विकास विभाग व यूनिसेफ का आयोजन

सम्पूर्ण मंच संचालन जिला महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती मनीषा ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यशाला में पोषण माह एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर चित्रकला, क्विज, भाषण, प्रदर्शनी एवं स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित थी, जिसमे विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, शिक्षक, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के साथ जिले के सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया।

कलेक्टर ने फरसगांव के निर्वाचन कंट्रोल रूम सहित मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

कोण्डागांव, 30 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी द्वारा आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए सभी व्यवस्थाएं की जा रही है, जिसके तहत शनिवार को कलेक्टर द्वारा पूर्वी बोरगांव एवं पतोड़ा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के दौरान केंद्र में सभी व्यवस्थाओं को देखते हुए फरसगांव एसडीएम अनिकेत साहू तथा वहां के तहसीलदार एवं एआरओ को निर्वाचन की तिथि के पूर्व सभी आवश्यक सुविधाओं को केंद्र में उपलब्ध कराने, इसके लिए उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर को सभी मतदान केंद्रों में जाकर व्यवस्थाओं की जांच करने, सभी सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों को लगातार अपने क्षेत्र का दौरा कर मतदान केंद्रों में व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्रों में दिव्यांगों हेतु रैंप, पानी, शौंचालय, विद्युत, टेबल एवं अन्य समाग्री सुनिश्चित करने को कहते हुए उन्होंने समग्र शिक्षा कन्या प्राथमिक शाला बड़ेडोंगर, जनपद प्राथमिक शाला बड़ेडोंगर, प्राथमिक शाला पतोड़ा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी, शासकीय विद्यालय मसोरा में जाकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। फरसगांव तहसील कार्यालय में बनाए गए निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए यहां सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कंट्रोल रूम को 24 घंटे संचालित करने के लिए आवश्यक स्टॉफ को नियुक्त करने को कहा। इस अवसर पर एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार जयकुमार नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने प्री मैट्रिक बालक छात्रावास बोरगांव एवं प्री मैट्रिक बालक छात्रावास जैतपुरी का भी निरीक्षण करके एवं छात्रावास के बच्चों से वार्तालाप करते हुए उनसे छात्रावास की व्यवस्था, भोजन, पढ़ाई, अन्य सुविधाओं जैसे मच्छरदानी, गद्दों की उपलब्धता आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

उल्टा पुल्टा

टीचर-संजू एक स्टोरी सुनाओ!
संजू -मैने उसको फोन किया वो सो रही थी! फिर उसने मुझे फोन किया मैं सो रहा था!
मॉरल- जैसी करनी वैसी भरनी!!

राजधानी में नयनभिराम झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी में शनिवार की रात मन को मंत्रमुग्ध करने वाली चलित झंकियों का प्रदर्शन किया गया। जिसे देखने के लिये अपार जन समूह उमड़ा रहा। झंकियों में पौरणिक गाथाओं को दर्शया गया था। इसी के साथ अनंत चतुर्दशी से प्रांरभ हुए गणेशउत्सव का समापन भी हो गया।

उल्लेखनीय हैं कि राजधानी में गणेशोत्सव की शुरूआत से ही लोगों को झंकियों के प्रदर्शन को लेकर उत्साह नजर आने लगा था लोगों ने पहले शहर में स्थपित गणेश प्रतिमाओं का घूम घूम कर दर्शन किया। जिसके बाद आज झांकियों को देखने लोगों पहुंचे। इस दौरान जिन झांकियों का प्रदर्शन किया गया उनमें प्रमुख रूप से मनोकामना लांयस क्लब गुरूनानक चौक द्वारा प्रदर्शित झांकी में सीता मईया राम लक्ष्मण के साथ गुरूड़ पर सवार अयोध्या वापसी का चित्रकंन किया गया इसमें हनुमान जी भगवान राम की चरण पादुका सिर रखकर बीच खड़े हुए हैं। वही श्री नव निर्माण गणेशोत्सव समिति राठौर चौक द्वारा प्रदर्शित झांकी में गणेश सिंहासन में विराजमान है इसके अलावा विनायक गणेश उत्सव समिति के द्वारा प्रदर्शित झांकी में गणेश जी भैस पर सवार है जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो रहे थे। एक झांकी में रावण तपस्या लीन है और स्वर्ग की अफ्सारांए नृत्य करती हुई उनकी तपस्या को भंग करने में जुटी इसके अलावा अन्य स्वर्ग के अन्य देवी देवता भी उनकी तपस्या को भंग करने का प्रयास कर रहे इसमें स्वर्ग के राजा इन्द्र हाथी में सवार है और देवता से कह रहे कि किसी रावण की इस तपस्या को भंग करो। इसके बाद वाली झांकी महाभारत के युद्व को दर्शया गया है श्री गौरी गौरा गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रदर्शित इस झांकी पितामह अर्जुन के बाण से घायल होकर बाणों की शैय्या पर लेट हुए और कर्ण दुर्योधन आदि जहां एक ओर युद्व नीति तैयार करते दिख रहे है वही पांच पाण्हु भाई भीष्मपितामह के सम्मुख खडे इस हदय विदारक दृश्य को प्रर्दशित करने वाली झांकी देखकर लोगों का शरीर रोमाचिंत हो रहा था।

वही सुन्दर क्लब भनपुरी के द्वारा प्रदर्शित झांकी भगवान विष्णु वामन देवता के रूप राजा से तीन पग भूमि दान के रूप मांग रहे दृश्य को प्रदर्शित किया गया है और भगवान कृष्ण बैठकर यह सब देखकर रहे है इस मनोहारी दृश्य को देखने के बाद वाह वाह करते नजर आ रहे थे। इन झांकियों के अलावा भी सैकडों संख्या में झांकी का प्रदर्शन किया गया।

पुलिस की रही चौक-चौबंध व्यवस्था

राजधानी में चलित झांकियों के प्रर्दशन के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिये पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी हर झांकी के साथ पुलिस अधिकारी के साथ बल नजर आ रहा था। जहां कही भी रास्ते में झंकियों को रोका जाता तुरंत इन आगे बढ़ाने के लिए समिति के पदाधिकारियों से कहा जाता। राठौर चौक से लेकर पुरे रास्ते भर पुलिस बल नजर आया। जगह जगह चेक पोस्ट बनाए गए थे। राजधानी में मन मंत्रमुग्ध करने झंकियों को देखने के लिये लोगों का अपार जन समूह उमड़ा रहा। लोग बंद दुकानों के नीचे खडे होकर झांकी को निहार हुए नजर आए इस दौरान कुछ लोग बच्चों कंधे में लिए झांकी का दर्शन करते हुए नजर आए वही अपार जन समूह पुरा रास्ता भरा हुआ था इस दौरान कुछ चलते हुए झांकी दर्शन करते हुए नजर आए।

रात भर खुली रही खाने-पीने की दुकानें

राजधानी में झंकियों का प्रर्दशन होने वाला है जिसे लेकर ठेले खोमचें वाले खादय सामग्रियों को लेकर दुकान लगा रही थी इस दौरान भीड़ मौजूद लोग इन खादय सामग्रियों का बीच बीच लुत्फ उठा रहे थे।

डीजे और धुमाल की रही गुंज

राजधानी झंकियों के प्रदर्शन दौरान डी जे और धुमाल पार्टी की गुंज शहर भर सुनाई दी इस दौरान समिति सदस्य डीजे और धुमाल की धुन में नचाते हुए नजर आए।

रात भर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

रायपुर। पूरे शहर में बस एक ही शोर है गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ। वैसे तो अनंतचतुर्दशी गुरुवार को था लेकिन छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला कल सुबह से शुरु हुआ जो आज भी चलते रहा। घरों व प्रतिष्ठानों में विराजे प्रतिमाओं को लोगों ने श्रद्धाभाव के साथ विसर्जन किया। विदाई का पल भावुक तो था जब आंखों में आंसू आ जा रहे थे जब वे बप्पा की के अगले बरस जल्दी आने की जयकारे लगा रहे थे और ढोल धमाल के साथ नाच भी रहे थे। विदाई की बेला में बच्चे.बुजुर्ग सभी समभाव से इस पल के साक्षी बन रहे थे। कहीं.कहीं भंडारा प्रसादी तो कहीं.कहीं ढोल धमाल आतिशबाजी के बीच घरों व मोहल्लों में बप्पा को विदाई दी जा रही थी और काफी खुशनुमा माहौल था।

कांग्रेस ने तय किए प्रत्याशियों के नाम

अब पितृ पक्ष के बाद जारी होगी सूची, कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की आज बैठक

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस ने लगभग सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की सूची तय कर ली है। हालांकि सूची जारी होने में अभी देरी हो सकती है। पितृ पक्ष की वजह से पार्टी अभी सूची जारी नहीं करेगी। पार्टी सूत्रों की मानें तो गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में हुई कोर ग्रुपप की बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने सीटों पर चर्चा की है।

प्रत्याशियों की सूची पर अंतिम मुहर लगाने के लिए एक अक्टूबर को कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी। इस कमेटी की अध्यक्षता अजय माकन करेंगे। सूत्रों की मानें तो कोर ग्रुप ने अलग-अलग सीटों के लिए कहीं सिंगल नाम तो कही पैनल में नाम भेजा है। हालांकि पिछली बैठक में अजय माकन ने कहा था कि केवल सिंगल नाम भेजा जाए। मगर कुछ सीटों में अत्यधिक असमंजस के कारण स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष पैनल भेजा जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को शाम 4 बजे राजीव भवन में होगी।

कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन बैठक लेंगे। बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन पर चर्चा होगी।बैठक में कमेटी के सदस्य नीटा डिसूजा, हनुमंथैया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्री ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिवकुमार डहरिया शामिल होंगे।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा दोपहर डेढ़ बजे रायपुर पहुंचेंगी। स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन भी डेढ़ बजे रायपुर पहुंचेंगे।स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य हनुमंतथैया शाम 6 बजे और नीटा डिसूजा सुबह 9 बजे रायपुर पहुंचेंगी।

कांग्रेस सूची जारी होते ही मचेगा गदर : चंदेल

कांग्रेस अब तक प्रत्याशियों की एक भी सूची जारी नहीं कर पाई है। इसे लेकर भाजपा उस पर तंज कस रही है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस में जबरदस्त घमासान मचा है। उनके नेताओं में आपसी खींचतान चरम पर है। इसलिए वे विधानसभा प्रत्याशियों के नाम फाइनल नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पहली सूची लगभग 45 दिन पहले जारी हो गई है तब कांग्रेस ने कहा था की 5 सितंबर को हमारी सूची भी जारी हो जाएगी। इस बात को 20 दिन से अधिक हो गए। लेकिन कांग्रेसी विधानसभा प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सूची जारी होते ही उनमें गदर मचेगा जो संभाले नहीं संभलेगा। और यह बात कांग्रेस के नेता भली-भांति जानते हैं और इसी भय से वे सूची जारी करने से बच रहे हैं।

प्रदेश की महिलाओं को अब छह लाख तक का ऋृण देगी राज्य सरकार

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। मभूपेश सरकार अब महिला कोष ऋृण योजना में महिलाओं को छह लाख तक का ऋृण देगी। अभी तक यह राशि चार लाख रुपये थी। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद राज्य सरकार ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया है।

दो मई को रायपुर के साइंस कालेज मैदान में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिनों के आभार सम्मेलन में मुख्यमंत्री बघेल ने महिला समूहों को छह लाख रुपये ऋृण देने और महिलाओं के लिए ऋृण लेने की पात्रता शर्तों को सरल करने की घोषणा की थी। इस संबंध में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिया है।

छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋृण योजना अंतर्गत ऐसे महिला समूह जिन्होंने प्रथम बार ऋृण लेकर पूरा पटा दिया है, उन्हें 4 लाख के स्थान पर अब अधिकतम 6 लाख रूपए ऋृण की पात्रता होगी। साथ ही 4 से 6 लाख रुपये तक के ऋृण की अदायगी, महिला स्व-सहायता समूहों से ऋृण प्राप्ति के 6 माह पश्चात् 60 मासिक किश्तों में की जाएगी। पुनः ऋृण की पात्रता का लाभ नियमित किश्त अदा करने वाले हितग्राहियों को ही दिया जायेगा।



स्वयं के वार्षिक आय के आधार पर निर्धारित होगी ऋृण लेने की पात्रता

इसके अतिरिक्त सक्षम योजना के अंतर्गत पात्रता की शर्तों को शिथिल बनाया गया है। महिला हितग्राही की ऋृण लेने की पात्रता परिवार की वार्षिक आय के स्थान पर उसके स्वयं के वार्षिक आय के आधार पर निर्धारित होगी। पारिवारिक वार्षिक आय राशि रूपये 1 लाख के स्थान पर अब जिस महिला की वार्षिक आय की सीमा राशि रुपये 2 लाख रुपये तक होगी उसे ऋृण की पात्रता होगी।

गौरतलब है कि महिला कोष द्वारा ऋृण योजना व सक्षम योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए मात्र 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ऋृण उपलब्ध कराया जाता है।

मुख्यमंत्री बघेल ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला कोष का बजट इस वित्तीय वर्ष में लगभग 10 गुना बढ़ाकर 25 करोड़ रुपये कर दिया है। साथ ही नवीन कौशल्या समृद्धि योजना के लिए भी 25 करोड़ रुपये का आवंटन दिया गया है।

भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज, कई नेता दिल्ली रवाना

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर कल दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा होगी।

■ भाजपा की दूसरी सूची कभी भी आ सकती है

बैठक में शामिल होने आज भाजपा के कई दिग्गज नेता दिल्ली रवाना हुए। बताया जा रहा कि भाजपा की दूसरी सूची कभी भी आ सकती है, बैठक में शामिल होने प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, संगठन महामंत्री अजय जामवाल, ओपी चौधरी दिल्ली रवाना हुए। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, 21 प्रत्याशियों की सूची भाजपा ने जारी कर दी है। कल की बैठक में अन्य सीटो को लेकर नामो पर चर्चा होगी।

अरुण साव ने कहा कि आज बिलासपुर में भाजपा की परिवर्तन महासंकल्प रैली ऐतिहासिक रूप से सफल हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में परिवर्तन महा संकल्प रैली जिस ऐतिहासिक रूप से सफल हुई है, निश्चित रूप से परिवर्तन का शंखनाद आज हो गया है। साव ने कहा, हमने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। सभी हमारे 21 प्रत्याशी पूरे मजबूती से चुनावी मैदान में उतरेंगे।जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। कार्यकर्ताओं का पूरा सहयोग मिल रहा है। पार्टी की बैठक दिल्ली में होगी, जिसमें आगे की गतिविधियों को लेकर चर्चा होगी। बहुत जल्द हम प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी करेंगे।

तालाब पाटने के मामलें में सिंहदेव को राहत

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को हाईकोर्ट बिलासपुर से बड़ी राहत मिली है। तरूनीर संस्था द्वारा अंबिकापुर के सत्तीपारा में स्थित शिवसागर तालाब व मौलवी बांध में सिंहदेव परिवार के स्वामित्व की भूमि को लेकर हाईकोर्ट बिलासपुर में दाखिल जनहित याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

सत्तीपारा के शिवसागर तालाब एवं मौलवी बांध के कुल 54.20 एकड़ भूमि में से 33 एकड़ भूमि का लैंड यूज 1996 में बदल दिया गया था। इसे लेकर हाईकोर्ट में तरूनीर समिति ने जनहित याचिका लगाई थी। विपक्ष इस मामले में काफी समय से टीएस सिंहदेव पर घेर रहा था। विधानसभा चुनाव के पूर्व आए इस निर्णय से डिप्टी सीएम को बड़ी राहत मिली है।

अंबिकापुर विधायक व छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के अधिवक्ता संतोष सिंह के साथ उनके कानूनी सलाहकार डॉ जेपी श्रीवास्तव, हेमंत तिवारी ने बताया कि शिवसागर तालाब व मौलवी बांध के खसरा क्रमांक 3467, रकबा 52.6 एकड़ व खसरा क्रमांक 3385 रकबा 2.14 एकड़ कुल 54.20 एकड़ भूमि इन्वेंट्री में राजपरिवार के नाम दर्ज है। यह 54.20 एकड़ भूमि में से सिर्फ 21 एकड़ भूमि ही जलस्त्रोत के रूप में उपयोग हो रहा था। शेष 33 एकड़ भूमि का मद परिवर्तन करने के लिए टीएस सिंहदेव ने कलेक्टर सरगुजा को वर्ष 1995 में आवेदन दिया गया था। कलेक्टर सरगुजा द्वारा राजस्व विभाग की टीम गठित कर इसकी जांच कराई गई। कलेक्टर सरगुजा ने पांच नवंबर 1996 के आदेश द्वारा जलक्षेत्र 21 एकड़ को छोड़कर शेष 33.18 एकड़ भूमि का मद परिवर्तित कर दिया गया था।

■ हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

अधिवक्ताओं ने बताया कि इस आदेश के 20 वर्ष बाद तरूनीर समिति के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा द्वारा 08 दिसंबर 2016 व 11 अगस्त 2017 को कलेक्टर सरगुजा के समक्ष शिकायत की गई। समिति के एक पदाधिकारी विशाल राय ने राज्य शासन से 24 अक्टूबर 2016 को शिकायत कर इसकी जांच कराए जाने की मांग की थी।

शिकायत में टीएस सिंहदेव व उनके परिवार के सदस्यों पर आरोप था कि उनके द्वारा अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए गलत ढंग से तालाब की भूमि को अपने नाम से दर्ज कराकर क्रय-विक्रय किया जा रहा है। तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह द्वारा इसकी विधिवत तरीके से जांच कराई गई और जांच में पाया गया कि इसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं है। तालाब का 21 एकड़ यथावत पाया गया। इसका प्रतिवेदन 22 फरवरी 2017 को राज्य शासन को भेज दिया गया था।उक्त भूमि की जांच रिपोर्ट के पश्चात् भूमि के मद परिवर्तन को लेकर भाजपा नेता आलोक दुबे ने एनजीटी भोपाल में प्रकरण क्रमांक 06/19 प्रस्तुत किया गया। एनजीटी भोपाल ने उक्त भूमि का व्यपवर्तन विधिवत करना पाए जाने पर प्रकरण सात मार्च 2019 को खारिज कर दिया था। एनजीटी ने आलोक दुबे के पुनर्विचार याचिका को भी खारिज कर दिया था।

दो दिन बाद फिर छत्तीसगढ़ आएंगे प्रधानमंत्री

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंच रहे हैं। 3 अक्टूबर को फिर पीएम मोदी छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में ऐतिहासिक लालबाग मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करने वाले हैं। प्रधानमंत्री के प्रवास को लेकर भाजपा ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी है और इस सभा में लाखों लोगों की भीड़ जुटाने का दावा कर रही है। वहीं सर्व आदिवासी समाज ने 3 अक्टूबर को ही नगरनार एनएमडीसी स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में बस्तर बंद का आव्हान किया है।

■ जगदलपुर में चुनावी सभा करेंगे

बस्तर जिले के नगरनार में पूरी तरह से बनकर तैयार एनएमडीसी स्टील प्लांट के निजीकरण का विरोध कर सर्व आदिवासी समाज ने 3 अक्टूबर को ही बस्तर संभाग बंद का आह्वान किया है। 2 अक्टूबर को शहर में बस्तर संभाग से करीब 20 हजार आदिवासी रैली निकालकर विरोध दर्ज करवाएंगे और 3 अक्टूबर को बस्तर बंद बुलाएंगे। इस बंद को कांग्रेस ने समर्थन दिया है। इधर पीएम के बस्तर प्रवास के दिन ही सर्व आदिवासी समाज द्वारा बुलाए गए बंद को लेकर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर राजनीतिक षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि कांग्रेस जानबूझकर प्रधानमंत्री के प्रवास के दिन इस तरह की राजनीतिक षड्यंत्र रच रही है, ताकि सभा को प्रभावित किया जा सके, लेकिन ऐसा बिल्कुल होने नहीं दिया जाएगा। प्रधानमंत्री के बस्तर प्रवास को लेकर बस्तर की जनता काफी उत्साहित हैं और इस सभा में लाखों की भीड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने जुटेगी।

CMYK

गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

महासमुंद, 30 सितंबर । राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023.24 के लिए सोमवार 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके फलस्वरूप उक्त शुष्क दिवस में जिले की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएलण् 3 सपना बार एण्ड रेस्टोरेंट तथा मद्य भंडागार पूर्णतः बंद रहेगी।

देश में छत्तीसगढ़ सामाजिक न्याय का मॉडल : भूपेश

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। देशभर में छत्तीसगढ़ आज सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा मॉडल बन चुका है। हमने प्रदेश में सभी वर्गों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाई है। किसानों, आदिवासियों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने का काम किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में इंडिया टूडे द्वारा आयेजित ''स्टेट ऑफ द स्टेट छत्तीसगढ़ फर्स्ट'' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं क्योंकि मेहनतकश को उसकी मेहनत के अनुरूप पैसा मिल रहा है और वह खुशी-खुशी प्रदेश को गढ़ने तथा आगे बढ़ाने में स्वतः स्फूर्त होकर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज नक्सलियों का दायरा सिमट गया है। बस्तर अंचल में बंद स्कूलों को खोलने की बड़ी पहल हमने की है, जिससे भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हुआ है। हमने उद्योग और व्यापार के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराया है और इसके लिए अधोसंरचना निर्माण का काम कर रहे हैं। उद्योगों को बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भरपूर सहयोग दिया है। आज गौठान और रीपा से महिलाएं और युवा रोजगार की कड़ी से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य है जहां हमने किसानों से सबसे ज्यादा दाम पर धान की खरीदी कर किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया। प्रदेश में 44 प्रतिशत वन क्षेत्र है। पहले मात्र 7 प्रकार के वनोपजों की खरीदी होता था। अब हम 67 प्रकार के वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीद रहे हैं। तेन्दूपत्ता प्रति मानक बोरा 2500 से बढ़ाकर 4000 रूपए किया। उन्होंने कहा कि लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की अधिग्रहित जमीन वापस की। वनाधिकार पट्टा, वन संसाधन अधिकार, पेसा कानून को लागू किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम हुए हैं। कुपोषण को दूर करने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान लागू किया। वनांचल क्षेत्रों में पहले छोटी-छोटी बीमारियों के कारण भी लोगों की जान चली जाती थी। ऐसे में दूरस्थ वनांचल के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हाट-बाजार क्लीनिक योजना शुरू की। हाट बाजार क्लीनिक व्यवस्था का एक करोड़ से अधिक लोग लाभ ले चुके हैं।

इस अवसर पर विधायक कुलदीप जुनेजा, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, विनोद वर्मा, रूचिर गर्ग, इंडिया टूडे के ग्रुप एडिटर राज चिन्नप्पा, न्यूज एडिटर राहुल कंवल, स्टेट हेड मनीष मिश्रा, एंकर सईद अंसारी सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्रदेश सरकार का लक्ष्य, बेरोजगार साथियों को मिले रोजगार : मुख्यमंत्री

योजना के तहत अब तक हितग्राहियों को मिल चुका है 182 करोड़ 47 लाख 2 हजार 5 सौ रुपए का बेरोजगारी भत्ता

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर स्थित निवास कार्यालय से छत्तीसगढ़ के 01 लाख 35 हजार 104 शिक्षित बेरोजगार हितग्राहियों को 35 करोड़ 48 लाख 7 हजार 500 रुपए का बेरोजगारी भत्ता सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किया। बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अभी तक छः किस्तों में हितग्राहियों को 182 करोड़ 47 लाख 2 हजार 500 रूपए का बेरोजगारी भत्ता दिया जा चुका है। बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अप्रेल माह से अभी तक 2 लाख 1 हजार 4 सौ 43 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिनमें से 94 फीसदी अर्थात 1 लाख 79 हजार 494 आवेदनों को स्वीकृति के लिए अनुशंसित कर दिया गया है। जबकि शेष 6 फीसदी अभ्यर्थी भौतिक सत्यापन में अनुपस्थित रहे हैं। बेरोजगारी भत्ता का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों में से 39 फीसदी महिलाएँ हैं जबकि 83 फीसदी अभ्यर्थी ग्रामीण वर्ग से हैं।

भूपेश बघेल ने 1 लाख 35 हजार 104 बेरोजगार युवाओं को वितरित किया बेरोजगारी भत्ता

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 लाख 35 हजार 104 बेरोजगार युवाओ को वितरित किया बेरोजगारी भत्ता

मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि हमारा लक्ष्य उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि योजना के हितग्राहियों के लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे अपने कौशल को निखारते हुए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री बघेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छः माह पहले जब ये योजना शुरू हुई थी तो कई लोगों के मन में शंकाएं थीं। हालांकि बेरोजगारी भत्ता योजना सफलतापूर्वक लागू हुई और आनलाइन माध्यम से बेरोजगारी भत्ता सीधे हितग्राहियों के खाते में पहुंच रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार बेरोजगारी भत्ते के लिए चयनित अभ्यर्थियों को कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। अभी तक ऐसे 7 हजार 464 अभ्यर्थी प्रशिक्षित होकर रोजगार से जुड़ गए हैं जबकि 1 हजार 7 सौ 96 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण भी जल्दी ही शुरू हो जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आईटीआई के 109 प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी के कुल 920 पद विज्ञापित किए गए थे जिनमें से 82 पदों के लिए पहले ही नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए हैं। इसी तरह से मुख्यमंत्री बघेल ने आज छात्रावास अधीक्षक के पद के लिए भी 6 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभाग में शिक्षक और व्याख्याता के पद पर चयनित 2 हजार 161 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमे से 2 हजार 139 सहायक शिक्षक तथा 22 व्याख्याता हैं। बेरोजगारी भत्ता वितरण तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला, संचालक तकनीकी शिक्षा अवनीश शरण, संचालक लोक शिक्षण सुनील जैन समेत अन्य विभागीय अधिकारी तथा बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राही उपस्थित थे।



सीएम हाउस घेराव, स्थानीय प्रशासन ने बीच रास्ते में रोका

रायपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। सीजीपीएससी में गड़बड़ी और घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर रही थी। सुनियोजित प्रदर्शन के दौरान बूढ़ा तालाब से मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहेज् कार्यकर्ताओं को सप्रे शाला मैदान के पास स्थानीय प्रशासन ने रोक दिया। च्आपज् प्रदेश सचिव उत्तम जायसवाल ने कहा कि सीजीपीएससी की साख के लिए सीबीआई जांच जरूरी है। छात्रहित में हमारा आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

उन्होंने कहा छात्रहित के समर्थन में प्रदेशभर के च्आपज् कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इन दिनों प्रदेश के समस्त परीक्षाओं में धांधली की बात सामने आने से युवाओं में निराशा का भाव है। छग पीए सी की 2021-22 की सिलेक्शन लिस्ट विवादों में घिरी है। आरोप है कि भर्ती में फर्जीवाड़ा और भाई-भतीजावाद किया गया है। पूर्व गृहमंत्री और रामपुर विधायक ननकीराम कंवर ने हाईकोर्ट में पीएससी में चयनित अफसरों के रिश्तेदारों की लिस्ट दी है। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका दायर होने के बाद 13 नियुक्तियों पर रोक भी लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार और क्कस्ष्ट को निर्देशित किया है कि जो सूची याचिकाकर्ता ने पेश की है, उसके तथ्यों की सत्यता की जांच कर लें।

प्रदेश में बारिश को लेकर अलर्ट

कई जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की भी संभावना

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बारिश बढ़ने की संभावना है। प्रदेश के कई इलाकों में मानसून तंत्र और चक्रवात के प्रभाव से आने वाले 24 घंटो में बारिश के आसार है। रायगढ़, महासमुंद, गरियाबंद और बस्तर संभाग के कई इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही कई जिलों में हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। बीते दिनों प्रदेश के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई है। इससे बढ़ती उमस और गर्मी से लोगों को राहत मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार, एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है। इसकी ज्यादा प्रबल होने से निम्न दाब का क्षेत्र के रूप में परिवर्तित होकर उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ेगा। उत्तर उड़ीसा और उससे लगे पश्चिम बंगाल तट के पास अगले 24 घंटे में पहुंचने की संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश में बारिश हो सकती है। गरज चमक के साथ वज्रपात की संभावना है।

हल्की मध्यम बारिश की संभावना

राजधानी रायपुर में आज सुबह से ही बादल छाए हुए थे। जिसके चलते रायपुर, दुर्ग और कई जिलों में हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। बीते दिन शुक्रवार को प्रदेश के कई इलाकों में समाज हम बारिश हुई है। इससे बढ़ती उमस और गर्मी से लोगों को राहत मिली है। प्रदेश के कई इलाकों में छम छम बारिश होने के आसार है। कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ वज्रपात की भी संभावना है।

12 अक्टूबर तक हो सकती है मानसून की विदाई

मौसम विभाग का कहना है कि अब मानसून की विदाई शुरू हो गई है। कई प्रदेशों में मानसून की विदाई हो गई है। वहीं 12 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई हो सकती है। आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश में हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। यहां की अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं संभावित नहीं है। राजधानी रायपुर में बीते दिनों अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

योग करने चलाया गया जन जागरण अभियान

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय योग संस्थान रायपुर द्वारा लक्ष्य योग केंद्र वॉकिंग डिस्टेंस में हो व योग का अभ्यास प्रतिदिन करने हेतु जन जागरण अभियान, प्रभात फेरी निकाली गई। विभिन्न केंद्रों से साधक, साधिकाएं, नारीशक्ति, मातृ शक्ति, शिक्षक, उप शिक्षक, केंद्र संचालक गण एवं भारतीय योग संस्थान रायपुर के पदाधीकारियों मुकेश सोनी, राजेश डागा, राजेश अग्रवाल, श्रीमति वंदना आहूजा, श्रीमति रिया फतनानी,श्र ीमति सुदेशना मैडम के निर्देशन में सफल संपन्न हुआ।

विधायक धनेन्द्र ने कथा वाचक पं. तिवारी से लिया आशीर्वाद

नवापारा-राजिम, 29 सितंबर। आज ग्राम सेमरा में पंच राम भगत के घर मे आयोजित भागवत पुराण के आयोजन में विधायक धनेंद्र साहू पहुँच कर कथा वाचक पुष्कर तिवारी से आशीर्वाद लेकर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किया इस अवसर पर विधायक धनेंद्र साहू के साथ कृषि उपज मंडी अध्यक्ष गोपेश ध्रुव,जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष चन्द्रहास साहू राम सेवक एवम ग्रामवासी उपस्थित थे ।

आकांक्षी ब्लॉक फेलो के रिक्त पदों में भर्ती के लिए दावा आपत्ति कल तक

गरियाबंद, 30 सितंबर। कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद के द्वारा आकांक्षी ब्लॉक फेलो के 2 पदों में नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी करते हुए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमे आवेदनकर्ता अभ्यर्थियों के प्राप्त आवेदनों के प्रथम स्क्रूटनी पात्र / अपात्र आवेदन पत्रों की सूची गरियाबंद जिले के बेवसाइट ओर सूचना बोर्ड में अपलोड कर दिया गया। पात्र/अपात्र आवेदन के संबंध में जिस किसी आवेदनकर्ता को आपत्ति हो तो वें अपना दावा आपत्ति 2 अक्टूबर 2023 समय 5:30 बजे तक ई-मेल के माध्यम से कर सकते है।

यूपीए ने मोदी सरकार से ज्यादा छग को दिया था : कांग्रेस

रायपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी अहसान जता कर गये है कि राज्य, केंद्र के सहयोग पर चल रहा है, जबकि हकीकत है केंद्र, राज्य को देता कम है, राज्य से वसूलता ज्यादा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ से केन्द्र को विभिन्न मदो से सेन्ट्रल, जीएसटी, इनकम टैक्स, पेट्रोलियम पदार्थो पर सेन्ट्रल एक्साईज, कोल खनन, आयरन ओर बाक्साईट टिन के खनन से तथा रेल भाड़ा से पिछले पांच वर्षो में 461908.66 करोड़ रू. वसूला है। इन पांच वर्षो में राज्य के हिस्से में 192190.76 करोड़ रू. मिला। वसूली गयी राशि से 269717.93 कम मिला। इसमें भी विभिन्न मदो में केन्द्र राज्य के हिस्से का 55000 हजार करोड़ रू. अभी तक नहीं दिया है। कुल राशि राज्य को मात्र 137190.76 करोड़ ही मिली है।

उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षो में केन्द्र से छत्तीसगढ़ को औसतन हर साल मिले मात्र 27438 करोड़ और छत्तीसगढ़ से केन्द्र द्वारा वसूली औसत हर साल 92382 करोड़ अर्थात छत्तीसगढ़ से कुल वसूली का 29.7 प्रतिशत ही छत्तीसगढ़ को मिला है। विगत 5 वर्षो में छत्तीसगढ़ से केन्द्र द्वारा कुल वसूली का 70.3 प्रतिशत केन्द्र की मोदी सरकार के पास। छत्तीसगढ़ उत्पादक राज्य है स्टील सीमेंट के उत्पादन में अग्रणी होने के साथ ही कोयला, बॉक्साइट, आयरनओर और टीन के खनन में भी अग्रणी राज्य जीएसटी लागू होने से उत्पादक राज्यों को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति 30 जून 2022 से बंद कर दी गई है लेकिन केंद्र की मोदी सरकार जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए लगाए जाने वाला है जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर 31 मार्च 2026 तक वसूलेगी। अर्थात वसूली मार्च 2026 तक जारी रहेगी लेकिन देनदारी 30 जून 2022 से बंद है? केंद्र की मोदी सरकार ने लगभग सभी केंद्रीय योजनाओं में केंद्रास कम करके उसी अनुपात में राज्यांश बढ़ा दिए गए, अर्थात् राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ा।

सेंट्रल जीएसटी से 5 साल में 54987 करोड़ वसूला

सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स द्वारा घोषित छत्तीसगढ़ से संग्रहण के वर्षवार आंकड़े (इनकम टैक्स) से 27012.81 इतना करोड़ वसूला। पेट्रोलियम उत्पाद पर सेंट्रल एक्साइज 2014 की तुलना में पेट्रोल पर 203 परसेंट और डीजल पर 530 परसेंट बढ़ाया गया। 18.21 लाख करोड़ वसूला।कोल खनन में विगत वर्ष बेस प्राइस पर 14 प्रतिशत के रूप में 2024 करोड़ अर्थात् केंद्र को छत्तीसगढ़ से कोयले से कमाई 18025.57 करोड़ प्रतिवर्ष अर्थात विगत 5 वर्षों में 90142.85 करोड़। आयरनओर, बॉक्साइट, टीन इत्यादि खनन से 20000 करोड़ प्रतिवर्ष अर्थात् विगत 5 वर्षों में 100000 लाख करोड़। केवल बिलासपुर जोन से रेलवे को शुद्ध मुनाफा 20 हजार करोड़ से 22 हजार करोड़ प्रतिवर्ष अर्थात् विगत 5 वर्षों में 106000 करोड़। श्री शुक्ला ने कहा कि विगत 5 वर्षों में केंद्र से छत्तीसगढ़ को प्राप्त कुल राशि केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा 116653.24 + सहायता अनुदान 75537.49 करोड़ दोनों का कुल टोटल =192190.73 करोड़। इसमें से भी लगभग 55000 करोड़ छत्तीसगढ़ के हक और हिस्से का केन्द्र के पास बकाया है।

बेटी बचाओ मंच ने पितृपक्ष द्वितीया श्राद्ध में पूर्वजों की शांति और प्रसन्नता के लिए पितृभोज का आयोजन किया

रायपुर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। पितृपक्ष द्वितीया श्राद्ध को बेटी बचाओ मंच महादेव घाट तथा रायपुरा परिक्षेत्र ने पूर्वजों की शांति और प्रसन्नता के लिए समर्पित किया। मंच पदाधिकारी महादेव घाट में एकत्र होकर उड़द दाल के बडा और पुड़ी का होम देकर पूजन किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया की पितृ पक्ष हमारे पूर्वजों को समर्पित है। पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान कर उन्हें प्रसन्न कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। परिवार के लिए यह शुभ होता है। पूजन, हवन पश्चात परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा तथा प्रमिला कोपुलवार ने सभी पदाधिकारियो को एक साथ बैठाकर उड़द का बड़ा, पूड़ी और सब्जी परोसा । दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।उक्त अवसर पर विशेष रूप से परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा, प्रमिला कोपुलवार,वीणा तिवारी, सुधा शर्मा, शारदा मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, कल्याणी यदु, सरस्वती साहू, उषा तिवारी, सुमन ठाकुर, सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।



एनसीसी कैडेटों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

बलौदाबाजार, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 30 सितम्बर को शासकीय कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार एनसीसी कैडेट ने 7 सीजी एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव के निर्देशानुसार ''स्वच्छ भारत अभियान तथा कचरा मुक्त भारत के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जो डीके महाविद्यालय से प्रारंभ होकर जिला न्यायालय से होते हुए गौरव पथ में चलकर कंचनमणी बलौदाबाजार में समापन किया गया। एनसीसी कैडेटो ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जानने व सीखने के लिए कंचनमणी गए। वहां पर एनसीसी कैडेटो को कचरा पृथक्करण एवं कचरा से खाद निर्माण की विधि कंचनमणी प्रभारी सुरेंद्र कुमार सोनी सुपरवाइजर सुभाषिनी सेंद्रे एवं स्वच्छता मित्रों द्वारा जानकारी दिया गया। जिसमें एनसीसी अधिकारी एफ मिंज, सीनियर अंडर ऑफिसर जयप्रकाश एवं एनसीसी कैडेटों का भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी जेम्स एवं प्राध्यापकगणों का सहयोग रहा।

जनसंपर्क विभाग में 22 वर्ष बाद सेट अप रिविजन सहित अन्य मांगे हुई पूरी

रायपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर जनसंपर्क विभाग के सेटअप रिविजन सहित विभाग की अन्य माँगों को पूरा करने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। संघ के अध्यक्ष संयुक्त संचालक बालमुकुंद तंबोली ने मुख्यमंत्री से कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के उपरांत लगभग 22 वर्षों के बाद आपकी पहल से जनसंपर्क विभाग का सेटअप रिविजन हुआ है। जिससे विभाग में 3 अपर संचालक, 3 संयुक्त संचालक, 10 उपसंचालक सहित अन्य पदों में वृद्धि हुई। इससे बहुत लंबे समय से पदोन्नति से वंचित अधिकारियों की पदोन्नति हो पाई है। उन्होंने कहा कि सेटअप रिविजन होने से विभागीय दायित्वों का निर्वहन बेहतर कार्य क्षमता और कार्यकुशलता के साथ हो पाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग की जरूरतों को देखते हुए संचार उपकरणों की मांग की गई थी, जो लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है। साथ ही जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को भी राज्यस्तरीय अधिमान्यता प्राप्त हुई। संघ के प्रतिनिधियों ने ओल्ड पेंशन स्कीम लागू होने के लिए भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन की सुविधा आरंभ कर दिये जाने से जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों में भी काफी खुशी है। साथ ही 70-80-90 प्रतिशत स्टाइपेंड की व्यवस्था समाप्त करने के मुख्यमंत्री के निर्णय से विभाग में नवनियुक्त 16 अधिकारी लाभान्वित हुए हैं। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि डीए और एचआरए में वृद्धि के निर्णय से भी विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं।

जनसंपर्क अधिकारी संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मिलकर आभार व्यक्त

संघ के अध्यक्ष श्री तंबोली ने कहा कि विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर भर्ती होने से विभाग और भी सुदृढ़ होने के साथ ही विभागीय अधिकारी अधिक बेहतर एवं प्रभावी तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विभागीय भर्ती की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए इस दिशा में शीघ्र ही प्रभावी कार्यवाही करने की बात कही।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी कर्तव्य निष्ठा से कार्य करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर संघ के संरक्षक अपर संचालक जेएल दरियो, संजीव तिवारी के साथ संघ के सदस्य संयुक्त संचालक श्रीमती हर्षा पौराणिक, पंकज गुप्ता, पवन गुप्ता, उप संचालक प्रेमलाल पटेल, सौरभ शर्मा, नितिन शर्मा, सहायक संचालक श्रीमती दानेश्वरी संभाकर, सचिन शर्मा, सहायक सूचना अधिकारी भवानी सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अग्रवाल समाज ने ईद पर मुस्लिम जमात का किया आत्मीय स्वागत

सामाजिक समरसता की ओर बढ़ते कदम

पिथौरा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम जमात पिथौरा के द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत अग्रवाल समाज पिथौरा के किया गया। श्री अग्रसेन भवन पिथौरा के समक्ष शोभायात्रा के स्वागत हेतु जलपान की व्यवस्था की गई थी ।शोभा यात्रा में शामिल मुस्लिम जमात के लोगों सामाजिक जनों ने गले लगा कर अभिनंदन करते हुए आत्मीय स्वागत किया । अग्रवाल समाज की यह परंपरा रही है कि जब भी किसी समुदाय या धार्मिक शोभायात्रा पिथौरा नगर में निकाली जाती है, तो उसका भव्य स्वागत किया जाता है इसी परंपरा का निर्माण करते हुए अग्रवाल समाज पिथौरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनूप अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को शाम 4ः00 बजे मुस्लिम जमात के द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राजधानी में गणेश विसर्जन की चल झांकियों ने बिखेरी रंगीन छटा

फर्जी इनवॉयस के जरिए खेला जा रहा था करोड़ों का खेल

रायपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क रायपुर ने फर्जी इनवॉइस के मामले में मेसर्स गुरुनानक सेल्स के संचालक अनुष गंगवानी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, सीजेएम अदालत ने आरोपी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया, सीजीएसटी रायपुर आयुक्त मो अबू सामा ने बयान जारी कर बताया कि फर्जी इनवॉयसिंग रैकेट की जांच के दौरान सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क रायपुर के फेक इनवॉइस सेल के अधिकारियों पाया कि दलदल सिवनी निवासी मेसर्स गुरुनानक सेल्स के मालिक अनुष गंगवानी कुछ फर्जी फर्म बना कर बिना किसी भी अंतर्निहित वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी आईटीसी को रायपुर और आस.पास के विभिन्न व्यवसायियों

सेंट्रल जीएसटी ने आरोपी किया गिरफ्तार

को वितरित कर रहा है फेक इन्वाइस सेल की टीम ने इस आधार पर अनुष गंगवानी के परिसर पर छापा डाल कर तलाशी ली जांच से पता चला कि अनुष गंगवानी कुल 5 फर्मों का संचालन कर रहा था जिनके माध्यम से उसने बिना किसी अंतर्निहित वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति के तथा बिना जीएसटी के भुगतान केए विभिन्न करदाताओं को 5.53 करोड़ रुपए की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट हस्तांतरित की हुई थी अनुष गंगवानी को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 69, 1, के प्रावधानों के तहत केंद्रीय जीएसटी टीम ने 29 सितंबर को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया सीजेएम अदालत ने आरोपी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया इसके पहले भी सीजीएसटी रायपुर ने कर चोरों के खिलाफ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की हैण् पिछले दो महीनों में दो ऐसे बड़े रैकिट के पर्दाफश किया है।

सार्वजनिक भवन को बना लिया जुआ खेलने का अड्डा

रायपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। आजाद चौक थाना पुलिस ने जुआ खेलते 19 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। जुआरियों ने सरकारी भवन को अपना अड्डा बनाकर रखा था। इनके पास से 81 हजार 500 रुपये नकद, ताशपत्ती और 18 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

19 जुआरी पकड़ाए, ताशपत्ती व मोबाइल जब्त

आरोपियों के विरूद्ध थाना आजाद चौक में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 04 एवं 05 का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। शुक्रवार.शनिवार की दरम्यानी रात थाना आजाद चौक पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत स्थित सोनकर पारा स्थित शिव मंदिर के पीछे सार्वजनिक भवन में कुछ व्यक्ति पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी आजाद चौक के नेतृत्व में थाना आजाद चौक पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए उक्त स्थान में जाकर देखने पर पाया गया कि कुछ व्यक्ति ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर ताशपत्ती से जुआ खेलते कुल 19 जुआरियों को गिरफ्तार किया।

गांजा ब्रिकी करने ग्राहक की तलाश करते दो गिरफ्तार

रायपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इस दौरान एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आरंग क्षेत्रांतर्गत ग्राम निसदा मोड़ पास एक व्यक्ति अपने पास बोरी में गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आरंग को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम सुकेश बरोई निवासी मल्कानगिरी उड़ीसा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी सुकेश बोरई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 किलो 500 ग्राम गांजा जप्त किया गया इधर एक अन्य मामले में सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित नया बस स्टैण्ड पास एक महिला अपने पास गांजा रखी है तथा बिक्री करने की फिराक में है। उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये महिला की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम हेमलता चक्रवर्ती निवासी मध्यप्रदेश की होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर महिला आरोपी हेमलता चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 3 किलो 450 ग्राम गांजा जप्त किया गया।

छत से गिरकर युवक की मौत, घर में छाया मातम

रायपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में एक नशेडी युवक की छत से गिरकर मौत हो गई। बताया जाता है कि शक्तिनगर निवासी मृतक का नाम चंद्रमणि नाग जिसका छोटा भाई धुमाल में काम करता है जिसने अपने भाई द्वारा किए गए विवाद पर बात करने की कोशिश की लेकिन उससे पहले ही चंद्रमणि नाग अपने घर की छत के सीढ़ियों से गिरा और आज सुबह डॉक्टरों ने इसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना कल रात 9 बजे की है। पुलिस ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि युवक नशे का आदि था नशे में अपने परिजनों से मारपीट करता है। पड़ोसियों ने बताया कि युवक के मुँह और कान से खून निकला रहा था। जिससे मौत को संदिग्ध बता रहे है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का पता चल सकेगा। वहीं इस घटना के बाद घर में मातम छाया हुआ है।

तेज आवाज से डीजे बजाने पर प्रतिबंध

रायपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। धार्मिक आयोजनों के दौरान सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना कर तेज आवाज से डीजे. धुमाल बजाने वालों पर रायपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। डीजे संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बॉक्स सेट लाइट और जनरेटर जब्त किया गया। अभनपुर थाना प्रभारी ने बताया हैं कि आदेश का उलंघन करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई हैं और आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। 5 कोलहाल अधिनियम के तहत 4 नग बेस बॉक्स, 6 नग कॉलम टॉप, 4 नग एम्प्लीफायर, 8 नग पार्क लाइट, 1 नग धुंआ मशीन, 2 नग जनरेटर, को जब्त किया गया।

पुलिस ने संचालक के खिलाफ की कार्रवाई

शहर के बीचों-बीच अब पतंजलि मचाएगी धमाल

- जीई रोड शास्त्री चौक में खुला मेगा स्टोर
- एक ही छत के नीचे मिलेंगे पतंजलि के सभी उत्पाद
- स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ की मुहिम को सफल बनाने की मुहिम

रायपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के शास्त्री चौक में पतंजलि अपना मेगा स्टोर हाल ही में खोली गई है जहां पतंजलि के सभी उत्पाद एक ही छत के नीचे मिलेंगे। स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ की मुहिम को साकार करने के लिए पतंजलि ने इस मेगा स्टोर के संचालन का जिम्मा कुणाल जादवानी को दिया है। पतंजलि ने शहर में धूम मचाने के लिए घर पहुंच सेवा भी होगी। इसके अलावा हरिद्वार उत्तराखण्ड स्थित पतंजलि योगपीठ के वैद्य उपचार संबंधी सलाह भी देंगे।

जीईरोड शास्त्री चौक में खुलने वाले मेगा स्टोर में पर्सनल केयर ग्रोसरी एवं स्वदेशी आयुर्वेदिक दवाइयां उपलब्ध कराई गई है जिसमें गाय का देशी घी, च्यवनप्राश, शहद आयुर्वेदिक औषधियां पतंजलि उत्पाद के सभी राशन के पूरे सामान एफएमसीजी के सभी उत्पाद उपलब्ध है। इस मेगा स्टोर में शुगर बीपी एवं त्वचा संबंधी बीमारियों की दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। इस स्टोर में पोषण से भरपूर न्यूट्रीला पतंजलि योगपीठ द्वारा गहन अध्ययन एवं अनुभव से तैयार शत प्रतिशत आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से तैयार औषधियां उपलब्ध है जो विभिन्न व्याधियों एवं जीवन शैली से उत्पन्न रोगों का बिना किसी दुष्प्रभाव के निदान करने में सक्षम है। इस मेगा स्टोर में त्वचा संबंधी ऐसी दवाइयां उपलब्ध होंगी जो एक सप्ताह में त्वचा संबंधी समस्याओं को शत प्रतिशत खत्म कर देंगी। लोगों को असुविधा से बचाने के लिए फ्री होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा मेगा स्टोर उपभोक्ताओं को स्वदेशी समृद्धि कार्ड प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे उपभोक्ताओं को 5 से 7 फीसदी का कैश बैक प्राप्त होगा साथ ही 5 लाख तक के बीमा की सुविधा भी होगी।

राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने किया रेड रन मैराथन का आयोजन

रायपुर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एच आई वी जागरूकता पर शनिवार को राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन का आयोजन कोटा स्टेडियम में किया गया प्रतियोगिता में 8 जिलों से 40 महाविद्यालय के 200 प्रतिभागी सम्मिलित हुए जिसमें विजेता पुरुष वर्ग प्रथम नीतीश कुमार, आर.सी.एस कॉलेज दुर्ग, द्वितीय रजमु कुमार दुग्गा, स्वामी आत्मानंद कॉलेज नारायणपुर, महिला वर्ग में प्रथम भगवती यादव शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव एवं हेमलता धुव्र श्यामाचरण मिश्र कॉलेज धारसींवा द्वितीय स्थान पर रही चारो प्रतिभागी 8 अक्टूबर को गोवा में होने वाले राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में खेल एवम युवा कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर जिला अवयस्क एथलेटिक एसोसिएशन का सहयोग प्राप्त हुआ कार्यक्रम में परियोजना संचालक अतिरिक्त परियोजना संचालक द्वारा प्रतिभागियो का उत्साह वर्धन और पुरस्कार वितरण में दोनों श्रेणी के प्रथम विजेताओं को 3000 रुपये पुरस्कार राशि और द्वितीय विजेताओं को 2000 रुपये दिया गया इसके अतिरिक्त तृतीय से पांचवे स्थान के विजेताओं को 1000 रुपये पुरस्कार भी दिया गया छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

एचआईव्ही के प्रति किया जागरूक

टीचर-संजू एक स्टोरी सुनाओ!
संजू -मैने उसको फोन किया वो सो रही थी! फिर उसने मुझे फोन किया मैं सो रहा था!
मॉरल- जैसी करनी वैसी भरनी!!

दुर्ग ग्रामीण में गृहमंत्री के नेतृत्व में गांधी जयंती पर निकाली जायेगी कांग्रेस की भरोसे की यात्रा

दुर्ग, 30 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के निर्णय अनुसार 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर प्रदेश स्तर पर निकाली जाने वाली भरोसा यात्रा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षे6 में गृहमंत्री व क्षेत्रीय विधायक ताम्रध्वज साहू के नेतृत्व में 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे नगपुरा से प्रारंभ होगी। यात्रा ग्राम अंजोरा ख, निकुम, अंडा, मचांदुर, उतई, उमरपोटी, नेवई, मरोदा, रूआबांधा बाजार चौक, दशहरा मैदान रिसाली पहुंचकर शाम 4 बजे आमसभा के रूप में परिणित होगी।

इस यात्रा की तैयारियों के लिये हुई बैठक में सभी जोन सेक्टर बूथ प्रभारियों को यात्रा प्रभारी बनाया है। यात्रा के दौरान जगह जगह नुक्कड़ सभाएं होगी। मोटर रैली के रूप में भी लोग साथ रहेगें। बैठक में कांग्रेस के 5 वर्ष के शासनकाल में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में 4 हजार करोड़ से भी अधिक राशि से हुए विभिन्न विकास कार्यो की जानकारी जनता को दी जायेगी। क्षेत्र में योजनाबद्ध ढंग से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण के साथ ही सड़क पुलिया एवं स्टापडेम सहित विभिन्न अधोसंरचना के कार्य हुए है। इन्ही उपलब्धियों के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के नेतृत्व में जन जन तक पहुंचायेगें। इन्ही के साथ ही विगत 15 वर्षो के शासनकाल में भाजपा द्वारा जनता के साथ किये गये छल से भी जनता को अवगत कराया जायेगा। भरोसा यात्रा में गृहमंत्री श्री साहू व अन्य कार्यकर्ता भाजपा शासन की विफलताओं व कांग्रेस शासन की सफलताएं लेकर जनता के बीच जाएंगे।

इस हेतु आयोजित बैठक में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री व दुर्ग ग्रामीण चुनाव प्रभारी जितेन्द्र साहू, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री झुमुक साहू, विधायक प्रतिनिधि केशव बंटी हरमुख, जोन प्रभारी रिवेन्द्र यादव, जिला कांग्रेस सचिव प्रदीप चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, मंडी सदस्य तारकेश्वर चंद्राकर, एवं दुर्ग ग्रामीण, ब्लाक कांग्रेस के जोन व सेक्टर प्रभारी एवं यात्रा प्रभारी उपस्थित थे।

वोरा के नेतृत्व में कल दुर्ग शहर में यात्रा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 2 अक्टूबर को पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निकाली जाने वाली भरोसा यात्रा दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में विधायक अरूण वोरा के नेतृत्व में निकाली जायेगी। भरोसा यात्रा में कांग्रेस व अनुशांगिक संगठनों के सभी पदाधिकारीगण, पार्षदगण, एवं समस्त कांग्रेसजन शामिल होगें। भरोसा यात्रा में शामिल कांग्रेसी यात्रा के मार्ग में भाजपा के विगत 15 वर्षो की विफलता और कांग्रेस के 5 वर्ष की सफलताओं और कराये गये कार्यो की जानकारी शहरवासियों को देगें।

यात्रा के दौरान बाईक रैली व नुक्कड़ सभा की जायेगी। इस संबंध में आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के अलावा सभी अनुशांगिक संगठनों के लोगों की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस पार्षद भी उपस्थित थे। बैठक को विधायक वोरा के साथ ही विधानसभा प्रभारी कमलकांत शुक्ला व इरफान खान ने भी संबोधित करते हुए यात्रा संबंधित सविस्तार जानकारी दी।

भरोसा यात्रा राजीव भवन (कांग्रेस भवन) से 2 अक्टूबर की सुबह 9 बजे निकलेगी। यात्रा गवली पारा से शनिचरी बाजार, जवाहर चौक, मोती काम्पलेक्स, होटल मान, तकियापारा, सुभाष चौक, फरिश्ता काम्पलेक्स, पचरी पारा, नया बस स्टैंड, से होते हुए हिन्दी भवन के सामने गांधी प्रतिमा तक पहुंचेगी।

आज की बैठक में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, महापौर धीरज बाकलीवाल, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद, प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, नासिर खोखर, ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार पाली, कन्या ढीमर, अजय मिश्रा, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

सर्व अनुसूचित जाति समाज ने की हक और अधिकारों के लिए संघर्ष की घोषणा

अनुसूचित जाति वर्ग की 44 जातियां नये संगठन में हुई शामिल

दुर्ग, 30 सितंबर (देशबन्धु)। सर्व अनुसूचित जाति समाज छत्तीसगढ़ ने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के हक और अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश के अनुसूचित वर्ग के 44 जातियों को शामिल कर नया सामाजिक संगठन गठित किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण भारती और महासचिव ध्रुव कुमार सोनी लंगूर बनाए गए हैं। इसके अलावा संगठन की मजबूती के लिए अन्य पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सर्व अनुसूचित जाति समाज छत्तीसगढ़ के ये नवनियुक्त प्रादेशिक पदाधिकारी के अलावा दुर्ग जिला के पदाधिकारी 8 अक्टूबर को एक भव्य समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के लिए स्थान तय नहीं हो पाया है। सर्व अनुसूचित जाति समाज छत्तीसगढ़ के प्रवक्ता डॉण् अरविंद चौधरी और महासचिव ध्रुवकुमार सोनी(लंगूर) ने आज मीडिया से संयुक्त चर्चा में यह बातें कहीं।

पत्रवार्ता में अनुसूचित जाति समाज छत्तीसगढ़ के ने बताया उनके संगठन का गठन 3 सितंबर को किया गया है। संगठन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात अनुसूचित जातियों की दशा और दिशा में सुधार,अनुसूचित जातियों में वर्ष 2016 के पश्चात शामिल जातियों को संवैधानिक अधिकार मिले। जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिले, 1 मई के उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम आदेशों में पदोन्नति में आरक्षण को राज्य शासन द्वारा लागू किया जाए, राज्य के बड़े राजनीतिक पार्टियों द्वारा विधानसभा के अनारक्षित सीटों पर अनुसूचित जाति के लोगों को टिकट दिया जाए, शिक्षित युवा बेरोजगारों को रोजगार मिले, अनुसूचित जाति के शासकीय कर्मचारियों को जातिगत प्रताड़ना व भेदभाव पर रोक, छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाकर अनुसूचित जाति वर्ग को न्याय दिलाना है।

पत्रवार्ता में आगे कहा गया कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद भी अनुसूचित जाति वर्ग का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। इसमें 1950 का रिकॉर्ड बड़ा रोड़ा बना हुआ हैए हालांकि राज्य की भूपेश बघेल सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। जिसके तहत जाति प्रमाण ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

जन्मजात मोतियाबिंद से ग्रसित बच्चे का हुआ जिला अस्पताल में सफल ऑपरेशन

दुर्ग, 30 सितंबर (देशबन्धु)। जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में मरीज तोषन चुरेन्द्र उम्र 09 वर्ष जो कि काकरेल जिला बालोद का निवासी है।

आँखो की समस्या के ईलाज के लिये विगत 26 सितम्बर को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय दुर्ग रेफर किया गया था, डॉ. कल्पना जैफ नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि मरीज को बाये आँख से बिल्कुल नहीं दिखता था, मरीज की प्रारंभिक जाँच के बाद पाया गया कि मरीज जन्मजात मोतियाबिंद से ग्रसित था। मरीज की सर्जरी 27 सितम्बर को जिला नोडल अधिकारी डॉ. संगीता भाटीया के नेतृत्व में नेत्र सर्जन डा. कल्पना जैफ एवं डॉ. तरुण वशिष्ट नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गयी। जिसमें नेत्र सहायक अधिकारियों शत्रुहन सिन्हा, माया लहरे, दुर्गा सिन्हा, विवेक सोनी एवं आशा ब्रहमभट्ट ओटी नर्सिंग इंचार्ज एवं उनकी टीम द्वारा विशेष योगदान दिया गया। जब मरीज अस्पताल आये थे तब उनका विजन 3/60 था सर्जरी के बाद मरीज का विजन 6/6 हुआ है। अब मरीज बाये आँख से भी पूरी तरह से देख पा रहा है।

यूजीसी ने पीएचडी के लिए किया नियमों में परिवर्तन

दुर्ग, 30 सितंबर (देशबन्धु)। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा 07 नवंबर 2022 को प्रकाशित असाधारण राजपत्र के माध्यम से पीएचडी संबंधी नियमों में अनेक परिवर्तन किये गये है। इन परिवर्तनों पर वि.वि. की कार्यपरिषद् की बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। इन परिवर्तनों को अंगीकृत किये जाने हेतु हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं राजभवन को भेजेगा तत्पश्चात् अनुमोदन प्राप्त होने पर पीएचडी अधिनियम 45 में संशोधन के द्वारा सभी परिवर्तित नियम लागू हो जायेंगे। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि यूजीसी द्वारा परिवर्तित किये गये नियमों में ऐसे प्राध्यापक जिन्हें सेवानिवृत्त के केवल तीन वर्ष शेष बचे है वे किसी नये शोधार्थी को अपने मार्गदर्शन में पीएचडी हेतु पंजीकृत नहीं करा सकते। जो शोधार्थी पहले से पंजीकृत है केवल उनका मार्गदर्शन पीएचडी समाप्ति तक सेवानिवृत्त के पश्चात् भी जारी रख सकते है।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार पूर्व में किसी सहायक प्राध्यापक को शोधनिर्देशक के रूप में मान्यता प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय उत्कृष्ट मान्यता प्राप्त शोध जर्नल्स में दो शोधपत्रों को प्रकाशित करना अनिवार्य था परन्तु अब नये नियमों के अनुसार तीन शोधपत्र प्रकाशित करना अनिवार्य कर दिया गया है।

इसी प्रकार प्राध्यापकों हेतु 08 सीट, एसोसिएट प्रोफेसर हेतु 06 सीट तथा सहायक प्राध्यापक हेतु 04 सीट के आबंटन में अब शोधार्थी के सहशोधनिर्देशक बनने पर भी रिक्त सीटों में इसे जोड़ा जायेगा। पूर्व में केवल निर्देषक बनने पर ही सीटों की गिनती की जाती थी।

महिला शोधार्थियों को 240 दिन का मातृत्व अवकाश की पात्रता भी चिकित्सीय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद स्वीकृत की जा सकेगी। अब तक महाविद्यालयों के विभागों में गठित की जाने वाली डीआरसी अर्थात डिपार्टमेंटल रिसर्च कमेटी का नाम परिवर्तित कर रिसर्च एडवाइजरी कमेटी कर दिया गया है।

पीएचडी में प्रवेश हेतु ली जाने वाली प्रवेश परीक्षा में 70 प्रतिशत् अधिभार लिखित परीक्षा को तथा 30 प्रतिशत् अधिभार साक्षात्कार में प्रदर्षन के आधार पर दिया जायेगा।

भाजपा नेता बेलचंदन रिहा

दुर्ग, 30 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन को हाईकोर्ट से जमानत मिल जाने के बाद तमाम औपचारिकताएं पूरी कर दुर्ग जेल से रिहा कर दिया गया। वे आज दुर्ग शहर व ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अपने भाजपा समर्थकों व परिजनों के साथ अपने संतराबाड़ी निवास पहुंचे।

24 जुलाई से गबन के आरोप में जेल काट रहे श्री बेलचंदन को गत संध्या हाईकोर्ट से जमानत मिली है। आज सुबह से ही उनके सुपुत्र मुकेश बेलचंदन परिजनों के साथ उन्हें रिहा कराने की चेष्टा में लगे रहे। शाम को सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इस बीच दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उनके बड़ी संख्या में समर्थक व दुर्ग शहर के प्रमुख भाजपा नेता जेल पहुंचे। पुष्पहार से उनका स्वागत किया। बाजे गाजे के साथ उन्हें विभिन्न मार्गो से होते हुए उनके संतराबाड़ी निवास लेकर पहुंचे।

उनके समर्थन में दुर्ग शहर व ग्रामीण के साथ ही बेमेतरा व बालोद के भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

मारपीट, एक घायल

दुर्ग, 30 सितंबर (देशबन्धु)। बैगापारा मिनी स्टेडियम में आज युवाओं के दो ग्रुप के बीच हुई मारपीट में आकाश चंद्राकर पिता बलराम चंद्राकर (27) घायल हो गया। उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अफजहां हुसैन के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, व 34 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की गई है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार आज उक्त दोनों युवाओं के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हुआ थी। मामले में देखते ही देखते इतना तूल पकड़ लिया कि दोनों तरफ से से मारपीट शुरू हो गई। इसमें आकाश चंद्राकर को चोट आई है। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इधर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी अफजल हुसैन पिता अब्दुल रफीक (16) तकिया पारा निवासी है।

नगपुरा तीर्थ में जवेरी लाल ओसवाल का अभिनंदन

दुर्ग, 30 सितंबर (देशबन्धु)। आज श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में भाद्र पूर्णिमा आराधक यात्रिकों के साथ ही अहमदाबादए सूरतए इंदौर मुम्बईए बैतूलए जूनागढ़ आदि स्थानों के यात्रिकगण तीर्थपति के दर्शन पूजन वंदन किए। प्रात:कालिन वाजिंत्र सह 108 वासक्षेप पूजा का लाभ श्रेष्ठीवर्य जवेरीलाल ओसवाल परिवार ने लिया। साध्वी मुक्ति प्रिया म. सा. की निश्रा में महाप्रभाविक वर्धमान शक्रस्तव के साथ तीर्थपति का महा अभिषेक श्राविका ताराबेन जवेरी लाल ओसवाल ने किया। तीर्थ प्रबंधन ने समाजसेवी ओसवाल का स्वागत किया गया। तीर्थ प्रबंधन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर हेमंत भाई शाह, रमेशभाई पारख, धीरेश शाह, भरत मेहता, चंद्रकांत जैन, राकेश शाह, सतीष पारख, हेमाबेन, मेहता, राजेश पुखराज छाजेड़ आदि उपस्थित थे।

आज जैन मंदिर विद्युत नगर में क्षमावाणी

महापर्व पयूर्षण पर्व की समाप्ति के बाद कल 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे दिगम्बर जैन मंदिर विद्युत नगर के प्रांगण में सामूहिक क्षमावाणी क्षमा वीरस्य भूषयम का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरूण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल अध्यक्षता करेगें। इस अवसर पर पर्यूषण पर्व के विगत 10 दिनों में त्याग तपस्या एवं व्रतधारियों का सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण का भी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी मंदिर जी समिति के संजय बोहरा ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रमों के बाद सकल समाज का वात्सल्य भोज, भंडारा होगा। जयपुर के अनुज भैया ब्रम्हचारी का दस दिनों तक चला प्रवचन काफी ह्दयग्राही रहा। अब तक के कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष विजय बोहरा, आशीष जैन, सुनील गंगवाल, मुकेश जैन, सत्यकिरण जी, अखिलेश जैन, दीपक जैन, कमलेश जैन, दिलीप जैन का भरपूर सहयोग रहा।

निधन उपरांत बहादुर सिंह ठाकुर का किया गया नेत्रदान

दुर्ग, 30 सितंबर (देशबन्धु)। ऋषभ ग्रीन सिटी निवासी बहादुर सिंह ठाकुर का नेत्रदान उनके परिजनों की सहमति एवं नवदृष्टि फाउण्डेशन की पहल पर किया गया। श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज की डॉ. ऋचा खंडेलवाल के मार्गदर्शन में नेत्र सहायक विवेक कसार ने कार्निया कलेक्ट किया। ये कार्निया अतिशीघ्र ही दो नेत्रहीन व्यक्तियों में ट्रांसप्लांट कर दिये जायेगें।

नवदृष्टि फाउण्डेशन के कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, दीपक बंसल, मुकेश राठी ने बताया कि दिवंगत बहादुर सिंह ठाकुर के नेत्रदान का निर्णय उनकी पत्नी राही ठाकुर, आकाश सिंह, सूरज सिंह, बहु सुरेखा ने आपसी परामर्श से लिया। पश्चात फाउण्डेशन के सहयोग से यह प्रक्रिया पूरी की गई।

उच्च शिक्षा विभाग निरंतर गुणवत्ता विकास की दिशा में : वर्मा

दुर्ग, 30 सितंबर (देशबन्धु)। शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आई.क्यू.ए.सी. (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) के द्वारा "उच्च शिक्षा में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में नवाचार और सुधार" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ की आयुक्त शारदा वर्मा मुख्य अतिथि थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता साईन्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह ने की।

अपने उद्बोधन में श्रीमती शारदा वर्मा ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता आई है, वे स्वउत्थान के लिए निरंतर आगे बढ़ रहे है। विद्यार्थियों में जागरूकता लाना हो, उनके व्यक्तित्व विकास की बात हो, तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र हो या नई पद्धति से पढ़ाई हो, सभी शिक्षण संस्थान उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से षिक्षण अधिगम प्रक्रिया में लाभ होगा। श्रीमती वर्मा ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग ने निरंतर गुणवत्ता विकास के लिये कार्य किया है जिससे राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेष की छवि बनी है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि पूरे प्रदेश में 211 शासकीय महाविद्यालय नैक से मूल्यांकित हो चुके है। दुर्ग संभाग में भी 53 शासकीय महाविद्यालयों ने अपनी गुणवत्ता का मूल्यांकन नैक से कराकर अच्छा ग्रेड प्राप्त किया है। उन्होनें कहा कि अब सभी संस्थाओं की यह जवाबदारी है कि वे गुणवत्ता के मानक को निरंतर बनाये रखें तथा शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभायें।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. आर.एन. सिंह ने कहा कि नैक मूल्यांकन के क्षेत्र में उच्च षिक्षा विभाग ने अच्छा मुकाम हासिल किया है। नैक के लिए वर्तमान में बेंचमार्क निर्धारित हो गया है, उसके अनुसार योजना बनाना, उसका क्रियान्वयन करना निश्चित है। इस नए प्रक्रिया में हमें बहुत अच्छे परिणाम मिले।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. जी.ए. घनष्याम ने कहा कि हर क्षेत्र में गुणवत्ता का उन्नयन हुआ है। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के लिए शिक्षा में नवाचार एवं नवीन पद्धति का होना आवश्यक है। यह नवाचार लोगों के अंदर से होना चाहिए।

द्वितीय सत्र की अतिथि वक्ता शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर के भौतिकशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजली अवधिया ने कहा कि "विद्यार्थी केन्द्रित शिक्षाशास्त्र के माध्यम से गुणवत्ता षिक्षा" आज की आवश्यकता है। उन्होनें इस पर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

मणिपाल विष्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. नीतू भटनागर ने "अकादमिक ऑडिट और इसका संबंध नैक/एन.बी.ए. मान्यता में प्रासंगिकता" विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. यास्मीन फातिमा परवेज, सहायक प्राध्यापक, रसायन ने "संषोधित मान्यता ढांचे में ए और ए कार्यप्रणाली" विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. अनुपमा अस्थाना ने नैक में टीमवर्क पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर शासकीय जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा की राष्ट्रीय संगोष्ठी की कार्यवाही विवरणिका का विमोचन किया गया तथा डॉ. रेशमा लाकेश एवं तबस्सुम अली की पुस्तक 'मिलेट्स' का भी विमोचन किया गया। समस्त प्रतिभागियों को इस अवसर पर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आई.क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया तथा आभार प्रदर्षन डॉ. मो. शोयेब ने किया।

इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय उतई के प्राचार्य डॉ. राजेश पाण्डेय, शासकीय पीजी महाविद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य डॉ. पी.पी. चन्द्रवंशी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल तथा विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक उपस्थित थे।

गन्ना किसानों को प्रोत्साहन राशि 18.39 करोड़ का भुगतान

कवर्धा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कार्यक्षेत्र के गन्ना किसानों को देय प्रोत्साहन राशि 18.39 करोड़ रुपए का किया गया भुगतान जारी किया गया है। तिहारी सीजन में प्रोत्साहन राशि मिलने किसानों के चेहरे में खुशियां देखी जा रही है।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के एमडी भूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के गन्ना किसानों को बड़ी राहत देते हुए त्योहारों के सीजन में पेराई सीजन 2022-23 के लिए राज्य शासन द्वारा घोषित गन्ना प्रोत्साहन राशि 18.39 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा गन्ना मूल्य राशि 97.85 करोड़ रुपए एवं अतिरिक्त रिकव्हरी राशि 29.72 करोड़ रुपए का भुगतान पूर्व में किया जा चुका है। त्योहारी के सीजन में गन्ना किसानों को प्रोत्साहन राशि मिलने से गन्ना किसान उत्साहित नजर आ रहे है। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा क्षेत्र के कृषकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। गन्ना मूल्य राशि, अतिरिक्त रिकव्हरी राशि तथा गन्ना प्रोत्साहन राशि का भुगतान कर क्षेत्र के आर्थिक उन्नति में विषेष योगदान प्रदान किया है। जिसके कारण कार्यक्षेत्र के किसानों के द्वारा गन्ना फसल के प्रति रुझान बढ़ा है।

जिले के 4681 हितग्राहियों के खाते में 1.17 करोड़ की राशि अंतरित

कवर्धा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य के 01 लाख 35 हजार 104 हितग्राहियों के खाते में 35 करोड़ 48 लाख 7 हजार 500 रूपए राशि अंतरित की। उन्होंने इसके अंतर्गत कबीरधाम जिले के 4 हजार 681 स्वीकृत हितग्राहियों के खाते में 2500 रूपए प्रति लाभार्थी की दर से 1 करोड़ 17 लाख 2 हजार 500 रूपए राशि अंतरित कर लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम से कबीरधाम जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राही गौरव कुमार देवागंन और पूजा मरई से बातचीत कर उनके प्रशिक्षण की जानकारी ली। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले से विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टर जनमेजय महोबे, वन मंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह, जिला रोजगार अधिकारी प्रमोद जैन, कौशल विकास विभाग के सहायक संचालक श्री दिवान, सहित बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राही गुलशन कुमार, भागवत कौशिक, अजय कुमार, भोजेश्वरी साहू जुड़े रहे।

लाईवलीवुड कॉलेज में 198 युवओं को कौशल प्रशिक्षण-कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जानकारी देते हुए बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को प्रशिक्षण ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

स्वाइन फ्लू के बाद प्रशासन अलर्ट

भिलाईनगर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर में स्वाइन फ्लू के दो नये मामले सामने आने से जिला प्रशासन अलार्ट हो गया है। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज मैत्रीनगर, इस्पात नगर, व मैत्रीकुंज तथा सेक्टर-2 क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों की जांच की गई। मिली जानकारी के अनुसार आज स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लगभग 2 सौ घरों में जाकर स्वास्थ्य जांच की। मिली जानकारी के अनुसार स्थिति सामान्य है। केवल दो मरीज का ईलाज सेक्टर-9 अस्पताल में किया जा रहा है। रिसाली में गत दिनों स्वाइन फ्लू से मौत होने के बाद शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी सुपेला डॉक्टर पियाम सिंह, सिटी प्रोग्राम मैनेजर तुषार वर्मा, विकास खंड प्रशिक्षण अधिकारी हितेंद्र कोसरे, राजेंद्र डाहरे, विजय सेजुले, सेक्टर पर्यवेक्षक अनिल नागदेवे, डीपी खरे, सरोज साहू, संयोजक तोरन कुंभकार, हेमंत कुंभकार, मोनिका तारक, मितानिन पुष्पा आड़े, रूपा हरदेल शामिल थे। स्वाइन फ्लू के मरीजों का ईलाज सेक्टर 9 हॉस्पिटल में किया जा रहा है। रिसाली क्षेत्र में स्वाइन फ्लू का एक और मरीज मिलाने के बाद प्रशासन हरकत में आया। उसे गंभीर हालत में सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। नोडल अधिकारी डॉक्टर सीबीएस बंजारे के निर्देश पर नगर निगम रिसाली क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों के घरों में जाकर लोगों को इसकी जानकारी व एकत्रित की जा रही है।। टीम ने घर.घर जाकर दस्तक दिया और सर्वे किया। सर्वे के दौरान टीम ने बीमार लोगों का पूरा डाटा लिया और उन्हें दवाइयां भी दीं। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में डेंगू और स्वाइन फ्लू जैसे गंभीर बीमारी न हो इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। सर्दी-खासी और बुखार के मरीज मिलने पर मितानीन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दी जा रही है। साथ ही बुखार होने की शिकायत पर आस पास के घरों में अन्य मरीज तो नहीं इसकी पुष्टी भी की जा रही है। मौसमी और जानलेवा बीमारी के संभावित मरीजों को चिन्हित करने के साथ ही जागरूकता अभियान चलाने जन स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी ने बैठक ली। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग के कर्मचारी वार्डो में नजर रखे। सर्दी खासी बुखार के मरीज होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को सूचना दे। महापौर परिषद के सद्स्य गोविन्द ने कहा कि निगम कर्मी कितने घरों का सर्वे किए है इसका डाटा भी रखे। ताकि संभावित मरीज पाए जाने पर त्वरित कार्यवाही की जा सके। बैठक में महापौर परिषद के सद्स्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, अनुप डे, निगम सचिव रोहित साहू, सहायक अभियंता आर.के.जैन, जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे। जिन्हे तीन से अधिक दिनों तक बुखार आ रहा हो। साथ ही सर्दी, खासी या फिर ठंड लगने की शिकायत के साथ गले में खरास, थकान या स्वास लेने में तकलीफ हो रही है। निगम कर्मी ऐसे मरीजों की तलाश कर स्वास्थ्य विभाग को जानकारी दे रही है। हृदय रोग, डायबिटीज के रोग से ग्रस्त नागरिकों के अलावा वृद्ध और बच्चों को सम्हलकर रहने की सलाह दी जा रही है। निगम के कर्मचारी मौसमी बीमारी होने पर चिकित्सक से सलाह लेने की मुनादी भी कर रहे है।

प्रगति महिला बैंक से पुरुष भी ले सकेगें लोन

भिलाईनगर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक की 25वी वार्षिक सर्वसाधारण सभा में सभी नवनिर्वाचित संचालिकाओं का परिचय कराया गया। अध्यक्षीय भाषण में अध्यक्षा अश्विनी नागले ने 1989 से 2023 तक के बैंक उपलब्धियों भरे सफर की याद करते हुये सखी सहकार उन्नति अपार के ध्येय वाक्य को पूरा करने में सफ्लता प्राप्त की। नव निर्वाचित संचालक मण्डल ने अपने समक्ष निश्चित लक्ष्य रखकर काम करने का संकल्प लिया है। विगत वर्षो लगभग चार हजार महिलाओं ने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक रूप से सक्षम हुई है। त्योहारी सीजन में आकर्षक द्वारा योजना के अंतर्गत ब्याज दर एवं प्रोसेसिंग शुल्क में छूट के साथ जमाओं पर अन्य बैंकों के समका नई व्याज दर की योजना 1 अक्टूबर से लागू होगी। कोविड के समय 2 करोड़ से ज्यादा की इन खातों में वसूली की गई है। बैंक की डिपॉजिट 124 करोड़, अंशपूजी 2 करोड़ 75 लाख निधियों 11 करोड़ एवं अग्रिम 47 करोड़, शुद्ध लाभ 10 लाख 72 हजार का हुआ है। वित्तीय वर्ष में लगभग 12 करोड़ के नये ऋण वितरित किये गये। बैंक के सीईओ प्रतुल भेलांडे ने वित्तीय वर्ष 2022 2023 के वित्तीय पत्रक स्वी बजट लक्ष्यपूर्ति तथा ऋण वितरण की जानकारी सभा के समक्ष रखी बैंक के प्रबंधक मुकुन्द भोबे ने 2024 2025 के बजट प्रस्तावित लक्ष्य अनुमोदन हेतु सभा के समक्ष रखे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभा को बताया कि बैंकिंग में नित नये.नये प्रयोग और बढ़ती प्रतियोगिता के इस दौर में अपनी बैंक भी पीछे न रह जाये इसलिये बैंक के व्यवसाय में वृद्धि और अधिकतम् महिलाओं तक बैंकिंग सुविधायें पहुंचाने वो को प्राप्त करने के लिये बैंक की उपविधियों में संशोधन के प्रस्ताव को भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र जिसमें महिला बैंक के कुल सदस्यों के 25 प्रतिशत तक पुरुष सदस्य बनाये जाने के प्रावधान को अनुमोदन हेतु सभा के समक्ष रखा जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया इससे अब महिला बैंक से पुरुष सदस्य भी ऋण सुविधा का लाभ ले सकेंगे। सभा का संचालन संगीता पाटिल ने तथा आभार प्रदर्शन उपाध्यक्षा श्रीमती बृजलता चौबे ने किया गया। कार्यक्रम में संचालिका सुषमा चन्द्राकर, सुचिता राजहंस, निहारिका राजे, निलिमा समदेव, प्रिका जैन, शुभदा का मीता बैनर्जी, संगीता बंछोर, मोनिशा सिंह एवं प्रतिनिधि दीपाली दाभोलकर, कल्पना अवसरमोल उपस्थित थी।

शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए आई एंड ए जोन कार्मिक

भिलाईनगर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के इन्स्ट्रूमेंटेंशन एवं आटोमेशन जोन में शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इन्स्ट्रुमेंटेशन एवं आटोमेशन जोन में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार समारोह में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले कर्मचारियों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। माह जुलाई 2023 के लिये नन्द किशोर गुप्ता इन्स्ट्रूमेंटेशन को कर्म शिरोमणि पुरस्कार सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी इन्स्ट्रूमेंटेशन संत कुमार केशकर ने की। कार्यक्रम में उपस्थित इन्स्ट्रुमेंटेंशन के महाप्रबंधक बी मधु पिल्लई, जी के कुण्डू, ए एम डैनी, रजनीश जैन, सिम्मी गोस्वामी तथा इन्कास विभाग के महाप्रबंधक एम पी सिंग ने पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रवीणता प्रमाण पत्र, उनके जीवन साथी के लिये प्रशंसा पत्र प्रदान किया। उपस्थित सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले शिरोमणियों के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को सराहा। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक कार्यालय शक्ति, विद्युत के गिरीश कुमार मढ़ारिया तथा आभार प्रदर्शन संतोष कटहरे ने किया गया।

दिनदहाड़े शराब के लिए मांगने लगे रुपए

भिलाई नगर, 30 सितंबर। रामनगर कब्रिस्तान के सामने दिनदहाड़े कुल्फी बेचने वाले युवक का रास्ता रोक दो अज्ञात युवकों ने उससे जबरदस्ती कर शराब पीने के लिए रूपये मांगने लगे और मना करने पर उन्होंने कुल्फी वाले पर हमला करते पिटाई कर दी। वैशाली नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 324, 327, 34, 341 और 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी 32 वर्षीय रियाज अहमद कुल्फी बेचने का काम करता है। वह सेक्टर 10 कुल्फी बेचकर वापस कैलाश नगर जामुल आ रहा था इसी दौरान राम नगर कब्रिस्तान के सामने दो अज्ञात लड़के उसे रोक कर शराब पीने के लिए डराते धमकाते रूपये की मांग करने लगे। रियाज के मना करने पर दोनों ने हाथ मुक्के से पीटने लगे। रियाज की बायीं भुजा एवं दाहिने पैर के घुटने के पास धारदार हथियार से हमला किया गया है। घटना के बाद रियाज ने डायल 112 को खबर की। रियाज के अनुसार हमलावर लड़कों में एक की उम्र लगभग 19 वर्ष तथा दूसरा 22-23 साल का होगा। घटना के समय आस पास कोई नही था। डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और रियाज को वैशाली नगर थाना में शिकायत बाद हास्पिटल ले जाया गया है।

- मना करने पर धारदार हथियार से हमला कर भागे आरोपी
- भिलाई के रामनगर की वारदात

सड़क दुर्घटना में एक की मौत

भिलाई। खुर्सीपार थाना क्षेत्र में 29-30 सितंबर की दरमियानी करीब 1 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। बच्चे के इलाज के लिए युव टेम्पो चलाते हुए रायपुर से भिलाई आ रहे थे। इसी दौरान खुर्सीपार चौक में बीएसपी क्षेत्र से की और से आ रही ट्रेलर ट्रक ने टेम्पो को ठोकर मार दी। ट्रक युवक के सिर को कुचलते हुए आगे निकल गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। ट्रेम्पो चालक उमेश 36 वर्ष अपने 7 साल के लड़के को लेकर भिलाई में इलाज के लिए आ रहे थे। रात्रि के लगभग 1 बजे खुर्सीपार केजीएन होटल के सामने ट्रिप टेलर वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलते हुए उमेश के ऑटो रिक्शा को ठोकर मार दी। टक्कर के बाद टेम्पो में सवार बच्चा दूर जा गिरा। वहीं ट्रिप टेलर के नीचे टेम्पो आ गया। ट्रिप टेलर उमेश बंजारे के सिर को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। इससे घटना स्थल पर ही टेम्पो चालक उमेश की मौत हो गई। मृतक उमेश अपने पीछे पत्नी प्रियंका 30 साल सहित 3 लड़की 7 साल, 4 साल, 2 साल और एक 8 साल बच्चा छोड़ गए हैं। आज सुबह घटना की जानकारी मिलने के उपरांत शनिवार की सुबह 11 बजे सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील खुर्सीपार थाने पहुंचकर इस संबंध में जानकारी ली और खुर्सीपार टीआई टंडन चर्चा की।

गायत्री मंदिर हुडको कॉलोनी में नि:शुल्क पिंडदान

भिलाईनगर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। 29 सितम्बर से मंदिर में नि:शुल्क श्राद्ध तर्पण पिंडदान कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। पिंडदान पहले दिन ही 4 महिलाओं सहित कुल 20 लोगों ने इसमें भाग लिया। पहली बार सपत्नीक रिसाली सेक्टर से आए अनिल ठाकुर ने कहा कि उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। तर्पण की सारी व्यवस्थाएं मंदिर की ओर से की गई हैं और स्वयं सेवकों ने समय समय पर मार्गदर्शन भी किया। मंदिर समिति के प्रचार प्रभारी रमेश टहनगुरिया ने बताया कि नि:शुल्क श्राद्ध तर्पण पिंडदान कार्यक्रम पिछले 22 वर्षों से लगातार चल रहा है। पितृ मोक्ष अमावस्या तक प्रतिदिन 7.30 से कार्यक्रम प्रारंभ होता है। गायत्री मंदिर हुडको द्वारा पितृ पक्ष में नि:शुल्क पिंडदान, श्राद्ध एवं तर्पण का आयोजन का 23 वां वर्ष है। 29 सितंबर पूर्णिमा से 14 अक्टूबर अमावस्या तक प्रतिदिन सुबह 7. 30 से 9. 30 बजे तक शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधियों द्वारा वैदिक पद्धति से सामूहिक श्राद्ध तर्पण कराया जायेगा। पुरुषों के समान महिलाएं भी इस कार्यक्रम म सम्मिलित होकर अपने पितरों के लिए श्राद्ध तर्पण कर सकती हैं। ज्ञात हो कि गायत्री मंदिर हुडको द्वारा पितृ पक्ष के अवसर पर प्रतिवर्ष पितृपक्ष पर नि:शुल्क पिंडदान, श्राद्ध एवं तर्पण की व्यवस्था करते आ रहा है। इस कार्यक्रम में महिलाएं भी पिंडदान, श्राद्ध एवं तर्पण आदि की प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

रेल मिल के सभागार में राजभाषा कार्यशाला

भिलाईनगर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के सभागार में विभागीय हिंदी राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक टी दस्तीदार ने हिंदी भाषा में कार्य करने पर बल दिया। जिससे हिंदी भाषा का व्यापक प्रसार प्रचार हो सके। महाप्रबंधक समीर सिंह ने कार्यस्थल पर हिंदी भाषा का प्रचार करने पर जोर दिया। विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी सुनील शुक्ला द्वारा हिंदी में लाग बुक लिखने, हस्ताक्षर करने व ई.मेल हिंदी में भेजने और सैप में भी नोट शीट हिंदी में बनाने के लिए अपील किया गया। राजभाषा विभाग के अधिकारी मानिकपुरी द्वारा गूगल यूनिकोड द्वारा हिंदी के डैमो को प्रदर्शित किया गया। जिसे सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक मिल जोन-2 नरेन्द्र इंगले द्वारा दिया गया।

क्रेडा सदस्य द्वारा सोलर हाई मास्ट लाईट का भूमिपूजन

भिलाईनगर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। छ.ग.अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा ऊर्जा विभाग द्वारा अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊर्जा के वैल्पिक स्त्रोतो पर तेज गति से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। विजय साहू सदस्य क्रेडा रायपुर द्वारा वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में रात्रिकालिन प्रकाश व्यवस्था हेतु क्रेडा द्वारा 20 नग सोलर हाई मास्ट लाईट सयंत्र की अनुशंसा उपरांत स्थापना कार्य हेतु इन 20 वार्डो में से 8 वार्डो में सोलर हाई मास्ट लाईट का भूमि पूजन कार्यक्रम विजय साहू द्वारा किया गया। आज के भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड-पुरानी बस्ती कोहका, शीतला मंदिर के पास वार्ड-1 कृष्णा कॉलेज के पास सुमरित पारा, खम्हरिया वार्ड-6 संजय नगर सुपेला, सतनाम नगर वार्ड-8 शक्ति चौक न्यु कृष्णा नगर, वार्ड -10 प्रयास श्रवण विकलांग, वार्ड -27 आस्था गार्डन, तीन दर्शन मंदिर, वार्ड-23 शा. नवीन प्राथमिक शाला, घासीदास नगर, ब्ड हॉस्पिटल कुरूद जिसमें मुख्य अतिथि विजय साहू, धर्मराज शर्मा अध्यक्ष गांधी विचार यात्रा, भानुप्रताप देशमुख अध्यक्ष जय माँ शीतला समिति, भोला देशमुख, शिशिर मजूमदार अध्यक्ष नेशनल युथ, पार्षद योगेश साहू, रवि शंकर कुर्रे, राजू साहू, राजेन्द्र बंजारे राजा, लीलाधर सिंह, चंद्रशेखर गवई, श्रीमती ऊषा शर्मा, अजय साह उपस्थित थे। ग्रीन एनर्जी को शहरों में भी व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु इस कार्य की वार्ड वासियों द्वारा सराहना एवं भविष्य में अन्य सौर संयंत्रों की मांग की गई तथा आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया गया।

सेंट थॉमस महाविद्यालय में रासेयो दिवस का आयोजन

भिलाईनगर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में रासेयो दिवस का रंगारंग आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र इखार ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना एवं उसके उद्देश्यों की चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम. जी. रोईमोन ने कहा कि सेंट थॉमस महाविद्यालय में सन 1987 से लगातार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्य कर रही है और आगे भी इसी प्रकार हमारे स्वंयसेवक पूरी लगन एवं मेहनत से काम करते रहेंगे। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर जोशी वर्गीस ने आयोजन के लिए सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को अपनी शुभकामनायें दी। इस अवसर पर सफल छात्रों को सभी अतिथियों द्वारा बी एवं सी प्रमाणपत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम में आईक्यूएसी संयोजक डॉ देबजानी मुख़र्जी, रासेयो सहसंयोजक डॉ जे मजू, डॉ अनुपमा गंगराड़े उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक सार्थक सिंह तथा आयुषी देवदास ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन स्वयं सेवक पुष्कर ने दिया।

मंत्री डॉ. डहरिया ने 7 निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

भिलाई नगर, 30 सितंबर (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम विभाग मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज भिलाई नगर स्थित सतनाम भवन में 216.80 करोड़ रूपए की लागत के 7 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समाज में व्याप्त जाति भेद, ऊंच नीच और छुआछूत को समाप्त कर समता और बंधुत्व का भाव लाने के लिए अपना जीवन लगा दिया। वंचितों, शोषितों एवं महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहेब ने अलग-अलग स्तर पर जागरूकता आंदोलन चलाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गो के लिए विकास के कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने जो 36 वादे किए थे उसमें से 35 वादों को पूरा किया है। सभी वर्गो को ध्यान में रखकर मूलभूत सुविधाओं को पूरा किया जा रहा है। हमें अधिकार संविधान से प्राप्त हुए हैं इस अधिकार को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। सभी को मिलकर कार्य करना है।

निर्माण कार्यो में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में जनरेटर प्रदाय का कार्य हेतु 6 लाख रूपए, वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में लिफ्ट लगाने का कार्य हेतु 24 लाख 44 हजार रुपए, वार्ड क्र. 55 सेक्टर 6 सतनाम भवन में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य हेतु 30 लाख 37 हजार रुपए, वार्ड क्र. 55 सेक्टर 06 सतनाम भवन में अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य हेतु 49 लाख 99 हजार रुपए, गुरूघासी दास सेवा समिति सेक्टर 06 भिलाई नगर के समीप डोम शेड निर्माण कार्य हेतु 15 लाख रूपए, सेक्टर 06 सतनाम भवन के पास में बोर खनन कार्य हेतु 1 लाख रूपए एवं वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर अधोसंरचना अंतर्गत दशहरा मैदान का उन्नयन कार्य हेतु 15 लाख रूपए के कार्य शामिल है। इस अवसर पर विधायक भिलाई नगर श्री देवेन्द्र यादव, महापौर नगर निगम भिलाई नीरज पाल, नगर निगम भिलाई आयुक्त श्री रोहित व्यास, अध्यक्ष गुरूघासी दास सेवा समिति से श्री रामदयाल देशलहरा तथा नगरीय निकायों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

विधायक ने मंच निर्माण का किया भूमिपूजन

भिलाईनगर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा 1119 के तत्वाधान में डा.अम्बेडकर सास्कृतिक भवन सेक्टर-6 में समारोह के मुख्य अतिथि देवेन्द्र यादव विधायक भिलाई नगर के द्वारा मुख्यमंत्री निधि से स्वीकृत राशी से भवन के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण और विधायक निधि से स्वीकृत राशी से भवन के सामने की जगह पर मंच के निर्माण का भूमिपूजन, शिलान्यास किया। अतिथि राजू पार्षद, शेवन कुमार ठाकुर पार्षद सेक्टर-6, वर्षा बागडे अध्यक्ष द बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया शाखा भिलाई, संजय गजभिये सीजीएम भिलाई इस्पात संयंत्र समारोह की अध्यक्षता कर रही सविता मेश्राम अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा 1119 भिलाई उपस्थित थे। समारोह में महासभा के पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य उपासक, उपासिकाए, सदस्यगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संस्था के पदाधिकारियों ने विधायक के समक्ष कुछ मांगे रखी जिसे विधायक देवेन्द्र यादव ने आश्वासन दिया। इस अवसर पर विनोद वासनिक, कृष्णा बंसोड, देवानंद मेश्राम, अशोक श्याम कुवर, भीमराव पाटिल, मीना नरेंद्र नारनवरे, रविन्द्र गाडगे, कल्पना, अनिल गजभिये, संजय मेश्राम, जयश्री बौद्ध सुनंदा गजभिये, आरती गडपायले, पूनम ढोके, लीना वैद्य, शालू दामले, प्रितेश पाटील, हरिकिशन भवते, मूलचन्द गडपायले आदि उपस्थित थे। समारोह का संचालन महासचिव रामराव ढोक ने किया।

आस्था रथ सांस्कृतिक मंच ने किया 54 झांकियों को पुरस्कृत

भिलाईनगर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी आस्था रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा गणेश विसर्जन महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके छत्तीसगढ के अलावा कई प्रदेशो की संस्कृति भी यहां नजर आई। आस्था रथ सांस्कृतिक मंच के आठवें वर्ष के आयोजन में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू मुख्य अतिथी कार्यक्रम में शामिल हुए। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, राजेंद्र साहू, राजीव चौबे, अरविंदर सिंग खुराना, सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल और सिहोर से पधारे सुमितेश्वर महाराज, दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा, समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह, शामिल हुए। अतिथीयों का स्वागत मंच के अध्यक्ष मिथलेश ठाकुर, संयोजक अनूभूति भाकरे ठाकुर, दादा राव बोरोडेए, राजेश सांवले, सनी पषीने, सुरेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया। ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भिलाई में सभी धर्मो के लोग निवास करते है और सभी धर्मो का सम्मान किया जाता है यह भिलाई की पहचान है। उन्होने अध्यक्ष मिथलेश ठाकुर और अनूभूति भाकरे ठाकुर सहित तमाम सदस्यों को शुभकामनाएं दी। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने भिलाई को धार्मिक एकता का पयार्य बताया और धर्म और संस्कृति के लिए आस्था रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। विधायक देवेन्द्र यादव, प्रतिमा चंद्राकर, राजेंद्र साहू ने अपने विचार रखे

54 समितियां हुई पुरस्कृत: कार्यक्रम में जूनियर और सीनियर दो वर्गो में पुरस्कारों का वितरण किया गया जिसके तहत सर्वश्रेष्ठ गणेश समिति 2023 का खिताब इस बार न्यू आजाद गणेषोत्सव समिति सेक्टर 2 ने प्राप्त किया। वही हुडको महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल को भिलाई गौरव एवार्ड प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह से जूनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ समिति का खिताब संघर्ष गणेशोत्सव समिति सेक्टर 7 को दिया गया। सीनियर और जूनियर दोनों वर्गो में सर्वश्रेष्ठ थीम, झांकी, चलित झांकी, प्रदर्शन, पूजा आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। आस्था रथ सांस्कृतिक मंच के द्वारा इस वर्ष से भिलाई रत्न सम्मान शिक्षाविद आईपी मिश्रा, सेवा के क्षेत्र में डॉ.सुशोवन रॉय, राजेश नथवाणी बंटी, प्रवीण भूतड़ा,पत्रकार यशवंत साहू को भिलाई रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। समाजसेवा के क्षेत्र में स्व.प्रकाश भाकरे की स्मति में 11 हजार रूपए का चेक जीव सेवा के आदर्श राय को दिया गया। वही स्व.बीरा सिंग की स्मृति में गौ सेवा का कार्य कर गायत्री डोटे को भी 11 हजार की राशि प्रदान की गई। आस्था रथ सांस्कृतिक मंच के द्वारा इस वर्ष धर्म और संस्कृति से संबंधित एक स्मारिका का विमोचन भी अतिथीयों के द्वारा किया गया। समारोह में गीत संगीत का आयोजन किया गया। मिथलेष ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य धर्म और संस्कृति की रक्षा का है। आभार प्रदर्शन अनूभूति भाकरे ठाकुर ने किया। दादाराव बोरोड़े, राजेश सांवले, सुरेंद्र ठाकुर, सन्नी पषीने, वेंकट राव, पूजा सिंह, नितिन श्रीवास्तव, प्रज्जवला, प्रीतम हरपाल का विषेश योगदान रहा।

निगम अपर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण



भिलाईनगर, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम के कार्यो में कसावट लाने अपर आयुक्त ने निगम के विभिन्न विभागों का आकस्मिक निरीक्षण कर विभागों में अधिकारी एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति की जांच किये और अनुपस्थित के विरूद्ध एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये है। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के सुपेला मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन समय 10 बजे उपस्थिति की अनिवार्यता को देखने अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मुख्य कार्यालय के सभी विभागों में आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे तो कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। श्री द्विवेदी सबसे पहले जनगणना, महिला बाल विकास, स्टोनो कक्ष, अधीक्षण अभियंता कक्ष होते हुए निगम के सभी 28 कक्षो का निरीक्षण कर उपस्थिति तथा अनुपस्थिति अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जांच किए। उन्होंने उपस्थिति पंजी को जप्त करवा कर स्थापना शाखा को निर्देश दिये है कि ऑनलाईन उपस्थिति निष्ठा एप्प से मिला कर अनुपस्थिति के विरूद्ध एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही करे। उसी प्रकार जोन कार्यालय में भी अधिकारी एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति की जांच की गई है। स्थापना शाखा द्वारा ऑनलाईन निष्ठा एप्प में दर्ज अवकाश तथा अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों की जानकारी तैयार की जा रही है।

गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

बालोद। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आदेश जारी कर जिले में 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 02 अक्टूबर को जिला बालोद स्थित मदिरा की फुटकर दुकानों एवं समस्त देशी, विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल 3 बार एवं मद्य भण्डागार बालोद पूर्णतः बंद रहेगा।

शराब सट्टा जुआ अवैध कार्यों में लगे अपराधियों पर पुलिस लगातार कर रही कार्रवाई

दल्लीराजहरा, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देश में अतरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिल कुमार नायक व नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुकेश सिंह पुलिस स्टाफ के साथ जुआ सट्टा शराब गांजा के अवैध कार्यों में लगे अपराधियों पर शिकंजा कसने लगातार कार्यवाही कर रहे है। इसी के तहत मुखबीर सुचना के आधार पर नगर के वार्ड क्र0 25 के फल दुकान के समिप सुरेंद्र चिकवा पिता अमृत लाल चिकवा उम्र 25 वर्ष सट्टा लिखते आरोपी चिकवा के पास से सट्टा पर्ची 1170 रूपय जप्त कर आरोपी सुरेंद्र चिकवा के विरूद्ध अपराध धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। थाना प्रभारी मुकेश सिंह कुछ दिन पूर्व अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर कार्यवाही कर अनेक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नगर में.शांति व्यवस्था बना रहे, थाना प्रभारी सिंह अपने दल बल सहित नगर के अलग अलग मोहल्ले,सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) 1 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही भी किये है जिससे नगर में शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनी हुई है साथ ही अवैध कार्यों में अंकुश लगा है। ज्ञात हो की अभी कुछ दिन पूर्व 12 मजदूर द्वारा 22 दिनों से नगर पालिका के अड़ियल रैव्ये के कारण अपने हक व अधिकार के लिए नगर में आमरण अनशन में बैठे थे। इनकी मांगों पर कोई सार्थक पहल नही हो पा रहा था। इस मामले को लेकर 12 मजदूरों के साथ भाजपा के सदस्यों ने नगर में चक्का जमा कर दिया। तोन बैठक होने के बाद भी श्रमिकों की सयस्या ज्यों की त्यों बनी हुई थी पुरा प्रशासन इस विषय को लेकर गंभीर था। नगर पालिका विभाग इन श्रमिकों की मांग पर अड़ियल रैव्ये बना रखा था।

इस मामले की गंभिरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन की और से सीएसपी राजेश बागड़े थाना प्रभारी मुकेश सिंह के अथक प्रयास से पुन: एसडीएम कार्यलय में आपात बैठक आयोजित किया गया। जिसमें नगर पालिका अधिकारी के द्वारा क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे श्रमिकों की मागों को जायज करार देते हुए निराकरण किया गया। भूख हड़ताल में बैठे श्रमिक व भाजपा नेताओं ने कहा की एसडीएम सुरेश साहू तहसीलदार श्री नायक विशेष रूप से पुलिस प्रशासन के पहल से ही इस मामले का निराकरण निकल पाया। जिसकी के लिए अमरण अनशन में बैठे श्रमिक व जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन व पुलिस विभाग का आभार माना है।

- आरोपी चिकवा के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत किया कार्रवाई
- पुलिस प्रशासन के अथक प्रयास से आमरण-अनशन श्रमिकों को मिला न्याय

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन बेमेतरा का तीज मिलन

बेमेतरा, 30 सितंबर। बेमेतरा में महिला इकाई का तीज मिलन समारोह हुआ जिसमे तीज चिन संतोषी तिवारी, कुर्सी दौड़ मे आशा तिवारी, बेंगल बलून बेलन गेम मे लता दुबे ने बाजी मारी द्य सांस्कृतिक कार्यक्रम मे मनमोहक प्रस्तुति देकर मंजू तिवारी, कीर्ति तिवारी, संतोषी तिवारी ने सबका दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम मे 2ड्ढद्ध की जिला अध्यक्ष शारदा तिवारी बेमेतरा शहर अध्यक्ष उमा तिवारी, उपाध्यक्ष रानी दुबे, जिला सचिव कनकलता मिश्रा, सांस्कृतिक सचिव मंजू तिवारी, तथा कार्यकारिणी सदस्य वीणा शर्मा, अन्नपूर्णा दुबे, करुणा तिवारी एवं नीलिमा तिवारी, शशिकिरण तिवारी, विजेता दुबे, श्रद्धा शर्मा, दीपा भट्ठ, जानकी शुक्ला, श्वेता तिवारी, लता मिश्रा, नीलू तिवारी, कीर्ति तिवारी आदि सदस्य उपस्थित थे द्य तीज मिलन मे सबको सुहाग का सामान एवं सभी विनर को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रशासन की मौजूदगी में गणेश विसर्जन

देवकर, 30 सितंबर। नगर देवकर में प्रशासन की मौजूदगी में हुआ गणेश विसर्जन नगर देवकर के महादेव पारा गणेशोत्सव सीमित द्वारा नगर में अंनत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की पूजन के पच्क्षात प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया ।इस मौके पर नगर में डीजे और धुमाल और सेवा, की धुन पर युवा नाचते जयकारा लगाते गणेश प्रतिमा वाहनों पर रखकर चल समारोह निकाला गया ।जिसमें सैकड़ो भक्तों ने गाजे- बाजे के साथ गुलाल उड़ा कर भगवान गणेश को विदाई दी ।इस दौरान गणपति बप्पा बोरया के जयकारे गंजूते रहे ।नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी ।अंनत चतुर्दशी पर पंडालों और घंरो में विराजी गई मूतियों का विसर्जन नगर देवकर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया ।प्रतिमा विसर्जन करवा रहे थे ।मूर्ति विसर्जन स्थल पर प्रशासन के निर्दैंशानुसार पर उचित व्यवस्था की गई ।इसमें अजय ढीमर दिनेश ढीमर सूरज सौरभ गणेश यंशवत राम कुमार रवि सिहोरे रवि ढीमर दीपक मोनू कन्हैया चक्रधारी आदि सदस्य गण शामिल थे।

डोंगरगढ़। क़ौमी एकता की मिसाल बाबा टेकरी वाले मज़ार कमेटी रजानगर के पंडाल में पूर्व विधायक रामजी भारती सहित अन्य ने पोहा वितरण किया।

प्रदेश सरकार वाहवाही लूटने किसान हितैषी होने का मारती है ढोंग : छगन देशमुख

बालोद, 30 सितंबर। जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद के संरक्षक छगन देशमुख ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि किसानों का जीवन खेती बाड़ी में कड़ी मेहनत कर फसल उगाता है ताकि लोगो को 2 जून की रोटी एवं खाना नसीब हो सके और उन्हें कुछ आर्थिक लाभ हो सके ताकि अपने परिवार को भी अच्छी शिक्षा एवं साधन संम्पन बना सके। लेकिन सरकार की गलत नितियों के कारण किसानों को मुसीबत एवं कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है इसका ज्वलंत उदाहरण प्रदेश की सरकार द्वारा घोषणा किया गया था कि धान के बदले अन्य फसल लेने पर किसानों को 9 हजार एवं 10000 रुपये आदान सहायता फसल चक्र परिवर्तन देने का वायदा किया गया था। लेकिन प्रदेश सरकार ने अभी जो गन्ना का बोनस राशि जारी किया है उनमें कटौती कर दिया गया है थान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसान गांग नही किये थे कि हमें आदान सहायता राशि दिया जाये लेकिन प्रदेश सरकार वाहवाही लूटने के लिए एवं किसान हितैषी होने का ढोंग मारने वाली प्रदेश सरकार किसानों का शोषण कर रही है। इसी प्रकार धान का समर्थन मुल्य केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाता है जो अंतर की राशि है उसे भी 4 किस्तों में राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है जो किसानों के साथ अन्याय है। यदि 1 किस्त या 2 किरत में रकम दिया जाता तो किसान कुछ योजना बजाकर खरीदी करते या ऋण अदा करते। इस प्रकार राज्य सरकार किसानों का शोषण बंद करें तथा गन्ना किसानों की राशि आदान सहायता योजना तहत काटी गई है उसे गन्ना किसानों को तत्काल दिया जाये तथा थान का जो बोनस राशि बचा है उसे भी तुरंत एक साथ दिया जाये।

सार-संक्षेप

विधायक धनेन्द्र ने कथा वाचक पं. तिवारी से लिया आशीर्वाद

नवापारा-राजिम, 29 सितंबर। आज ग्राम सेमरा में पंच राम भगत के घर मे आयोजित भागवत पुराण के आयोजन में विधायक धनेंद्र साहू पहुँच कर कथा वाचक पुष्कर तिवारी से आशीर्वाद लेकर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किया इस अवसर पर विधायक धनेंद्र साहू के साथ कृषि उपज मंडी अध्यक्ष गोपेश ध्रुव,जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष चन्द्रहास साहू राम सेवक एवम ग्रामवासी उपस्थित थे ।

आकांक्षी ब्लॉक फेलो के रिक्त पदों में भर्ती के लिए दावा आपत्ति कल तक

गरियाबंद, 30 सितंबर। कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद के द्वारा आकांक्षी ब्लॉक फेलो के 2 पदों में नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी करते हुए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें आवेदनकर्ता अभ्यर्थियों के प्राप्त आवेदनों के प्रथम स्क्रूटनी पात्र / अपात्र आवेदन पत्रों की सूची गरियाबंद जिले के बेवसाइट ओर सूचना बोर्ड में अपलोड कर दिया गया। पात्र/अपात्र आवेदन के संबंध में जिस किसी आवेदनकर्ता को आपत्ति हो तो वें अपना दावा आपत्ति दिनांक 2 अक्टूबर 2023 समय 5:30 बजे तक ई-मेल के माध्यम से कर सकते है। रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा।

नवापारा राजिम। छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास के दौरान शनिवार को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज।

पूर्व प्राचार्य प्रभात भूषण हरिहरनों का निधन

नवापारा-राजिम, 30 सितंबर। राजीवलोचन महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रभात भूषण हरिहरनो उम्र 76 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि आज रविवार 1 अक्टूबर सुबह 10 बजे मुक्तिधाम में की जाएगी। वे वैभव हरिहरनो के पिता थे। उनके निधन पर नवापारा और राजिम शहर के चारो कालेज के प्रोफेसर,शहर के गणमान्य नागरिक,उनके पढ़ाए छात्र व अधिवक्ता संघ की ओर से हिमांशु दुबे ने श्रद्धांजलि अर्पित किया हैं।

जिपं सदस्य व जनपद उपाध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

डोंगरगढ़, 30 सितंबर। विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम टप्पा के आश्रित ग्राम गिधवा में जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के द्वारा आज विभिन्न निर्माण कार्यों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया । इस कार्य की मांग ग्राम वासियों द्वारा विगत कई वर्षों से किया जा रहा था कि गाँव की गलियों कीचड़ से भर जाने के कारण बरसात में आने जाने के लिए बहुत ही परेशानियों को सामना करना पड़ता है तथा गांव में व्यावसायिक परिसर नहीं होने के कारण गांव के युवाओं को गांव में ही व्यवसाय करने का मौका नहीं मिल रहा है जिसके लिए व्यावसायिक परिसर निर्माण करने हेतु लगातार मांग किया जा रहे थे जिसका आज धूमधाम के साथ भूमि पूजन किया गया जिसमें मार्ग पर व्यवसायिक परिसर निर्माण 5ण्50 लाख ए गली में कांकृटीकरण ;सी सी रोड निर्माण द्ध राशि 5ण्00 लाख रू की विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया । छेत्र में लगातार जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के द्वारा विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहे हैं तथा गांव की छोटी.मोटी समस्याओं को दूर करने का अथक प्रयास निरंतर कर रहे हैं इस अवसर पर सरपंच इंदु साहु पंच शतरूपा साहू जानकी ठाकुर भगवती ठाकुरए रामेश्वर ठाकुरए सोमेश ठाकुर एलोमस साहू विष्णु साहू एगणेश साहू एबोधीए नेमीचंद धागेसएअर्जुन ठाकुरए तोमस ठाकुर एसंतु दिन सिन्हाए सुखदेव साहू एसदाबाई ठाकुर सरस्वती ठाकुरए रामलाल ठाकुरए चिंता सिन्हा एमलखम एदयालू सिन्हा एयोगेश सिन्हा एहरिचंद एसंतोष ठाकुर एईश्वर साहू एकलाबाई ठाकुरए शिवकुमार ठाकुर एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासियों उपस्थित थे।

प्रादेशिकी का शेष...

सर्व अनुसूचित जाति समाज ने ...

पत्र के लिए नगर निगम द्वारा आवेदन भी मांगे गए। निगम द्वारा इन आवेदनों पर प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजा गया है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियम व कानून का हवाला देकर आवेदनों को लटकाए हुए हैं। दुर्ग नगर निगम में अकेले 5 सौ से अधिक अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के जाति प्रमाण पत्र लंबित हैं।

पत्रवार्ता में संगठन के अनिल जोग, उपाध्यक्ष विजय बोरकर, कोषाध्यक्ष कमलेश चौरे, सचिव नरेश ठाकुर, संगठन सचिव महेश मालापुरे, जिला अध्यक्ष योगेन्द्र चौरे, सदस्य योगेश खांडेकर, जितेन्द्र मडमे, बी.आर.कटाने, विशाल चौरे, योगेश सहारे, पार्वती पंडित, कमलेश्वरी हरपाल उपस्थित थीं।

जिले के 4681 हितग्राहियों के खाते में...

प्रदान किया जा रहा है। इसमें लाईवलीवुड कॉलेज के माध्यम से 198 हितग्राहियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वींग मशीन ऑपरेटर, अस्टिंट इलेक्ट्रिशियन, फिल्ड टेक्निशियन, डोमोस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, टैक्सी ड्राइवर और रिटेल में प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा संचालित बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए बोड़ला विकासखण्ड के 961 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। इसी प्रकार कवर्धा विकासखण्ड के 1140, पंडरिया से 1393, सहसपुर लोहारा से 641, कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र से 312, पंडरिया नपा से 106, पिपरिया नपा से 30, बोड़ला नपा से 39, पांडातराई नपा से 32 और सहसपुर लोहारा नपा से 27 कुल 4681 हितग्राहियों का आवेदन स्वीकृत हुआ है, जिनके खाते में आज राशि अंतरित की गई।

एनसीसी कैडेटों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली



बलौदाबाजार, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 30 सितम्बर को शासकीय कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार एनसीसी कैडेट ने 7 सीजी एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव के निर्देशानुसार ''स्वच्छ भारत अभियान तथा कचरा मुक्त भारत के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जो डीके महाविद्यालय से प्रारंभ होकर जिला न्यायालय से होते हुए गौरव पथ में चलकर कंचनमणी बलौदाबाजार में समापन किया गया। एनसीसी कैडेटो ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जानने व सीखने के लिए कंचनमणी गए। वहां पर एनसीसी कैडेटो को कचरा पृथक्करण एवं कचरा से खाद निर्माण की विधि कंचनमणी प्रभारी सुरेंद्र कुमार सोनी सुपरवाइजर सुभाषिनी सेंद्रे एवं स्वच्छता मित्रों द्वारा जानकारी दिया गया। जिसमें एनसीसी अधिकारी एफ मिंज, सीनियर अंडर ऑफिसर जयप्रकाश एवं एनसीसी कैडेटों का भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी जेम्स एवं प्राध्यापकगणों का सहयोग रहा।

विस क्षेत्र में सघन दौरा कर रहे हिरवानी



बिलाईगढ़, 29 सितंबर (देशबंधु)। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता यादराम हिरवानी ने विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र में संघन दौरा कर रहे हैं। जो की क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र में जनसम्पर्क कर लोगो की समस्या को सुन रहे हैं और लोगो की सुख दुःख में हमेशा सहयोग करते नजर आ रहे हैं। वह विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में दौरा कर ग्रामीणों के बीच पहुँचकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कि जानकारी प्रदान कर रहे हैं। जिसमे विधानसभा में सबसे लोकप्रिय जनसेवक में गिने जाते हैं। विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र के गांव गांव में प्रतिदिन हजारों लोगों से मुलाकात कर सरकार की कामकाज की प्रत्येक जानकारी दे रहे हैं। वही प्रदेश स्तरीय किसान सम्मेलन भाटापारा में शामिल रहा। इसके बाद विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र अमोदी,हसुवा, बलौदा,गिधौरी,अमलडीहा, घटमड़वा,कुम्हारी, टूण्डरी आदि गांवों में जनसम्पर्क किया ।इसके बाद ग्राम पंचायत देवरहा के प्राथमिक शाला से सेवानिवृत्त स्वर्गीय द्वासराम कैवर्त्य के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल रहा। उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। ग्राम पंचायत कैथा के सरपंच दीनदयाल साहू के बड़े भाई स्वर्गीय शिक्षक के दशगात्र में कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना किया। तत्पश्चात उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से साथ मे रहे धनेश यादव, रामकुमार यादव,सन कुमार कैवर्त्य, दिगम्बर दास महंत, हुलसराम हिरवानी, दिगंबर हिरवानी, पुरषोत्तम हिरवानी उपस्थित थे।

जिले में स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को दिए दिशा निर्देश

बालोद, 30 सितंबर। जिले में स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। लगभग एक सप्ताह पहले ही दल्लीराजहरा के 80 वर्षीय व्यक्ति की स्वाइन फ्लू से मौत होने की पुष्टि सेक्टर 9 अस्पताल के चिकित्सकों ने की है। अब स्वास्थ्य विभाग ने भी स्वाइन फ्लू की रोकथाम के लिए अस्पतालों में तैयारी कर ली है। जिला स्वास्थ्य विभाग की माने तो जिले में वर्तमान में एक भी स्वाइन फ्लू का मरीज नहीं है। एक मरीज दल्लीराजहरा का है लेकिन वे भिलाई में रहते थे उनकी मौत भिलाई के सेक्टर 9 अस्पताल में हुई है। जिला स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी जेएल उइके ने बताया कि स्वाइन फ्लू एक वायरस है। जब कोई व्यक्ति छींकता है तो उसका वायरस दूसरे व्यक्ति को संक्रमित कर देता है। यह तेजी से फैलने वाला वायरस है। बुखार, खांसी, गले में खराश, सिर दर्द, ठंड लगना, शरीर में दर्द यह स्वाइन फ्लू के लक्षण हो सकते हैं। संक्रमण एक फ्लू की तरह होता है। इसे सामन्य समझकर इलाज व जांच नहीं कराई तो गंभीर हो सकता है। वर्तमान में वायरल फीवर व खांसी से शहर में बड़ी संख्या में लोग पीड़ित हैं। ऐसे में इनमें से कौन एच.1 एन.1 से संक्रमित है यह चिन्हित कर पाना संभव नहीं है। स्वाइन फ्लू का इलाज सिर्फसावधानी है। इसलिए लक्षण दिखे तो तत्काल इलाज कराएं व मास्क लगाएं। छींकते समय मुंह व नाक को भी ढंके। चिकित्सकों का कहना है कि स्वाइन फ्लू होने पर इलाज में देरी नहीं किया जाना चाहिए। फ्लू अधिक बढ़ जाता है तब मृत्यु होने का खतरा रहता है। जो बुजुर्ग हैं बीपी, शुगर हो या कमजोर हो, गर्भावस्था में हो तब अधिक अलर्ट रहने की जरूरत है। इसमें पानी की कमी को दूर करने के लिए जूस, गरम सूप, पानी और तरल खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। इसमें आराम और नींद पूरी लेनी चाहिए स्वच्छता पर खास ध्यान देना है।

बूथ के कार्यकर्ता ही जिताएंगें विधानसभा चुनाव: तार किशोर प्रसाद

कवर्धा, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। परिवर्तन यात्राओं के माध्यम से आम लोगों तक पहुंच रही भारतीय जनता पार्टी अपने संगठन की मजबूती पर भी उतना ही ध्यान दे रही है. और इस कड़ी में पार्टी ने बिहार राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा कटिहार से विधायक तार किशोर प्रसाद को कवर्धा जिले की चुनावी कमान सौंपी है. अपने पहले प्रवास में कवर्धा पहुंचे श्री प्रसाद ने जिले के पदाधिकारियों से परिचयात्मक बैठक कर जिले की राजनैतिक परिस्थितियों को भी समझा. इससे पहले जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया.

बैठक में अपनी बात रखते हुए तार किशोर प्रसाद सिन्हा ने कहा कि किसी भी चुनाव की जीत का प्रमुख कारक पार्टी के विचार और उसके कार्यकर्ता होते हैं. भारतीय जनता पार्टी तो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और हमारे कार्यकर्ता हर बूथ में मौजूद हैं. आने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत भी बूथ के यही कार्यकर्ता तय करने वाले हैं. उन्होंने जिले की दोनों विधानसभाओं में चुनावी जीत के दृष्टिकोण से प्रमुख विषयों पर कार्यकर्ताओं के विचार जाने.

■ बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री हैं तार किशोर प्रसाद सिन्हा

श्री प्रसाद ने साथ ही प्रदेश के प्रमुख चुनावी मुद्दों भ्रष्टाचार, पीएससी घोटाला, गोबर घोटाला, प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, गौठानों में घोटाला और बेरोजगारी जैसे विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने आने वाले समय में विधानसभा स्तर पर होने वाले बड़े प्रदर्शनों की जानकारी भी दी.

इससे पहले जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने अपने उद्बोधन में उनका स्वागत करते हुए बताया कि कटिहार के चार बार के विधायक और बिहार राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद सिन्हा को पार्टी ने कवर्धा जिले का प्रभारी बनाया है और हम सबको आगामी विधानसभा चुनावों में उनके सुदीर्घ राजनैतिक अनुभवों का लाभ मिलेगा. श्री साहू ने बैठक में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए जिले के संगठन वृत्त से भी उन्हें अवगत कराया. इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बिसेसर पटेल सहित दिलीप सिंह, रामकुमार भट्ट, अनिल सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, राजेंद्र चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी ,जिला महामंत्री क्रांति गुप्ता , संतोष पटेल,जिला मंत्री राजकुमारी साहू, ओम यदु, सुरेश दुबे, सीताराम साहू,मोर्चों के जिलाध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, हेमंत ठाकुर, सुनील दोषी, मनीराम साहू, भुनेश्वर चंद्राकर, भावना बोहरा, रामकृष्ण साहू,पियूष सिंह, पन्ना चंद्रवंशी, सनत साहू, संजय निषाद, सचिन गुप्ता, रामचरण साहू, अरविंद वर्मा, तुकेश चंद्रवंशी, सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित जिले के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे.

किसान हितैषी न्याय योजनाओं से किसान आर्थिक रूप से हुए सशक्त: केबिनेट मंत्री

मंत्री अकबर 118 किसानों को विद्युत पंप, डीजल पंप और स्प्रिंकलर वितरण किया

कवर्धा, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि-विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बोड़ला विकासखंड के वनांचल ग्राम झलमला में आयोजित कृषि चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री श्री अकबर ने कार्यक्रम में 118 किसानों को विद्युत पंप, डीजल पंप और स्प्रिंकलर वितरण किया। मंत्री श्री अकबर ने किसानों को कृषि उपकरण वितरण करते हुए कहा कि शासन के योजना का ग्रामीण, किसान भरपूर लाभ उठाकर इन मिलने वाली कृषि उपकरणों का सही समय में उपयोग करें और अधिक लाभ प्राप्त कर कृषि के क्षेत्र में उन्नति करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में किसानों के हित के लिए अनेक योजनाएं लागू की है जिससे आज किसान आर्थिक रूप से सशक्त हुए है। शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों के खाते में सीधा पैसा मिलने लगा है। जिससे अब किसान अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफ किया, जिससे किसानों का बहुत बड़ा बोझ खत्म हुआ। इस अवसर पर बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अमिता प्रभाती मरकाम विशेष रूप से उपस्थित थे।

केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने परियोजना क्षेत्र में जल उपयोग दक्षता एवं फसल उत्पादकता को बढाने के लिए क्षेत्र के 53 किसानो को विद्युत् पंप, 40 किसानो को डीजल पंप एवं 25 किसानो को स्प्रिंकलर पाइप सेट वितरण किया। इस प्रकार कुल 11 ग्रामो के 118 किसानो को कुल राशि 24 लाख 90 हजार 168 रुपए का विद्युत पंप, डीजल एवं स्प्रिंकलर पाइप सेट वितरण किया गया। मंत्री श्री अकबर ने किसानो को सिंचाई का महत्तव बताते हुए अधिक से अधिक सिंचित रबी फसल लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विभाग एवं कृषि वैज्ञानिको द्वारा क्षेत्र के किसानो को उन्नत खेती एवं फसलो में कीट एवं रोगों से रोकथाम विषय पर व्याख्यान दिया गया।

किसान नेता योगेश तिवारी भाजपा की लेंगे सदस्यता, 7 को रायपुर में समारोह

बेमेतरा, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र के किसान नेता योगेश तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है । इस संबंध में किसान नेता ने बताया कि एक अक्टूबर को राजधानी रायपुर के रावण भाटा मैदान में भाजपा के शीर्ष नेताओ की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होना था, लेकिन केंद्रीय नेताओं की व्यस्तता के कारण कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए टालते हुए 7 अक्टूबर को रखा गया है । समारोह में विधानसभा क्षेत्र से 20 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है । किसान नेता के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी ने देश को विश्व सम्मान दिलाया और उन्होंने देश की जनता को जो वादा किया उसे पुरे ईमानदारी से निभाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जाने वाले जन कल्याणकारी योजनाओं से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सीधा लाभ मिला है । आज गरीब, मजदूर व महिलाएं मोदी सरकार की योजनाएं से लाभान्वित हो रहे हैं । जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, शौचालय योजना, मुद्रा लोन योजना, गरीब परिवारों को मुफ्त अनाज, किसान सम्मन निधि योजना, हर घर जल पहचाने जल जीवन मिशन योजना समेत अन्य योजनाओं से शहर से लेकर ग्रामीण स्तर पर लोगों का जीवन बेहतर हुआ है । इसलिए भारतीय जनता पार्टी की रीति व नीति से प्रभावित होकर शामिल होने का निर्णय लिया है ।

एसपी भावना गुप्ता हुए सम्मानित

बेमेतरा, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। एसपी बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता जो वर्तमान में एसपी बेमेतरा के पद पर तैनात हैं, को Ne&us of Good Annual Orgaination के गठित समिति द्वारा चयनित कर 30 सितम्बर को दिल्ली में पूर्व राज्यपाल, पूर्व कैबिनेट सचिव श्री प्रभात कुमार द्वारा एसपी बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता को Ne&us of Good - Ficci Awards 2023 से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार एसपी सूरजपुर और एसपी सरगुजा के रूप में पदस्थापना दौरान मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के मंशानुरूप हमर बेटी हमर मानज्ज के तहत उनके कार्यकाल के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य और नेतृत्व के लिए दिया जा रहा है, विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में - अन्य महिला केंद्रित पहलों के बीच 2000 से अधिक आदिवासी लड़कियों को व्यापक आत्मरक्षा में प्रशिक्षित करने के लिए हिम्मत प्रोग्राम चलाया।

यह छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गौरव का क्षण है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

बालोद, 30 सितम्बर । जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालोद के निर्देशानुसार आईएसए विलेज डेवलपमेंट सोसायटी की टीम द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम. भोथली के स्कूल में बच्चों के माध्यम से गांव में रैली निकालकर स्वच्छता से संबधित नारे के उद्घोष के साथ गली भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता संबंधी संदेश दिया गया। स्कूल में ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों में भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान विजय कुमार निषाद, द्वितीय. कु धारणी निबाद 5वीं रहे।

शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

बेमेतरा, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थीया ने थाना बेमेतरा में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 20.04.2018 से 19.06.2023 तक आरोपी विरेन्द्र मिरे द्वारा शादी का प्रलोभन देकर और उसके बाद शादी के नाम पर धोखा देकर कई बार अलग-अलग जगह में शारीरिक संबंध बनाया की रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 376, 376(2)(एन) भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में आरोपी पतासाजी विवेचना के दौरान आरोपी विरेन्द्र मिरे के द्वारा माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करने पर आरोपी का फार्मल गिरफ्तारी करने अनुमति प्राप्त कर, प्रकरण में आरोपी के द्वारा साक्ष्य विलोपित करना पाये जाने पर प्रकरण में धारा 201 भादवि जोडा गया। पुलिस चौकी मारो क्षेत्रांतर्गत रहने वाला आरोपी विरेन्द्र मिरे पिता मोहन लाल मिरे उम्र 35 साल को दिनांक 27.09.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सउनि रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, गोपाल ध्रुव, महिला प्रधान आरक्षक बालमती नायक, आरक्षक लव कुमार यादव व अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

मामूली विवाद में धक्का मुक्की के बाद अधेड़ की मौत, जांच में जुटी पुलिस

बालोद, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर के दसौंदी तालाब के पास एक व्यक्ति की मामूली विवाद के बाद मौत हो गई है जिसका नाम शंकर साहू बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीड़ी पीने के विवाद लड़ाई झगड़ा हुआ है और धक्कामुक्की हो रही थी इसी दौरान शंकर साहू की मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा मामले में 4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है वहीं लाश का पंचनामा कर पोस्टमाडम की कार्यवाही भी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार शंकर साहू की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है सब्जी बेचने का काम करता था और वह नल के समीप बैठकर बीड़ी पी रहा था जिसमें विवाद हुआ और धक्कामुककी शुरू हुआ और इसी दौरान उसकी मृत्यु हुई।

गणेश उत्सव मे शामिल हुए जनपद सदस्य आदित्य पीपरे

गुरुर, 30 सितम्बर (देशबंधु)। जनपद पंचायत गुरुर सदस्य आदित्य पीपरे ने अपने पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान गणेश उत्सव के उपलक्ष में ग्राम कनेरी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए जंहा उन्होंने भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर कामना की।

कार्यक्रम के बीच पहुंचकर आदित्य पीपरे ने बताया हिंदू धर्म में किसी भी पूजा उपासना के पहले भगवान गणेश की पूजा और उपासना होती है। भगवान गणेश हमारे बीच साकार रूप में उपस्थित रहते है, जो सभी की मुरादें पूरी करते हैं।

इस अवसर पर न्यू जागृति गणेश उत्सव समिति ने नारी शक्ति सरपंच, पंच एवं ग्रामीण महिलाओं का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच दिनेश्वरी सिन्हा, पंच लक्ष्मी उइके, अंजली साहू, तारा साहू पहुँचे थे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष तामेश साहू, उपाध्यक्ष दिलीप सिन्हा, सचिव खोमेश्वर सिन्हा, सुनील साहू, प्रताप ठाकुर, तुषार साहू, तोमेश्वर निर्मलकर एवं जयप्रकाश साहू का आयोजन में सहयोग रहा।

देवरी के तालाब में डूबने वाले युवक को गोताखोर की टीम ने ढूंढ निकाला

खैरागढ़, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से तकरीबन 18 किलो मीटर की दूरी पर स्थित वनांचल ग्राम देवरी में गणेश विसर्जन के दौरान 32 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। जानकारी अनुसार मृत युवक का नाम रोशन पिता कन्हैया यदु उम्र तकरीबन 32 वर्ष बताया जा रहा है। यहां घटना 29 सितंबर शुक्रवार की दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है। ग्रामीणों के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद रोशन को ग्रामीण नही खोज पाए गोताखोर की टीम शुक्रवार को रात्रि 7 बजे पहूंची थी 30 सितंबर की दोपहर 2 बजे के आसपास रोशन को तालाब से खोज निकाला मृत युवक रोशन के शव को शवगृह में रखा गया है। जिसका पोस्टमार्टम कल परिवार की मौजूदगी में किया जाएगा।

रायपुर में संचालित ऑफ कैम्पस सेंटर को बंद करने के लिए किया जाएगा चरणबद्ध आंदोलन

खैरागढ़, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में संचालित ऑफ कैम्पस सेंटर को बंद कराने नगरवासियों के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी की जा रही है। गुरूवार को नगर के सर्किट हाउस में सर्वदलीय बैठक संपन्न हुई जहां ऑफ कैम्पस को बंद कराने पर चर्चा की गई। बैठक में भागवत शरण सिंह ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के सचिव ने कुलसचिव को जो पत्र जारी किया है। उसमें ऑफ कैंपस सेंटर में डिप्लोमा में प्रवेश प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया है जबकि आम जनमानस ने पूरे कैंपस को ही बंद करने की मांग की है। इस दौरान सभी राजनीतिक तथा गैर राजनीतिक प्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित किया गया जिसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि आचार संहिता के पहले शासन इसे बंद करने का निर्णय नहीं लेता है तो आने वाले विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया जायेगा बैठक में विचार रखते हुये मिहिर झा ने कहा कि यह मामला पूरे नगर का है, इसका किसी भी तरह से राजनीतिकरण नहीं होना चाहिये यह खैरागढ़ की अस्मिता का सवाल है इसलिये हमें मिल जुलकर इस ऑफ कैंपस सेंटर को बंद कराना है। ओम प्रकाश झा ने कहा कि हमारे लिये खैरागढ़ सर्वोपरि है और खैरागढ़ के हित के लिये हम सभी को एकजुट होकर आगे आना होगा उन्होंने कहा कि हम सभी को साथ लेकर इस आंदोलन को दिशा देनी है। राजीव चंद्राकर ने कहा कि आदेश से स्पष्ट हो गया है कि जान बूझकर विवि को विखंडित करने का प्रयास किया जा रहा है। रुद्रभूषण सिंह ने कहा कि इस विवि को खोले जाने में प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू और पं.रविशंकर शुक्ल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वीरेंद्र बहादुर सिंह व पद्मावती आजीवन कांग्रेस की सेवा करते रहे, यह दुर्भाग्य का विषय है कि आज कांग्रेस के शासनकाल में ही यह विवि टूट रहा है। अजय जैन ने कहा बंद से यह साफ हो चुका है कि खैरागढ़ का कोई भी नागरिक इस ऑफ कैंपस सेंटर के पक्ष में नहीं है तो इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिये सुयश सिंह ने कहा कि सभी को मिलकर इस दिशा में प्रयास तेज करना चाहिये अनुराग शांति तुरे ने कहा कि जारी हुआ आदेश स्पष्ट नहीं है और इससे साफ हुआ है कि अभी सेंटर बंद नहीं हुआ है बल्कि प्रवेश को रोका गया है। हम सभी को इसका हर स्तर पर विरोध करना चाहिये गुलाब चोपड़ा ने कहा कि संगीत विवि खैरागढ़ की धरोहर है। हम सभी ने कुलपति से भी उक्त सेंटर को तुरंत बंद करने के लिये कहा है। भीखमचंद छाजेड़ ने कहा कि यह शहर का आंदोलन है इसकी सूचना और जानकारी कांग्रेस के लोगों को भी दी जानी चाहिये उन्होंने जोर देकर कहा कि खैरागढ़ के हक की लड़ाई में सभी साथ हैं। मनराखन देवांगन ने कहा कि खैरागढ़ की अस्मिता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, खैरागढ़वासी होने के नाते सभी इस आदेश को रद्द कराने के लिये प्रयासरत हैं। बैठक में नरेंद्र बोथरा, मनोज गुप्ता, मंगल सारथी ने भी ऑफ सेंटर बंद करने की मांग को दोहराया

विवि कैम्पस व कलेक्टर कार्यालय का किया जायेगा घेराव

बैठक में तय किया गया कि ऑफ कैम्पस सेंटर बंद किये जाने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा जिसके तहत शनिवार से लोगों के बीच जाकर जनसमर्थन जुटाया जायेगा साथ ही आबेडकर चौंक में धरना दिया जायेगा इस दौरान विवि कैंपस और कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने सहमति बनी जरूरत पडने पर चक्काजाम और अनिश्चितकाल तक नगर बंद पर विचार किया जा रहा है। आंदोलनकारियों ने प्रस्ताव पारित करते हुये कहा कि यदि आदर्श आचार संहिता लगने के पहले इस सेंटर को बंद नहीं किया जाता तो आसन्न विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने भी निर्णय लिया गया है। बैठक में चिंताहरण सिंह, महेंद्र डाकलिया, प्रकाश सिंह, सुधीर सिंह, नीलेश यादव, प्रशांत सहारे, नितेश सिंह, रविन्द्र बहादुर सिंह, दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव, रेखा झा, शशांक ताम्रकार, यहिया नियाजी, श्रेयांश सिंह, विजय प्रताप सिंह, अंकित चोपड़ा, अंकुश सिंह, नितेश जैन, विजय जैन, साकेत श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश सारथी, समीर कुरैशी, सूरज देवांगन, हर्षवर्धन वर्मा, भीखू वर्मा, राजू यादव, मनोहर सेन, चंदन गोश्वामी, संदीप ठाकुर, मोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

रेंगाकठेरा से चंदनबिरही व खर्रा से रौना मार्ग पर तांदुला नदी मे बनेगा उच्च स्तरीय पुल विधायक निषाद ने किया भूमिपूजन

गुण्डरदेही, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को संसदीय सचिव व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने रेंगाकठेरा से चंदनबिरही मार्ग और खर्रा से रौना मार्ग पर तांदुला नदी में करोड़ो रुपए की लागत से बनकर तैयार होने वाले उच्च स्तरीय पुल का भूमिपूजन किया विधायक निषाद ने कहा कि कांग्रेस पर विश्वास जताने का परिणाम है कि आज प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहा हैं जल्द ही बड़ा पुल बनकर तैयार होगा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी ग्रामीणों ने बताया कि नदी में पुल नहीं होने की वजह से बारिश के दिनों में गांव के लोगों को खेती किसानी के लिए तथा बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल भेजने में परेशानी होती थी तांदुला नदी पर पुल बन जाने से वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक कुंवर सिंह निषाद के प्रति आभार जताया

क्षेत्र में खुशी की लहर, अब बरसात में नहीं होंगे प्रभावित

अर्जुन्दा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतुराम पटेल व गुण्डरदेही ब्लाक अध्यक्ष भोजराज साहू ने बताया कि संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद के प्रयासों से रेंगाकठेरा और चंदनबिरही में 7 करोड़ 30 लाख 81 हजार रुपए की लागत से 8.4 मीटर चौड़ा पुल बनेगा जो 270 मीटर लंबा होगा वहीं खर्रा और रौना के बीच का पुल 10 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से तैयार होगा जिसका भूमिपूजन हुआ उच्च स्तरीय पुल के बन जाने से रेंगाकठेरा चंदनबिरही सनौद नवागांव कोटगांव खेरूद झीका खर्रा रौना चिचलगोंदी गुरेदा सलौनी मोहंदीपाट कांदुल तिलखैरी भिलाई आमटी मटेवा गब्दी ओड़ारसकरी सहित सैकड़ों गांव जो बरसात के दिनों में प्रभावित हो जाते थे उन्हें लाभ मिलेगा

गणेश की विसर्जन शोभायात्रा मे शामिल हुए क्षेत्रवासी

गुरुर, 30 सितम्बर (देशबंधु)। गुरुर नगर में आज एक साथ भगवान गणेश की भव्य रूप से विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई, जंहा नगर के बाजार चौक, शिव चौक, टिकरापारा, शांतिनगर और सार्वजनिक स्थानों के अलावा घर घर में विराजे गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान नगर का माहौल भक्तिमय नजर आया।

शोभायात्रा नगर के बाजार चौक व विभिन्न मार्गों से होकर पूरे नगर का भ्रमण किया गया। विसर्जन में डीजे ढोल नगाड़े के साथ महिलाओं और युवाओं की टोली सहित नगरवासियों ने नृत्य करते नाचते झूमते गाते जयकारा करते हुए कोलिहामार के ऐतिहासिक गणेशा तालाब पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना कर भगवान गणेश को अंतिम विदाई दी। इस दौरान सुबह से शाम तक गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जय घोष गूंजता रहा।

स्थानीय प्रशासन के सहयोग से हुआ विसर्जन- गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर समितियों के सदस्यों के द्वारा सुबह से ही तैयारियां पूरी कर ली गई थी। कही धुमाल तो कही डीजे की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। लोगो मे भरपूर आनंद उत्साह हर्षोल्लास देखने को मिला।

विसर्जन यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था के मध्य नजर गुरुर पुलिस बल भी तैनात किये गए थे, उनकी टीम यातायात व्यवस्था को संभालते हुए जाम की स्थिति ना हो, आसामाजिक तत्वों पर नजर रखी हुई थी। यहां पुलिस प्रशासन एवं नगर प्रशासन की मौजूदगी में शांतिपर्ण तरीके से श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति एवं परम्पराओं से बनी पहचान: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ग्राम सांकरदाहरा में चातुर्मास महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित राष्टीय संत सम्मेलन एवं किसान मिलन समारोह में हुए शामिल
- गौ सेवा करने से संतों का मिलता है आर्शीवाद
- प्रदेशभर में बनाए गए लगभग साढ़े 10 हजार से अधिक गौठान
- गौठान के माध्यम से सरकार द्वारा डेढ़ लाख एकड़ जमीन की गई आरक्षित
- 35 लाख क्विंटल गोबर खरीदी से 270 करोड़ रूपए पशुपालकों के खाते में किया गया अंतरित

राजनांदगांव 30 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड के ग्राम सांकरदाहरा में चातुर्मास महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित राष्टीय संत सम्मेलन एवं किसान मिलन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता की सेवा करना है। गरीब एवं जरूरतमंदों, माताओं, वनांचल क्षेत्र के आदिवासियों, किसान, मजदूर एवं संत महात्मा की सेवा करना है। हमारी सरकार ने लगातार इस दिशा में कार्य करते हुए लगभग 5 वर्ष पूर्ण किया है और इन 5 वर्षों में कई चुनौतियां भी रहीं। कोविड-19 संक्रमण के समय विकट संकट आया। इस महामारी के दौरान सरकार द्वारा किसानों की मदद के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लाई गई। संतों का ध्यान गौवंश की रक्षा में रहता है। गौ सेवा करने से संतों का आशीर्वाद मिलता है, क्योंकि यह संतों के हृदय की बात होती है। पहले छत्तीसगढ़ नक्सलगढ़ के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब छत्तीसगढ़ हमारी प्राचीन संस्कृति और परम्पराओं के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को संत महात्माओं का आशीर्वाद लगातार मिल रहा है और छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में ट्रेक्टर एवं हारवेस्टर जैसे आधुनिक यंत्र आ गये हैं। डेयरी एवं गौपालन अब घाटे का सौदा हो गया है। बैल को खुले में छोड़ देने के कारण फसलों को नुकसान होता है। सरकार द्वारा गौठान की परम्परा को मजबूत करने की कोशिश की गई। गौठानों को पुनर्जीवित करते हुए साढ़े 10 हजार गौठान बनाये गये हैं। 10 हजार 250 गौठान पूर्ण हो गये हैं, जो शेष रह गये हैं, उन्हें भी जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। सरकार द्वारा गौठानों के माध्यम लगभग डेढ़ लाख एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। बिना किसी विवाद एवं दण्ड के गौमाता के नाम से प्रदेश भर में गौठान एवं चारागाह के लिए जमीन आरक्षित की गई। गौठानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि गौमाता गौठान डे-केयर के रूप में रहे और शाम को गौमाता अपने मालिक के पास रहे, ताकि लोगों का जुड़ाव गौमाता से बना रहे। गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत 2 रूपए प्रति किलो में गोबर खरीदी की है। अब तक 135 लाख चिंटल गोबर खरीदी की गई है और 270 करोड़ रूपए गोबर बिक्री करने वाले पशुपालकों के खाते में चला गया है। खरीदे गये गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया गया और 12 लाख चिंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट खेतों में पहुंच गया है और हम जैविक खेती की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह इस बात का उदाहरण है कि गोबर से इतना बड़ा व्यापार खड़ा हो सकता है। गौठान के कारण फसल चराई की शिकायत नहीं आती। गौठान में अब बाड़ी, गमला, दीया, प्राकृतिक पेंट निर्माण किया जा रहा है। अब तक 4 लाख लीटर प्राकृतिक पेंट का निर्माण किया गया है। स्कूलों एवं शासकीय भवनों को प्राकृतिक गोबर से किया जा रहा है और एक व्यवसाय खड़ा किया गया है। गोबर खरीदी होने से गौमाता की अच्छी सेवा हो रही है। रासायनिक खाद से प्राप्त अन्न से कई तरह की बीमारियां बढ़ रही हैं। जैविक खेती को अपनाते हुए मानवता की सेवा की दिशा में आगे बढ़ रहे है, जिससे बीमारियां कम होगी। सरकार द्वारा राम वन गमन पथ बनाया गया है। चंदखुरी में माता कौशिल्या का निवास होने के कारण भगवान श्रीराम का ननिहाल है। शिवरीनारायण, चम्पारण एवं अन्य धार्मिक स्थलों को पर्यटकों के लिए विकसित किया जा रहा है। नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज में प्राचीन वृक्ष लगाए जा रहे हैं। हमारे देश में आदिसंस्कृति, आदिवासियों के लिए देवगुड़ी, सतनामी समाज के लिए मॉडल जैतखाम, दामाखेड़ा में कबीर सरोवर का निर्माण कर रहे है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी संतों का साल भेंट कर सम्मानित किया और संतों से छत्तीसगढ़ की प्रगति एवं सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर अंनत विभुषित कनिष्ठ जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज, महात्यागी महामण्डलेश्वर राम बालक दास जी सहित अन्य संतगण, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, संसदीय सचिव व विधायक मोहला-मानपुर इन्द्रशाह मंडावी, खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू, खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महामंडेलश्वर राजेश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, जितेन्द्र मुदलियार, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज भाई, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक, जीव-जन्तु बोर्ड के सदस्य संजय जैन, पूर्व विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अभिषेक मीना, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, एसडीएम डोंगरगांव अश्वन कुमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान व नागरिकगण उपस्थित थे।

निर्माण कार्यों में बाधा पैदा कर रही है राज्य खनिज नीति, फिलहाल निर्माण कार्य ठप्प

राजनांदगांव, 30 सितम्बर (देशबन्धु) कान्ट्रेक्टर एशोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बिरेश शुक्ला, बीएआई के प्रदेश अध्यक्ष कमलजीत सिंह जिला कान्ट्रेक्टर एशोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंघी सचिव आलोक बिंदल एंव परिवहन संघ के अध्यक्ष दामु भुतड़ा एंव उपाध्यक्ष मुन्ना यादव बताया छ.ग. राज्य शासन की नयी खनिज परिवहन नीति लागू होने से प्रदेश के शासकीय व अशासकीय ठेकेदारों के कार्य ट्रान्सपोर्टरों की विगत 15 दिवस से जारी हड़ताल के कारण निर्माण कार्य बंद होने से प्रदेश भर में रेत, लौं मुरूम एवं एवं ईंट की सप्लाई बंद है।इस कारण रायपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर, अम्बिकापुर, नारायणपुर, जगदलपुर, धमतरी, बालोद, सुकमा, कांकेर, बीजापुर सहित प्रदेश भर में निर्माण कार्य बंद हो चुके हैं। जिसके फलस्वरूप निर्माण एवं ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में बेरोजगारी की स्थिति निर्मित हो गई है। मिस्त्री, श्रमिकों को बेरोजगारी की गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार संघ द्वारा अपना पक्ष रखते हुए कहा जा रहा है कि उन्हें जब तक गिट्टी रेल रेत, मुरुम, ईंट आदि की सप्लाई प्राप्त नही होगी, तब तक निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।मजबूरीवश ठेकेदारों को निर्माण कार्य बंद करना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार और विभागों द्वारा आगामी चुनाव को देखते हुए ठेकेदारों पर शीघ्र कार्य करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है। जबकि ठेकेदार नई खनिज नीति के कारण भारी जुर्माना एवं जेल जाने के नियम के कारण किसी भी कीमत पर कार्य करने को तैयार नहीं है। ठेकेदारों का कथन है कि छत्तीसगढ़ राज्य में शासकीय, अशासकीय निर्माण कार्यों खनिज की जितनी मात्रा की खपत है उतनी मात्रा में खनिज पट्टों का माइनिंग प्लान ही नहीं है। कोई भी ठेकेदार या परिवहनकर्ता बिना रायल्टी पर्ची के काम नहीं करना चाहते, किंतु पर्याप्त मात्रा में माइनिंग प्लान की स्वीकृति न होने कारण यह स्थिति बन रही है। ठेकेदारों का कहना है कि उनके द्वारा संपादित किये गये कार्यों का विभाग द्वारा प्रत्येक रनिंग बिल एवं फाइनल बिल का परीक्षण कर रायल्टी एवं डीएमएफ राशि की कटौती कर ली जाती है, ठेकेदारों का पूरा खाता बहीगाव परिवहन संघ की

छ.ग. शासन के विभाग के पास ही उपलब्ध रहता है। इसके बाद भी ठेकेदार रायल्टी में किसी प्रकार की चोरी नहीं कर सकता। राजनांदगांव में अधिकतर खदाने पर्यावरण की एनओसी नहीं मिलने के कारण बंद है जिसके कारण रायल्टी पर्ची उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।ठेकेदारों का मानना है कि विभाग द्वारा अग्रिम रायल्टी जमा करवा ली जावे और तुरंत खनिजों के परिवहन की अनुमति, निर्माण विभाग प्रमुख द्वारा दी जावे साथ ही सीमेंट निर्माता कंपनियों के द्वारा अकारण कार्टेल बनाकर सीमेंट दर में 60-70 रूपये प्रति बोरी की वृद्धि करने से निर्माण कार्य में और भी संकट पैदा हो गया है। बीएआई प्रदेश अब दुश्यंत दास, सुरेन्द्र पांडे, कैलाश अहिरवार, विनय सिंह, गौरव खंडेलवाल, संजय सोनी, अब्दुल रहीम, शीतल साहु, राकेश जोशी, निलेश श्रीवास्तव, हेमंत देशमुख, पंकज राठौर, ठेकेदार संघ एंव परिवहन संघ के द्वारा संयुक्त विज्ञप्ती जारी की गई है।

गायत्री विद्यापीठ में इन्टरहाउस योग प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में इन्टरहाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 3रीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल थे।

उक्त प्रतियोगिता शाला की योग शिक्षिका श्रीमती भारती साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता 3 चरणों में आयोजित थी। प्रथम चरण में कक्षा 3रीं से 5वीं तक के विद्यार्थी शामिल थे। द्वितीय चरण में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए तथा तृतीय चरण में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल थे। निर्णायक के रूप में कक्षा 3रीं से 8वीं तक के प्रतिभागी हेतु सुश्री खिलेश्वरी साहू एवं कक्षा 9वीं से 12वीं तक के प्रतिभागी हेतु श्रीमती उषा झा उपस्थित थीं।

कक्षा 3रीं से 5वीं वर्ग में प्रथम वेन्या मरकाम, प्रवेश देवांगन, द्वितीय स्थान पर जागृति व मंजीत, तृतीय स्थान पर अनन्या व दिव्य सिंग राजपूत रहे। कक्षा 6वीं से 8वीं वर्ग में प्रथम अंतोरा मैती, रूद्र किरण, द्वितीय वैष्णवी व साहित्य देवांगन, तृतीय देविका शेण्डे व उत्कर्ष निर्मलकर रहे। सांत्वना पुरस्कार में प्रियल राजा व मोक्ष जैन को मिला।

इसी प्रकार कक्षा 9वीं से 12वीं वर्ग में प्रथम आंशी सिंग, राहूल वर्मा, द्वितीय भूमिका हिरवानी, प्रियंश वर्मा, तृतीय षिता, नचिकेत बिसेन रहे। सांत्वना पुरस्कार नीति पटेल व दिव्यांशु रामटेको को मिला।

इस प्रतियोगिता में बच्चों ने योग के विभिन्न आसन दक्षता के साथ प्रदर्शित किए। प्रतियोगिता काफी रोमांचक रहा। सभी विजयी प्रतिभागियों को शाला की प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर एवं उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर द्वारा प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दी गई। इस शानदान आयोजन हेतु गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह सचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, श्री हरीश गांधी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।

इंद्रशाह ने भूलवश शब्दों उच्चारण के लिए सम्मानित समस्त पत्रकार बंधुओं से किया खेद व्यक्त

मानपुर मोहला, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इंदरशाह मंडावी ने कहा है कि मैं अनुसूचित क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं और लगातार वनांचल के उन ग्रामों के दौरे मे रह रहा हू जहा की भाषा और बोली आम जनमानस मे खड़ी नजर आती है मेरे द्वारा विगत दिनों भूलवश हुए शब्दउच्चारण के लिए सम्मानित समस्त पत्रकार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं समस्त मीडिया समूह से खेद वयक्त करता हूं। गत दिवस मेरे द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को लेकर जाने अनजाने में कुछ अशोभनीय बातें शब्दों उच्चारण से हुई हैं। मीडिया समूह के प्रति मेरी मंशा बिलकुल भी ऐसा नहीं है, उक्त बातों से आप सभी के मान सम्मान को ठेस पहुंचा होगा जिसके लिए खेद व्यक्त करता हूं। लोकतंत्र में मीडिया समूह का योगदान अतुलनीय है जिसका मैं पुरा सम्मान करता हूं मेरी मंशा किसी को ठेस पहुंचाने को लेकर नहीं थी। कतिपय लोगो द्वारा खेद के बावजूद अगर इसे प्रसारित करते है तो निश्चित रूप से मै यह समझूंगा कि मेरी कही बाते की पुनरावृति करने मे ज्यादा रुचिकर लोग ज्यादा उत्तरदायित्व होंगे। मैं पुन: खेद व्यक्त करता हूं इन्द्रशाह मंडावी संसदीय सचिव, छ0ग शासन एवं विधायक, मोहला मानपुर।

अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद मलकीत सिंह गैंदु ने सूची जारी की

राजनांदगांव, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण की कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन पश्चात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैंदु ने सूची जारी की है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के द्वारा प्रस्तावित कार्यकारिणी के नाम पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी मुहर लगा दी है ।आने वाले चुनाव को देखते हुए जल्द कार्यकारिणी घोषित होने से नवनियुक्त पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और पूरी लगनशीलता से छत्तीसगढ़ में दूसरी बार कांग्रेस सरकार लाने की दिशा में यह मजबूत कदम है। जनता तक कांग्रेस की आवाज पहुंचाकर भाजपा की असफलता को उजागर करने का संकल्प लिए है ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी की जो सूची जारी की गई है. उसमें नवाज समर्थकों का दबदबा देखने को मिल रहा है. नवाज खान की जिले में सक्रियता के चलते उनके समर्थकों को भी कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण स्थान दिया जा रहा है. इसी तारतम्य में जयश डाकलिया को भी बढ़ी जिम्मेद्दारी दी गई है. उन्हें संयुक्त महामंत्री बनाया गया है।

विधानसभा निर्वाचन: लायजनिंग ऑफिसरों को दिया गया प्रशिक्षण

कवर्धा, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी क्रम में लायजनिंग ऑफिसर का प्रशिक्षण शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा एवं मास्टर ट्रेनर एम. के. गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के संबंध में चर्चा की गई। आयोग के निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन कार्य संपादित करने एवं आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के

दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमनी, राजनांदगांव में सेक्टर लेवल दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में आयोजित इस शतरंज प्रतियोगिता में 12 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता इस महाविद्यालय की प्रथम शतरंज प्रतियोगिता हैं जिसमें महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों और विद्यार्थियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ. आर के ठाकुर, प्रधानाचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमनी, राजनांदगांव ने किया। अन्य महाविद्यालय से आए स्पोर्ट्स ऑफिसर और विद्यार्थियों ने अच्छे तरह से और व्यवस्थित तरीके से आयोजन के लिए महाविद्यालय को बधाई दिए। इस प्रतियोगिता में आए विभिन्न स्पोर्ट्स ऑफिसर ने इस महाविद्यालय की व्यवस्था को देखते हुए भविष्य में प्रदेश लेवल पर प्रतियोगिता आयोजन करने की बात की।

जिला कांग्रेस ग्रामीण राजनांदगांव की कार्यकारिणी घोषित, नवाज समर्थकों का दबदबा

राजनांदगांव, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण की कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के अनुमोदन पश्चात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैंदु जी ने सूची जारी की है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के द्वारा प्रस्तावित कार्यकारिणी के नाम पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी मुहर लगा दी है ।आने वाले चुनाव को देखते हुए जल्द कार्यकारिणी घोषित होने से नवनियुक्त पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और पूरी लगनशीलता से छत्तीसगढ़ में दूसरी बार कांग्रेस सरकार लाने की दिशा में यह मजबूत कदम है। जनता तक कांग्रेस की आवाज पहुंचाकर भाजपा की असफलता को उजागर करने का संकल्प लिए है ।

नव नियुक्त कार्यकारिणी में स्थाई आमंत्रित सदस्य- विधायक दलेश्वर साहू ,भुनेश्वर बघेल, श्रीमती छन्नी साहू पूर्व मंत्री धनेश पटीला पूर्व विधायक इमरान मेमन ,प्रकाश यादव, भोलाराम साहू प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, डॉ थानेश्वर पाटीला।

विशेष आमंत्रित सदस्य- किशन खंडेलवाल, नवाज खान, पदम सिंह कोठारी, जितेंद्र मुदलियार, श्रीमती हेमा देशमुख, निखिल द्विवेदी, रूपेश दुबे ,विवेक वासनिक, सुदेश देशमुख ,नरेश डाकलिया ,क्रांति बंजारे, विभा साहू, सुदेश मेश्राम, हीरा निषाद, भावेश सिंह, टिकेश साहू ,रोहित चंद्राकर, मनोज सिन्हा, संगीता गजभिए, सुनील लारोकर चित्रलेखा वर्मा ,राजकुमारी सिन्हा

कोषाध्यक्ष- अंगेश्वर देशमुख

उपाध्यक्ष- गुलाब वर्मा, मन्ना लाल यादव, गोवर्धन देशमुख ,मोतीलाल साहू, पंकज बांधव, हर्षिता स्वामी, रमेश खंडेलवाल, अंजुम अल्वी,यशवंत तिवारी, प्रभा साहू,

- उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त महामंत्री, सचिव की नियुक्ति से हर्ष

महामंत्री- महेंद्र यादव, चुम्मन साहू, दुर्गेश द्विवेदी, इकरामुद्दीन सोलंकी, पुष्पा वर्मा, अजय मारकंडे, बलीराम साहू ,संध्या देशपांडे आशा मांडवी, रामदास चंद्रवंशी, रवि कुमार साहू, वीरेंद्र बोरकर, उर्मिला साहू

कार्यकारिणी सदस्य- कमलजीत सिंह, तुलदास साहू, टेमिन चंद्रवंशी, रमादेवी वर्मा ,एकता चंद्राकर ,अरुणा देवांगन

मीडिया प्रवक्ता- खिलेश्वर पाल ,राहुल तिवारी, विष्णु सोनी

संयुक्त महामंत्री- पुरन नेताम, विपिन यादव,तरुण सिंहा, प्रकाश शर्मा, नरेश शुक्ला, कांति भंडारी, चमरा राम पटेल, हेमंत वैष्णव, विपिन गोस्वामी, मूलचंद जैन, रईस अहमद शकील, शिशुपाल भारती, राजू सिंह राजपूत, महेंद्र साहू, चंद्रेश वर्मा ,ओम प्रकाश साहू, तुकज साहू ,इंद्रजीत सिंह बिट्टू, संजय संचेती ,नरेश उईके, हेमलता बंजारे ,संध्या साहू, प्रमोद सिंह ठाकुर, चुम्मन साहू, केशव यादव ,गिरीश साहू, मिथिलेश ठाकुर ,भोज राम साहू, संजय श्रीवास्तव, गिरधर निषाद ,राजेश साहू ,धीरज मेश्राम ,राम साहू, इंद्रपाल सिंह राजा, विजय शर्मा, प्रवीण पारख,कमलेश वर्मा ,भारत भूषण मेश्राम, महेश्वर साहू, जैश डाकलिया, अनिल मेश्राम, रज्जू जान, नेतराम साहू ,राजकुमार साहू ,हुकुम श्रीवास, अशफाक तंवर, टीकम साहू, रोहित सोनकर, गिरधारी साहू, प्रमोद वैष्णव, आबिद खान, जीवन साहू, कार्तिक नंदेश्वर, देवेंद्र दुबे, अमीन खान, प्रीति भेलेस, कली राम चंद्रवंशी, योगेंद्र वैष्णव, लालचंद साहू,

सचिव- नरेंद्र देवांगन, बबलू कसार ,महेंद्र वैष्णव, मुस्ताक खान, विक्की पटेल, किशन वैष्णव, ओंकार साहू ,लीलू दास खरे, डोमार साहू, उत्तम ठाकुर, मीना साहू ,संगीता साहू ,सेवक वर्मा,शेख निजामुद्दीन, कामता प्रसाद, सुरेश सहारे, नवीन लूनिया, विमल अग्रवाल, ओम प्रकाश साहू, परमानंद साहू ,वीणा चंद्रवंशी, चमरू श्रीवास, एकनाथ सिन्हा, हुलासी ढीमर, सूरज साहू, कामता प्रसाद, दामोदर बागडे, महेश दिवाकर ,रवि बाघमरे, ठाकुर राम देवांगन, हेमलता बंजारे, अजय अग्रवाल, प्रकाश महानदी ,देवारू मलेकर, राजकुमार मांडले, राहुल वैष्णव ,जितेंद्र देवांगन, लेख चंद वर्मा, लक्ष्मी सांखला, शैलेंद्र सिन्हा ,प्रतिमा साहू, गौतम वर्मा ,घनश्याम साहू, संतोष सिन्हा ,ठाकुर राम साहू, गणेश सिन्हा, हेमंत साहू ,प्रकाश ठाकुर ,दिलीप चंद्राकर, रवि साहू, जागेश्वर देवांगन, चंद्रशेखर मातेकर,महेश्वर वर्मा, तेजस्वी वर्मा, सोमनाथ निषाद, राकेश साहू ,मुकेश सहारे, गौतम सेन ,महेश सेन ,शकील कुरेशी ,चंद्रशेखर सोनी, शरद चंद्राकर, ऋषि शर्मा, राहुल यादव ,अगनू साहू, प्रियंक जैन, गिरधारी सेन, मनोहर कंडरा, पन्ना साहू, दिलीप कुमार साहू, गोपाल टावरी,गजेंद्र साहू आदि शामिल हैं।

दोस्त- तू इतना मोटा कैसे हो गया?
पप्पू - वो हमारे घर फ्रिज नहीं है न!
दोस्त- उसका मोटे होने से क्या संबंध?
पप्पू- जो भी बचे खाना पड़ता है, कल के लिए नहीं रख सकते न!

संसदीय सचिव ने डैम निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

महासमुंद, 30 सितंबर (देशबन्धु)। तीस लाख की लागत से ग्राम खट्टी के बेलाहीडबरी नाला पर स्टाप डेम का निर्माण कराया जाएगा। डेम निर्माण के बाद करीब दो सौ एकड़ में सिंचाई हो सकेगी। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से इसके लिए मंजूरी मिली है। डैम निर्माण के लिए ग्राम खट्टी में भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, हुलासगिरी गोस्वामी, शेखर चंद्राकर, दुजराम साहू, चमन सिन्हा, रेवा साहू, सुनील शर्मा, प्रेम चौहान मौजूद रहे। पूजा अर्चना बाद मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने डैम निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि बेलाहीडबरी पर स्टाप डेम के लिए ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे। जिसे गंभीरता से लेते हुए शासन.प्रशासन का ध्यानाकर्षित कराया। बाद इसके स्टाप डेम निर्माण के लिए कैंपा मद से लगभग तीस लाख की स्वीकृति मिल सकी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बेलाहीडबरी नाला में डैम का निर्माण हो जाएगा। इससे करीब दो सौ एकड़ में सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीणों को लाभान्वित कराने के लिए कई योजनाएं संचालित कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नरवा, गरूवा, घुरवाए बाड़ी में से नरवा विकास के तहत नदी.नलों का संरक्षण, तालाबों का गहरीकरण, सिंचाई जलाशयों व नहरों की मरम्मत, एनीकटों का निर्माण सहित भू.जल स्तर बढ़ाने के कार्यो को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में कोडार जलाशय के 80 फीसदी नहरों में लाइनिंग का कार्य पूरा हो गया है। किसान समृद्ध हो इसके लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है और किसानों के हितों को ध्यान में रखकर फैसला ले रही है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से रेंजर टीआर सिन्हा, नकूल मेहरा, मन्नू लाल साहू, परमानंद ध्रुव, सुरेश निषाद, सोहन पटेल, मनहरण निषाद, रामदयाल साहू, रामकिशुन पटेल, पवन साहू, रोशन साहू, कमला बाई यादव, बसंता यादव, श्रीमती शकुन निषाद, पार्वती जोशी, संतोषी साहू, तीजबाई मानिकपुरी, छोटेलाल मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

नपा अध्यक्ष एवं पार्षदगणों द्वारा किया गया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

विकास कार्यों के अंतर्गत 39.10 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

बलौदाबाजार, 30 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्डो में विकास कार्यो को गति प्रदान करते हुये अधोसंरचना मद से स्वीकृत किये गये कार्यो का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं पार्षद रोहित साहू, धर्मेन्द्र वर्मा, श्रीमति डिगेश्वरी नामदेव, एवं क्रांति दिगम्बर साहू के द्वारा भूमिपूजन कर कार्यक्रम कराया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर के द्वारा दिये गये कार्यादेश अनुरूप 39.10 लाख से कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर भूमिपूजन करते हुये अलग-अलग वार्डो में पूजन किया गया।

वार्ड क्रमांक 5,15,18 एवं 19 में मांग अनुरूप सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य प्रस्तावित किया गया था, जिसकी स्वीकृति उपरांत भूमि पूजन किया गया। इस दौरान संकेत शुक्ला, अमितेष नेताम, गौतम ठेठवार, सतीष पटेल, मनजीत कौर सलूजा, मनोजकांत पुरैना, कमल टण्डन, सविता साहू, पंकज मरैया (गोल्डी) पूर्व केन्द्रीय सदस्य अनिल बघेल, एल्डरमेन हेमचंद केशरवानी एवं सुखदेव साहू, उपअभियंता विनोद यादव, कार्यसहायक रामनरेश मतावले, प्रदीप साहू, रविन्द्र नामदेव, राजू सलूजा, लक्ष्मी साहू, मोहन देवांगन, बलविंदर सिंह, इंदरसिंह सलूजा, रिशू सलूजा, सतबीर सिंह सलूजा, भोला ठाकुर, रजिन्दर सिंह, संजीत सिंह, गौरव जायसवाल, शुभ जायसवाल गुरूदत्त तिवारी सहित वार्डवासी एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं नपा रोड की स्थिति जर्जर होने से लोग परेशान

बलौदाबाजार, 30 सितंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार नगर पालिका व कॉलेज रोड जाने वाले सडक में बडे बडे गड्ढे हो जान से स्कूल के छात्र छात्राएं कलेक्टर ऑफिस, एसपी ऑफिस जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस रोड के दुकानदार भी धूल धक्कड से परेशान एवं त्रस्त है। बारिश होने से गड्ढा में पानी भर जाने से पता नही चलता जिससे स्कूली छात्र छात्राएं गिकर चोटिल हो जाते है। कुछ दिन पूर्व में एक स्कूल छात्र कॉलेज की ओर जा रहे थे जो फिसलकर गिर गया। फिर घायल छात्र को कांग्रेस कार्यकर्ता खिलावन जायसवाल द्वारा 108 की मदद से जिला सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

सड़कों में बडा बडा गिट्टी डालकर छोड दिया गया है। जिससे मोटरसाईकल में चलने वाले रोज गिर जाते है। गत 15 अगस्त को थूकपालिस काम हुआ था क्योकि 15 अगस्त में वीआईपी नेता मंत्री जिला कलेक्टर शामिल होते है। जिससे चलते 15 अगस्त को सुबह छः बजे से सडक में पानी डलवाया था। लेकिन वर्तमान स्थिति पुनः ज्यों का त्यों बना हुआ है। बलौदाबाजार जिला बनने के बाद कई बडी बडी घोषणा हुआ हैं पर बलौदाबाजार शहर में कई काम अधूरा पडे हुआ है। वहीं अनके भवन का उद्घाटन नही हुआ। शहर में कई स्ट्रीट लाईट बंद पडे है। कई गार्डन में अंधेरा होने के कारण गार्डन में बैठकर खुलेआम शराब गांजा सिगरेट पीते नजर आते है। जिससे महिलाये छात्र नगरवासी परेशान रहते है।

जैन समाज का पर्वाधिराज महापर्व संपन्न

बलौदाबाजार, 30 सितंबर (देशबन्धु)। जैन समाज का पर्वाधिराज महापर्व साआनन्द सम्पूर्ण हुआ। इन दिनों सांगानेर से आये भैया सन्मय जी शास्त्री और साथ में बलौदाबाजार के पंडित धन प्रसाद जी ने मिलकर सुबह अभिषेक, शान्ति धारा व पूजन होती थी। तत्पश्चात शाम के समय सामूहिक आरती तत्पश्चात दसलक्षण पर्व के महत्व को समजाते हुए रात्रि में भैया जी द्वारा दस दिन प्रवचन किये गए जिसका लाभ समाज को प्राप्त हुआ प्रवचन के पश्चात समाज के बच्चों और महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रम का आयोजन महिलाओं द्वारा किया गया।

जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि सांगानेर से आये भैया जी के कारण समाज में धर्म की अच्छी प्रभावना हुई जिससे समाज में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। और सचिव अमित जैन, सह सचिव सुभाष जैन एवं प्रचार प्रसार के प्रमुख सुमित जैन के द्वारा सामुहिक वात्सल्य भोजन का आयोजन किया गया जिसका समाज के सभी वर्गों ने आनन्द लिया। दसलक्षण पर्व के दिनों में मंदिर जी में उपस्थित जनों में समाज के संरक्षक, इंद्र कुमार जी महावीर जी पदमचंद जी रमेश जी नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन जी दिलीप जैन महेंद्र जैन कपूर चंद्र जैन शैलेश जैन सुरेश जैन नरेंद्र जैन प्रवीन जैन संजय जैन अखिलेश जैन लकी जैन मयूर जैन रवि जैन सह सचिव सुभाष जैन प्रचार प्रसारक सुमित जैन नितिन जैन सुधीर जैन जितेंद्र गोलू जैन अनुराग जैन और महिलाओं, में समाज की अध्यक्षता सुमन जैन ममता जैन, साधना जैन, सोभा जैन निर्मला देवी जैन, बीना जैन, संध्या जैन, दीप्ति जैन, मीनल जैन, एकता जैन, नेहा जैन, रंजना जैन, डिंपल जैन, आदि उपस्थित थे।

गोकुलपुर वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर की उपस्थिति में वरिष्ठजनों द्वारा किया गया

धमतरी, 30 सितंबर (देशबन्धु)। गोकुलपुर वार्ड में सामुदायिक भवन 25 लाख के लागत से निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधि विधान से पूजा पाठ कर महापौर विजय देवांगन, वार्ड के वरिष्ठ नागरिक बेदराम यादव, थानू यादव, अंकालू भोयर, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, वार्ड पार्षद सविता तोमन कंवर, कांग्रेस शहर अध्यक्ष आकाश गोलछा, वार्ड वासियों के विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। वार्ड पार्षद एवं वार्डवासीयो ने महापौर विजय देवांगन से सामुदायिक भवन की मांग की जिसका भूमि पूजन किया गया।

सामुदायिक भवन की भूमि पूजन होने पर वार्डवासियों ने महापौर विजय देवांगन, वार्ड पार्षद सविता तोमन कंवर एवं पूरे नगर निगम का धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया है। भूमि पूजन के पश्चात संक्षिप्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महापौर देवांगन ने कहा की अभी वर्तमान में लगभग सभी सामुदायिक भवन जो उपलब्ध है वो बड़े बड़े और काफ़ी महंगे होते हैं या फिर बहुत छोटे हैं जिसमें कार्यक्रम सम्पन्न नहीं हो पाता इस वजह से सामान्य परिवार और ग़रीब परिवार उन भवनों में अपना कोई भी कार्यक्रम करने में परेशानी झेलते हैं क्योंकि ये सामुदायिक भवन जो बड़े एवं सुविधाजनक है काफ़ी महंगे होते हैं इस कारण वे इन भवनों का उपयोग नहीं कर पाते इन्हें परेशानियों को देखते हुए हमने पूरा शहर में 9 सामुदायिक भवन 25 - 25 लाख का बनाने का निर्णय लिया है इन भवनों में उन्हें बहुत ही कम दर पर यह भवन उपलब्ध हो पाएगा उनसे केवल मेंटेनेंस के रूप में एक छोटी रक़म ली जाएगी ताकि इन भवन का देख रेख और मेंटनेंस हो सके से इस प्रकार से प्रत्येक 4-5 वार्डों के लिए एक सामुदायिक भवन पूरे शहर भर में उपलब्ध रहेगा सभी मध्यम वर्गीय परिवार या ग़रीब परिवार इन भवनों का उपयोग कर अपने घर में विभिन्न प्रकार के आयोजन के लिए उपयोग करेंगे हमारी भावनाओं को समझते हुए हमारे आदरणीय मुख्यमंत्री जी ने हमें 9 सामुदायिक भवन की स्वीकृति प्रदान किया है जिसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरियाका पूरे धमतरी शहर की ओर से बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूँ. इस दौरान इंजिनियर नमिता नागवंशी, गैंदू यादव, हन्शू यादव, श्रीराम यादव, विजय यादव, विजेश नेताम, नुमेश यादव, कुनाल यादव, कल्ला यादव, अज्जू भोयर, सोनम निषाद, लता यादव, उमा यादव, राधा यादव, ऊषा नेताम, टिमन हेवार, रोशन कंवर, विवेक कंवर, सिया राम यादव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

भूपेश सरकार की नई घोषणा और योजनाओं से घबरा रही भाजपा: राशि

महासमुंद, 30 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेत्री और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जनहित को देखते चुनावी घोषणा पूरी होने के बाद की जा रही नई घोषणाओं और योजनाओं से भाजपा और उनके नेता घबरा रहें हैं। श्रीमती महिलांग ने कहा कि केंद्र सरकार से बार.बार मांग के बाद भी जब राज्य को पीएम आवास की स्वीकृति नहीं मिली। तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छग ग्रामीण आवास योजना शुरू की। पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय द्वारा ष्मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजनाष् पर टिप्पणी करते हुए योजना को अव्यवहारिक बताया है। उन्होंने योजना को सरकार का एक और झूठ व छल कहा है। जिस पर श्रीमती राशि महिलांग ने जवाब देते हुए कहा कि भाजपा 15 साल तक प्रदेश की सत्ता में रही। उन्होंने ऐसी योजना पर कभी विचार ही नहीं किया। योजना को श्री पांडेय झूठा और छल बता रहे हैं। छल और झूठ कांग्रेस नहीं बल्कि भाजपा बोलती है। उन्हें शायद याद होगा कि 2013 में सत्ता पाने के लिए भाजपा ने किसानों को बोनस देने की घोषणा की थी। सत्ता पाते ही वह घोषणा को भूल गई। श्रीमती महिलांग ने कहा कि सत्ता में रहते हुए भाजपाइयों ने ऐसी योजना शुरू करने की बजाए मोबाइल फोन वितरण के नाम पर घोटाला किया। आज जब भूपेश बघेल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

जिला मुख्यालय में स्कूल का है बुरा हाल : भूपेंद्र

महासमुंद, 30 सितंबर (देशबन्धु)। महासमुंद जिले के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही हैं यहां शिक्षा का बेहद बुरा हाल है ज्यादा दूर जाने की जरुरत नहीं है जिला मुख्यालय मे कलेक्टर कार्यालय से एक किलोमीटर और नगर पालिका महासमुन्द से 500 मीटर की दुरी पर स्थित महावीर शासकीय प्राथमिक शाला कुर्मी पारा महासमुन्द स्कूल का पूरा मैदान और सड़क नाली के गंदे पानी का तालाब बना हुआ है। पानी की निकासी तक नहीं है, बच्चे घुटनो तक गन्दे कीचड़ और पानी मे चल कर स्कूल जा रहे है, प्रशासन आँख बंद करके सोई हुई हैए इसी तरह जिले कई स्कूलों की हालत बेहद जर्जर है, बच्चों के लिए बैठने के लिए जगह तक नही है, जिला मुख्यालय के स्कूल का ये हाल है तो आप गांव के स्कूलों का अंदाजा लगा सकते है। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर ने कहा कांग्रेस की सरकार आत्मानंद स्कूल के नाम पर लीपापोती भर कर रही है जबकि जमीनी हकीकत जीरो है गांव की सरकारी स्कूलों की हालत बेहद खराब है कई स्कूलों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

प्रतिभा निखारने का मंच है डीजे डांस प्रतियोगिता : रंजना साहू

खपरी में नवयुवक गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता में शामिल हुई विधायक

धमतरी, 30 सितंबर (देशबन्धु)। क्षेत्र के अनगिनत ऐसे युवा जो अपनी प्रतिभा और कला से अभिभूत है जिनको अपनी हुनर दिखाने के लिए मंच की आवश्यकता पड़ती है, यही मंच जिनके द्वारा डांस के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रहे अनेक कलाकारों को मंच देने एवं सजाने का कार्य नवयुवक गणेश उत्सव समिति खपरी के द्वारा भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न पुरस्कारों से विजय प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। भव्य डीजे डांस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

के रूप में क्षेत्र की विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। समिति द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। विधायक एवं समस्त अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना किए। विधायक रंजना साहू ने बताया कि डांस प्रस्तुति करने के लिए विभिन्न विधाओं के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र के डांस कलाकार इनाम अपने नाम करते हैं, ऐसे हुनरमंद कलाकार हमारे क्षेत्र में विद्यमान है छत्तीसगढ़ी गीत, रीमिक्स सॉन्ग, हिंदी गीत जैसे अनेक विधाओं में अपने कला को दिखाकर नाम रोशन कर रहे है। नवयुवा गणेश समिति समिति के कार्यक्रम की सराहना किए एवं निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किए। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य अवनेंद्र साहू, भाजपा युवा नेता पंकज साहू, जितेश सिंहा, वीरेंद्र साहू, ग्राम पंचायत सरपंच रोशन ध्रुव, उप सरपंच अग्रवाल साहू, ज्योति साहू, गौरी शंकर साहू सहित बड़ी संख्या में डीजे डांस प्रतियोगिता देखने के लिए दर्शक दीर्घा उपस्थित रहे।

रोहित दमदार प्रत्याशी, गांव-गांव में हो रहा जबरदस्त स्वागत और सम्मान, राजिम से रोहित की जीत मान रह हैं तय : राधेश्याम बंजारे

राजिम, 30 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की कार्य समिति सदस्य राधे श्याम बजारे ने कहा की भारतीय जनता पार्टी अनुशासन के दायरे में चलने वाली पार्टी हैं, पार्टी किसी भी व्यक्ति को टिकट देने से पहले बड़ी सोच समझकर प्रत्याशी का चयन करती है और इसी के चलते रोहित साहू को प्रत्याशी बनाया गया है उनके नाम का ऐलान होते ही कार्यकताओं से लेकर आम लोगों की आपार भिड़ उमड़ पड़ा था और बधाई देने एक सप्ताह से लोगो का तांता लगा रहा शहर से लेकर गाँव-गाँव में भारी उत्साह का माहौल था और आज भी हे ऐसा लोगों का कहना है राज्य में भाजपा की सरकार बनाने रोहित साहू को जिताना जरूरी हैं।

श्रीबंजारे ने कहा कि पार्टी ने जैसा ही रोहित साहू का नाम ऐलान किया और दूसरी तरफकुछ टिकट के दावेदार प्रत्याशी बदलने की पार्टी हाई कमांड के पास जाकर भी हर सम्भव प्रयास कर रहे है इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव का तीन-तीन बार राजिम में आगमन हुआ और उन्होंने साफशब्दों में कहा प्रत्याशी किसी भी सूरत में नहीं बदलेगा। उनके बाद भी कुछ विरोध करने वालों का बैठक का दौर आज भी चल रहा है मगर इसमे वे सफल नही होगे इस क्षेत्र के कार्यकर्ता काफी समझदार हैं पार्टी ने यहाँ पर बाहरी व्यक्ति नीना सिंह को दो-दो बार टिकट दिया जिसे क्षेत्र में कौन जानता था अशोक बजाज जी को टिकट दिया और तो और सदैव कांग्रेस में रहे विद्या चरण शुक्ल को पार्टी ने शाम को मिलाया और सुबह टिकट दे दिया तब हमारे कार्यकर्ता बिना कोई विरोध किये जिताने हर सम्भव प्रयास किया और अब रोहित साहू को जिताने जी-जान से कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

श्रीबंजारे ने आगे कहा कि यहाँ टिकट के दावेदारों की लम्बी लिस्ट थी और जब पार्टी ने सोच-समझकर रोहित साहू को प्रत्याशी बनाया है तब से टिकट के दावेदार लोग प्रत्याशी बदलने की बात समाचार पत्र तथा जगह-जगह बोल रहे है जिसे लोग अच्छी तरह से समझ रहे है कि, टिकट देने वाले और टिकट बाटने वाले हाई कमांड कह दिया हे टिकट बदलने वाली नही हे हाई कमांड ने स्पष्ट कह दिया है कि प्रत्याशी नहीं बदलेगा, प्रत्याशी रोहित साहू ही रहेगा ऐसे में विरोध करने के लिए क्या बचा है। कार्यकर्ता सच्चे दिल से पार्टी का हर आदेश मानता है क्योंकि मोदी जी देश दुनिया के लिए बेहतर से बेहतर काम करके दिखाया है इसलिए हमारे कार्यकर्ता मोदी जी को और अधिक मजबूत करने के लिए राज्य में सरकार बनाने रोहित साहू को जिताने के लिए दिल से लगे हुए हैं।

सिवनी जोन के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता

नवापारा-राजिम, 30 सितंबर (देशबन्धु)। सिवनी जोन के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी में जोन- स्तरीय का कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता टीएलएम प्रदर्शनी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में निमोरा, केंद्री एवं सिवनी संकुल के प्राथमिक और मिडिल स्कूल शिक्षकों द्वारा कम से कम लागत में बने शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय पांडेय, प्राचार्य, बी.आई.टी.केंद्री, प्राचार्य केंद्री श्रीमती शोभा नायर, प्राचार्य सिवनी डॉ. एस.एन.साहू सम्मिलित हुए एवं सीएसी निमोरा श्री मनोज बारले एवं सीएसी केंद्री श्री राकेश साहू एवं सीएसी सिवनी

सुरेन्द्र बंजारे का सहयोग रहा। प्रदर्शनी के पुरस्कार वितरण में एसएमडीसी अध्यक्ष भरत पाल सरपंच सिवनी हेमलाल लहरी के हाथों से प्रतिभागी शिक्षकों प्राथमिक स्तर, प्रथम, द्वितीय व तृतीय एवं मिडिल स्तर प्रथम, द्वितीय व तृतीय को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। वरिष्ठ व्याख्याता अजीत एक्का द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

सोनपुरी स्थित निर्माणाधीन मंदिर में लगातार हो रही चोरी की घटना

बलौदाबाजार, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम सोनपुरी रोड बलौदाबाजार में स्थित निर्माणाधीन शिव मंदिर में चोरी तथा असामाजिक तत्वों के द्वारा मंदिर परिसर में रहने वाले पुजारी परिवार तथा श्रमिकों को जान से मारने की धमकी दिए जाने के बाद शुक्रवार को मंदिर समिति के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देते हुए असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

■ असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने एसपी को सौंपा ज्ञापन

विदित हो कि भूतेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा ग्राम सोनपुरी मार्ग स्थित बलौदाबाजार के अति प्राचीन मंदिर परिसर का जीर्णोध्दार तथा नए मंदिर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। विगत कई महीनों से उक्त परिसर में आसपास के असामाजिक तत्वों द्वारा शराब पीकर गाली गलौच कर परिसर के वातावरण को दूषित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 1 जुलाई 2023 को निर्माणाधीन परिसर से 2.3 चिंटल छड़ चोरी हो गई थी। जिसकी सूचना स्थानीय सिटी कोतवाली में लिखित में दी गई थी परंतु अभी भी लगातार असामाजिक तत्वों के द्वारा मंदिर के पास स्थित नाले में शराब पीकर मछली मारते हुए अशोभनीय शब्दों का प्रयोग तथा गाली गलौच की जाती है। कुछ दिनों पूर्व 22 सितंबर 2023 की रात मंदिर परिसर में स्थित शनि मंदिर की घंटी चोरी कर ली गई है। उन्ही असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर परिसर में निवासरत पुजारी तथा उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी भी दी गई हैं जिससे पुजारी परिवार भयभीत है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए सोनपुरी मार्ग बलौदाबाजार में स्थित भुतेश्वर महादेव मंदिर के आसपास पुलिस की गस्त रात के समय में निरंतर कराए जावे ताकि किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति ना हो पाए तथा आसपास में शराब पीकर घूमते हुए असामाजिक तत्वों के खिलाफ उचित तथा कड़ी से कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। एसपी को ज्ञापन सौंपने वालों में श्याम सुंदर केसरवानी, छबिश्याम दुबे, अरविंद शुक्ला, मनोज सिंह, मनोज केडिया, बुधराम अग्रवाल, मोरध्वज श्रीवास्तव, संतोष वैष्णव, प्यारे सेन आदि शामिल है।

जनप्रतिनिधि, दुर्गा समितियों एवं नगरवासियों ने कसडोल में गरबा नही होने का प्रस्ताव पारित किया

कसडोल/बलौदाबाजार, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। बीते दिवस कसडोल नगर में समस्त दुर्गोत्सव समिति के तत्वाधान में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमे नगर के सभी दुर्गा समिति के सभी अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल होकर आगामी नवरात्रि में कसडोल नगर में होने वाले गरबा कार्यक्रम का विरोध किया। साथ ही प्रस्ताव पारित कर नगर में आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रम को पूर्णरूपेण बन्द कराने का निर्णय सर्वसम्मति से किया गया।

ज्ञात हो की पिछले कई वर्षो से कसडोल नगर का माहौल खराब हुआ है। नवयुवक, नवयुवती के मध्य एक नए कल्चर का प्रभाव पड़ा है। जिससे समाज मे विकृत स्तिथि उतपन्न हो रहे है। जिसका परिणाम ये है कि गरबा कार्यक्रम के लिए बच्चे घरों में अपने माता-पिता को अनेक खर्चो के लिए परेशान करते है। इसके साथ ही दुर्गा पंडालों में लोगो का जाना नही हो पाता न ही दुर्गा पंडालों में नवरात्रि के समय रौनक होता है। साथ ही साथ नवरात्र में देवी उपासना को भी लोग गरबा के चक्कर मे नजरअंदाज करने लगते है। गरबा कार्यक्रम के पश्चात युवाओं के गलत कार्यो में संलिप्तता के साथ घरों में भी माहौल खराब करने की शिकायत लगातार पालकों द्वारा कही जाती रही है जो कि चिंता का विषय है। गरबा के प्रेक्टिस के बहाने 15 दिन बुलाना फिर 5 दिन फूहड़ गीतों में गरबा करना इससे कसडोल की शांति भंग होती नजर आ रही है। इसी के साथ संस्कृति सभ्यता का भी ह्रास होते चला आ रहा है। साथ ही गरबा समिति द्वारा पास, एंट्री फीस, कपड़े सहित अनेको प्रकार से पैसे भी युवाओं से वसूले जाते है। इसी कारण पहली बार नगर के सभी दुर्गा समिति एकजुट होकर कसडोल नगर की शांति सुरक्षा सहित संस्कृति सभ्यता के लिये एकजुट हुए है और प्रस्ताव पारित कर गरबा कसडोल नगर में प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया है। जिसमे नगर पंचायत कसडोल के समस्त जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न सामाजिक संगठन, स्कूल प्रशाशन सहित विभिन्न संगठनों ने भी समिति के प्रस्ताव का खुलकर समर्थन किया है। समिति ने नगर के सभी नागरिकों सहित तमाम पालकों से भी समिति के इस प्रस्ताव का समर्थन करने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी पार्षद गुनीराम साहू ने दी हैं।

विश्व रेबीज दिवस पर हुए विविध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बलौदाबाजार, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 28 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में विश्व रेबीज दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्रों सहित स्कूलों में लोगों को रेबीज के प्रति जागरुक एवं सावधानी बरतने के संबंध में अपील कर जानकारी दी गई।

■ जानलेवा होता है रेबीज, टीका लगवाना ही बचाव का तरीका

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि देश में प्रतिवर्ष लगभग 20 हजार लोगों की मौत रेबीज से हो जाती है जिसमें से 97 प्रतिशत केस संक्रमित कुत्ते के काटने से होता है। रेबीज एक जानलेवा रोग है यदि इसका टीका नहीं लगवाया गया और लक्षण प्रकट हो गए तो मरीज की मृत्यु हो जाती है। नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बनर्जी के अनुसार संक्रमित जानवर के काटने पर रेबीज के लक्षणों में बुखार, सरदर्द, थकान, पश्चात श्वशन तंत्र, तंत्रिका तंत्र, पाचन तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। मरीज को हवा, पानी प्रकाश से भय लगता है और वह कोमा में चला जाता है जिसके बाद उसकी मृत्यु हो जाती है। रेबीज से बचाव हेतु जानवर के काटने पर घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से धोएं फिर एंटीसेप्टिक लगा के तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर एंटी रेबीज टीका लगवाएं। किसी प्रकार के अंधविश्वास के झांसे में आ के झाड़-फूंक की गतिविधियों से दूर रहें। घर में यदि पालतू जानवर है तो उसे टीका लगवाएं। यह टीका शासकीय अस्पताल में नि:शुल्क उपलब्ध है। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा के अनुसार जिले में वर्ष 2023 में भाटापारा में 1059, बलौदाबाजार में 919, सिमगा में 580, पलारी में 505 और कसडोल में 423 कुत्ते काटने के प्रकरण सामने आए थे। वर्ष 2022 में जिले में ऐसे कुल केस 3881 के थे जो इस वर्ष अब तक 3486 हैं।

गणतंत्र दिवस शिविर के लिए रीनू का चयन

बागबाहरा, 30 सितम्बर (देशबंधु)। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ.मालती तिवारी के मार्गदर्शन में शासकीय खे. ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा के स्वयंसेवक छात्रा रीनू कुम्हार का चयन विश्विद्यालय स्तर प्री-आरडीसी के लिए किया गया है। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी गजानंद बुडेक ने बताया कि भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय के आदेशानुसार गणतंत्र परेड शिविर 2024 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जिला महासमुंद में जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन 16 सितम्बर को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में किया गया था। इसमें चयनित 5 स्वयंसेवकों छात्राओं के साथ रीनू कुम्हार विश्विद्यालय स्तर पर चयन के लिए पंडित रविशंकर विश्विद्यालय रायपुर में शामिल हुई। 22 सितम्बर को विश्वविद्यालय स्तरीय चयन में शामिल होकर रीनू ने 07 स्वयंसेवको छात्राओं के साथ चयनित होकर गणतंत्र दिवस पूर्व परेड हेतु अगला कदम बढ़ाया है। रीनू कुम्हार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य बी एस ठाकुर ने इसे महाविद्यालय के लिए गौरवशाली पल बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की है। महाविद्यालय के प्राध्यापक एस जी रात्रे,डॉ. लक्ष्मण सिंह साहू,डॉ. के.के.साहू,डॉ. भूमिका शर्मा,पालन कुमार दीवान,धनुर्जय साहू,खिलावन पटेल,सौरभ जैन,मीरा निषाद,नीतिशा बजाज,लीलेश्वरी साहू,थानू साहू, स्वयंसेवक नूरी खान,गीतांजली चन्द्राकर,यशवंत पटेल,पूनम लाल साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

विश्व रैबिज दिवस पर वर्कशॉप एवं नि:शुल्क एण्टी रेबिज टीकाकरण कार्य संपन्न

गरियाबंद, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। उपसंचालक पशुधन विकास विभाग गरियाबंद के मार्गदर्शन में वर्कशॉप ऑन रेबीज जूनेसिस एवं एंटी रेबीज टीकाकरण का आयोजन किया गया। विश्व के महानतम जीव वैज्ञानिक डॉ. लुई पाश्चर जिन्होंने रैबिज जैसी घातक एवं जानलेवा बीमारी के प्रथम टीका का अविष्कार किया था। उनकी पुण्यतिथि के स्मरण के रूप में उक्त दिवस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जिले की समस्त अधीनस्थ संस्थाओं में नि:शुल्क एण्टी रैबिज श्टीकाकरण कुत्तों एवं बिल्लियों में किया गया। टीकाकरण अभियान में कुल 103 कुत्तों एवं बिल्लियों एण्टी रैबिज टीकाकरण किया गया। इसके पश्चात वर्कशॉप ऑन रैबिज जूनैसिस का आयोजन जिले के जन प्रतिनिधियों सभापति कृषि स्थायी समिति, श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, श्रीमती धनमति यादव सदस्य कृषि स्थायी समिति, फिरतुराम कंवर, सदस्य कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत गरियाबंद की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ ओंकार प्रसाद तिवारी ने बताया कि यह गरियाबंद जिला गठन के उपरांत प्रथम अवसर है जब वेटेरनरी एवं मेडिकल प्रोफेशनल के संयुक्त समावेशी योगदान से वर्कशॉप का आयोजन हुआ। वर्कशॉप में विषय विशेषज्ञों द्वारा रैबिज के विभिन्न प्रकल्पों में प्रस्तुति दी गयी जो कि संबंधित प्रोफेशनलों एवं जन सामान्य के लिये लाभकारी एवं जागरूकता लाने का उद्देश्य पूर्ण करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. टामेश कंवर, डॉ. नीता मिश्रा एवं मेडिकल प्रोफेशनल जिनके द्वारा उक्त अवसर पर प्रस्तुति दी गयी। जिसमें डॉ. दीपक सिंह परमार एवं डॉ. अमित तिवारी प्रमुख थे द्य विभाग के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने में डॉ. बी. पी. यादव, डॉ. भीष्म साहनी साहू, डॉ. तारा सोनवानी, श्री मुकुट राम कंवर, श्री मधुकर पारखी, श्री मोहित ध्रुव, श्री संजय साहू, श्री विजय गिरी गोस्वामी, श्री गोपाल सिन्हा, श्रीमति कुहकी बाई प्रमुख थे। कार्यक्रम के सफल मंच का संचालन डॉ. श्रीमति कोमल चन्द्राकर एवं आभार डॉ. एस. के. चन्द्राकर द्वारा व्यक्त किया गया।

सशिमं में आयोजित विभाग एवं प्रांत स्तरीय खेलकूद कबड्डी समारोह

बागबाहरा, 30 सितम्बर (देशबंधु)। प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के अवसर पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद चुन्नीलाल साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के सचिव/व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल ने किया। वहीँ विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय संचालन समिति के सदस्य नरेश जैन उपस्थित थें। सांसद श्री साहू ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उपविजेता छात्रों को निराश न होते हुए और आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास करने का आह्वान किया है। ताकि आगामी वर्षो में विजेता बन सके। उन्होंने कहा कि कबड्डी ही एक ऐसा खेल है, जो हमें पुर्नजन्म का स्मरण कराता है।

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की योजनानुसार स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में विभाग एवं प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। विभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह स्थानीय बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक अनंत सेठी के मुख्य आतिथ्य एवं जोगेन्द्र सिंह (सहसचिव विद्यालय संचालन समिति) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। तथा पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर (भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष), कार्यकम अध्यक्ष अनिल पुरोहित (महासमुंद जिला प्रतिनिधि एवं संचालन समिति सदस्य) एवं हेमंत तिवारी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह स्थानीय कृषक लालचंद जैन के मुख्य आतिथ्य एवं मनसुख परमार (अध्यक्ष: विद्यालय संचालन समिति) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विभाग स्तरीय प्रतियोगिता राजिम विभाग के तीनों जिला (महासमुंद, गरियाबंद एवं धमतरी) के 15 विद्यालय से 290 प्रतिभागी छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत 8 विभागों से प्रथम स्थान प्राप्त 276 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया।सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा आयोजित 05 दिवसीय विभाग एवं प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित संपन्न कराने की दृष्टि से श्रीमती अलका चंद्राकर 7 हज़ार रूपये, राहुल अग्रवाल 7 हज़ार रूपये, नरेश जैन 7 हज़ार रूपये, रविन्द्रनाथ पाणीग्रही सिविल इंजीनियरिंग दुर्ग 5 हज़ार रूपये, मनसुख परमार 3 हज़ार रूपये एवं रूपेश कुमार साहू (प्रेम) द्वारा सब्जी का सहयोग प्रदान किया गया।उक्त विभाग एवं प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के सफल संचालन में सभी आचार्य परिवार, संचालन समिति एवं भैया/बहिनों का भरपूर सहयोग रहा।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयकर विभाग द्वारा प्लास्टिक के उपयोग पर किया सेमीनार का आयोजन

बागबाहरा, 30 सितम्बर (देशबंधु)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़ा कें अंतर्गत आयकर विभाग महासमुंद जिला द्वारा सिंगल उपयोग प्लास्टिक एवं उसके विकल्प के बारे में एक सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अमरीश कुमार (आयकर अधिकारी महासमुंद), कार्यक्रम अध्यक्ष राहुल अग्रवाल (व्यवस्थापक/सचिव संचालन समिति सशिम. बागबाहरा) एवं विशेष अतिथि के रूप में सुधांशु साहू (आयकर निरीक्षक महासमुंद), मनसुख परमार (अध्यक्ष संचालन समिति सशिम. बागबाहरा) उपस्थित थें।

कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, ? व भारत माता के छाया चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लखनलाल साहू ने करवाया। स्वागत कार्यालय प्रमुख कौशल चंद्र साहू एवं वरिष्ठ आचार्य चंद्रशेखर साहू ने किया। इस कार्यक्रम की कड़ी में विद्यालय के भैया/बहिनों एवं आचार्यों ने भाषण के माध्यम से सिंगल उपयोग प्लास्टिक एवं उसका विकल्प विषय पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि अमरीश कुमार (आयकर अधिकारी) ने भैया/बहिनों व आचार्यों को सिंगल उपयोग प्लास्टिक से होने वाली हानियों एवं प्रबंधन के बारे में विस्तार से पावर पाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के कितने सारे विकल्प हो सकते है। इसके बारे में जानकारी दिया। सिंगल यूज प्लास्टिक को उपयोग न करने के साथ-साथ स्वच्छता का भी शपथ ग्रहण करवाया। भैया बहिनों के आग्रह पर मुख्य अतिथि ने आयकर विभाग के बारे में संक्षिप्त जानकारी दिया। साथ ही भैया बहिनों के उत्साह वर्धन के लिए प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी भैया बहिनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सभी भैया बहिनों को मुख्य अतिथि की ओर से पुरस्कृत किया गया।

अंत में सभी भैया बहिनों के साथ मुख्य अतिथि श्री कुमार ने विद्यालय के खेल मैदान में सफाई कर सभी भैया बहिनों को अपने आस-पास के स्थानों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। श्री कुमार ने कहा कि सफाई अभियान कोई एक दिन का कार्यक्रम नहीं है। यह एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। हम साफ-सफाई के माध्यम से होने वाली बहुत सारी परेशानियों से बच सकते हैं। कार्यक्रम का आभार एवं समापन की घोषणा विद्यालय के प्राचार्य श्री साहू ने किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन बहिन श्रुति पटेल ने किया। अंत में कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु/भगिनी एवं भैया/बहिन उपस्थित थें।

प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर हितग्राही कार्ड का वितरण किया

सरायपाली 30 सितंबर (देशबंधु) सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम पंचायत मेढ़ापाली, ठूठापाली, हरिल छापर, नूनपानी, केंजुआ में गांव गांव जाकर संघन जन संपर्क कर व गांव में चौपाल लगाकर प्रदेश समन्वयक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला खनिज न्यास सदस्य अजय नन्द ने छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेष बघेल,उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव,पी सी सी अध्यक्ष बस्तर सांसद दीपक बैज के निर्देशानुसार गांव में चौपाल लगाकर प्रदेश कांग्रेस सरकार की पौने पांच साल की उपलब्धि, योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक को बताते हुए भूपेश है तो भरोसा है हितग्राही कार्ड का पंजीयन भी कराया गया साथ उपस्थित ग्रामीणों को आसन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार बनाने व सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने का अपील किया गया। हितग्राही कार्ड पंजीयन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है चौपाल में स्वस्फूर्त भूपेश है तो भरोसा है का गगन भेदी नारा लगा रहे। गांव गांव में कांग्रेस सरकार के काम काज से संतुष्ट हैं।किका भूपेश बघेल की सरकार फिर से छत्तीसगढ़ में बनाने का भरोसा दिया जा रहा है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से रवि शंकर नायक पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत केंजुआ, उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली, मेघनाथ पटेल सरपंच ग्राम पंचायत मेढ़ापाली,सुंदर दीवान पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मेढ़ापाली, प्राण दास पूर्व जनपद सदस्य सेवकराम वेदव्यास पंच,बैसाखू सिदार चैतन नायक अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब केंजुआ, टिकेश्वर सिदार, लक्ष्मन सिदार पंच,ननकी सिदार पंच,दाऊलाल सिदार, उग्रसेन सिदार,मालिक राम विश्वकर्मा,देवांगन सिदार अध्यक्ष युवा समिति नूनपानी,बलराम दीवान, शिवप्रसाद दीवान,चंदन सिंह राय, धनेश्वर सिदार, कृष्ण चंद पालेशवर, भागीरथी कश्यप,महेश राम कश्यप,सदानंद साहू, धनेश्वर पटेल,धनुरजय पटेल, शंकर बारीक,अजय बारीक,विजय बारीक,पदमन वैष्णव, रतिलाल,राजू चौहान,एम तांडी,डी नंद,मनबोध बीसी सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, ग्रामीण जन उपस्थित थे।

जिले में कल होगा ग्रामसभा का आयोजन

गरियाबंद, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर को ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। पहली बार जिले में ग्रामसभा की विडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। ग्रामसभा में लिए निर्णयों की होगी वीडियों रिकॉर्डिंग कर एप्प में अपलोड किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक ग्रामसभा में लिए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियों रिकॉर्डिंग की जायेगी। साथ ही वीडियों को ग्रामसभा निर्णय मोबाईल एप्प में अपलोड किया जायेगा। तदानुसार आयोजित ग्रामसभा के गतिविधियों को वाईब्रेन्ट ग्रामसभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शतप्रतिशत अपलोड सुनिश्चित करना होगा।

ग्रामसभा के आयोजन को लेकर कलेक्टर आकाश छिकारा ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (रा.), जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जनपद पंचायतवार प्रत्येक ग्रामों में ग्रामसभा आयोजित करने के लिए समय सारणी निर्धारित करने के निर्देश दिए है। अक्टूबर माह में आयोजित ग्रामसभा में पूर्व के ग्रामसभा के बैठकों में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं पिछली छमाही मे विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन किया जायेगा।

इस अवसर पर ग्राम सभा में सभी सड़कों पर आवारा एवं पालतू मवेशियों के कारण हो रहे दुर्घटनाओं में जान माल की क्षति को रोकने हेतु ग्राम पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली समस्त सड़कों विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग तथा मुख्य जिला मार्गों के संबंध में सभी संभव उपाय एवं प्रभावी व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी। साथ ही आम जनों में जागरूकता बढ़ाने एवं अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला नहीं

■ पहली बार ग्रामसभा में लिए निर्णयों की होगी वीडियों रिकॉर्डिंग
■ एप्प में किया जायेगा अपलोड

छोड़ते का संकल्प पारित किया जाएगा। इसके अलावा तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव तथा सिगरेट एवं अन्य उत्पाद अधिनियम के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की जागरूकता एवं समस्त ग्राम पंचायत को तंबाकू मुक्त किए जाने पर चर्चा की जाएगी।

ग्रामसभा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गए रोजगार की स्थिति की समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा गौठानों के प्रबंधन एवं संचालन के संबंध में चर्चा, सुराजी ग्राम योजना के तहत् नरवा, गरुवा, घुरूवा एवं बाड़ी से संबंधित कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा की जाएगी। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन के संबंध में कार्यवाही की जायेगी।

जरूरतमंद व्यक्तियों के लिये पंचायतों द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं उसके लाभान्वितों के नामों का वाचन किया जायेगा। जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों के लंबित, निराकृत एवं वितरित प्रमाण पत्रों की जानकारी दी जायेगी। मौसमी बीमारियों से बचाव एवं निवारण की जानकारी एवं उससे निपटने के लिए लोगों के जागरूक किया जायेगा। इसके अलावा ग्राम सभाओं में छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम का प्रत्येक ग्रामसभा में वाचन किया जायेगा। ग्राम सभा में पेसा नियम के तहत् संसाधन योजना और प्रबंधन समिति तथा शांति एवं न्याय समिति पर चर्चा की जायेगी। ग्राम सभा में पेसा नियम के तहत् प्रस्ताव पास कर सरपंच एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से ग्रामसभा कोष के नाम से निकटतम कोर बैंकिंग सुविधायुक्त राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोलने पर चर्चा की जायेगी। मानव संसाधनों एवं स्थानीय संस्थाओं के बारे में समीक्षा करें, लघु जल निकायों के लीज एवं बाजारों के नीलामी, गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय अंतर्गत साधारण रेत के उत्खनन एवं व्यवसाय के संबंध जानकारी प्रदान करने चर्चा की जायेगी। इसके अलावा ग्राम पंचायत द्वारा स्थानीय आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अन्य विषयों पर ग्रामसभा के एजेंडे में शामिल कर सकते है।

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए पात्र अभ्यर्थियों का प्राक्कयन परीक्षा आज

गरियाबंद, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यर्थियों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों का प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन 1 अक्टूबर रविवार को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में दोपहर 12:00 से 3:00 बजे तक रायपुर में किया जाएगा। प्रश्न पत्र संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन एवं द्वितीय प्रश्न पत्र एप्टीट्यूड टेस्ट हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम से सम्मिलित कर एक प्रश्न पत्र परीक्षा में प्रदान किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गरियाबंद ने बताया कि परीक्षा केंद्र, रोल नंबर की जानकारी के साथ फोटो युक्त प्रवेश पत्र वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट ट्रायबल डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन या एचएमएस ट्रायबल डाट सीजी डाट एनआईसी डाट इन से डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केंद्र में लाने के लिए सूचना जारी की गई है।

गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

महासमुंद, 30 सितंबर । राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023.24 के लिए सोमवार 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके फलस्वरूप उक्त शुष्क दिवस में जिले की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएलण् 3 सपना बार एण्ड रेस्टोरेंट तथा मद्य भंडागार पूर्णत: बंद रहेगी।

तहसील अध्यक्ष मनोहर साहू ने संगठन का विस्तार किया

- हीरा राम साहू व डिगम साहू कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए
- सचिव गुनित साहू व दुलिकेशन साहू कोषाध्यक्ष बनाए गए

पिथौरा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। तहसील साहू संघ पिथौरा संगठन का विस्तार अध्यक्ष मनोहर साहू ने किया। जो निम्नानुसार है - संरक्षक नोहर दास साहू कौहाकुड़ा, लक्ष्मण साहू छिंदौली, हुर्षिकेश साहू मेमरा, झाडू राम साहू बांसकांटा, भैरव नाथ साहू कोदोपाली, कार्यकारी अध्यक्ष हीराराम साहू पिथौरा, डिगम लाल साहू गड़बेड़ा, उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका साहू पिथौरा (निर्वाचित), प्रीतम साहू गड़बेड़ा (निर्वाचित), अर्जुन साहू भरूवामुड़ा, श्रीमती सरला साहू लखनपुर, मोरध्वज साहू दादर गांव, हेमंत साहू झलप, सचिव- गुणित राम साहू बुंदेली, सह सचिव- चंद्रशेखर साहू लखनपुर, *कोषाध्यक्ष* दुलिकेशन साहू डोंगरीपाली, उप कोषाध्यक्ष गौतम साहू पिथौरा, *ऑडिटर* नंदकुमार साहू टिकरापारा पिथौरा, श्रीराम साहू मोहदा, *सलाहकार* घांसीराम साहू घोघरा, मंगतूराम साहू पोटापारा, संतोष साहू पिथौरा, शिवराम साहू गड़बेड़ा, केवेन्द्र सोन पिथौरा, लक्ष्मण साहू पटपर पाली, डी एम साव पिथौरा, भागवत प्रसाद साहू बड़गांव, हंस राम साहू अमलीडीह, याद राम साहू कोदोपाली, डुमन लाल साहू रायतुम, टीकाराम साहू छिलपावन, चंदूलाल साहू घोंच, चैतन्य साहू कैलाशपुर, हरिनाथ साहू सेवाती, *पदेन आमंत्रित सदस्य* - श्याम कुमार साहू अध्यक्ष कौड़िया 01, रमेश साहू अध्यक्ष कौड़िया 02, गुणित राम साहू अध्यक्ष भुरकोनी परिक्षेत्र, नंद कुमार साहू अध्यक्ष कौड़िया 03 पिथौरा, प्रेम साहू झलप परिक्षेत्र, *संगठन सचिव* - संतराम साहू भिथीडीह, श्रीमती जाना बाई भरूवामुड़ा, श्रीमती उमा साहू मेमरा, खीरसागर साहू भोकलूडीह, सागर साहू लखनपुर, रेखराज साहू नयापारा, नरेश साहू सिंघनपुर, *संयुक्त सचिव* - टेकराम साहू पिथौरा, राम प्रसाद साहू टेका, गातेश्वर साहू घोघरा, कामता साहू बढ़ाईपाली, उत्तम साहू टिकरापारा पिथौरा, दिनेश साहू कछारडीह, सुरेश साहू सुईनारा, *युवा प्रकोष्ठ* - संयोजक रामकिशुन साहू भरूवामुड़ा, सहसंयोजक भूषण साहू रामपुर, देवेंद्र साहू चरौदा, सदस्य- नितेश साहू घोघरा, योगेश साहू छिबर्रा, सुदर्शन साहू घोघरा, पप्पू साहू घोंच, नवीन साहू डोंगरीपाली *महिला प्रकोष्ठ* - अध्यक्ष - श्रीमती लक्ष्मी साहू मुनगासेर, सदस्य - श्रीमती प्रेमलता सोन पिथौरा, श्रीमती फलेश्वरी साहू पिथौरा, श्रीमती प्रतिभा साहू पिथौरा, श्रीमती डोलमती साहू बरेकेल, श्रीमति जितेश्वरी साहू पिथौरा, श्रीमती रीना साहू पिथौरा, श्रीमती सरोज साव पिथौरा, श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती जानकी साहू डीपो पारा, श्रीमती लीना साहू बांसकांटा, मति सरस्वती साहू पिथौरा, श्रीमति सुशीला साहू घोघरा, मति कुंती साहू जंघोरा, मति हेमलता साहू पिथौरा, मति फुलेश्वरी साहू घोघरा, मति पवन साहू पटपरपाली, *अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ* - संयोजक लेखराम साहू पिथौरा, सह संयोजक कौशल किशोर साहू, सचिव डोलामणि साहू पिथौरा सदस्य दरसराम साहू कौहाकुड़ा, दिनेश साहू पिथौरा, गौतम साहू टेका, झनेश साहू पिथौरा, सियाराम साहू पिथौरा, भूषण कुमार साहू ढांक, *किसान प्रकोष्ठ* - संयोजक अक्ति राम साहू छिबर्रा, सदस्य छन्नू साहू घोंच, लक्ष्मीकांत साहू बांसकाटा हरिश साहू घोघरा, खोमन साहू कोल्दा, *चिकित्सा प्रकोष्ठ* - संयोजक - नीलकंठ साहू कोल्दा, सहसंयोजक हेमप्रकाश साहू पिथौरा, सदस्य आरके साहू पिथौरा, घनश्याम साहू, नेहरू साहू मुनगासेर, *कार्यकारिणी सदस्य* - गोवर्धन साहू सिंधुपाली, मुन्ना साहू भोकलूडीह, कृष्ण कुमार साहू मुनगासेर, पुनीत राम साहू गोंगल, रिखी राम साहू बगारपाली, श्याम बाई साहू घोंच, भागीरथी साहू भिथिडीह, संतराम साहू खुसरूपाली, महारथी साहू कुम्हारीमुड़ा, ब्रम्हा साहू जंघोरा, दुर्गा साहू घोंच, गिरधारी साहू भुरकोनी।

हिन्दी विभाग के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत समारोह

नवापारा राजिम, 30 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन स्नाकोत्तर महाविद्यालय, राजिम में एमए हिन्दी के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती तथा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर, सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत के बाद हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहें प्राचार्य प्रो.एम. एल. वर्मा ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन प्रदान किया तथा महाविद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों में शामिल हो कर महाविद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. मतावले सर अपने अनुभव साझा करते हुए स्वागत समारोह की विशेषता बताते हुए अपने प्राध्यापकों तथा अपने सहपाठियों से मेलजोल अच्छे से कैसे बढ़ाएं इस पर वक्तव्य दिया। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. घनश्याम यदु ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए पूर्व के छात्र जिन्होंने विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में अपना नाम अंकित कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्रों से प्रेरणा लेने की बात कहीं। समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश बघेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक दूसरे से मिल कर भाईचारा स्थापित करने के लिए है । स्वागत समारोह के माध्यम से अपने अग्रज छात्र-छात्राओं से मार्गदर्शन लेने की बात कहीं। इस कार्यक्रम में गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. भानुप्रतापपुर नायक , अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. चित्रा खोटे तथा हिन्दी विभाग से प्रो. योगेश कुमार तारक, प्रो. तरूण साहू मुख्यरूप से उपस्थित थे । नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गीतों में अपनी प्रस्तुति दी। मंच संचालन एम.ए. हिन्दी के छात्र बहादुर सूर्यवंशी ने किया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपने प्रतिभा की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में सभी छात्रों को उपहार स्वरूप पेन भेंट किया गया, बहुत ही सफल आयोजन किया गया जिसमें एम.ए. प्रथम सेमेस्टर हिन्दी से कु. नीलमणि मिस फ्रेशर तथा छात्र उमाशंकर साहू को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। आभार व्यक्त ज्योति साहू ने किया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

नि:शुल्क बस सेवा प्रारंभ नही होने से महाविद्यालयीन छात्र नाखुश

महासमुंद, 30 सितंबर (देशबंधु)। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 15 अगस्त को प्रदेश के छात्र हित में कॉलेजों के छात्र छात्राओं के लिए महाविद्यालय आने जाने के लिए निशुल्क बस सेवा प्रारंभ करने की घोषणा की गई थी।जिसके उपरांत विधायक द्वारा कालेज के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में निशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया गया । परन्तु 8 दिन बीत जाने के बाद भी बस सेवा प्रारंभ नही किया गया। जबकि महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों से संपूर्ण जानकारी एक महीने पूर्व जैसे नजदीकी बस ट्रेवल का नाम बस रूट का नाम और छात्र छात्राओं के घर से कालेज की दूरी, बस का समय जैसे सभी जानकारी ले ली गई है। अब तक बस सेवा प्रारंभ नही होने से छात्र छात्राओं के मन में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। महाविद्यालय में पड़ने वाले अधिकांश विद्यार्थी दूर दूर से आते है। बस सेवा प्रारंभ होने से वरदान साबित होगा। प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा कर जल्द से जल्द बस सेवा प्रारंभ करने की मांग की गई । इस दौरान नरेश नायक, सुमन सेंद्रे, योगी चंद्राकर, सुरेंद्र कुमार साहू, प्रेमिन सेन, खुशबू, दामानी, संजना, हेतेशवरी, नेहा, भुनेश्वरी, टिकेस्वर, टिशू भाई, राहुल आदि उपस्थित थे।

राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत दिए जाने वाले पट्टे की जमा राशि सभी हितग्राहियों को वापस करे सरकार : भूपेंद्र सोनी

नवापारा राजिम, 30 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व पार्षद व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला रायपुर के महामंत्री भूपेंद्र सोनी ने राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत प्रदान किये जाने वाले पट्टे के लिए जमा किये जा चुकी राशि हितग्राहियों को वापस करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक तो सरकार को साढ़े चार साल तक पट्टे की याद नही आई और अब जब चुनाव को 2 माह बाकी है तब जनता को बरगलाने के लिए पट्टे का वितरण किया जा रहा है। लोग प्रधानमंत्री आवास के लिए पट्टे की राह देख रहे थे। लेकिन सरकार की वोंट बैंक की नीति के कारण सैकड़ो गरीब परिवार आवास योजना से वंचित हो रहे हैं।

दूसरी ओर पहले पट्टे के लिए सैकड़ो काबिज परिवारों से 10 रु प्रतिवर्गफुट के हिसाब से पैसा जमा करवाया गया। उसके लिए बाकायदा बैंको में चालान के माध्यम से पैसा जमा करवाया गया। और अब जिन्होंने पैसा जमा नही किया उन्हें फ्री में पट्टा दिया जा रहा है। इससे सैकड़ो परिवार जिन्होंने हजारो रुपया जमा किया वे अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। साथ ही पूर्व में दो मंजिला ईमारत वालो को पट्टा नही देने की बात कही गई थी लेकिन अब कुछ लोगो को दिया जा रहा है और कुछ लोगो को नही दिया जा रहा। सरकार का यह भेद भाव भी समझ से परे है। यदि पट्टा देना है तो सभी निवासरत लोगो को दिया जाये। चाहे वह एक मंजिला हो या दो मंजिला।

वार्ड 20 के दिलीप पवार,आशा सोनी,राजू कंसारी,नरेंद्र साहू, चंदू लाल सोनी,गनपत साहू,दिलीप यादव,पायल राजपूत,युगेश्वर साहू, राम यादव, टुगेश्वर साहू सहित दर्जनों परिवार हैं जिन्होंने पूर्व में निर्धारित राशि जमा किया है और अन्य लोगो को फ्री में पट्टा मिलने से अपने को ठगा हुआ महशुस कर रहे हैं। भूपेंद्र सोनी ने सरकार से मांग किया है कि अपना राजनीतिक नफा नुकसान न देखते हुए सभी काबिज परिवार जिन्होंने राशि जमा किया है उनको उनकी जमा राशि वापस किया जाए।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 4 हजार 103 हितग्राहियों को मिला बेरोजगारी भत्ता

बिलाईगढ़, 30 सितम्बर (देशबंधु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर स्थित निवास कार्यालय से बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ के एक लाख 35 हजार 104 शिक्षित बेरोजगार हितग्राहियों को 35 करोड़ 48 लाख 7 हजार 500 रुपए का बेरोजगारी भत्ता सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किया। अभी तक छ: किश्तों में हितग्राहियों को 182 करोड़ 47 लाख 2 हजार 500 रूपए का बेरोजगारी भत्ता दिया जा चुका है। इनमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कुल 4 हजार 103 हितग्राहियों को एक करोड़ 2 लाख सन्तावन हजार रूपए की राशि अंतरित की गई। इसमें 2500 रूपए प्रति हितग्राही को प्राप्त हुए हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार'' से की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आईटीआई के 109 प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसी तरह मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छात्रावास अधीक्षक के पद के लिए भी 6 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभाग में शिक्षक और व्याख्याता के पद पर चयनित 2 हजार 161 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमे से 2 हजार 139 सहायक शिक्षक तथा 22 व्याख्याता हैं। बेरोजगारी भत्ता वितरण तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव श्री आलोक शुक्ला, संचालक तकनीकी शिक्षा श्री अवनीश शरण, संचालक लोक शिक्षण श्री सुनील जैन समेत अन्य विभागीय अधिकारी तथा बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राही उपस्थित थे। कलेक्टोरेट सारंगढ़ में इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार, रोशन यादव सहित जिले के बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहीगण उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

विधायक धनेन्द्र ने कथा वाचक पं. तिवारी से लिया आशीर्वाद

नवापारा-राजिम, 29 सितंबर। आज ग्राम सेमरा में पंच राम भगत के घर मे आयोजित भागवत पुराण के आयोजन में विधायक धनेंद्र साहू पहुँच कर कथा वाचक पुष्कर तिवारी से आशीर्वाद लेकर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित किया इस अवसर पर विधायक धनेंद्र साहू के साथ कृषि उपज मंडी अध्यक्ष गोपेश ध्रुव,जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष चन्द्रहास साहू राम सेवक एवम ग्रामवासी उपस्थित थे ।

आकांक्षी ब्लॉक फेलो के रिक्त पदों में भर्ती के लिए दावा आपत्ति कल तक

गरियाबंद, 30 सितंबर। कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद के द्वारा आकांक्षी ब्लॉक फेलो के 2 पदों में नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी करते हुए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें आवेदनकर्ता अभ्यर्थियों के प्राप्त आवेदनों के प्रथम स्क्रूटनी पात्र / अपात्र आवेदन पत्रों की सूची गरियाबंद जिले के बेवसाइट ओर सूचना बोर्ड में अपलोड कर दिया गया। पात्र/अपात्र आवेदन के संबंध में जिस किसी आवेदनकर्ता को आपत्ति हो तो वें अपना दावा आपत्ति दिनांक 2 अक्टूबर 2023 समय 5:30 बजे तक ई-मेल के माध्यम से कर सकते है। रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा।

नवापारा राजिम। छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास के दौरान शनिवार को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज।

पूर्व प्राचार्य प्रभात भूषण हरिहरनों का निधन

नवापारा-राजिम, 30 सितंबर। राजीवलोचन महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रभात भूषण हरिहरनो उम्र 76 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि आज रविवार 1 अक्टूबर सुबह 10 बजे मुक्तिधाम में की जाएगी। वे वैभव हरिहरनो के पिता थे। उनके निधन पर नवापारा और राजिम शहर के चारो कालेज के प्रोफेसर,शहर के गणमान्य नागरिक,उनके पढ़ाए छात्र व अधिवक्ता संघ की ओर से हिमांशु दुबे ने श्रद्धांजलि अर्पित किया हैं।

विश्व रेबीज दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

महासमुंद, 30 सितंबर (देशबंधु)। हर वर्ष की तरह विगत 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार विश्व रेबीज दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मागदर्शन में नोडल अधिकारी एनआरसीप जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट की उपस्थिति में शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केन्द्र महासमुंद में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग छात्राओं को रेबीज बीमारियों से बचाव तथा नियंत्रण की जानकारी प्रदाय की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि रेबीज जैसी घातक और संक्रामक बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में रोकथाम एवं नियंत्रण प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से सन् 2007 से एवं 28 सितम्बर को लुई पाश्चर की पुण्य तिथि पर हर वर्ष विश्व रेबीज डे मनाया जाता है। इतिहास के अनुसार लुई पाश्चर के कार्यों को रेबीज और एंथ्रेक्स के टीकों के डेवलपमेंट के माध्यम से लाखों लोगों की जान बचाने का श्रेय दिया जाता है और उन्हीं को विश्व रेबीज दिवस के जनक के रूप में माना जाता है। रेबीज के टीके समस्त शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क उपलब्ध है।

निर्वाचन कार्यालय में सहायक ग्रेड-3 पद के संविदा भर्ती के लिए दावा आपत्ति 4 तक

गरियाबंद, 30 सितंबर। आगामी विधानसभा कार्य संपादन के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय गरियाबंद में सहायक ग्रेड- 3 के 5 संविदा पदों में भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। निर्धारित तिथि तक 2082 आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। किसी भी अभ्यर्थी को नाम या शैक्षणिक योग्यता में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह 4 अक्टूबर 2023 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 1 में सुबह 10रू30 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर कक्ष क्रमांक 1 में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। शासकीय अवकाश 1 एवं 2 अक्टूबर को भी दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है।

प्रादेशिकी का शेष...

भूपेश सरकार की नई घोषणा...

सरकार प्रदेश की जनता के हित में कार्य कर रही है और योजना बना रही हैं तो भाजपा नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अभी से हार का डर सताने लगा है। इसलिए वे सरकार के किसी भी कार्य को पचा नहीं पा रहे हैं। सत्ता परिवर्तन के लिए भाजपा ने परिवर्तन यात्रा् निकाली। पर आम जनता की यात्रा में अनुपस्थिति से यह साबित हो गया कि प्रदेश में उन्हें भाजपा की बजाए कांग्रेस की भूपेश सरकार ही पंसद है।

जिला मुख्यालय में स्कूल...

में शिक्षक पढ़ाने तक नहीं जा रहे हैं शिक्षा के नाम पर सिर्फ तुष्टीकरण किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी चेतावनी देती है शिक्षकों एवं भवनों तथा पहुंच मार्ग की कमी को तत्काल दूर करें अन्यथा आम आदमी पार्टी बच्चों और पालकों के साथ मिल कर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

एनसीसी कैडेटों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

बलौदाबाजार, 30 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 30 सितम्बर को शासकीय कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार एनसीसी कैडेट ने 7 सीजी एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव के निर्देशानुसार ''स्वच्छ भारत अभियान तथा कचरा मुक्त भारत के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जो डीके महाविद्यालय से प्रारंभ होकर जिला न्यायालय से होते हुए गौरव पथ में चलकर कंचनमणी बलौदाबाजार में समापन किया गया। एनसीसी कैडेटो ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जानने व सीखने के लिए कंचनमणी गए। वहां पर एनसीसी कैडेटो को कचरा पृथक्करण एवं कचरा से खाद निर्माण की विधि कंचनमणी प्रभारी सुरेंद्र कुमार सोनी सुपरवाइजर सुभाषिनी सेंद्रे एवं स्वच्छता मित्रों द्वारा जानकारी दिया गया। जिसमें एनसीसी अधिकारी एफ मिंज, सीनियर अंडर ऑफिसर जयप्रकाश एवं एनसीसी कैडेटों का भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी जेम्स एवं प्राध्यापकगणों का सहयोग रहा।

विस क्षेत्र में सघन दौरा कर रहे हिरवानी

बिलाईगढ़, 29 सितंबर (देशबंधु)। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता यादराम हिरवानी ने विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र में संघन दौरा कर रहे हैं। जो की क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र में जनसम्पर्क कर लोगो की समस्या को सुन रहे हैं और लोगो की सुख दु:ख में हमेशा सहयोग करते नजर आ रहे हैं। वह विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में दौरा कर ग्रामीणों के बीच पहुँचकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कि जानकारी प्रदान कर रहे हैं। जिसमे विधानसभा में सबसे लोकप्रिय जनसेवक में गिने जाते हैं। विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र के गांव गांव में प्रतिदिन हजारों लोगों से मुलाकात कर सरकार की कामकाज की प्रत्येक जानकारी दे रहे हैं। वही प्रदेश स्तरीय किसान सम्मेलन भाटापारा में शामिल रहा। इसके बाद विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र अमोदी,हसुवा, बलौदा,गिधौरी,अमलडीहा, घटमड़वा,कुम्हारी, टूण्डरी आदि गांवों में जनसम्पर्क किया।इसके बाद ग्राम पंचायत देवरहा के प्राथमिक शाला से सेवानिवृत्त स्वर्गीय द्वासराम कैवर्त्य के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल रहा। उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। ग्राम पंचायत कैथा के सरपंच दीनदयाल साहू के बड़े भाई स्वर्गीय शिक्षक के दशगात्र में कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए प्रार्थना किया। तत्पश्चात उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से साथ मे रहे धनेश यादव, रामकुमार यादव,सन कुमार कैवर्त्य, दिगम्बर दास महंत, हुलसराम हिरवानी, दिगंबर हिरवानी, पुरषोत्तम हिरवानी उपस्थित थे।

अग्रवाल समाज ने ईद पर मुस्लिम जमात का किया आत्मीय स्वागत

सामाजिक समरसता की ओर बढ़ते कदम

पिथौरा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम जमात पिथौरा के द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत अग्रवाल समाज पिथौरा के किया गया। श्री अग्रसेन भवन पिथौरा के समक्ष शोभायात्रा के स्वागत हेतु जलपान की व्यवस्था की गई थी ।शोभा यात्रा में शामिल मुस्लिम जमात के लोगों सामाजिक जनों ने गले लगा कर अभिनंदन करते हुए आत्मीय स्वागत किया । अग्रवाल समाज की यह परंपरा रही है कि जब भी किसी समुदाय या धार्मिक शोभायात्रा पिथौरा नगर में निकाली जाती है, तो उसका भव्य स्वागत किया जाता है इसी परंपरा का निर्माण करते हुए अग्रवाल समाज पिथौरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनूप अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को शाम 4ः00 बजे मुस्लिम जमात के द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम प्रतियोगिता

सरायपाली, 30 सितंबर (देशबन्धु)। विरेन्द्र बहादुर विज्ञान भवन सरायपाली में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केंद्र समग्र शिक्षा अधिकारी द्वय के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टी एल एम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी डी. एन.दीवान,जितेंद्र रावल द्वय अध्यक्षता विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक सतीश स्वरुप पटेल, विशिष्ट अतिथि चन्द्रहास पात्र,अनिल पटेल ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात ब्लॉक नोडल दुर्वादल दीप ने कहा कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता एफ एल एन के थीम पर आधारित है। मुख्य अतिथि दीवान ने कहां हम सभी शिक्षा दान करने वाले शिक्षक बच्चों के अधिगम प्राप्ति के लिए पढ़ाने में टी एल एम का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। रावल ने कहा बच्चों की सोच को सही दिशा देने से सोच में बदलाव आएगा और उनकी प्रतिभा में सतत निखार आएगा। बी आर सी पटेल ने कहा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत शिक्षण में सहायक अधिगम सामग्रियों की उपयोगिता/ महत्व को साझा करते हुए नवाचारी शिक्षक, शिक्षिकाओं को नवाचार करने और शिक्षण को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। प्रतियोगिता को प्राथमिक विभाग ,उच्च प्राथमिक विभाग को विज्ञान एवं गणित दो समूह में बांटा गया।जिसमें शिक्षक व शिक्षिकाओं ने बढ़ –चढ़कर हिस्सा लिया और टी एल एम का सविस्तार प्रस्तुतीकरण किया। निर्णायकों में विज्ञान समूह के लिए चन्द्रहास पात्र,खिरोद्र सोनी गणित समूह से किशोर पटेल, बिंदु प्रकाश चौधरी ,अनिल पटेल ने अवलोकन कर बखूबी निर्णय दिया। विकासखंड के 38 संकुलों से 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्राथमिक स्तर गणित समूह में प्रथम घनश्याम चौधरी शा.प्रा.शाला गोहेरापाली, द्वितीय वर्षा नंद शा.प्रा.शाला बानीगिरोला, विज्ञान समूह में प्रथम योगेश साहू शा.प्रा.शाला कसडोल, द्वितीय शिला विश्वास शा.प्रा.शाला मुंधा ,उच्च प्राथमिक स्तर गणित समूह में प्रथम कनकलता राजहंस उ.प्रा.शाला प्रेतनडीह द्वितीय यशवंत चौधरी सेजेस ,विज्ञान समूह में प्रथम धनीराम साव उ.प्रा.शाला अमरकोट,द्वितीय संगीता पण्डा मंदिर स्कूल ने अपना स्थान बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समन्वयक पुरुषोत्तम पटेल ,कृष्ण चंद्र पटेल ,छबीलाल पटेल, कैलाश चंद्र पटेल ,भोलानाथ नायक, कौशल कुमार प्रधान, गिरधारी पटेल ,जय नारायण पटेल ,कामता पटेल, सुशील चौधरी,खिरोद्र सोनी,प्रभात कुमार मांझी,कोमल प्रताप चौधरी, हेमचंद पटेल, लालभूषण पाढ़ी, देवानंद नायक, पाल सिंह बंजारे, धरम सिंह पटेल, घनश्याम दास, दुष्यंत पटेल, अरुण विशाल, राजेश पटेल, ऋषि प्रधान, भिखारी चरण साहू ,किशोर पटेल ,बिंदु प्रकाश चौधरी ,अनिल पटेल, के.के. भोई, देवेंद्र भोई ,तेजराम पटेल, तुलसीदास वर्गे, मुकेश बारिक, चंद्रहास पात्र एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा। आभार प्रदर्शन ब्लॉक नोडल दुर्वादल दीप ने किया।

गणपति बप्पा मोरिया... अगले बरस तू जल्दी आ...

भाटापारा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में पिछले 10 दिनो से चला आ रहा श्री गणेश उत्सव का समापन होना चालू हो गया,सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति से जुड़े लोग जहा छोटे गणेश भगवान की प्रतिमा को कल्याण सागर तालाब में तो वही बड़े गणेश भगवान की प्रतिमा को सेमरिया घाट स्थित शिवनाथ नदी में गणपति बप्पा मोरिया,,,अगले बरस तू जल्दी, आ,,के नारे से हाथ जोड़कर विसर्जित किए।

नगर में पिछले 10 दिनो से अलग अलग मोहल्ला चोक चौराहों पर सार्वजनिक रूप से स्थापित किए गए गणेश भगवान के पंडाल से आने वाला शोर शराबा अब अब हो गया है। हिंदू पंचांग की 2 दो तिथि होने के कारण असमंजस में कुछ स्थानों में विराजित गणेश शुक्रवार को तो वही कुछ स्थानों में विराजित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा शनिवार को भी विसर्जित हुई।नगर के सबसे ज्यादा चर्चित बाल गणेश उत्सव समिति संजय वार्ड में विराजित श्री गणेश भगवान की प्रतिमा का विसर्जन पूरी आस्था,विश्वास,उमंग के साथ गाजे बाजे के साथ धूम धाम के साथ स्थानीय कल्याण सागर तालाब में शुक्रवार की शाम को किया गया। इस विसर्जन यात्रा की सबसे बड़ी बात गणेश पंडाल से पूरे रास्ते भर वार्ड की महिलाए महाराष्ट्रीयन ड्रेसअप में चल रही थी।विसर्जन यात्रा के प्रमुख चौराहों पर महिलाए नृत्य करते तथा रास्ते भर वार्ड वासी बच्चे नाचते गाते चल रहे थे।

बताया जाता है की संजय वार्ड में स्थापित बाल गणेश उत्सव में पूरे 10 दिनो तक रात्रि में वार्ड वासियों के लिए प्रसादी की व्यवस्था समिति के द्वारा की जाती रही है और रात में ही नगर के भजन गायकों के द्वारा रोजाना भजन की मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की जाती रही है।इस दौरान भी देर रात तक भजन सुनने वार्ड के सभी महिला,पुरुष,बच्चे उपस्थित रहते थे। भगवान श्री गणेश की बिदाई के दौरान महिलाएं काफी भावुक हो गई थी।

परसवानी (क) में सांस्कृतिक कार्यक्रम

भाटापारा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवानी (क) मे संस्कृति कार्यक्रम रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रतिनिधि श्री सतीश अग्रवाल(निगम मंडल सदस्य छ.ग.शासन) जी ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया7 मुख्य अतिथि अग्रवाल जी ने अपने संबोधन में आयोजन समिति को बधाई दिया, इस तरह के कार्यक्रम गाँव शहर को व अपने को एक साथ जोड़ने का काम करता है निकट भविष्य में लगातार इस तरह के कार्यक्रम करने के लिये प्रयास रत्न रहेंगे छत्तीसगढ़ की लोककला, सस्कृति, इतिहास, परंपरा तथा भाषा पर आधारित यह कार्यक्रम बेहद रोचक था, साथ ही सतीश अग्रवाल जी ने भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति गाने मे ग्रामीणजन के साथ कार्यक्रम मे हिस्सा लिया बड़े ही उत्साह उमंग के साथ नाचते गाते रहेंगे। इस मनीष पंजवानी, अभय ठाकुर, विवेश कुर्रे, आरती दास कुर्रे, राधेलाल, कार्तिक, छोटेलाल, चरणदास, साधुरचण, विनोद, राजू, अनिल, खेलन, दिलीप, पंचराम, चंद्रिका, दायाराम, सुरज, राहुल, अनिता, रेखा, केवरा, संतरा, रितु, जमना, नंदनी, अनारकली, मंजुला, रविना, पूजा, निर्मला, केदार मिश्रा,व अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ग्राम साहड़ा सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए मोनू साहू

पलारी, 30 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम पंचायत साहड़ा में जय महामाया गणेशोत्सव समिति व ग्रामवासी के तत्वावधान में रात्रि कालीन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेन्द्र मोनू साहू उपस्थित रहे वही अध्यक्षता उमेश यदु युवा मोर्चा ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री मोनू साहू ने युवाओं को अपने सत्य सनातन धर्म के युवाओं को जागरूक कर सदा सनातन धर्म की राह पर निरंतर चलने की प्रेरणा दी एवम् युवाओं को नशा पान से दूर रहने को कहा । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उमेश यदु युवा मोर्चा सण्डी मण्डल अध्यक्ष ने भी सम्बोधित किया। उक्त अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि तुकाराम ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि उत्तम साहू , उप सरपंच पति दुलरवा साहू, श्यामू साहू भाजपा नेता, वार्ड पंच नंदू साहू, विद्याचरण शर्मा ,संतोष देवदास, वरन साहू,राधेश्याम यादव , एवम् , जय महमाया गणेश उत्सव समिती के अध्यक्ष टिकेश्वर यादव उप अध्यक्ष गोपी साहू , कोषाध्यक्ष पोषण धीवर , सयोजक मनहरण ध्रुव ,मनीष साहू मूर्तिकार, संरक्षक संतोष देवदास , भाजपा सदस्य आशीष साहू , धर्मेंद्र साहू ,सतानंद साहू ,धनीराम साहू, ओमप्रकाश साहू ,राहुल साहू , चंदन साहू, महेन्द्र साहू , सोमेश साहू ,गजेंद्र साहू ,तिजराम साहू, थांगसिंग साहू, प्रकाश देवदास , गिरधर यादव, डायमंड यादव, नानू साहू , केशव कन्नौजे,उपस्थित थे।

शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर से

भाटापारा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर से शुरू हो रही है। श्री मावली देवी मंदिर सिंगारपुर में आवश्यक तैयारियां पूर्णता की ओर हैं।

15 अक्टूबर से शुरू हो रही शारदीय नवरात्रि के लिए देवी मंदिरों में तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं हैं। इसी कड़ी में अंचल की प्रसिद्ध श्री मावली देवी मंदिर सिंगारपुर में विशेष तैयारी की जा रही है। 15 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश की स्थापना के साथ नवरात्रि का उत्सव शुरू होगा।

शुभ मुहूर्त में घट स्थापना: 15 अक्टूबर की प्रात: 11-36 से लेकर दोपहर 12-24 के मध्य, घट स्थापना की जाएगी। 22 अक्टूबर की संध्या 7 से रात्रि 9 बजे के मध्य हवन और पूर्णाहुति होगी। दूसरे दिवस 23 अक्टूबर को महानवमी पर कन्या भोज के साथ नवरात्रि का समापन होगा।

651 रुपए में ज्योति कलश: शारदीय नवरात्रि के लिए श्री मावली देवी मंदिर में भक्त, 651 रुपए में ज्योति कलश की स्थापना करवा सकेंगे। विभिन्न संस्थानों के अलावा मंदिर प्रांगण में भी यह सुविधा चालू की जा चुकी है।

शारदीय नवरात्रि के लिए तैयारी पूर्णता की ओर हैं। यह काम अगले सप्ताह के मध्य तक पूरा हो जाएगा।

- संजय अग्रवाल, अध्यक्ष
श्री मावली माता मंदिर प्रबंधन समिति, सिंगारपुर

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

सिमगा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सिमगा के तत्वावधान में दिनांक 29 सितम्बर 2023 को विकास खंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा में सम्पन्न हुआ।इस प्रतियोगिता में विकास खंड सिमगा के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के संकुल केन्द्र से चयनित हुए बच्चों ने क्विज प्रतियोगिता विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा शिक्षकों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ कार्यशाला आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भास्कर साहू भुवनेश्वर वर्मा रीतू वर्मा संतोष कुमार जोशी निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी संकुल समन्वयक का सहयोग प्रदान किया प्रतियोगिता का शुभारंभ डी एस ठाकुर सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी सिमगा के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन सहसराम पाटकर विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सिमगा एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी सिमगा के द्वारा किया गया।

उज्जवल दिव्यांग कल्याण संघ का सिरकट्टी आश्रम द्वारा किया गया सम्मान

राजिम, 30 सितंबर (देशबन्धु)।ऐतिहासिक पितर मानस महोत्सव सिरकट्टी आश्रम में 29 सितंबर को राजीव लोचन जिला मानस संघ गरियाबंद के तत्वावधान में सिरकट्टी में एक दिवसीय ऐतिहासिक मानस महोत्सव का आयोजन किया गया था ब्रह्मलीन संत सिया भुनेश्वरी शरण जी के कृपा पात्र शिष्य महामंडलेश्वर गोवर्धन शरण जी के द्वारा उज्जवल दिव्यांग कल्याण संघ जिला गरियाबंद के सभी पदाधिकारी गण का सम्मान किया गया एवं श्री हरिकिर्तनकर संघ के सभी पदाधिकारी पहुंचे हुए थे जिसमें सर्वजन दिव्यांग संघ प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू चीफएडवाइजर उपाध्यक्ष सुनील धीवर जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू संकल्प सेवा संस्थान संचालिका सुनिता साहू अंकेक्षक लोमश साहू टिकेश्वरी सारिका साहू निधि पठारी अनामिका गोस्वामी दशरथ निषाद सभी पदाधिकारी एवं श्री हरिकिर्तनकर संघ के जिलाध्यक्ष नारद दास उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू सचिव महेश्ररानंद कोषाध्यक्ष कामता प्रसाद सहसचिव संतराम शरण मिडिया प्रभारी पिलेन्द् शरण चंद्रहास गिरवर शरण रामचंद्र भुनेश्वरनंद भागवत राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक डॉ मुन्ना लाल देवदास साहित्यकार नेपाल से सम्मानीत पंचायत इंस्पेक्टर नूतन लाल साहू इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में राजीव लोचन जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्रकार कोषाध्यक्ष डोमार सिंह महामंत्री कुमार सिंग ध्रव तरुणा पांडे सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर आंनद राम साहू ब्लाक अध्यक्ष नंदकुमार यादव एवं सभी पदाधिकारी कार्यक्रम को सफ्ल बनाने सभी उपस्थित थे.

सफाई कर्मचारी संघ ने मृत परिवार को दी सहायता

कसडोल/बलौदाबाजार, 30 सितंबर (देशबन्धु)।विगत दिवस नगर के गुरुघासीदास चौक में हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में पति पत्नी की मृत्यु हो गयी थी इस हृदय विदारक हुई दुर्घटना के बाद नगर के आमजन आक्रोश में है।इधर घटना के बाद प्रशासन ने मृतक के परिजनों को 25000-25000 रुपये का आर्थिक सहयोग किया था। इसके बाद अब सफाई कर्मचारी संघ कसडोल ने भी उक्त परिवार की मदद की है। जानकारी के अनुसार विकासखंड के सफाई कर्मचारी संघ द्वारा चरौदा(क) के स्वर्गीय हितेश कुमार जोशी वं उसके पत्नी के लिए प्राप्त संकुल के सहयोग राशि एवं दाल चावल, आलू सहित साग सब्जी सहित 6600 रुपए नगदी रुपये दिया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष गोपीचंद साहू, ब्लॉक सचिव रामायण लाल, मीडिया प्रभारी गज्जू श्रीवास, कामता पिरीत यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा भोली-भाली महिलाओं को बहला-फुसलाकर भाजपा प्रवेश कराना गलत, सतनामी समाज में आक्रोश

फिंगेश्वर, 30 सितंबर (देशबन्धु)।25/09/2023 * दिन सोमवार को फिंगेश्वर स्थित मां मौली मंदिर प्रांगण पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभा आयोजित था जिस पर सतनामी समाज फिंगेश्वर के 30 महिलाओं के द्वारा भाजपा प्रवेश समाचार प्रकाशित हुआ है जो सामाजिक रूप से निराधार व भ्रामक जो कि उमा टांडेकर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत के फिंगेश्वर द्वारा भोली-भाली सिधी- साधी महिलाओं को बहला फुसलाकर मिथ्या जानकारी देकर अपना नाम व श्रेय पाने के लिए सतनामी समाज के महिलाओं को उपयोग किया गया जो कि गलत है प्रवेश करवाने के लिए महिलाओं को झूठी बात बताकर सभा में ले गए और जबरदस्ती भाजपा का गमछा पहनाकर सतनामी समाज फिंगेश्वर को बदनाम किया गया है हम समाज के लोग इस तरह के राजनीतिक लाभ लेने के प्रयास की निंदा करते हैं यह निर्णय आज दिनांक 30/09/2023 दिन शनिवार को सतनामी समाज के बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया । उक्त बैठक मे सकुन लाल खुटे प्रभारी अध्यक्ष सत.समाज नरेश लहरे, संतोष मांडले, मनोज सोनवानी,राजऋषि टंडन,दुजलाल बंजारे,गैंदराम,डेरहा, बेनी प्रसाद सोनवानी, बंशी धृतलहरे लक्ष्मण मांडले,लेखु बंजारे आदि उपस्थित थे।

बच्ची से रेप के खिलाफ बीजेपी का थाना घेराव

खरोरा, 30 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर जिले के बलौदाबाजार विधानसभा के तरपोंगी में गुरुवार को 5 साल की बच्ची से रेप किया गया। इसके विरोध में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को धरसींवा थाने का घेराव कर दिया है। बीजेपी का आरोप है कि एफआईआर में देरी की गई। साथ ही जांच और कार्रवाई में भी पुलिस ने लापरवाही की ।

बीजेपी महिला मोर्चा के विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। दुष्कर्म की वारदात धरसींवा थाना इलाके के तरपोगी गांव में हुई है। जहां मासूम को 14 साल का नाबालिग पड़ोसी बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था।

बच्ची की हालत बिगड़ने और वो जोर-जोर से रोने के बाद आरोपी वहां से भाग गया। बच्ची किसी तरह से अपने घर पहुंची। उसकी लहूलुहान हालत देखकर माता-पिता के होश उड़ गए। बच्ची ने पूरी बात बताई, जिसके बाद माता-पिता ने धरसींवा थाने में मामला दर्ज कराया।

- **एफआईआर में देरी और लापरवाही का आरोप**
- **रायपुर में 14 साल के नाबालिग ने किया दुष्कर्म**

अश्लील वीडियो देखने की है लत: शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी नाबालिग लड़के को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। पूछताछ में पता चला है कि नाबालिग को मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखने की लत थी ।

मामले में अनदेखी का आरोप: घटना गुरुवार दोपहर 1 बजे की है। बच्ची के पिता का कहना है कि बेटी को पहले धरसींवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां उसे बाइक से लेकर आए। वो यहां 5 घंटे के करीब भर्ती रही, लेकिन उचित इलाज नहीं मिल सका।

बच्ची को रेफर करने के बाद नहीं मिली एंबुलेंस: बच्ची की बिगड़ती हालत को देखकर उसे गुरुवार रात 9 बजे मेकाहारा रेफर किया गया, लेकिन वहां तक लाने के लिए भी एंबुलेंस नहीं मिल सकी। जिसके बाद पुलिस ने निजी वाहन से बच्ची को रायपुर के मेकाहारा लाकर भर्ती कराया है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

बीजेपी ने सौंपा ज्ञापन: शुक्रवार को बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने धरसींवा थाने का घेराव किया है। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही पुलिस पर आरोप लगाया है कि, वारदात के बाद पुलिसकर्मी वहां मौजूद थे लेकिन इसके बाद भी बच्ची को बाइक में उनके परिजन को लाना पड़ा।

साथ ही बीजेपी का कहना है कि, परिवार को 5 घंटे तक थाने में बैठाकर रखा गया। मामला दर्ज करने में भी अनावश्यक देर की गई। लोगों ने भी आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। इसमें मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ओरायपुर ग्रामीण प्रभारी ममता साहू और जिला ग्रामीण अध्यक्ष सरोज चंद्रवंशी मौजूद हैं।

बीजेपी और पीड़ित परिवार व ग्रामीण द्वारा पीड़ित परिवार को उचित न्याय, मुआवजा, उचित स्वास्थ्य मुहिया,व धरसींवा टी आई की बर्खास्ती व मामले की जाँच कर आरोपी को कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।

एनएच -36 रायपुर - बिलासपुर रोड लगभग ढ़ेड घंटे तक रहा जाम: धरसींवा क्षेत्र के समीप ग्राम पंचायत तरपोगी मे एक घिनौनी हरकत हुआ है। घटना ये है ग्राम के एक नाबालिक लड़की के साथ घिनौना हरकत हुआ है। पड़ोसी लडके ने घटना को अंजाम दिया है। मामले की जाँच चल रही है। आरोपी नाबालिक लडके को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लडके को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए,वही ग्राम के सरपंच ने कल थाना घेराव करने की बात कही।